- ❑ सामाजिक गतिविधियों में उपद्रव बढ़ेंगे। धन लोलुपता के सहारे हत्यायें भी अधिक होने का योग बनेगा। पारिवारिक मर्यादायें भंग होंगी। स्त्री वर्ग अपनी सुरक्षा के प्रति लालायित रहेगी।
- ❑ आगामी लोक सभा चुनाव में विपक्ष की ओर से विरोध से यत्र-तत्र विवाद चलेगा। मिली-जुली सरकार का योग बनता है। स्त्री वर्ग तेज रहेगा।
- ❑ भारत में विश्वस्तरीय आर्थिक परिवर्तन होगा। सामाजिक दृष्टि से काफी हल-चल से गृह क्लेश बढ़ने का योग बनता है।
- ❑ देश के विभिन्न भागों में स्थानीय पार्टियों का वर्चस्व बढ़ेगा। इनके सहयोग से अन्य पार्टियों को सफलता मिलेगी। सहयोगी बनना शुभ रहेगा।
- ❑ आगामी चुनावों में सभी दलों की स्थिति दयनीय होगी। संगठन से कार्य बनेगा। कृषक वर्ग में कुछ अनुसंधानात्मक कार्यों का योग बनता है।
- ❑ औद्योगिक क्रांति से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कुछ असमाजिक तत्वों एवं आतंकवादियों का गोपनीय प्रदर्शन चिन्तादायक रहेगा।
- ❑ प्राकृतिक आपदाओं का संकट जनता में छाया रहेगा। नेताओं के भाषण एवं कार्य योजना में अंतर चलेगा। गरिमामय जीवन भूल जायेंगे।
- ❑ प्रान्तीय सरकारों को केन्द्रीय सरकार का सहयोग न्यून मिलेगा। केवल आश्वासन मात्र से कार्य सम्पादन करायेंगे।
- ❑ श्रीराम मन्दिर निर्माण के नाम पर वोट मांगने की नीति चलायेंगे। सफलता का अभाव रहेगा। लोगों में परस्पर विवाद से शत्रुता बढ़ेगी।
- ❑ भू-स्खलन, धरती फटना, बादल फटना आदि कुछ प्राकृतिक बाधाएं बनेंगी। तेज आंधी, सुनामी का प्रभाव बनेगा।
- ❑ गुप्तचरों द्वारा छद्मवेशी योग बनता है। चुनावी वादा मात्र आश्वासन रह जायेगा। सन् 2019 से 2022 तक ग्रह योग से अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। देह व्यापार खुलकर चलेगा। कानून भी बाधाओं का योग बन जायेगा। बैंकों की लूट-पाट, जनता को लूटना, वाहन चोरी आम बात हो जायेगी।
- ❑ कुछ देशद्रोही देश छोड़कर विदेशों में वर्चस्व बनायेंगे। लोक अदालत की बात को भी मजाक मानकर चलेंगे। व्यापारी वर्ग चिन्ता में रहेंगे।
- ❑ शुक्र+बुध+गुरु ग्रहों के कारण स्त्री वर्ग का शासकीय, राजनैतिक, सामाजिक दृष्टि से वर्चस्व बढ़ेगा। सुरक्षा के अभाव से चिन्ता रहेगी। प्रेम-प्रसंगों का योग यत्र-तत्र बनेगा।
- ❑ व्यापारिक दृष्टि से भारत की गति बढ़ेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्चस्व बढ़ेगा। नये-नये कारोबार प्रारंभ होंगे। स्त्री वर्ग की सामग्री का विक्रय ज्यादा होगा। फैन्सी सामग्री का आयात-निर्यात भी बढ़ेगा।
- ❑ ईरान, चीन, ईराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ब्रिटेन, जापान, ईजरायल, बलूचिस्तान एवं पश्चिमी देशों की स्थिति शनि ग्रह के कारण खराब होगी। नेताओं का अनादर होगा। आंतरिक कलह, लूटपाट एवं हत्याओं जैसा योग बनेगा। प्राकृतिक आपदाओं से जन-धन की हानि होगी। बाढ़, भू-स्खलन, अग्निकांड जैसे योग बनेंगे।
- ❑ शैक्षिक दृष्टि से नवाचारों का अन्वेषण होगा। नवीन तकनीक को शिक्षा में प्रयोग की दृष्टि से लागू किया जायेगा। नवीन शिक्षा का प्रचार-प्रसार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झलकेगा। कम्प्यूटर शिक्षा उच्च स्तर पर बढ़ेगी। महिला वर्ग अपनी-अपनी गरिमा को त्याग कर व्यवसाय में अग्रसर होंगी।
- ❑ हिंसात्मक घटनाओं का ताण्डव दक्षिण भारत एवं पूर्वी भारत में काफी चिन्ताजनक रहेगा। नियंत्रण की प्रक्रिया भी विफल रहेगी।
- ❑ सात प्रतिष्ठित नेताओं का देहावसान योग वर्ष में बनता है।
- ❑ निजीकरण व्यवसाय में वृद्धि होगी। सरकार इसमें सहायता करेगी। जनता में आंदोलन जैसा वातावरण बनेगा। हड़तालें भी होंगी।
- ❑ धनु राशि का शनि युद्ध जैसा वातावरण तथा मनमुटाव या विद्रोह से जनता का विश्वास हनन् करेगा।
- ❑ महिला एवं बाल विकास विभाग में तरक्की होगी। लेकिन गोपनीयता के रूप में अश्लीलता का ताण्डव गुप्त एवं इच्छा पूर्ति के रूप में बनता रहेगा।
- ❑ यातायात के नियमों में काफी परिवर्तन होंगे। नये नियम बनेंगे। नवीनता का प्रशिक्षण भी विभाग द्वारा दिया जायेगा। आपात योग में वाहन चालान होता रहेगा।
- ❑ चुनावी घटनाओं से चिन्ता योग। विश्वासघात, हाथापाई योग, करियर की मुद्रा और पकड़ेगा। युद्ध तुल्य वातावरण बनेगा। पदासीन नेता का देहावसान योग।

वि. सं. 2076 शाके 1941 का वर्ष-वर्षेश-आर्द्रा एवं जगत लग्न प्रवेश

विगत दो दशक से **"श्री आर्यभट्ट पंचांग"** द्वारा ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन अनुशीलन करके विश्व व भारत के संबंध में जो भविष्यवाणियां की गई उससे सभी पाठक परिचित हैं। निराश्रित ज्योतिष विज्ञान ने आज गणित के विभाग में शत-प्रतिशत सत्यता सिद्ध कर दी है एवं गणित द्वारा वर्षों पूर्व सूर्य-चन्द्र ग्रहणों का प्रारंभ व समाप्ति काल का समय निर्धारित किया है। उसमें एक मिनट का भी अंतर नहीं होता है। परन्तु फलित के विभाग में अभी पूर्ण शोध चल रहा है। वैसे फलित ज्योतिष को इष्ट साधन व दैव विद्या कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अत: संसार, राष्ट्र व राज्य के अलावा व्यक्ति के संबंध में भविष्य बताने वाले को दैवज्ञ माना गया है। साधना, तपस्या व अनुभव से प्राप्त दैव विद्या पर शोध करने वाला व्यक्ति आज के युग में साधनाहीन है। ग्रहों की गति व इष्ट संकेतों को समझने में भूल हो सकती है। अत: समस्त की गयी भविष्यवाणियां सदा सत्य ही हों की कसौटी पर उतारना उचित नहीं होगा। ज्योतिष ज्ञान द्वारा अनन्त आकाश में जो ग्रह, नक्षत्र, तारागण अपनी-अपनी वक्र-मार्गी गति से विचरण करते हुए आकर्षण-विकर्षण के द्वारा भूमण्डल पर होने वाले परिवर्तन एवं प्रभाव को जाना जाता है। अनन्त आकाश में कोई भी ग्रह कितनी ही दूरी पर क्यों न हो जब वह अपनी स्थिति बदलता है तो विश्व की परिस्थिति को अवश्य प्रभावित करता है। प्रतिवर्ष आकाशी परिषद् को गति प्रदान करने के लिए ग्रह परिषद् की नव नियुक्ति होती है। इस ग्रह परिषद् के बलाबल और वर्षलग्न, जगत् लग्न में उनका स्थान होने से प्राचीन ग्रन्थ वराह मिहिराचार्य कृत **"वाराही संहिता"** के आधार पर **"दैवज्ञ"** वर्ष के शुभाशुभ फल जानने में सक्षम होते हैं। ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग, परस्पर अंशयोग, सम-सप्तम योग (प्रतियोग) से संसार में कहां-कहां अशांति या शांति उत्पन्न होगी। इसके लिए संघट्ट चक्र, सर्वतोभद्र चक्र, कूर्मचक्र आदि को आधार मानकर हम अपनी स्वल्प बुद्धि से जो कुछ लिखते आ रहे हैं वे सभी अभी तक 70-80 प्रतिशत सत्य साबित हुई हैं।

दिनांक: 6 अप्रैल 2019 दिनांक : 14 अप्रैल 2019 दिनांक : 22 जून 2019

संवत् 2076 की जगत कुंडली के प्रथम लग्न भाव में विराजमान सिंह राशि का स्वामी सूर्य नवम भाग्य भाव में मित्र मंगल की मेष राशि में उच्चस्थ है तथा पंचमेश, अष्टमेश गुरु की पंचम पूर्ण दृष्टि से दृष्ट है। लग्न भाव पर मंगल, वक्री गुरु तथा शुक्र की पूर्ण दृष्टि है, मंगल कुंडली का योगकारक ग्रह है। लग्न भाव पर कारक ग्रह मंगल तथा दो शुभ ग्रहों पंचमेश गुरु तथा तृतीयेश दशमेश शुक्र की दृष्टि से विश्व में धन-धान्य की वृष्टि होगी। औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा। द्वितीय भाव द्वितीयेश से दृष्ट होने से तथा व्यय भाव में स्वगृही चन्द्रमा से सुख-समृद्धि बढ़ेगी। श्रावण, आश्विन तथा फाल्गुन मास में कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। पौष मास की फसलों की हानि होगी।

वर्ष पर्यन्त शनि देव का गोचर पूर्वाषाढ़ तथा उत्तराषाढ़ नक्षत्रों में रहेगा। 01 जनवरी से 27 दिसंबर तक शनि के पूर्वाषाढ़ नक्षत्र से गोचर में राजस्थान के आबू क्षेत्र, गुजरात के कच्छ, मध्य प्रदेश के उज्जैन, मालवा के पूर्वी क्षेत्रों में, सौराष्ट्र तथा भारतीय टापूओं एवं सिन्धु नदी से लगे शहरों, बिहार के मगध क्षेत्र एवं महिलाओं से शासित प्रदेशों में रसकस, गेहूं आदि धान्यों, भारवाहक पशुओं तथा वाहनों में महंगाई बढ़ेगी। 27 दिसंबर के पश्चात् शनि के उत्तराषाढ़ नक्षत्र से गोचर में गुजरात, राजस्थान के मारवाड़, पजांब के जालन्धर तथा यमुना नदी के तटवर्ती शहरों के निवासी कष्ट में रहेंगे। राहु का गोचर पुष्य पुनर्वसु तथा आर्द्रा से गोचर में बंगाल तथा बिहार में नर्मदा नदी के तट से लगे शहरों में जीवन कष्टपूर्ण रहेगा। राजनैतिक वातावरण बिगड़ेगा।

दिनांक 14 अप्रैल को सूर्यदेव भा.स्टै.टा. 14।09 पर अश्विनी नक्षत्र में संचरण करते हुए मेष राशि में प्रवेश करेंगे। संवत् 2076 में सूयदेव को मंत्री का पद प्राप्त हुआ है। जिसके कारण विश्वस्तरीय उत्तेजनात्मक परिस्थिति का संयोग बनेगा। युद्ध जैसी भयावह स्थितियां बन सकती है। विश्व के देशों में अस्त्र-शस्त्र व सैन्य शक्ति बढ़ाने की होड़ लगेगी। आतंकवाद, हिंसक वारदातें जैसी घटनाओं में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होगी। परस्पर टकराव, विरोध चलेगा। राजनैतिक पार्टियों का व्यवहार परस्पर घृणात्मक एवं स्वार्थ पूर्ति करने जैसा रहेगा। संसार में कुछ देशों में आंतरिक कलह युद्ध का रूप ले सकता है। पश्चिमी देशों में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन सदैव बनेगा।

सूर्य देव का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष पंचमी में शनिवार के दिन हुआ है। सूर्य अष्टम भाव में लग्नेश मंगल तथा राहु के साथ विराजमान है। दशम भाव स्थित सूर्य की सिंह राशि पर तृतीयेश-चतुर्थेश शनि की पूर्ण सप्तम शत्रु दृष्टि है। शुक्र सप्तम भाव में अपनी वृष राशि में है। सूर्य तथा चन्द्रमा का नवपंचम योग बना है। परन्तु दोनों ही ग्रहों पर शनि की पूर्ण दृष्टि के प्रभाव से कृषि उत्पादन अनुमान से कम रहेगा। पंचमी तिथि का आर्द्रा प्रवेश शुभ तथा मंगलकारी रहेगा। शनिवारी आर्द्रा प्रवेश से सामान्य जन रोग पीड़ित होगा। सुविचारित तथा अधिक समय तक प्रभावी रहने वाले की कार्यों की अपेक्षा अल्प अवधि के प्रचार में सहायक कार्यों की प्राथमिकता रहेगी। दिन के धनिष्ठा नक्षत्र से फलों का तथा विष्कुम्भ योग में प्रवेश होने के प्रभाव से कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। सायंकालीन आर्द्रा प्रवेश से धान्यों में तेजी आयेगी। भूसे वाले धान्य तथा प्रशु आहारों की कमी रहेगी। पशुओं में रोगों की वद्धि। कतिपय आचार्यों के मत से सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के दिन वर्षा होने से आगे चलकर वर्षा में अनियमितता रहती है। अनावृष्टि-अतिवृष्टि से कृषि की हानि होती है।

अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में ग्रह योग भविष्य बोध

अमेरिका–ग्रह योग से सं-2076 (सन् 2019-2020) में चिन्ता दायक योग ज्यादा बनेंगे। व्यक्तिवाद का बोलबाला चलेगा। जनता में विद्रोह छाया रहेगा। परस्पर विवाद से खून-खराबा होगा। कई राजनेता भी चिन्तित रहेंगे। सुरक्षा बल बढ़ेगा, फिर भी विवाद, रोग बाधा, घृणा-द्वेषता का योग चलेगा। वर्तमान महामहिम राष्ट्रपति से जनता को संकट छाया रहेगा। रोजगार योजनाएं बनकर रह जायेंगी। भयावह वातावरण के कारण तीन वरिष्ठ राजनेताओं का देहावसान योग बनता है। काफी परिवर्तन से राष्ट्रीय मुद्दा का संकट भी रहेगा। प्राकृतिक आपदाएं ज्यादा आयेंगी। प्राकृतिक स्थलों में परिवर्तन होगा। विश्वयुद्ध जैसे वातावरण से गुजरना पड़ेगा। दिनांक 27 जून 2019 से 22 मार्च 2020 तक संकट चलता रहेगा। कुछ अशोभनीय घटनाओं का निर्णय न्यायालय में भी न्याय का अभाव रहेगा। नवीन क्रांति में चीन, रूस, जर्मनी, जापान, ईराक, ईरान, भारत, अफगानिस्तान आदि देशों में राजनैतिकता का अशुभ योग। पाकिस्तान, रूस, चीन, सीरिया से संबंध गड़बड़ होंगे। युद्ध जैसे हालात् भी परस्पर जन-धन हानि दायक बनेगा। जनता का पलायन योग चलता रहेगा। काफी आर्थिक हानि का योग बनेगा।

नेपाल–इस वर्ष यहां पर धार्मिक कार्य ज्यादा होंगे। राजनैतिक परिवर्तन योग दो बार बनेगा। प्राकृतिक आपदाओं के योग से जनता चिन्तित रहेगी। माह सितंबर 2019 से फरवरी 2020 तक कुछ अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। भारत मैत्री योग परस्पर सुदृढ़ रहेगा। राजनैतिक पार्टियों में स्त्री वर्ग का योगदान बढ़ेगा। औद्योगिक विकास का योग बनेगा। मांगलिक कार्य ज्यादा होंगे। गोपनीयता से छद्मवेशी लोगों का प्रवेश संभव है। सावधान रहें!

पाकिस्तान–संवत् 2076 में देश पर शत्रुता का बादल विश्वस्तरीय छाया रहेगा। काफी सभ्य नेताओं की हत्या की घटना घटेगी। राजनैतिक पार्टियों में भी विवाद बढ़ेगा। भारत-पाक घुसपैठ युद्ध का योग चलेगा। कुछ अशिष्ट वार्त्ता से वर्चस्व घटेगा। दिनांक 20 जून 2019 से 20 अक्टूबर 2019 तक का समय काफी चिन्तादायक रहेगा। परिवर्तन कारक योग बनेगा। राजनैतिक पार्टियों में परस्पर विवाद से जनता का विश्वास टूटेगा। आतंकवादी योग चलता रहेगा। सामाजिक दृष्टि से कई स्थानों पर अशुभ घटनाओं से गुजरना पड़ेगा।

बंग्लादेश–वर्ष 2076 में इस देश में राजनैतिक पार्टियों में अश्लीलता की वार्त्ता चलेगी। बलात्कार एवं हत्याओं की गणना करना भी संभव नहीं होगा। दिनांक 20 जून 2019 से 24 अक्टूबर 2019 तक प्राकृतिक आपदाओं से जनता में त्राहि-त्राहि मचेगी। क्षेत्रीय पार्टियों के सहयोग से सरकार का संचालन चलेगा। भारत के साथ मैत्री संबंध अच्छा रहेगा। आतंकवादियों से देश में अशोभनीय घटना घटेगी। नारी शक्ति का अपहरण जैसा योग भी बनता है। सावधान!

रूस–इस वर्ष ग्रह योग से असमाजिक तत्वों से परेशानियां बढ़ेंगी। आणविक आपात् युद्ध का योग बनेगा। शनि ग्रह के प्रभाव से गुप्तचरों द्वारा जन-धन हानि का योग बनेगा। कुछ नेताओं की असामयिक मृत्यु से सन्नाटा छाया रहेगा। तकनीकी शिक्षा विकास विश्व में चमकेगा। दिनांक 15 जून 2019 से 27 अक्टूबर 2019 तक संकट कारक योग रहेगा। राजनैतिक मतभेदों से विवाद योग। सैनिकों को भी आपातकाल जैसे योग से गुजरना पड़ेगा। भारत रूस का संबंध यथावत् रहेगा। प्राकृतिक आपदा से कुछ अशांति दायक योग बनेंगे। विकास की दृष्टि से वर्चस्व बढ़ता रहेगा।

लन्दन–इस वर्ष ग्रह योग से पारिवारिक विवाद योग ज्यादा बनेगा। व्यापारिक गति में अग्रसर लाभ प्राप्त होगा। आध्यात्मिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दिनांक 27 जून 2019 से 20 नवंबर 2019 तक अशोभनीय घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। नया सम्पर्क सूत्र बढ़ेगा। शोधपूर्ण कार्य में कीर्ति प्राप्त करेंगे। स्त्री वर्ग का वर्चस्व भी बढ़ेगा। तकनीकी शिक्षा का अच्छा विकास होगा। खनिज सामग्री से आय का योग अच्छा बनेगा। भारत के साथ संबंध सामान्य रहेंगे। परस्पर नेताओं की यात्रा का योग बनता रहेगा। आंतरिक कलह से अशांति का वातवरण बनेगा।

जर्मनी–ग्रह योग से इस वर्ष काफी नवीनता का योग बनेगा। सामाजिक नेता भी समाजोत्थान शिविरों का आयोजन करेंगे। नवीन रोजगारों का अवसर बढ़ेगा। प्राकृतिक आपदा से जन-धन की हानि होगी। औद्योगिक क्रांति के कारण विकास की गति श्रेष्ठ रहेगी। ता. 25 जून 2019 से 27 नवंबर 2019 तक विश्वस्तरीय मशीनरी का निर्माण होगा। यांत्रिक शक्ति का श्रेष्ठ विकास होगा। भारतीय व्यवहार का अच्छा लाभ प्राप्त करेगा। नेताओं का आवागमन भी श्रेष्ठ रहेगा। स्त्री वर्ग का वर्चस्व विशेष बढ़ेगा। व्यापारी वर्ग का विस्तार भी अच्छा होगा। शोधकार्य विशेष चलेंगे।

जापान–ग्रह योग से इस वर्ष औद्योगिक क्रांति का योग बनेगा। प्राकृतिक आपदा से जन-धन हानि भी होगी। कुछ विशिष्ट नेताओं के देहावसान का योग बनता है। दिनांक 10 जुलाई 2019 से 20 नवंबर 2019 तक संकट दायक स्थिति युद्ध जैसा वातावरण बनेगा। बीमारियों का प्रभाव भी बढ़ेगा। शीत लहर तथा विद्रोह से सामाजिकता में विरोध बढ़ेगा। रोग का प्रभाव बढ़ेगा। स्त्री वर्ग का अपहरण या अशोभनीय घटना का योग बनेगा। नवीन राजनैतिक क्रांति का भी योग बनेगा। मशीनरी कम्प्यूटर औजारों का धंधा बढ़ेगा। प्रशासनिक गति व्यवस्था अच्छी रहेगी। जनता को भय मुक्त होने का लाभ प्राप्त होगा।

चीन, ईजरायल, ईरान, ईराक, मलेशिया, मॉरिशस–इस वर्ष ग्रह योग से इन देशों में अशोभनीय घटनाओं का ताण्डव चलता रहेगा। अमानवीयता का वातावरण बनेगा। युद्ध जैसा योग बनता रहेगा। समाधान का अभाव रहेगा। शासन की द्वादेश प्रणाली गौण जैसी हो जायेगी। राजनैतिक पार्टियों में विघटन का योग भी बनता है। दिनांक 27 जून 2019 से 12 दिसंबर 2019 तक आंतरिक कलह के योग से जनता में संकट छाया रहेगा। स्त्री वर्ग का वर्चस्व से कुछ शांति मिलेगी। आणविक साधनों की प्रगति होगी। कुछ राजनेताओं का देहावसान तथा कुछ को संकट से जीवन-यापन करना पड़ेगा। औद्योगिक क्रांति से व्यापार की गति तेज रहेगी। प्राकृतिक आपदा से जन-धन हानि के तीन योग बनेंगे। हवाई यात्रा में दुघटनाओं में असामयिक घटना के योग से जन हानि होगी।

श्रीलंका, अफगानिस्तान, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कोरिया, स्वीडन, मक्का मदीना–ग्रह योग से इन देशों की स्थिति इस वर्ष दयनीय रहेगी। रोग बाधा बढ़ेगी। अपहरण, बलात्कार, चोरी, डकैती, लूटमार की गणना करना संभव नहीं होगा। प्राकृतिक आपदा से भू-स्खलन, धरती फटने से चिन्ता दायक योग बनेंगे। दिनांक 25 जून 2019 से 27 सितंबर 2019 तक अशोभनीय घटनाएं तथा शासकीय व्यवस्था में गड़बड़ योग। राजनैतिक पार्टियों में मन-मुटाव एवं मिलावटी वस्तुओं के व्यापार में जनता को हानि होगी। कुछ स्थानों पर आतंकवादी वर्ग से गुप्त मुठभेड़ से जनता में कष्ट होगा। हत्याएं भी होंगी। लोगों में भय का वातावरण छाया रहेगा। प्राकृतिक आपदाओं का बोलबाला ज्यादा रहेगा। विशिष्ट नेताओं की हत्याएं। स्त्री वर्ग का व्यवसाय विशेष बढ़ेगा। न्यायालयों में भी कुछ अनावश्यक कारणों से न्याय करना भी भयभीत रहेगा। औद्योगिक क्रांति बढ़ेगी। नवीन कार्यों का वर्चस्व विश्व में मांग के आधार पर महत्त्व बढ़ेगा। अश्लीलता का वर्चस्व छाया रहेगा। शासन, राजनेता, वरिष्ठ नागरिक मौन साधन करके रहने का योग बनेगा। चिकित्सा व्यवस्था में सुधार होगा। भारत से संबंध मित्रता का बना रहेगा।

बर्मा, हिन्द चीन, मिश्र, कोरिया द्वीप समूह, एशिया महाद्वीप, अफ्रीका आदि–इस वर्ष 2076 यानि 2019-20 की अवधि का योग भविष्य गणना से ग्रह योग द्वारा सामाजिक विकास की योजनाएं बनेंगी। आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से सबलता का योग। राजनैतिक दृष्टि से कुछ नयापन योग बनेगा। धार्मिक कृत्यों का योग ज्यादा बनेगा। पदासीन मंत्रिमण्डलों का बदलाव का योग बनता है। स्त्री वर्ग के नेतृत्व से विकास की गति बढ़ेगी। यज्ञ-भागवत कथा, पूजा-अर्चना, साधना का वर्चस्व बढ़ेगा। गुप्तचरों की ओर से कुछ अश्लीलता के कार्य से अपमान जनक अशोभनीय कार्यों का ताण्डव चलेगा। राजनैतिक गरिमा का समापन जैसा योग बनेगा। शैक्षिक दृष्टि से कार्यों में शोधात्मक विकास होगा। दिनांक 27 जून 2019 से 20 नवंबर 2019 तक असमाजिक तत्वों द्वारा अशोभनीय कार्य होंगे। धार्मिक महापुरुषों का अपमान, संतों की वार्त्ताओं का विरोध तथा हत्याओं का बोलबाला चलेगा। पर्यटन विभाग का विकास होगा। नेतृत्व स्त्री वर्ग द्वारा होगा। इन देशों में चुनाव प्रणाली में नवीनता का योग बनेगा। सरकारी कार्यालयों का रुख अहंकार मय नजर आयेगा। रोजगार का अभाव रहेगा। प्राकृतिक आपदा से जन-धन, पशुओं की हानि भी होगी। व्यवहारिकता के सूत्रों से चले तो शुभ होगा। सामाजिक दायित्वों का पतन, धार्मिक स्थलों का दुरुपयोग होगा।

भारत–भारत का वर्ष लग्न, लग्नेश सूर्य ग्यारहवें भाव में ग्रह गति योग शुभ होने से काफी परिवर्तन कारी योग बनेंगे। धार्मिक कार्यों की धूम रहेगी। राजनैतिक पार्टियों की कार्य प्रणाली स्वार्थता पूर्ण होगी। गुप्त अशोभनीय घटनाओं का योग बनता रहेगा। स्त्री वर्ग का नेतृत्व शुभ बनेगा। मर्यादाओं का उल्लंघन भी होगा। नृशंस हत्या, बलात्कार जैसे घृणित कार्यों की गणना करना भी संभव नहीं होगा। चिकित्सा क्षेत्र में अच्छा विकास होगा। कुछ मंत्रियों में ईगो के प्रभाव से मतभेद बनेगा। मिली-जुली सरकार गठन का योग बनेगा। बुधादित्य योग से शैक्षिक नवाचार का विकास होगा। शुक्रादित्य योग अश्लीलता योग से जनता चिन्तित रहेगी। दिनांक 22 जून 2019 से 25 अक्टूबर 2019 तक का समय चिन्ता दायक, विवाद योग, नवीन क्रांति योग बनेगा। भौमादित्य योग से विवाद जनक वातावरण बना रहेगा। तकनीकी शिक्षा का विकास होगा। गुरु+शुक्र+मंगल+बुध+चन्द्र महायोग रहेगा। केन्द्रीय सरकार-राज्य सरकार में परस्पर सहयोग का अभाव रहेगा। धार्मिक महापुरुषों का योगदान श्रेष्ठ रहेगा। वैज्ञानिक दृष्टि से आणविक सामग्री के प्रयोग से कीर्ति प्राप्त करेगा। व्यक्तिवाद, जातिवाद का मामला चलेगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक दृष्टि से संकट का योग बनेगा। प्राकृतिक आपदा का योग बनेगा। धार्मिक कार्यक्रमों का वर्चस्व बढ़ेगा। धर्म गुरुओं की हत्याओं की साजिश योग बनता है। बड़े-बड़े आश्रमों में अश्लीलता का ताण्डव शनि+शुक्र+राहु+केतु के योग से बनते रहेंगे। काफी गोपनीयता का भण्डाफोड़ भी होगा। वर्तमान नव गठित सरकार में तीन बार मंत्रियों का परिवर्तन योग। जनता में नवीन क्रांति का उदय होगा। लोकप्रिय नेता भी स्वार्थ पूर्ति में लग जायेंगे। देश में कुछ उपद्रवों से जन-धन की हानि होगी। कृषि कार्यों में कुछ नवीनता से कृषक वर्ग लाभ प्राप्त करेंगे। चुनाव आयोग का वर्चस्व घटेगा। कुछ अनीतिपूर्ण कार्यों से चुनाव आयोग संकट में रहेगा। दिनांक 20 जुलाई 2019 से 20 दिसंबर 2019 तक मंत्रिमंडल में अचानक परिवर्तन योग। पुलिस वर्ग का नेतृत्व भी घटेगा। दक्षिण भारत-पूर्वी भारत में हड़तालों के योग से तबाही मचेगी। श्रीराम मन्दिर के निर्माण को लेकर युद्ध जैसा वातावरण बन सकता है। झंझट का मामला रहेगा। दक्षिण भारत में आपत्ति जनक योग से केन्द्र सरकार द्वारा नियंत्रण में विफलता मिलेगी। आणविक शक्ति का मामला बढ़ेगा। नोटबंदी का संकट छाया रहेगा। वैज्ञानिकों का वर्चस्व बढ़ेगा। प्राकृतिक आपदाओं से जनता भयभीत रहेगी। उत्तरी भारत में सीमांकन मामला गड़बड़ होगा। कश्मीर एवं बंगाल का मामला चिन्ता दायक रहेगा। गुप्तचरों द्वारा गोपनीयता भंग होगी। प्रशासन एवं जनता के परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। अशोभनीय घटनाएं भारत में चारों दिशाओं में बनती रहेंगी। महिला आयोग का कार्य क्षेत्र बढ़ेगा। नेतृत्व में महिला का योगदान अच्छा रहेगा।

वर्षा–इस वर्ष वर्षा योग श्रेष्ठ रहेगा। वर्षा की अनियमितता के कारण फसलों में हानि होगी। खण्डवृष्टि-अतिवृष्टि दोनों योग बनेंगे। भारत के पूर्वी भागों में प्राकृतिक परिवर्तन वर्षा के कारण होगा। तिलहन, दलहन-मूंग, मोंठ, चना, मसूर की फसलों में बाढ़ के कारण हानि होगी। पशुओं का चारा अधिक होगा। कृषि जन्य सभी खाद्यान्नों की उपज अच्छी होगी। जौ, चना, गेहूं, रायड़ा, ईसबगोल, ज्वार, बाजरा, अलसी, लहसुन, प्याज की पैदावार अच्छी होगी। वायु वेग से यत्र-तत्र वर्षा की असमानता से कृषि की पैदावार बाधित होगी। सरकारी तंत्र से कृषक वर्ग को सहयोग प्राप्त होगा। बिजली गिरने से यत्र-तत्र जन-धन हानि भी होगी।

कृषि–वर्षा की अधिकता एवं असमानता के कारण फसलों में हानि होगी। शासक वर्ग के सहयोग से कृषि कार्य में हानि का दायित्व सर्वे द्वारा शुभ बनेगा। भूमि का कटाव या बाढ़ के कारण फसल का बह जाना अशुभ योग बनेगा। प्याज की पैदावार बढ़ेगी। चना, मूंग, मोंठ में जल भराव से हानि होगी। फिर भी यत्र-तत्र पैदावार अच्छी होगी। जनता को सहयोग प्राप्त होगा। जनहित संस्थाओं का योगदान कृषि में अच्छा रहेगा।

शिक्षा–इस वर्ष तकनीकी शिक्षा का विकास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगा। शोधपूर्ण कार्यों में काफी प्रगति होगी। कम्प्यूटर शिक्षा का कार्य बढ़ेगा। प्रत्येक कार्यों में कम्प्यूटर शिक्षा का योगदान बढ़ेगा। स्त्री वर्ग शैक्षिक दृष्टि से अग्रसर होंगी। नवाचार तकनीक के योग से प्रतिस्पर्धा का कार्य भी बढ़ेगा। गुणात्मक शिक्षा का अभाव होगा। मानव सेवा धन मंत्रालय की ओर से नवाचार प्रशिक्षण भी प्रारंभ किये जायेंगे।

स्त्री वर्ग–इस वर्ष स्त्री वर्ग की सर्वत्र सहभागिता रहेगी। शैक्षिक दृष्टि से स्त्री वर्ग काफी नवीनता का ज्ञान प्राप्त करेगी। गरिमामय पद की प्राप्ति में स्त्री वर्ग काफी अग्रसर रहेगी। धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, शैक्षिक, नैतिक दायित्वों की योजना बद्ध क्रियान्विति का योग स्त्री वर्ग के लिए लाभ दायक होगा। राज्य सत्तापक्ष कार्यकारिणी में स्त्री वर्ग का पूर्णतः योगदान रहेगा।

धनाढ्य वर्ग–इस वर्ष धनिक वर्ग परेशानी अनुभव करेंगे। जी.एस.टी या अन्य टैक्स से जनता चिन्तित रहेगी। नवीन उद्योग शृंखला का विकास होगा। रोजगार प्राप्ति के नये तरीके विकसित करेंगे। सामाजिक जीवन में जन हितार्थ काफी कार्य करेंगे। विश्वस्तरीय व्यापार में सहभागिता रहेगी। भारत का वर्चस्व विदेशों में बढ़ेगा। आयात-निर्यात बढ़ेगा। गतिशीलता रहेगी।

सेनाएं–भारत की तीनों सैन्य शक्ति में काफी तकनीकी विकास होगा। सेनाध्यक्षों की कार्य प्रणाली सराहनीय होगी। भारत की रक्षा बावत् तैनाती यथावत् प्रबलता के साथ सुरक्षा बढ़ायेंगे। असमाजिक तत्वों का विनाश करेंगे। कर्त्तव्य परायणता की कसौटी पर दमदार भागीदारी निभायेंगे। भारत का वर्चस्व बढ़ायेंगे। सेवार्थ तत्पर रहेंगे।

परिवहन विभाग–रेल परिवहन में काफी समस्याओं से सेवाओं में बांधा आयेंगी। वायु सेवा में भी काफी परिवर्तन योग बनेगा। सड़क परिवहन में दुर्घटनाएं ज्यादा होंगी। यात्रा में बांधाएं। काफी यात्री दुर्घटना की चपेट में जीवन भी खो देंगे। शासन का योगदान सामान्य रहेगा। रेल यातायात में नवीन तकनीक के प्रयोग से जनता परेशानी मे रहेगी। वाहनों का संचालन भी अनियंत्रित होगा। अशुभ योग ज्यादा बनेंगे।

विशेष–इस वर्ष 2076 में छद्मवेशी, आंतकवादियों का गुप्त प्रवेश का खतरा रहेगा। आर्थिक दृष्टि से जनता तंग रहेगी। महंगाई बढ़ेगी। बैंकिंग व्यवस्था से जनता में तनाव रहेगा। धोखाधड़ी का व्यवसाय बन जायेगा। भारत का आर्थिक विकास विश्व में सम्मान, कीर्ति प्राप्त करेगा। स्त्री वर्ग की पहल विकासात्मक शुभ रहेगी। जाली नोटों का धंधा भी पकड़ने में आयेगा। आर्थिक विकास होगा।

प्रान्तीय / राज्य वार दैवज्ञ दृष्टि का भविष्य फल बोध

1. राजस्थान–इस वर्ष ग्रह योग से काफी चिन्ता दायक योग बनेंगे। नवीन सरकार द्वारा जनहित की नयी योजना बनायेगी। वर्षा का अभाव रहेगा। सरकार में परिवर्तन का योग बनेगा। दिनांक 24 जुलाई 2019 से 30 नवंबर 2019 तक प्राकृतिक आपदाओं से जनता चिन्तित रहेगी। छद्मवेशी लोगों का वर्चस्व बढ़ेगा। जनता में आक्रोश छाया रहेगा। पुराने कार्य को नवीनता में परिवर्तन न के तुल्य होगा। शिक्षा में तकनीकी योग बढ़ेगा। सरकारी कार्यालयों में अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। वाहन दुर्घटना, बलात्कार, अपहरण जैसे योग बनेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। लोग धार्मिक स्थानों पर नशा करेंगे। जनता में विश्वासघात ज्यादा होंगे। नेताओं की घोषणाएं, घोषणा ही रहेंगी। कामनाएं पूर्ण नहीं होंगी। नेताओं में असंतोष व्याप्त होगा। नवीन उद्योग नीति बनेगी। मर्यादाओं का अंत जैसा योग बनेगा। गायों की दशा भी चिन्ता दायक रहेगी। वाहन दुर्घटनाएं वायुमार्ग में खराबी चलती रहेगी। तीर्थस्थलों में विकास का योग बनेगा। निजी संस्थाओं का वर्चस्न अच्छा रहेगा। प्राकृतिक आपदा के योग से काफी हानि होगी। जनता में असाध्य योग बनेगा। राजनेताओं का व्यवहार स्वार्थ पूर्ति वाला होगा। जनता का आंदोलन मांग पूर्ति का ताण्डव छाया रहेगा। स्त्री वर्ग का वर्चस्व ईमेल साधन में बढ़ेगा। तकनीकी शिक्षा में निजी शिक्षण संस्थाओं का वर्चस्व रहेगा। पश्चिमी राजस्थान का विकास योग अच्छा बनेगा। गुप्तचरों का भय रहेगा।

2-पंजाब–ग्रह योग से इस प्रांत में राजनैतिक क्षेत्र काफी चिन्ता दायक रहेगा। मान-अपमान के मामले में भी अशांति रहेगी। गृह क्लेश का योग बनेगा। सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र चिन्तित रहेगा। अशोभनीय घटनाएं ज्यादा होने से जनता भयभीत रहेगी। प्राकृतिक आपदा से लोग पीड़ित होंगे। जन-धन की हानि होगी। दिनांक 26 जून 2019 से 24 नवंबर 2019 तक कुछ अमानवीय घटनाएं अपहरण, चोरी, डकैती, लूटपाट, हत्याएं जैसे अशुभ कार्यों का योग बनेगा। स्त्री वर्ग की सुरक्षा का अभाव रहेगा। कृषि कार्य अच्छा होगा। विधान सभा में विवादास्पद योग बनेंगे। धोखा योग भी। केन्द्र व राज्य सरकार सामंजस्य का अभाव रहेगा।

3- हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, कश्मीर, भूटान–इन प्रान्तों में ग्रह योग से भौतिक विकास के मुद्दा से नेताओं में परस्पर विवाद होगा। राजनैतिक योग चिन्ता दायक रहेगा। विपक्षी पार्टियां सत्ता पक्ष को घेरेंगी। [illegible] सीमांकन विवाद भी खुला चलेगा। मानवता के गुणों का लोप होगा। शुक्र+शनि+गुरु+मंगल+बुध इन पांच ग्रहों के प्रभाव से नवीन क्रांति पैदा होगी। जन-आंदोलन चलेगा। गृह युद्ध का वातावरण कहीं-कहीं बनेगा। सामाजिक संस्थाओं की सेवाएं सराहनीय रहेंगी। वरिष्ठतम नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप का योग भ्रष्टाचार, बलात्कार, धोखाधड़ी जैसे अशोभनीय योग से जनता में त्राहि-त्राहि मचेगी। आतंकवादी अपना वर्चस्व बढ़ायेंगे। असमाजिकता के वातावरण से स्त्री वर्ग भयभीत रहेगा। कई नेताओं को पद्च्युत होना पड़ेगा। कुछ अस्वस्थ या देहावसान की गति में होंगे। केन्द्रीय सरकार का योगदान न्यून रहेगा। स्थानीय नेताओं द्वारा कार्य की भूमिका का योग सफलता दायक बनेगा। शिक्षा की दृष्टि से प्रांत अच्छे रहेंगे। आर्थिक हानि का योग बनता है। अग्निकांड भी होगा। भूमि विवाद, प्रतिष्ठा विवाद से अशोभनीय-दयनीय योग भी बनेंगे। प्राकृतिक आपदाओं के योग से सड़क यातायात में काफी बाधाएं आयेंगी।

4-आसाम, पश्चिमी बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, तेलंगाना, तामिलनाडू, कर्नाटका, केरला, मिजोरम, नागालैण्ड महाराष्ट्र, बिहार–इन प्रांतों में ग्रह योग से वर्षा अच्छी होगी। बाढ़ भी आयेंगी। विकासात्मक गति से जनता को रोजगार प्राप्त होगा। औद्योगिक विकास से कार्य लाभ शुभ होगा। दिनांक 27 जून 2019 से 12 दिसंबर 2019 तक आतंकवादियों का बोलवाला रहेगा। यत्र-तत्र आतंकवादी घटना से जनता चिन्तित रहेगी। आर्थिक, सामाजिक, जनहत्या, भौतिक नुकसान जैसे अशुभ योग होंगे। गौ पूजन से शांति का योग। प्राकृतिक आपदाओं के योग से सड़क यातायात, रेलयानों में बाधाएं आयेंगी। जन-धन का व्यापक स्तर पर हानि होगी। राजनेता भी भयभीत जीवन-यापन करेंगे। धारा 144 का योग भी बन सकता है। प्राकृतिक आपदा से जन-धन हानि का योग भी बनेगा। स्त्री वर्ग के सहयोग या नेतृत्व से सरकारों का संचालन होगा। विद्यालय, महाविद्यालयों में छात्रों द्वारा आंदोलन चलेगा। कुछ राज्यों में राजनैतिक उठा-पटक रहेगी। केन्द्र सरकार से तालमेल में अभाव रहेगा। जातिगत मतभेदों से जीवन खतरे में भी पड़ सकता है। यातायात व्यवस्था में भी गड़बड़ी होंगी। कुछ मंत्री स्वेच्छा से पद्त्याग कर सकते हैं। कुछ वरिष्ठ जनों के स्वास्थ्य में गड़बड़ी चलेगी। प्राकृतिक आपदा के कारण जन-जीवन काफी चिन्तित रहेगा। औद्योगिक [illegible]

5. अरुणाचल, मेघालय, मणिपुर, शिलांग, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश, गुजरात, गोवा, केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली तथा महानगरों व सभी बन्दरगाहों के परिक्षेत्र में–इस वर्ष 2076 शाके 1941 में मेदनीय ज्योतिष व ग्रह योग गणना से इन राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों, नगरों, महानगरों तथा समुद्र तटीय परिक्षेत्रों में, सभी बन्दरगाहों में विकास की गति अच्छी चलेगी। भौतिक दृष्टि से भी शुभ दायक योग बनेगा। विदेशी व्यापार की गति भी बढ़ेगी। एजेन्सी कार्य की योजना सुचारु रूप में चलेंगी। कुछ राजनैतिक उथल-पुथल से जन-जीवन प्रभावित होगा। शुक्रादित्य, बुधादित्य, जीवादित्य योग से इन प्रांतों में गुप्तचरों का बोलवाला, अशोभनीय गोपनीय घटनाएं घटेंगी। व्यापारिक क्षेत्र बढ़ेगा। बन्दरगाहों में कुछ उपद्रव से जन-धन हानि होगी। तकनीकी शिक्षा का विकास होगा। चन्द्रादित्य योग से प्रेम प्रसंग, विवाह का योग बनेगा। प्राकृतिक आपदा से भूमि-भवनों की हानि होगी। विश्वस्तरीय नया कलात्मक कार्य आकर्षण का केन्द्र बनेगा। नृशंस हत्याओं की गणना भी नहीं होगी। दिनांक 25 जून 2019 से 7 नवंबर 2019 तक विवाद योग यत्र-तत्र सामाजिकता का या प्रशासन से शिकायत रूप में बनेगा। अग्निकांडों से जन-धन हानि का योग बनेगा। स्त्री वर्ग का वर्चस्व बढ़ेगा। जनता में अशांति जैसा योग आतंकवादियों द्वारा बनेगा। कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, कानपुर, श्रीनगर, चण्डीगढ़, कोटा, झांसी, सोलन, शिमला, इलाहाबाद, पुणे, जयपुर, हैदराबाद, अमृतसर, जोधपुर, हजारीबाग, गया, भोपाल, रांची, काशी, अहमदाबाद, त्रिपुरा, लखनऊ, हरिद्वार, उज्जैन आदि महानगरों में काफी अशोभनीय चिन्ता दायक घटनाएं बनेंगी। यहां गुप्तचरों का वर्चस्व रहेगा। हत्याएं, चोरी, डकैती, देह व्यापार, प्राकृतिक आपदा, गोपनीय सट्टा व्यापार तथा नशीली वस्तुओं का व्यापार चलेगा। शासन का नियंत्रण विफल होगा। विदेशी सामग्री का गुप्त व्यापार भी चलेगा। बैंकिंग व्यवस्था में भी लूटमार होगी। भौतिक दृष्टि से कुछ नवीनता लिए विकास होगा। रोजगार प्राप्ति के अवसर बढ़ेंगे। औद्योगिक क्रांति का लाभ मिलेगा। नये-नये यांत्रिक शक्ति का प्रयोग सफल होगा। प्राकृतिक आपदा से परेशानी बढ़ेंगी। विश्वस्तरीय व्यापारिक वस्तुओं का मेला लगेगा। नयी मशीनरी का विकास होगा। यातायात में भी परेशानी बढ़ेंगी। विधान सभाओं की भागदौड़ में स्त्री वर्ग अग्रसर रहेंगी। कलाकारों में बीमारी का योग बनेगा। सरकारी कर्मियों की कार्य-शैली स्वार्थ पूर्ति वाली होगी।

वरिष्ठ राजनेता, मंत्रीगण व अन्य जन नेताओं का भविष्य बोध

महामहिम राष्ट्रपति महोदय श्री रामनाथ कोविंद जी–वि. सं. 2076 आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से चिन्तित रहेगा। यात्राएं ज्यादा होंगी। सामाजिक परिवेश में कुछ अशोभनीय घटनाएं घटेंगी। हवाई यात्रा में कहीं चोट का योग बनता है। कुछ स्थानों की विशेष यात्रा में मान-सम्मान भी प्राप्त होगा। दिनांक 20 जुलाई से 30 नवंबर 2019 तक का समय स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल रहेगा। लम्बी यात्रा नहीं करें, तो शुभ। शारीरिक व्याधि श्वास रोग, हृदय रोग बनता है। वर्ष में धार्मिक यात्राएं भी होंगी। उपद्रवों से बचकर यात्रा करना शुभ रहेगा। प्राकृतिक आपदा में भी कुछ अशुभता योग है।

महामहिम उपराष्ट्रपति महोदय श्री एम. वेंकैया नायडु जी–इस वर्ष में काफी अशोभनीय घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। विपक्ष द्वारा राज्यसभा में अभद्रता के प्रदर्शन से कुछ गरिमा गिरेगा। वाहन दुर्घटना का योग बनता है। दिनांक 27 जून 2019 से 29 अक्टूबर 2019 तक का समय संकट दायक रहेगा। परिवार में कुछ अशोभनीय घटना बनने या होने का योग बनता है। औषधियों का सहारा लेना पड़ेगा। किसी स्त्री पक्ष द्वारा ताड़ना जैसा अशुभ योग बनेगा। स्वास्थ्य की जांच नियमित कराना आवश्यक होगा।

पूर्व प्रधान मंत्री माननीय डॉ. मनमोहन सिंह जी–यह वर्ष 2076 आपको शुभ दायक रहेगा। आपको चुनाव में अच्छी विजय हासिल होगी। पार्टी में नेतृत्व का भार भी बढ़ेगा। शनि के प्रभाव से वर्चस्व बढ़ेगा। पारिवारिक अशांति का सामना करना पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बढ़ेगी। दिनांक 20 मई 2019 से 01 अक्टूबर 2019 तक स्वास्थ्य में रोग,बाधा का योग बनेगा। पार्टी के नेतृत्व से नव-संचार का विकास होगा। हवाई यात्रा में धोखा का योग बनता है। सावधानी रखें! गोपनीय शत्रुता का अन्त होगा। श्रेष्ठ भूमिका से जीवनोदय के काफी योग बनेंगे। चुनाव प्रक्रिया प्रचार-प्रसार में अच्छा योगदान मिलेगा। राजनैतिक लाभ प्राप्त होगा।

श्री लालकृष्ण आडवाणी जी–यह वर्ष स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रतिकूल रहेगा। बीमारी का योग बनता रहेगा। इलाज में सफलता नहीं मिलेगी। अचानक स्वास्थ्य में खराबी से अशुभयोग भी बन सकता है। आपको केतु की महादशा संन् 2024 तक चलेगी। जिसे पूर्ण रूप से भोगना अशुभ है। मृत्यु तुल्य कष्ट भी होगा। वर्चस्व में कमी आयेगी। हृदय रोग योग, मस्तिष्क पीड़ा सहित जीवन में बाधाएं चलेंगी। सावधान रहें!

श्री अमित शाह जी (भाजपा रा.अ.)–संवत् 2076 आपके लिए काफी चिन्ता दायक रहेगा। वाहन से चोट का योग बनता है। सावधानी बरतें तो शुभ। दिनांक 22 जून 2019 से 30 नवंबर 2019 तक विवादास्पद मामलों में न्यायालय की शरण में जाने का योग बनता है। स्वास्थ्य भी गड़बड़ रहेगा। अपमान जनक वातावरण से गुजरना पड़ेगा। पार्टी का वर्चस्व बढ़ायेंगे। परन्तु वांछित सफलता का अभाव रहेगा। असमाजिक तत्वों द्वारा भी परेशानी का योग बनेगा। वर्तमान में केतु की महादशा 02 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। परिवार में भी अशांति का योग चलेगा। दक्षिण भारत की यात्रा में विशेष सावधानी बरतें।

श्री मुलायम सिंह यादव–संवत् 2076 स्वास्थ्य की दृष्टि से चिन्तादायक रहेगा। पार्टी के नेतृत्व में नया शोध परक कार्य में सफलता नहीं मिलेगी। चिकित्सालय का सहारा वर्ष पर्यन्त लेना पड़ेगा। न्यायालय संबंधी मामलों में बिना सूचना के परेशानी आयेगी। शनि+मंगल के कारण चिन्ता दायक रहेगी। शत्रुता के प्रभाव से राजनीति में विफलता मिलेगी। भ्रमण करना भी हानिकारक रहेगा।

श्री अरविन्द केजरीवाल (सी.एम. दिल्ली)–यह वर्ष काफी परेशानियों वाला रहेगा। पार्टी का वर्चस्व भी न्यून होगा। धोखा तथा अविश्वास जनक मामलों से संकट छाया रहेगा। न्यायालय एवं चुनाव आयोग से भी बाधित योग बनेंगे। आर्थिक मापदंड भी बनने का योग है। दिनांक 20 जून 2019 से 30 सितंबर 2019 तक स्वास्थ्य भी चिन्ता दायक रहेगा। अपमान जनक घटनाओं से परेशानी बढ़ेगी। शत्रु पक्ष प्रबल रहेगा। अवमानना आदेश से पीड़ित होंगे। आगामी सरकार बनाना योग नहीं बनता है।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास जी मोदी–इस वर्ष 2076 में आपकी छवि में न्यूनता आयेगी। पार्टी का मनोबल भी गिरेगा। कुछ संकट कालीन परिस्थिति से गुजरना पड़ेगा। चुनाव में शुभ विजय योग। लेकिन अपमान जनक स्थिति से गुजरना पड़ेगा। मिलीभगत का आरोप लगेगा। दिनांक 25 जून 2019 से 30 नवंबर 2019 तक सावधानी से विदेश यात्रा करें। हवाई दुर्घटना जैसा योग यदा-कदा बनेगा। वर्तमान में चन्द्रमा की महादशा चलने से गठित कमेटी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। दक्षिण भारत यात्रा में भी कुछ अशांति दायक योग बनेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का व्यक्तित्व मानक बढ़ेगा। भाषणों में की जाने वाली घोषणाएं भी अपूर्णता की श्रेणी में रहेंगी। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। चिकित्सक से स्वास्थ्य लाभ लेना पड़ेगा। सामाजिक कार्यों में भी भागदौड़ चलेगी। आगामी लोकसभा में अविश्वास जनक प्रस्तावों का सामना करना पड़ेगा। निजी व्यक्ति से भी विवाद बनने का योग। यात्राएं ज्यादा होंगी। कार्य न्यून होगा। नवीन औद्योगिक नीति की घोषणा का योग बनेगा। नेतृत्व परिवर्तन का योग भी बनेगा। श्रीराम मन्दिर निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पायेंगे। संगठन का भार बढ़ सकता है। या संगठन त्याग करने का योग बनेगा। शनि ग्रह के प्रभाव से न्यायालयों में जाना पड़ेगा। स्वयं के स्वभाव में परिवर्तन होगा। अन्य वरिष्ठ नेताओं का सहयोग न्यून बनेगा। चुनावों में गडबड़ी का आरोप लगेगा। अर्थ व्यवस्था का कार्य चिन्ता दायक रहेगा। छद्मवेशी योग से जीवन में हानि भी होने का योग बनता है। आतंकवादी समस्या एवं कश्मीर का मुद्दा छाया रहेगा। युद्ध जैसा वातावरण निर्माण करने में निर्णय करना समस्या बनी रहेगी।

श्रीमती सोनिया गांधी–संवत् 2076 में असमाजिक तत्वों से मुठभेड़ चलेगी। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। हृदय रोग, घुटनों में दर्द, मस्तिष्क रोगों एवं गुप्त रोग का योग राहु+केतु से बनेगा। दिनांक 24 जून 2019 से 27 अक्टूबर तक काफी चिन्ता दायक बीमारी एवं पारिवारिक विवाद का योग बनेगा। धोखा योग तीन बार बनेगा। वाहन दुर्घटना का योग भी बनता है। ग्रह योग से पार्टी का वर्चस्व कुछ बढ़ेगा। आगामी चुनावों में सहयोगी दलों द्वारा क्रियान्विति का लाभ भी मिलेगा।

श्रीमती प्रियंका बढेरा (कांग्रेस सदस्य)–यह वर्ष आपके लिए काफी परिवर्तन कारक रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव होगा। वाहन से चोट का योग भी। राजनैतिक कार्यों में सफलता विजय कारक योग भी बनते हैं। स्वास्थ्य प्रतिकूलता से बाधित रहेगा। दिनांक 27 जुलाई 2019 से 28 दिसंबर तक न्यायालय संबंधी प्रकरण विवादप्रद बनेगा। सम्पति विवाद में काफी बाधाएं बनेंगी। सामाजिक जीवन में नवीनता का योग बनेगा। स्त्री वर्ग का नेतृत्व करेंगी।

श्रीमती स्मृति ईरानी (केन्द्रीय मंत्री)–यह वर्ष 2076 आपके लिए संकट दायक, धोखा दायक व चिन्ता दायक रहेगा। चुनाव में विजय प्राप्ति की बाधाएं आयेंगी। पार्टी की सबलता से राजनीति योग चलेगा। वाहन दुर्घटना का योग बनता है। शारीरिक अशोभनीय घटना भी शनि ग्रह के कारण अचानक गुप्त रूप से बनेगी। दिनांक 22 जून 2019 से 28 अक्टूबर 2019 तक दायित्वों का भार बढ़ेगा। बीमारी भी आयेगी। किसी भी यात्रा में अशुभ घटना के योग से वर्चस्व घटेगा। उदर पीड़ा, हृदय रोग बाधा रहेंगी।

श्रीमती सुषमा स्वाराज जी (विदेश मंत्री)–वर्ष 2076 में काफी परिवर्तन योग बनेगा। आगामी चुनाव में विजय योग बनेगा। लेकिन अस्वस्थ रहने से बेचैनी धीरे-धीरे चलेगी। दिनांक 24 जून 2019 से 28 नवंबर 2019 तक वाहन से हानि योग बनेगा। पार्टी की जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। विदेश यात्रा में स्वास्थ्य में गड़बड़ी का योग। पारिवारिक अशांति एवं राजनीति में नया मोड़ बनेगा। हृदय रोग का प्रभाव भी होगा। कुछ असमाजिक तत्व एवं आतंकवादियों से धोखा होने का योग बनता है। पार्टी में आपका योगदान सराहनीय रहेगा। पद परिवर्तन योग भी बनता है।

श्रीमती वसुन्धरा राजे सिंधिया–वर्ष में शनि ग्रह के कारण अशांतिदायक स्थिति बनेगी। चोट बाधा योग भी बनता है। केन्द्रीय सरकार में कुछ भागीदारी का योग बनेगा। स्वास्थ्य गड़बड़ी योग हवाई यात्रा में बनेगा। पार्टी का वर्चस्व बना रहेगा। हृदय रोग बाधा, पारिवारिक कुछ असमानता का योग बनेगा। दिनांक 24 जून 2019 से 30 सितंबर 2019 तक वाहन से चोट योग बनेगा। समय प्रतिकूल रहेगा। कुछ नजदीकी वर्ग से भी धोखा होने का योग। पार्टी की छवि बनाने में पूर्व की भांति कीर्ति प्राप्त होगी। गुप्तचरों से सावधान।

माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी–वर्ष 2076 में आपको काफी संकट का सामना करना पड़ेगा। पार्टी का वर्चस्व बचाने का प्रयास बढ़ेगा। दिनांक 20 जून 2019 से 15 नवंबर 2019 तक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। हृदय गति का प्रभाव चिन्ता दायक रहेगा। विजय होने के बाद भी चिन्ता यथावत् रहेगी। शारीरिक कमजोरी के योग से चिकित्सालय का सहारा लेना पड़ेगा। स्वेच्छा से पद का त्याग भी कर सकते हैं। यात्राएं करने में कमजोरी महसूस करेंगे। पार्टी के प्रचार-प्रसार में जुटना पड़ेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

डॉ. मुरली मनोहर जोशी–वर्ष 2076 काफी चिन्ता दायक रहेगा। पार्टी के वर्चस्व में सहभागिता रहेगी। राजनैतिक भविष्य सामान्य रहेगा। संगठन की प्रणाली को मजबूत करेंगे। प्रेरणा दायी व्याख्यान का लाभ जनता को मिलेगा। दिनांक 27 जून 2019 से 30 नवंबर तक भागदौड़ ज्यादा रहेगी। धार्मिक कार्यों में काफी चिन्तनीय कार्य भी करेंगे। स्वास्थ्य भी गड़बड़ रहेगा। कहीं चोट भी लग सकती है। चिकित्सालय के योगदान से अनुकूलता बनेगी। भारत का गौरव बढ़ायेंगे।

श्री रामविलास पासवान–यह वर्ष स्वास्थ्य की दृष्टि से चिन्ता दायक रहेगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण से वर्चस्व में कमी आयेगी। दिनांक 20 जून 2019 से 30 अगस्त 2019 तक वाहन से दुर्घटना योग। कुछ अशोभनीय घटना का शिकार भी होंगे। सत्ता पक्ष में भागीदारी का योग। मस्तिष्क दर्द से परेशानी योग।

श्रीमान् लालू प्रसाद यादव जी–वर्ष 2076 काफी चिन्तादायक रहेगा। न्यायालय संबंधी आदेशों में उठापटक ज्यादा चलेगी। पार्टी का वर्चस्व न्यून होगा। कानून की लड़ाई में हार होगी। दिनांक 15 जून 2019 से 20 अक्टूबर 2019 तक श्वास रोग बाधा, हृदय रोग जैसा योग बनेगा। विश्वास घात का योग भी बनता है। परिवार में रोग बाधा योग।

सुश्री मायावती जी (बसपा)–वर्ष 2076 में न्यायालय के प्रकरणों में वृद्धि होगी। लेकिन विजय होगी। राजनैतिक लाभ भी यथावत् रहेगा। दिनांक 27 जून 2019 से 30 नवंबर 2019 तक स्वास्थ्य में गड़बड़ रहेगी। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान मिलेगा। मानवता का दृष्टिकोण अपनाने में अग्रसर होंगी। केन्द्रीय सत्ता पक्ष तक सहभागिता बनेगी। आतंकवादी, सुरक्षाकर्मी द्वारा चिन्तनीय स्थिति बनने का योग बनता है। पार्टी का वर्चस्व भी बढ़ेगा।

सुश्री उमा भारती–संवत् 2076 आपके लिए साधना, सेवा, अध्यात्म कार्य तथा प्रेरणादायी कार्यों का रहेगा। राजनीति से मोह भंग होने का योग बनता है। वृश्चिक+धनु का गुरु ग्रह धार्मिक कार्यक्रमों की ओर अग्रसर करेगा। दिनांक 17 जून 2019 से 26 अक्टूबर 2019 तक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। श्रीराम मंदिर निर्माण कार्यक्रम में सहभागिता रहेगी। चोट-बाधा भी आयेगी।

श्री राहुल गांधी (अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी)–वर्ष 2076 में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। सफलता का कुछ ग्राफ बढ़ेगा। केन्द्रीय सत्ता में भागीदार से वंचित रहने का योग बनता है। दिनांक 20 जून 2019 से 30 अक्टूबर 2019 तक का समय अग्नि परीक्षा का रहेगा। विवाद जनक वार्त्ता का योग बनता है। अपमानित शब्दों का क्षेत्र बनेगा। माता का स्वास्थ्य खराब होगा। राजनैतिक योग शुभ है। हवाई यात्रा एवं सड़क यात्रा में सावधानी रखना होगा। चोट योग बनेगा। आगामी चुनावों में सीटों की वृद्धि का लाभ मिलेगा। अशोभनीय घटना विपक्ष द्वारा बनायी जा सकती है। धोखा योग से स्वास्थ्य की हानि भी होगी।

श्री अशोक जी गहलोत–वर्ष 2076 आपके लिए शुभ दायक रहेगा। राज्य स्तर या केन्द्रीय स्तर पर पद प्राप्ति का योग। आतंकवाद से बचकर चलें। दिनांक 24 जून 2019 से 30 अक्टूबर 2019 तक स्वास्थ्य की दृष्टि से अशोभनीय रहेगा। सामाजिक दायित्व भी बढ़ेंगे। वाहन दुर्घटना का योग। राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी का वर्चस्व बढ़ायेंगे। सत्ता पक्ष गठन का योग भी बनता है। धोखा से बचें तो शुभ होगा।

श्री पी. चिदम्बरम जी–वि.सं. 2076 में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। हृदय रोग, दुर्घटना योग भी बनता है। शत्रुता का प्रभाव बढ़ेगा। न्यायालय जैसा प्रकरण बनेगा। विजय होगी। दिनांक 24 जून 2019 से 30 सितंबर 2019 तक का समय काफी चिन्ता दायक रहेगा। धोखा में विवाद भी बढ़ेगा। राजनैतिक प्रभाव अच्छा रहेगा। कुछ नेताओं के परामर्श से कार्य अच्छा भी बनेगा। भ्रमण ज्यादा रहेगा।

श्रीमती शीला दीक्षित जी–वि.सं. 2076 में ग्रह योग से स्वास्थ्य सुधार होगा। पार्टी का नेतृत्व योग पुन: बनेगा। वाहन यात्रा में सावधानी बरतें। दिनांक 27 जून 2019 से 29 अक्टूबर 2019 तक कुछ असामयिक घटना का सामना करना पड़ेगा। मन-मुटाव विवाद न्यायालय प्रकरण भी बनेगा। आर्थिक हानि के साथ अशोभनीय घटनाओं का योग भी बनेगा। पार्टी से तेजस्वी पार्टी में सबलता बढ़ेगी। किसी भी महिला से धोखा की वार्त्ता से बचें तो शुभ होगा।

श्री अमिताभ बच्चन–वर्ष 2076 में स्वास्थ्य में गड़बड़ रहेगी। रोग बाधा, चिकित्सालय का सहयोग लेना पड़ेगा। फिल्म उद्योग में भी कार्य गति में शारीरिक बाधा योग। हवाई दुर्घटना या सड़क दुर्घटना का योग भी बनता है। दिनांक 27 जून 2019 से 18 नवंबर 2019 तक की अवधि में मृत्यु तुल्य कष्ट होगा। तथा अपमान जनक वार्त्ता से परेशानी बढ़ेगी। विज्ञापनों के कार्यों में वर्चस्व घटेगा। चोट योग, कार्यों में बाधा, रुकावट तथा सामाजिक परिवेश में भी कार्य भार का योग बनेगा। पारिवारिक विवाद से मन असंतोष रहेगा। नवीन क्रांति का योग फिल्म उद्योग में करेंगे।

श्रीमती मेनका गांधी–ग्रह योग से वर्ष अच्छा रहेगा। कार्यों की गति बढ़ेगी। पार्टी में छवि बनी रहेगी। आगामी चुनावों में विजय योग के साथ सत्ता पक्ष में सहभागिता मंत्रिमंडल में पुन: स्थान प्राप्ति का योग है। कुछ अपमान जनक वार्त्ता हो तो आप पद त्याग भी कर सकती हैं। दिनांक 20 जून 2019 से 30 अक्टूबर 2019 तक स्वास्थ्य प्रतिकूल रहेगा। यात्रा में सावधानी रखें। कुछ असमाजिक तत्त्वों से शारीरिक बाधा, चोट योग बनता है। सीमाओं से युक्त कार्य के प्रति समर्पित रहकर कार्य करेंगी। सामाजिक जीवन अच्छा रहेगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण होगा तो विजय आपकी ही होगी।

माननीय श्रीमान् आदित्यनाथ जी योगी (मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)– वर्ष 2076 आपके लिए अपमान जनक रहेगा। श्रीराम मंदिर निर्माण में संकट का सामना करना पड़ेगा। पार्टी में वर्चस्व बना रहेगा। मगर कुछ नेताओं से मतभेद चलेगा। राज्य में हड़तालें, लूटमार, गुप्त कारनामों के योग से चिन्तित रहेंगे। मन नहीं माना तो इस्तीफा भी दे सकते हैं। दिनांक 28 जून 2019 से 30 नवंबर 2019 तक स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ रहेगी। विपक्षी वर्ग कुछ मामलों में बाधा डालेंगे। आपका व्यक्तिगत निर्णय ही आपके भविष्य का शुभ कारक रहेगा। धार्मिक यात्राएं भी होंगी। भारतयीयता की भावना से विकासात्मक कार्यों की ओर अग्रसर रहेंगे।

श्रीमान् नितीश कुमार जी (मुख्यमंत्री, बिहार सरकार)– वर्ष 2076 में ग्रह योग से राजनैतिक बाधाओं से शासन चलेगा। अपमान जनक शब्दों को सुनना पड़ेगा। सामाजिक जीवन भी संकट में रहेगा। कुछ स्थानों पर शारीरिक चोट का योग बनेगा। दिनांक 27 जून 2019 से 30 नवंबर 2019 तक न्यायालय संबंधी प्रकरण का योग विवाद भी बनेगा। स्त्री पक्ष से कुछ अभद्रता योग का आरोप भी लग सकता है। छद्मवेशी योग से भय रहेगा। वाहन दुर्घटना का योग भी बनता है।

द्वादश राशियों का मासिक भविष्यफल वि.सं. 2076, सन् 2019-20 ई.

नोट:-यह राशिफल गोचर ग्रहों के योग से नाम राशि-जन्म राशि मिश्रित गणना के रूप में लिखा गया है। सुविधा के लिए नामाक्षर, राशि स्वामी एवं नग भी लिखे हैं।

मेष-चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

स्वामी-मंगल नग-मूंगा शुभ

अप्रैल 2019-इस माह में आरोग्य प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। सोचे हुए कार्यों में गति बढ़ेगी। राजकीय सेवा का अवसर मिलेगा। मित्रों का भी सहयोग प्राप्त होगा। धार्मिक कार्यक्रमों का शुभ योग। पुराने विवाद को पुनः प्रारंभ न करें। स्त्री वर्ग द्वारा शुभ सूचना प्राप्त होगी। आय प्राप्ति का शुभ अवसर। अचानक शुभ कार्य होंगे। दिनांक 2, 8, 12, 16, 22, 27 अशुभ दायक हैं। मांगलिक कार्य का योग भी। **मई**-इस माह के आरंभ में मित्र वर्ग से विवाद योग बनता है। व्यर्थ कार्यों में भाग नहीं लेवें। पारिवारिक कार्यों में कुछ बाधाएं आयेंगी। तनाव से बचें। वाहन क्रय तथा भवन निर्माण का योग बनता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट या बीमारी का योग भी बनता है। परिवार में कुछ नया कार्य होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। विद्या से शुभ लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यों में भागदौड़ चलेगी। दिनांक 3, 6, 9, 13, 15, 19, 24, 28 अशुभ दायक रहेंगी। वाहन चलाने में सावधानी रखें। **जून**-इस माह में सामाजिक सेवा में व्यस्त रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता। विदेश गमन या धार्मिक यात्रा में सहभागिता का लाभ मिलेगा। सरकारी सेवा तथा संतान प्राप्ति का भी शुभ योग बनता है। आय में कुछ चिन्ता बनेगी। पारिवारिक कार्य गति शुभ दायक रहेगी। कुछ संस्थाओं द्वारा आर्थिक लाभ प्राप्त का योग। दैनिक रोजगार में लाभ के साथ खर्चा यथावत् चलेगा। अच्छे विचारों का लाभ प्राप्त होगा। ता. 4, 8, 15, 19, 27, 28 अशुभ दायक हैं। मित्र वर्ग मदद करेंगे। भागदौड़ चलती रहेगी। **जुलाई**-माह में नये नेताओं से सम्पर्क बढ़ेगा। वाहन क्रय योग शुभ दायक रहेगा। पारिवारिक कार्यों में विशेष वृद्धि होगी। घरेलू सुविधाएं बढ़ेंगी। विदेश यात्रा योग भी बनेगा। मित्रों का सहयोग अच्छा रहेगा। मांगलिक खर्चा, भवन निर्माण या धार्मिक यात्रा का शुभ योग बनेगा। यदि गणेशोपासना करें तो शुभ होगा। पत्नी द्वारा शुभ कार्यों का योग भी बनेगा। दिनांक 7, 9, 14, 19, 24, 27, 29 अशुभ हैं। देर रात्रि में लम्बी यात्रा स्वयं गाड़ी चलाकर न करें। उधार लेने में सावधानी बरतें। **अगस्त**-इस माह में कार्य गति बढ़ेगी। पिछले रुके हुए कार्य बनेंगे। परिवार में नये सदस्य का आगमन योग है। स्त्री वर्ग को रोग बाधा योग बनता है। भवन निर्माण, नया धंधा रोजगार का शुभ योग बनता है। पारिवारिक सौदा में कोई धोखा भी हो सकता है। विवाद-झगड़े से बचें। दैनिक दिनचर्या में कुछ गड़बड़ी बन सकती है। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। दिनांक 2, 6, 8, 14, 18, 22 अशुभ रहेंगी। श्री गणेशोपासना करें तो शुभ दायक रहेगा। मांगलिक कार्य में सफलता मिलेगी। **सितंबर**-इस माह में कार्य वृद्धि का शुभ योग बनेगा। धार्मिक कार्य गति बढ़ेगी। तीर्थाटन योग बनेगा। व्यर्थ कार्यों में भागीदारी न बनायें। वाहनों से सावधान रहें। अध्ययन का शुभ लाभ। राजकीय सेवा योग बनेगा। पशुओं से सावधान रहें। धार्मिक कार्यों का आयोजन योग बनता है। न्यायालय प्रकरण में विजय योग बनता है। भागदौड़ ज्यादा रहेगी। उद्योग शुभारंभ का योग बनता है। माह में नवीन मित्रों से शुभ लाभ होगा। दिनांक 1, 6, 10, 14, 18, 26, 28 अशुभ हैं। सावधान रहें। **अक्टूबर**-इस माह में शुभ महा-गायत्री, कुलदेवी की साधना का योग है। वाहन क्रय-विक्रयादि योग बनेगा। स्थान परिवर्तन या तीर्थाटन का शुभ योग भी। वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा। मित्र वर्ग से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पत्नी की राय से व्यवसाय में शुभ दायक योग बनेगा। कुछ गुप्त वार्ता में धोखा योग है। सावधानी से वार्तालाप करें। मांगलिक कार्यों में खर्चा ज्यादा होगा। कीर्ति बढ़ेगी। सम्मान प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। दिनांक 4, 10, 16, 22, 24, 29 अशुभ रहेंगी। इन तारीखों में यात्रा नहीं करें तो शुभ रहेगा। **नवम्बर**-इस माह में आपको सामाजिक सेवा का भार ज्यादा बढ़ेगा। लोगों के द्वारा कार्य करने के लिए बाध्य जैसा योग बनेगा। ग्रहों की चाल से आपको काफी स्थानों में भ्रमण करना पड़ेगा। मित्र वर्ग मदद करेंगे। नया कार्य का शुभ योग बनेगा। परिवार में कोई रोग से बाधित होने का अशुभ योग है। व्यवसाय में भी परिवर्तन का योग। आर्थिक लाभ अच्छा होगा। ऋण प्राप्ति योग। दिनांक 5, 9, 16, 23, 27, 29 अशुभ रहेंगी। किसी की जमानत इस माह में नहीं दें तो ठीक रहेगा। वाहन क्रय योग बनता है। **दिसम्बर**-इस माह में उत्साह वर्द्धक योग बनेगा। कुछ समस्याओं का भी निस्तारण होता रहेगा। आर्थिक लाभ योग। राजकीय सेवा योग अथवा पदोन्नति का योग बनेगा। विदेश यात्रा का योग। आर्थिक दृष्टि से माह अच्छा रहेगा। अनावश्यक वार्त्ताओं से बचें। वाहन संचालन में सावधानी बरतें। बिगड़े हुए कार्य बनेंगे। पुराना विवाद हो तो विजय योग भी। दिनांक 3, 6, 9, 14, 17, 24, 26, 28 अशुभ रहेंगी। **जनवरी 2020**-इस माह में आरोग्य प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। सोचे गये कार्यों में गति बढ़ेगी। उत्तम भोजन प्राप्ति का योग। परिवार में शुभ दायक कार्यों का योग बनता है। कुटुम्ब जनों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अनेक लोग कार्यों में गति का लाभ देंगे। शंकाओं का निवारण होगा। खाद्यान्न संबंधी लेन-देन बनेगा। मांगलिक कार्य विवाह आदि का शुभ खर्चा होगा। दिनांक 4, 7, 9, 14, 17, 22, 24 अशुभ दायक। मानसिकता में साधना योग का लाभ बनेगा। नवीन भवन क्रय का योग भी। पुरस्कार प्राप्ति का योग। **फरवरी**-इस माह में पारिवारिक कार्यों की भागदौड़ रहेगी। कुछ स्थानों पर नई कार्य योजना का योग बनता है। मित्र वर्ग का शुभ योगदान रहेगा। आर्थिक दृष्टि से माह अच्छा रहेगा। वाहन क्रय का शुभ योग। नौकरी सरकारी या निजी कम्पनी में लगने का शुभ योग। शुभ कार्यों में खर्चा होगा। मित्र वर्ग के साथ विदेश गमन योग। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कृषि कार्य से आय अच्छी होगी। दिनांक 2, 6, 12, 17, 22, 29 अशुभ दायक रहेंगी। स्थान परिवर्तन योग बनता है। पारिवारिक कार्यों में प्रगति। **मार्च**-इस माह में शुभ दायक समाचार मिलेंगे। सम्मान प्राप्ति योग तथा संतान का वैवाहिक योग बनता है। स्त्री वर्ग के सहयोग से पारिवारिक कार्यों में गति बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों का शुभ योग बनेगा। अचानक चोट या दुर्घटना का योग बनेगा। सावधानी रखें तो शुभ। उदर पीड़ा योग भी बनता है। निजी कम्पनी द्वारा नौकरी का योग। मित्रों से योजनाबद्ध वार्ताएं होंगी। दिनांक 2, 3, 4, 11, 12, 17, 21, 23 अशुभ दायक हैं। लम्बी यात्रा नहीं करें।

वृष-ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो

स्वामी-शुक्र नग-हीरा शुभ

अप्रैल 2019-इस माह में व्यापारिक गति बढ़ेगी। राजकीय कार्य तथा नौकरी का शुभ योग बनता है। घर में स्त्रियां मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहेंगी। ऋण से मुक्ति योग भी। व्यवसाय में मित्र वर्ग मदद करेंगे। नया भवन निर्माण या क्रय का योग बनता है। उधार प्रदत्त राशि पुनः प्राप्ति का योग। दिनांक 2, 3, 11, 12, 13, 21, 22, 23 अशुभ दायक हैं। वाहन क्रय-विक्रय योग। सामाजिक सबलता प्राप्त होगी। **मई**-इस माह में आर्थिक संकट योग बनेगा। मित्र वर्ग काफी मदद करेंगे। राजकीय कार्यों में

शेष पृष्ठ 188 पर

वि. स. 2076, शाके 1941 मध्ये शुद्ध विवाह मुहूर्त्ता। (अभिजित् मुहूर्त्त सहित)

यहां दिये गये विवाह मुहूर्त **"लत्ता पातो युतिर्वेधो जामित्रं बुध पंचकम्। एकार्गलौपग्रहौ च क्रांति साम्यं तथा परम्।। दग्धा तिथिश्च विज्ञेया दश दोषाः महाबला।। एतान्दोषान् परित्यज्य लग्नं संशोधयेद् बुधैः।।"** श्लोक सूत्रगत प्रमुख दश दोष रहित है तथा जिन दोषों के परिहार वाक्य मिले उन्हें भी दिया गया है। इस दश दोष शुद्धि को रेखाओं में प्रदर्शित किया गया है। रेखाओं में जहां (।) ऐसी खड़ी रेखा है वहां उस दोष की पूर्ण शुद्धि समझें तथा जहां (ऽ) ऐसा चिन्ह है उसे परिहार सहित दोष जानें। **वैवाहिक नक्षत्र "रोहिण्युत्तर रेवत्यो स्वाती मूलं मृगो मघा। अनुराधाश्च हस्तश्च विवाहे मंगलप्रद।।।"** किन्तु कात्यायनोक्त **"त्रिषुः त्रिषूत्तरादिषु"** (गृह्य सूत्र) के अनुसार चार विशेष विवाह नक्षत्र भी हैं। इस विषय में धर्म सिंधुकार ने भी लिखा है। **"चित्रा श्रवण धनिष्ठाऽश्विनी यजुर्वेदीनाम्"** अतः यजुर्वेदियों के विवाह इन चार विशेष विवाह नक्षत्रों में भी हो सकते हैं। हम पाठकों की सुविधा हेतु इन चार विशेष विवाह नक्षत्रों के मुहूर्त भी अलग से दे रहे हैं।

नोटः-यहां क्रांतिसाम्य (महापात) दोष स्थूल न लेकर सूक्ष्म गणितागत लिया गया है। लग्नों का समय भा.स्टै.टा. दिल्ली हेतु है। अतः अन्य नगरों के लिये समय परिवर्तित करके संशोधित कर लें। गुरु-शुक्र का उदयास्त सूक्ष्म उन्नतांश पद्धति से लिया गया है। लग्नों के आगे दिया गया समय लग्नारंभ काल है।

समय शुद्धि

卐 **संक्रांति दोष**–वर्षारंभ से चैत्र शुक्ला 8 शनिवार दिनांक 13 अप्रैल 2019 तक तथा पौष कृष्ण 5 सोमवार दिनांक 16 दिसंबर 2019 ई. से माघ कृष्ण 3 सोमवार दिनांक 13 जनवरी 2020 ई. तक तथा पुनः फाल्गुन शुक्ला 8 मंगलवार दिनांक 3 मार्च 2020 ई. से फाल्गुन शुक्ला 15 सोमवार दिनांक 9 मार्च 2020 ई. तक (सर्वत्र वर्ज्य)

卐 **चातुर्मास** (चौमासा) **दोष**–आषाढ़ शुक्ला 11 शुक्रवार दिनांक 12 जुलाई 2019 से कार्तिक शुक्ला 11 शुक्रवार दिनांक 08 नवंबर 2019 तक (सर्वत्र वर्ज्य)

卐 **शुक्रास्त** (तारा)–श्रावण कृष्ण 6 मंगलवार दिनांक 23 जुलाई 2019 से भाद्रपद शुक्ला 13 बुधवार दिनांक 11 सितंबर 2019 तक (सर्वत्र वर्ज्य)

卐 **गुरु अस्त** (तारा)–पौष कृष्ण 2 शनिवार दिनांक 14 दिसंबर 2019 से पौष शुक्ला 14 गुरुवार दिनांक 09 जनवरी 2020 तक (सर्वत्र वर्ज्य)

卐 **होलाष्टक**–फाल्गुन शुक्ला 8 मंगलवार दिनांक 3 मार्च 2020 से फाल्गुन शुक्ला 15 सोमवार दिनांक 9 मार्च 2020 ई. तक (रावी, व्यास, सतलुज के किनारे एवं पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश में वर्ज्य)

विवाहे सूर्य, गुरु व चन्द्र बल विचार

सूर्यः- 3, 6, 10, 11वां **शुभ**। 1, 2, 5, 7, 9वां **पूज्य**। 4, 8, 12वां **नेष्ट**। **गुरुः**- 2, 5, 7, 9, 11वां **शुभ**। 1, 3, 6, 10वां **पूज्य**। 4, 8, 12वां **नेष्ट**।

चन्द्रः- 1, 2, 3, 5, 6, 7, 9, 10, 11वां **शुभ**। 12वां **ग्राह्य (पूज्य)**। 4, 8वां **नेष्ट**।

चैत्र शुक्ल पक्ष संवत् 2076 वि.

दिनांक	तिथि	वार	नक्षत्र	रेखा	लतादि दश-दोष लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण (भा.स्टै.टा.)	चन्द्र	सूर्य	गुरु
16 अप्रै.	12	मंगल	उफा.	8	IIISISIIII 26:59 से 28:25 तक, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ (दान-सू., मं. शु.)	सिंह	मेष	वृश्चिक
17 अप्रै.	13	बुध	उफा.	9	IISIIIIIII 22:07 से 28:22 तक, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ (दान -सू., मं. शु.)	कन्या	मेष	वृश्चिक
19 अप्रै.	15	शुक्र	स्वा.	8	ISIIIISII 20:41 से 28:14 तक, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ (दान- मं.)	तुला	मेष	वृश्चिक

बैशाख कृष्ण पक्ष संवत् 2076 वि.

दिनांक	तिथि	वार	नक्षत्र	रेखा	लतादि दश-दोष लग्न शुद्धि तथा अन्य विवरण (भा.स्टै.टा.)	चन्द्र	सूर्य	गुरु
26 अप्रै.	7	शुक्र	श्रव.	6	SISISIISII 23:14 से 27:46 तक, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ (दान - मं.)	मकर	मेष	वृश्चिक
27 अप्रै.	8	शनि	श्रव.	7	SSIIIIISII 20:10 से 29:07 तक, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, मीन (दान-मं.)	मकर	मेष	वृश्चिक
28 अप्रै.	9	रवि	धनि.	8	SIIIIIISII 20:06 से 25:42 तक, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, मीन (दान - मं.)	कुंभ	मेष	वृश्चिक

बैशाख शुक्ल पक्ष संवत् 2076 वि.

उपरोक्त नक्षत्र गण्डमूल नक्षत्र होते हैं। इन में जन्मा बालक माता-पिता, अपने कुल या अपने शरीर को कष्टकारक होता है। इस के विपरीत यदि संकट समाप्त हो जाय तो अपार धन, वैभव, ऐश्वर्य. वाहनादि का स्वामी भी होता है। शास्त्रानुसार तो उचित यही समझा जाता है कि २७ दिन तक [illegible]

करा कर २७ दिन बाद ही मुख देखे। परन्तु यह तभी उचित है जब बालक पिता को कष्टदायक हो या अभुक्त मूल में उत्पन्न हो। २७ दिन बाद वही नक्षत्र जब फिर आये तब पुरोहित द्वारा मूल शान्ति करा यथा सम्भव दानादि करके ही प्रसूति स्नान शुद्धि कराई जानी चाहिए। जन्म मास जन्म लग्न के अनुसार मूल का निवास कहां है तक उसका क्या फल होता है यह नीचे के चक्र में दिया है।

मूल निवास चक्र

चन्मामासानुसारेण	वैशा., ज्ये., मार्ग., फा.	चैत्र, श्राव., का., पौ.	आषा., आ.,माघ, भा.
जन्म लग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूल निवास स्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

प्रत्येक नक्षत्र लगभग ६० घटी का मान कर मूल नक्षत्र को एक वृक्ष की उपमा दी गई है और उसकी घटियों के अनुसार उसके मूल आदि विभाग किये गये हैं। बालक का जन्म जिस विभाग में हो उसी के अनुसार फल बताये गये हैं। जैसे प्रथम ७ घटी मूल (जड़), अगली ८ घटी स्तम्भ (तना), उसकी अगली १० त्वचा (छाल) आदि। मूल नक्षत्र में जन्म हो तो निम्न चक्र से फल देखें:

मूलजनन वृक्ष विभाग

मूले	स्तम्भे	त्वचायां	शाखायां	पत्रे	पुष्पे	फले	शिखायां	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घट्यः
मूल नाशः	वंश नाशः	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मंत्री पदम्	मंत्री पदम्	विपुल लाभः	अल्प जीवी	फलम्

इसी प्रकार नक्षत्र को पुरुष मान कर उस की घटियों को पुरुष के अंगों में स्थापित करके तदनुसार फल प्रतिपादन किया जाता है। यथा प्रथम ५ घटी में जन्म हो तो मूर्धिनफल-राजा राजसी ठाट-बाट उपरान्त ७ घटी मुख संज्ञा-फल पिता को कष्ट आदि-आदि बालक के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखें। मूल नक्षत्र में जन्मे बालक के लिये।

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुखे	स्कंधे	बाह्वो:	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जानुनि	पादे	स्थानं
५	७	४	८	३	९	२	१०	६	६	घट्यः
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मंत्री	ज्ञानी	कामी	मतिमान्	मतिमान्	फलम्

मूल नक्षत्र में बालिका के जन्म पर निम्न चक्र से फल देखना चाहिये।

अथ कन्याजन्मनि मूल चक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो:	हस्ते	गुह्ये	जंघे	जानुनि	पादे	स्थानं
४	६	५	५	५	८	९	४	४	१०	घट्यः
पशु नाश	धन नाश	धन लाभ	कुटिला	धन लाभ	दयावः	कामिनी	मातृ नाश	भ्रातृ नाश	वैधव्यं	फलम्

अथ आश्लेषा चक्रम्

कुह जनन फल — अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा

अथ आश्लेषा चक्रम्

शिरसि	मुखे	नेत्रे	ग्रीवायां	स्कंधे	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुदे	पादे	स्थान
५	७	२	४	४	८	१०	६	७	७	घट्यः
पुत्रादि	पितृ नाश	मातृ नाश	स्त्री लाभ	गुरु भक्त	बली	आत्म हानि	भ्रमः	तपस्वी	धन हानि	फलम्

आश्लेषा नक्षत्र में जन्मे बालक-बालिका का फल वृक्ष के अंगों की घटियों के अनुसार निम्न चक्र से देखना चाहिए:

अथ आश्लेषा पुरुष वृक्ष चक्रम्

फले	पुष्पे	दले	शाखायां	त्वचायां	लतायां	स्कन्धे
१०	५	९	७	१३	१२	४
धनम्	धनम्	राजभयम्	हानिः	मातृ हानिः	पितृ हानिः	अल्पायुः

अभुक्त मूल विचार

ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्त की ४ घटी, अन्य किसी मत से १ घटी और मूल नक्षत्र के आदि की ४ घटी, अन्य मत से आधी घटी अभुक्त मूल होता है। इन घटियों में बालक जन्मे तो पिता ८ वर्ष पर्यन्त बालक का मुख न देखे, असमर्थ हो तो ६ मास त्याग करे। शांति हवन, अभिषेक आदि से युक्त अभुक्त मूल शांति, रुद्रार्चन, महामृत्युञ्जयादि विधान कर शुभ मुहूर्त में बालक के मुख का अवलोकन करें। कहते हैं संत तुलसीदास जी का जन्म इसी प्रकार के अभुक्त मूल में हुआ था।

कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी में जन्मे बालक पर भी अरिष्ट दोष होता है उसका निर्णय निम्न तालिका के अनुसार करना चाहिए:

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्

१	२	३	४	५	६	विभागः
शुभम्	पितृ नाश	मातृ नाश	मातुल नाश	कुल हानिः	धन हानिः	फलम्

त्रयोदशी की घटियों को ६० में से घटा कर चतुर्दशी की घटियां युक्त कर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल को कहें, अरिष्ट हो तो शान्ति विधान करें।

सिनीवाली कुहू जनन फल

सिनीवाली—अमावस्या की अन्तिम पांच ५टियों में जन्म हो तो सिनीवाली जनन समझा जाता है। जन्म के बाद अमावस्या की ५ या उससे कम घटियां रह गई हों। अर्थात् चन्द्रमा की केवल कुछ कलायें ही दृश्य मान हों तब सिनीवाली जनन होता है। इसका निर्णय सूक्ष्म गणित द्वारा चन्द्रमा की गति अनुसार करना चाहिए। यह अंतिम घटियां ४ और ५ के बीच होती हैं। इनमें जन्म होने से घर में बालक-बालिका या पशु, गाय, भैंस, घोड़ी आदि प्रसूत हो तो धन हानि, अपयश आदि का भय होता है।

कुहू जनन फल—अमावस्या की अन्तिम घटी के भी अन्तिम ५-१० पलों में जब चन्द्रमा की कलायें समाप्त या बिल्कुल नष्ट हो जायं तब अन्तिम घटी के भी अन्तिम पलों में जन्म हो तो कुहू जनन होता है। उस समय बालक या पशु जन्म हो तो अति अरिष्ट कारक होता है। इसका शास्त्रोक्त विधि से शान्ति अवश्य करना चाहिए।

अन्य अरिष्ट दोष

व्यतीपात योग में जन्म हो तो अंग हानि, वैधृति योग में जन्म हो तो पिता से वियोग, परिध योग में जन्म हो तो स्वयं को मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। मृत्यु योग, दग्ध योग, भद्रा, संक्रांति के दिन, सूर्य चन्द्रग्रहण समय में शूल योग, व्यघात योग, अतिगण्ड योग, वज्र योग, तिथि क्षय, क्रान्ति साम्य (महापात योग), विश्वधस्त्र पक्ष में क्षय मास में जन्मे बालकों को कुयोग में जन्मा समझा जाता है। इनकी आयु तथा आरोग्य के लिए शास्त्रोक्त विधि-विधान से ग्रह शान्ति करा देना चाहिए। जिस प्रकार २७ नक्षत्र होते हैं उसी प्रकार २७ योग होते हैं। व्यतिपात, वैधृति, परिघ, व्याघात, अतिगण्ड, शूल, वज्र इन २७ में से कुछ अशुभ योग हैं। तिथि के अधि भाग को करण कहते हैं। विष्टि करण को भद्रा कहते हैं। तिथि, नक्षत्र, बार आदि के संयोगों से कुछ योग बनते हैं। जिनकी सूचना पंचांगों में दी होती है। मृत्यु योग, दग्ध योग आदि ऐसे ही कुयोग हैं इनकी शान्ति कराना आवश्यक होता है।

स्त्री दासी गौ आदि पशु यमल जन्म फलम्

त्रिविधा यमलोत्पत्तिर्जायते योषितामिह। सुतौ च सुत कन्ये वा कन्या एव तथा पुनः॥
एक लिंगो विनाशाय द्वि लिंगो मध्यमौ स्मृतौ। पित्रोर्विघ्नकरौ ज्ञेयो तत्र शान्तिर्विधीयते॥

तीन प्रकार से जुड़वां सन्तानों की उत्पत्ति होती है। दोनों लड़के हों या दोनों लड़की हों या एक लड़का एक लड़की हो। इस में एक लड़का एक लड़की का होना तो मध्यम, साधारण है। परन्तु एक ही तरह के लिंग वाली सन्तान हों तो उनका फल माता-पिता के लिए अच्छा नहीं बताया गया है। उसकी शान्ति कराना श्रेयस्कर होता है।

जन्म स्थान विचार

बच्चे का जन्म किस प्रकार के स्थान में हुआ है इस के नियम ज्योतिष फलित में बताये गये हैं। जिनमें से मुख्य नियमों की जानकारी दी जा रही है। कर्क, मकर, मीन यह तीन जलचर राशियां हैं। लग्न या चन्द्रमा इन राशियों में है अथवा लग्न पर पूर्ण चन्द्रमा की दृष्टि हो अथवा चन्द्रमा जलचर राशि के प्रथम, चतुर्थ या दशम स्थान में हो तो जन्म जल के ऊपर या जल के पास होता है, जल से तात्पर्य नदी, तालाब, झील, समुद्र, झरना, कुआ, नहर आदि समझना। नौका, जहाज, पुल के ऊपर भी जल का सामीप्य होता है। चन्द्रमा कर्क राशि का हो, बुध लग्न में हो, गुरु चौथा अथवा लग्न में जलचर राशि हो, चन्द्रमा सप्तम हो तो भी जन्म जल पर या समीप में ही हुआ समझना चाहिए। लग्न या चन्द्र में शनि १२वां हो, लग्न या चन्द्र को पाप ग्रह देखते हों तो जन्म कारागार में या एकान्त में जंगल वियावान में समझिये। शनि कर्क या वृश्चिक लग्न में हो और चन्द्रमा की पूर्ण दृष्टि हो तो खाई खन्दक में जन्म होता है। पुरुष राशि की लग्न हो, लग्न में शनि हो, मंगल की दृष्टि हो तो शमशान या शमशान के पास जन्म। पुरुष लग्न में शनि को शुक्र व चन्द्रमा देखते हों तो राजमहल या देवालय मन्दिर में जन्म, लग्नगत गुरु पर बुध की दृष्टि हो तो चित्रकारी किये हुए, मूर्तियां बने हुए सुन्दर घर में जन्म होता है। इस प्रकार ग्रहों के बलावल पर विचार करके फल कथन करना चाहिए।

बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा विधि)

प्रत्येक मन्त्र को २१ बार पढ़कर बलि को ७ बार शिर पर फिरा कर उचित स्थान पर नाम से रख आवें।

किस समय कौन पूतना ग्रहण करती है	असित लक्षण	पूजन द्रव्य	मूर्तिनिर्माणार्थ द्रव्य	बलि विधान व समय	धूप	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	ज्वर, स्वेद मन्दस्वर, कम्पन, अरुचि, अंगशोथ।	श्वेत चंदन, तिलक, श्वेतपुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान।	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ पहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	राई, खस, कमल के फूल, बिल्ली और	ॐ ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै वरुणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च कुमारकम्॥
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	ज्वर, हाथ-पैर जकड़ना, संकोच, दांत चबाना, नेत्र खुले, नेत्र रोग भय, कृषता।	१० दीपक, १० झंडी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	भात, एक सेर आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस संध्या समय प. दिशा में चोरास्ते पर रखना।	मनुष्य के बाल निम्बपत्र, गोघृत।	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चै हांहां हीं हीं हुंहुं दुष्टाग्रहा गच्छन्त्वत: स्थानाद्रुद्राज्ञया स्वाहा।
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	हड़फूटन, खांसी, शिर झुकाना, श्वास, नेत्रमीलन, श्यामता, अरुचि, रुदन, नेत्रपीड़ा	रक्तचंदन, रक्तपुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १०।	एक सेर चावलों का आटा	एक सेर लाल भात, आध सेर पूर्ण पोली (सुहाली) पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	लहसुन, गोशृंग सांप की कांचली	सुनन्दना विधानोक्त
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुखमंडिका	गात्र भंग, शिर झुकाना, खांसी, श्वास, नेत्रमीलन, अरुचि, अनिद्रा, श्यामता।	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा ५, दीपक, मिल सकें तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प।	तिल चुर्ण एक सेर	भात, १ सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्णपोली सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखना।	नीम के पत्ते पुरुष और बिल्ली के बाल	सुनन्दना विधानोक्त
पंचम दिन मास वर्ष में विडालिका	पेट में दर्द, हिचकी, श्वास, अरुचि, ज्वर, शरीर में गर्मी तेज।	श्वेतचंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेतध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये।	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल प. दिशा में वृक्ष के नीचे रखना	गोघृत।	ॐ भगवती हीं हीं हूं हूं मुंच रक्षां कुरु कुरु बलिं गृह्ण-२ अस्त्र ठ: ठ: चामुण्डे चण्डिके ठ: ठ: स्वाहा
षष्ठ दिन मास वर्ष में घट्कारिका	ज्वर, हड़फूटन, हंसना, कभी-२ रोना, मोह मूर्च्छा।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५ श्वेत ध्वजा ५।	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७ पूड़ियां १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखना	कूठ, गुगल,	योगिनी विधानोक्त
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	खांसी, श्वास, वमन, अरुचि, शरीर कम्पन।	श्वेत चंदन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५।	चावलों का आटा एक सेर	भात, ७ पूड़ियां सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखना	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	ज्वर, मुखशोष, अरुचि, सन्ताप	रक्तचंदन, ५ रंग की झंडी ५, दीपक ५।	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग, छाग मांस, संध्या में चौरास्ते पर रखना।	राई, हाथी दांत, घृत।	विडालिका विधानोक्त
नवम दिन मास वर्ष में मदना	ज्वर, खांसी, श्वास, शूल, आफरा, घृणा।	चन्दन, पुष्प, ५ दीपक, सफेद रंग की झण्डी ५।	एक सेर गेहूं का आटा।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर रखना।	गोशृंग, लहसुन	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हनहन हुं फट् स्वाहा
दशम दिन मास वर्ष में रेवती	ज्वर, हड़फूटन, शूल, अरुचि, वमन, खांसी, श्वास	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये।	एक सेर गेहूं का आटा	गुड़ के घी भुने चावल, गोघृत, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	सांप की कांचली निम्ब	ॐ नमो भगवते वैश्वेदेवाय हन हुं फट् स्वाहा।
एकादश दिन मास वर्ष में सुदर्शना	ज्वर हड़फूटन, मुखशोष, अरुचि, रोदन, कृशता।	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद, झण्डी, २५ आटे के सतिये।	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर रखना।	पत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई	ॐनमो भगवते रावणाय, चन्द्रहास वज्र हस्ताय ज्वल, २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ हीं फट् स्वाहा
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्‌भुता	ज्वर, दांत चबाना, रोमांच, बहुरोदन, नेत्र पीड़ा, संताप।	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ तकिये आटे के।	चावलों का आटा एक सेर	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियाँ ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में	गोघृत।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ हं

अथ नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं.	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
अश्विनी (दस्रौ)	वातज्वर, गात्रपीड़ा, निद्रा भय, बुद्धिभ्रम	९	१, २, ३,४ ९,१०, ११, २०	ॐ अश्विनातेजसाचक्षु: प्राणंनसरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रो बलेनेन्द्राय दधुरिन्द्रयम्॥ ॐ अश्विनीकुमाराभ्यां नम:॥	५ सहस्र	खण्ड यव घृत	गुडौदन तिल	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत-दीप, क्षीर, मोदक, गुड़, नैवेद्य।	सुवर्ण घृत कुम्भ
भरणी (यम:)	छर्द रोग, तीव्र ज्वर अनेक रोग, आलस्य	११	०,८०,४०,११	ॐ यमायत्वाङ्गिरस्यतै पितृमते स्वाहा स्वाहा धर्माय स्वाहा धर्म: पित्रे॥ ॐ यमाय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु तिलाक्षत	कृषरान्न (खिचड़ी)	अगस्त मूलम्	अगर गंध, करवीर पुष्प, घृत दीप, घृत, गुग्गुल, धूप, गुडोदन नैवेद्य।	गो, महिषी घृत शर्करा, छायापात्र
कृत्तिका (अग्नि:)	नेत्र पीड़ा, अनिद्रा, अतिदाह, उरूशूल	९	९,११,१६,२८	ॐ अग्निमूर्धादिव: ककुत्पति: पृथिव्या अयम्। अपा रेता सिजिन्वति॥ ॐ अग्नये नम:॥	१० सहस्र	तिलयव घृत	पायस घृत मोदक	कापसि मूलम्	श्वेतचन्दन गंध, जुहीपुष्प, घृतदीप, घृत, गुग्गुल, धूप, तिलमाषान्न, वडाधीका, नैवेद्य।	स्वर्ण, गोदान
रोहिणी (ब्रह्मा)	शिर पीड़ा, ज्वर, कुक्षिशूल, प्रलाप	७	७,९,१८,३०	ॐब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमत: सुरूचोवेनआव: सुबेध्न्या उपमाअस्यविष्ठा: सतश्चयोनिमसतश्चविधव:॥ ॐ ब्रह्मणेनम:॥	५ सहस्र	तिलाज्य घृत यव	मध्वाज्यक्षो साख्यन्नक्षी	अपामार्ग मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	सप्तधान्य, कृष्ण गौ दान, ५ कया भोजन
मृगशीर्ष (चन्द्र:)	त्रिदोष, महाकष्ट, अर्द्धगात्र पीड़ा	३	९,५,७,१०	ॐ इमन्देवा असपत्न सुवध्वं महतेक्षे त्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्यपुत्रममुष्यै पुत्रमस्यैविश एषवोऽमीराजासोमोस्माक ब्राह्मणाना राजा॥ ॐ चन्द्रमसे नम:॥	१० सहस्र	दधि पायस	दधिशर्करा शाल्यन्न	जयन्ती मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, कमल पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायस, अपूपमध्वोदन नैवेद्य।	दधि, तन्दुल सवत्सा गोदान
आर्द्रा (शिव)	त्रिदोष, ज्वर, सर्वांग पीड़ा, अनिद्रा	मृ.तु.	०,१८,०,०	ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव उतो त इषवे नम: बाहुभ्यामुतते नम: ॥ ॐ रुद्राय नम:॥	१० सहस्र	घृत मधु	दध्योदन मध्वाज्य	सचंदना अश्वत्थमूलम्	श्वेत चन्दन गंध, सौरभ पुष्प, दशाङ्ग धूप, घृत दीप, पायसौदन नैवेद्य।	श्याम वृषभ दान श्याम वस्त्र
पुनर्वसु (अदिति)	ज्वर, शिर पीड़ा, कटि पीड़ा	७	७,१४,२,२१	ॐअदितिद्योरदितिरन्तरिक्षमदिति माता स पिता स पुत्र: विश्वे देवा अदिति: पञ्चजनाअदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥ ॐअदिताय: नम:॥	१० सहस्र	घृत तन्दुल	साज्य पीत तन्दुल	अर्क मूलम्	हरिद्राकुंकुम गंध, सेवन्तिका पुष्प, अष्ट गंध धूप, घृत दीप, घृताक्तपीतवर्णान्न नैवेद्य।	वस्त्र, स्वर्ण, कमल ५ कन्या भोजन
पुष्य (गुरु)	ज्वर, शूल, महाकष्ट	७	७,७,१०,२१	ॐबृहस्पते अतियदर्यो अर्हाद्द्युमद्विभातिक्रतु मज्जनेषु। यदीदयच्छवत्र सऋतप्रजाततदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐबृहस्पतये नम:॥	१० सहस्र	घृत पायस	समण्डक मोदक	तुषार मूलम्	कुंकुम गंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, धृत, पायस, शर्करा, नैवेद्य।	सूवर्ण गौ, पीत वस्त्र
आश्लेषा (सर्प:)	सर्वांग पीड़ा, पाद पीड़ा, मृत्युसम कष्ट	मृ.तु.	०,०,४१,०	ॐनमोस्तु सर्प्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्य: सर्पेभ्योनम:॥ ॐसर्प्पेभ्यो नम:॥	१० सहस्र	शर्करा घृत	हवि दध्योदन	पटोल मूलम्	कुंकुम, अगर गंध, अगस्त पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत मिष्ठान्न, नैवेद्य।	सवत्सा श्याम गौ, छायापात्र
मघा (पितर:)	शिर पीड़ा, अर्द्धमात्र पीड़ा	२०	१५,७,१७,२०	ॐ पितृभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधानम: पितामहेभ्य: स्वधायिभ्य: स्वधा नम:। प्रपितामहेभ्यस्वधायिभ्य: स्वधा नम: अक्षन्नपित्रोमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्तपितर: पितर: शुन्धध्वम्॥ ॐ पितरम्ये नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत तन्दुल	सतिलाज्य दुग्न्धान	भंगराज मूलम्	श्वेत चन्दन गंध, चम्पक पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत, क्षीर, नैवेद्य।	वस्त्र, तिल, उड़द
पू.फा. (भग:)	गात्र व्यथा, ज्वर, शिर पीड़ा	मृ.तु.	०,१५,०,३०	ॐभगप्रणोतर्भगसत्यराधोभगेमांधियमुदवाददन्: भगये प्रणोजनयगोभिरश्वैर्भयप्रनृभिनृवैन: स्याम॥ ॐभगाय नम:॥	१० सहस्र	कङ्गनी तिलघृत	घृतौदन पायस	कटकारी मूलम	श्वेत चन्दन गंध, मालती पुष्प, घृत विल्व, धूप, घृत दीप, अपुपोदन मोदक, नैवेद्य।	पित्तल, यव उड़द स्वर्ण गौ दान
उ.फा. (अर्यमा)	कुक्षिशूल, ज्वर, शिर पीड़ा, अतिकष्ट	७	७,१४,७,६०	ॐदेवावध्वर्यूश्चागतरथेनसूर्यत्वचा मध्वाय समंजाये तं प्रत्नकथा यं वेनश्चित्रं देवानाम्॥ ॐ अर्यम्णे नम:॥	१० सहस्र	तिल घृत	घृत शर्करा शाल्यन्न	पटोल मूलम्	कर्पूर, केसर, गंध, अर्क पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृत दीप, घृत पायस, नैवेद्य।	सुवस्त्र, सुवर्ण, रजत, अन्न, गौदान
हस्त (सविता)	उरुशूल, आफरा, सर्वांग पीड़ा, प्रस्वेद	१५	१५,१७,१५,०	ॐ विभ्राडबृहोत्पिबतु सौम्य मध्यायुर्दधयज्ञपता व विहुतमम् वातृजूतो योअभिरक्षतित्मनाप्रजा: पुपोषपुरुधा विराजति॥ ॐसवित्रे नम:॥	५ सहस्र	दधि घृत	मिष्ठान्न पायस	जाति मूलम्	रक्त चन्दन, केसर गन्ध, कमल पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप, घृतदीप, घृत, पायस, नैवेद्य।	स्वर्ण, पयस्विनी गौ दान
चित्रा (विश्व.)	विचित्र रोग अतिकष्ट	११	११,९,९,१६	ॐ त्वष्टातुरीयोअद्भुतइन्द्राग्नी पुष्टिवर्द्धनम्। द्विपदा-छन्दऽइन्द्रियमुक्षागौत्रवयोदध:॥ ॐ विश्वकर्मणे नम:॥	१० सहस्र	तिलाज्य घृत तन्दुल	विचित्रान्न घृत	मखव मूलम्	केसर गंध, विचित्रवर्ण पुष्प, घृत, गुग्गुल, धूप, घृतदीप, विचित्रान्न मोदक, नैवेद्य।	तिल, गुड़, विचित्र वृषभ, छायापात्र

नक्षत्र कष्टावली

नक्षत्र देवता	कष्ट लक्षण	कष्ट दिन	चरणगत कष्ट दिन	जपनीय वेदोक्त मंत्र	जप सं	होम द्रव्य	वलि द्रव्य	करे धारणम्	गन्धादि पदार्थ	दान वस्तु
स्वाती (वायु:)	नाना कष्ट, ज्वर पीड़ा	मृ.तु.	६०,१७,३०,०	ॐ वायो ये ते सहस्त्रिणी रथा सस्ते त्रिरागहि नियुत्वाम सोम पीतये॥ ॐ वायये नम:॥	१० सहस्त्र	तिल,यव घृत	घृत पायस	जाति मूलम्	चन्दन गन्ध (दमनक पुष्प) अगर, गुग्गुल धूप, घृतदीपक, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्ण, रक्तवेणु पकवान्न
विशाखा: (इन्द्राग्नि)	सर्वाङ्गपीड़ा, कुक्षिशूल	१५	१५,०,४,१३	ॐ इन्द्राग्नी आगंत सुतं गीर्मिर्नमो वरेण्यंमू। अस्यं पातं धियेषिता॥ ॐ इन्द्राग्निभ्यां नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य पायस	सहवि चित्रान्न	गुञ्जा मूलम्	चन्दन, केसरगन्ध, कमल पुष्प, देवदारु, घृतधूप, घृत दीप, धृपायस नैवेद्य।	रक्तपीतवस्त्र कृष्ण-वृषभछयापात्रदान
अनुराधा (मित्र:)	शिरपीड़ा, तीव्र ज्वर		६०,१२,३६,३०	ॐ नमो मित्रस्य वरुणस्य चक्षसे महोदेवायतदृत सपर्यत दूर दृशे देव जाताय केतवे दिवसपुत्राय सूर्यायशꣳसत्॥ ॐ मित्रायनम:॥	१० सहस्त्र	यव-घृत	मध्वाज्य गुड उड़द	सुपुष्प मूलम्	केसरगन्ध, कमल पुष्प, चन्दन धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
ज्येष्ठा (इन्द्र:)	पित्तरोग, कम्पन, व्याकुलता	मृ.तु.	१९,९,६,४	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र ꣳ हवे हवे सुहवꣳशूरमिन्द्रम् ह्वयामि शक्रं पुरुहुतमिन्द्रꣳस्वस्तिनो मधवा धात्विन्द्र:॥ ॐ इन्द्राय नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	दध्योदन सुपुष्प	अपामार्ग मूलम	श्वेतचन्दनगंध, चम्पकादि पुष्प, कपूर धूप, घृतदीप, चित्रान्न नैवेद्य।	स्वर्ण तिल, नील वस्त्रदान
मूल (राक्षस:)	मुख तथा उदर रोग, सन्निपात	७	०,९,१५,६	ॐ मातेव पुत्र पृथ्वी पुरीष्यमणि स्वेयोनाव भारुषा। तां विश्वेदेवर्ऋतुभि: संवदान: प्रजापतिर्विश्वकर्मा विमुञ्चतु॥ ॐ निर्ऋतये नम:॥	५ सहस्त्र	कन्दमूल घृत	सहवि उड़द	मन्दार मूलम्	कृष्ण अगरुगन्ध, नीलोत्पलपुष्प, घृतदीप कृष्णगरु धूप, माषामिश्रान्न नैवेद्य।	गौ, छायापात्र, वस्त्र, कुमारी पूजा
पू.षा. (जलम्)	शिरपीड़ा, कंपन, महाकष्ट	मृ.तु.	०,१५,२४,१०	ॐ अपाधमप किल्विषमपकृत्यामपोरप:। अपाम्मार्ग-त्वमस्मदंनदु:स्वप्न्यꣳसुव॥ ॐ अदभ्यो नम:॥	५ सहस्त्र	तिल, घृत तण्डुल	घृतपायस मिष्ठान्नहवि	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृतगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपापायसान्न नैवेद्य।	स्वर्ण वस्त्र, तिल, तण्डुल, जलकुम्भ गौदान
उ.षा. (विश्वे-देवा)	कटिपीड़ा, उरुशूल, प्रलाप	३०	३०,२४,२९,१६	ॐविश्वेदेवा: शृणुतेमꣳहव मे ये अन्तरिक्षे य उपध्यविष्ठम्। अग्निजिह्वा उतवायजत्रा आसद्यास्मिन्वर्हिपि मादयध्वम्॥ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्योनम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	सहवि पायस	कर्पास मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, कमल पुष्प, घृत, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायसान्न नैवेद्य।	आमान्न, स्वर्णदान
श्रवण (विष्णु:)	सर्वांगपीड़ा, त्रिदोषभय, अतिसार	११	६०,२४,६,९	ॐ विष्णोरराटमसि विष्णो: श्नेप्त्रेस्थो विष्णो: स्थूरत्सि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा॥ ॐ विष्णेव नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिलाज्य सहविपायस	अपामार्ग मूलम्	श्वेतचन्दनगंध, मालती पुष्प, कर्पूर, गुग्गुलधूप, घृतदीप, षड्रश शाल्यन्न नैवेद्य।	स्वर्ण गौ, छायापात्रदान
धनिष्ठा (वसव:)	ज्वर-कम्पन, रक्तातिसार, मूत्रकृच्छ	१५	१५,२,२७,२१	ॐ वसो: पवित्रमसि शतधारं वसो: पवित्रमसि सहस्त्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसो: पवित्रेण शतधारेण सुप्त्वा कामक्षुध:॥ ॐ वसुभ्यो नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य पायस	पायस मोदक पूप-तिलपिष्ठ	भृङ्गराज मूलम्	श्वेतचंदन गन्ध, कमलपुष्प, गुग्गुल धूप, घृत दीपक, घृतपायस नैवेद्य।	छत्रोपानत् अश्व, स्वर्ण, गौ
शतभिषा (वरुण:)	वात-ज्वर, सन्निपात, कष्ट	११	०,४५,३,३६	ॐवरुणस्योत्तम्भनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनिस्थो वरुणस्य ऋत सदन्यसी वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदन मासीद॥ ॐवरुणाय नम:॥	१० सहस्त्र	आज्य दध्योदन	घृत चित्रान्न	कमल मूलम्	केसर अगर गंध, कमलपुष्प, कर्पूर-चंदन धूप, घृतदीपक, घृतपोलिका नैवेद्य।	स्वर्ण, तिलान्न, घट, अश्व, छायापात्र
पू.भा. (अजैकपाद)	वमन, व्याकुलता, शरीरपीड़ा, त्रिदोष	मृ.तु.	०,१२,५१,१७	ॐउतनोऽहिर्बुध्न्य शृणोत्वजं एकपात्पृथिवी समुद्र:। विश्वेदेवाऽऋता-वृधोहुवानास्तुता मंत्रा: कविशस्ता अवन्तु॥ ॐ अजैकपदे नम:॥	१० सहस्त्र	क्षीराज्य शर्करा	दध्योदन पायस	भृंङ्गराज मूलम्	केसर चन्दन गंध, श्वेताऽर्क पुष्प, शतौषधि, मिश्रित धूप, घृतदीपक, दधिपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, अन्न, श्वेतवस्त्र, छायापात्रदान
उ.भा. (अहिर्बुध्न्य)	कामला, अतिसार, शूल, वात-ज्वर	७	१०,२०,७,१५	ॐ शिवोनामासिस्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मामालि ꣳसी निननवर्तयाम्यायुऽषेन्नाद्या प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय॥ ॐ अहिर्बुध्न्याय नम:॥	१० सहस्त्र	तिलाज्य यव	तिल घृत भुदग् माष	अश्वत्थ मूलम्	चन्दन-कर्पूरगंध, कमलपुष्प, बिल्वगुग्गुल धूप, घृतदीप, घृतपायस नैवेद्य।	स्वर्णरजत, तिल कृष्ण वस्त्रदान
रेवती	बात, पित्तमय-ज्वर,		१८,१०,९,२०	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इह	५	तिलाज्य	सहवि	अश्वत्थ	रक्तचंदनगंध, मंदार पुष्प, घृत गुग्गुल, धूप,	रक्तवस्त्र, [illegible]

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में [illegible] तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता

बाल कष्टावली-चक्र में प्रयुक्त कठिन शब्दों के अर्थ

बालक को जब अरिष्ट होता है तो उसके निवारण के लिए जो पूजा की जाती है, वह बाल कष्टावली चक्रम् (पूजा-विधि) में दी हुई है। बालक को कष्ट हो तो ज्ञात करो कि उसकी आयु का कौन-सा दिन, मास या वर्ष है। बारह दिन, मास, वर्ष तक कौन-सी पूतना का कब-कब प्रभाव रहता है, उनका नाम दिया गया है। रोग, पीड़ा के लक्षणों में ज्वर (बुखार को), स्वेद (पसीना आने को), मन्द स्वर (मन्दी, धीमी आवाज), कण्ठ स्वर को कम्पन से कपकपी (शरीर में रोंये खड़े हो जाना), अरुचि (भोजन में दूध पीने की इच्छा न होना, उसको अरुचि हो जावे तो कहते हैं)। अंगशोथ (शरीर में सूजन, संकोच शरीर का सिकुड़ना), कृशता (शरीर का कमजोर होना), खून की कमी (हड्डियां दिखाई देना), सूखा शरीर, हडफूटन (हड्डियों में दर्द से अकड़न को), नेत्रमीलन (आंखे मसलना, मीड़ना), बच्चा हाथ से आँखे मसलता है (आंख में खुजली होती है)। श्यामता (शरीर का रंग काला पड़ जाना), रुदन (रोना), नेत्र पीड़ा (आंखों के रोग को समझना चाहिए)। गात्र भंग (शरीर में दर्द होना, शरीर का ढीला पड़ जाना), अनिन्द्रा (नींद न आना, हड़फूटन), हंसली (गले की हड्डी उतर जाना), मोह मूर्च्छा (नींद जैसी विहोशी), वमन (उल्टी होना), मुखशोध, (मुंह की सूजन), सन्ताप (मानसिक कष्ट), शोक (वियोग कष्ट), श्वांश जल्दी-जल्दी चलना, (शूल दर्द पीड़ा), आफरा (पेट फूल जाना), घृणा, घिन हो जाना (हर चीज से अरुचि), रोमाञ्च (रोंगटे खड़े हो जाना) और बहुरोदन (बच्चा ज्यादा रोता है) उसको कहते हैं। बीमारी के लक्षणों से भी पूतना की पहचान की जाती है।

पूतना की मूर्ति बनाने के लिए जो चीजें लिखी हैं, उनसे एक स्त्री मूर्ति बना ली जाती है और उसमें जिसकी पूजा करनी हो उसके मन्त्रों से उसी योगिनी आदि की स्थापना कर ली जाती है। नदी के किनारों की मिट्टी या किसी तालाब, जलाशय, कुये, बावड़ी के दोनों किनारों की मिट्टी, पिसे तिल, चावल काले उड़द का आटा जैसा जहां लिखा है, उसमें पानी मिलाकर या तेल मिलाकर पूतना की मूर्ति बनाई जाती है।

पूजा के पदार्थों में श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन) को घिसकर तिलक बनाते हैं। श्वेत पुष्प (सफेद फूलों को), पंचरंगी झंडियों में कोई से भी पांचरंग के कागज या कपड़े लेकर झंडी बनाई जाती है और मूर्ति के चारों तरफ दीपक, सतिये के साथ लगाते हैं। सतिये आटे से स्वास्तिक की शकल बनाते हैं, उस पर आटे के दीपक बनाकर रुई की बत्ती व घी, तेल डालकर जलाकर रखते हैं। कपूर, लोवान जैसा बताया हो जलाते हैं। जहाँ रक्त चन्दन लिखा है वहां लाल चन्दन लो, रक्त पुष्प (लाल रंग के फूल), श्वेत ध्वजा (सफेद झंडा-झंडी), जहां कोई रंग नहीं लिखा हो वहां सफेद रंग की होती है। सतिये चावल या गेहूं के आटे के बनाने चाहिये।

बलि विधान में भात चावल का होता है। पूर्ण पोली(गेहूं के आटे में गुड़ मिलाकर बड़े पूये बनाते हैं उसको कहते हैं), मत्स्य (मछली का मांस होता है) लाल भात (चावल के भात में लाल चन्दन का चूरा मिलाने से बनता है।) मीठी पूड़ियों को सुहाली कहते हैं। छागमांस (बकरे-बकरी के मांस को), पापड़ी (छोटे पापड़ जैसी तेल में तली आटे की पापड़ियां होती हैं)। जिस समय, जिस दिशा में, जिस स्थान पर रखने को बताया गया है—समस्त बलि पदार्थ बिना टोका-टाकी के रख आना चाहिए, वापिसी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिये। पूजा समय धूप दी जाती है, वह जिस विधान में जिन वस्तुओं से बनाने को लिखा है उन्हीं से बनाना चाहिये।

राई, खस की जड़, कमल के फूल सुखाकर या बीज का कमल गट्टे, बिल्ली के बाल (किसी पालतु बिल्ली के मिल सकते हों), मनुष्य के बाल, निम्बपत्र (नींबू के पेड़ के पत्ते) पीसकर गोघृत (गाय के घी) में मिलाकर धूप बना लो। गोश्रृंग (गाय का सींग), कूट (एक दवा होती है), अत्तर दवा बेचने वालों के यहां मिल जाती है, गुग्गल को गूगल भी कहते हैं। स्नान, पूजा मार्जन मन्त्र प्रत्येक पूतना का दिया हुआ है। इसी मंत्र से मूर्ति का आवाहन (स्नान पूजा व मार्जन) अर्थात् मंत्र पढ़कर चारों ओर जल छिड़कना चाहिए। बलि पदार्थ को हाथ में लेकर २१ बार मंत्र पढ़कर बालक के शरीर के ऊपर सिर से पैर तक सात बार फिराते हैं, उसे ओसारा कहते हैं। फिर उसे जैसा बताया है यथा स्थान रख देना चाहिए। बालक के माता-पिता, सम्बन्धी कोई भी इस काम को कर सकता है।

नक्षत्र कष्टावली विवेचन

नक्षत्र कष्टावली में कठिन संस्कृत शब्दों के सरल अर्थ और विशेष विवरण दिया जा रहा है। बालक का जन्म जिस नक्षत्र के जिस चरण में हो, उसके सामने यदि कष्ट दिन लिखे हों तो निवारणार्थ पूजा विधान कराना चाहिए। मान लो यदि अश्विनी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में जन्म हुआ हो तो इसमें २० दिन तक के बालक को कष्ट हो सकता है। किस प्रकार का कष्ट हो सकता है, उसके लक्षण दिये हैं—वात, ज्वर, गात्र पीड़ा, निंद्राभय, बुद्धिभ्रम, वात, ज्वर में बुखार के साथ शरीर में दर्द भी होता है। गात्र पीड़ा से तात्पर्य शरीर में पीड़ा, दर्द, शूल आदि से है। निंद्राभय (सोते में डर जाना), बुद्धिभ्रम (बच्चा अपनी स्वाभाविक बुद्धि खो देता है), आँखे फाड़-फाड़ कर देखना, इस प्रकार के लक्षण प्रगट होते हैं। लक्षणों में प्रयुक्त अन्य शब्द जैसे—तीव्र ज्वर, तेज बुखार, अति दाह, तीव्र जलन, उरुशूल (पेट दर्द), कुक्षि शूल (पेट के नीचे भाग में दर्द), प्रलाप भी एक प्रकार का बुद्धि भ्रंश है। त्रिदोष (सन्निपात), अर्धगात्र पीड़ा (शरीर के एक ओर के आधे भाग में पीड़ा), छोटे बच्चे में इन लक्षणों व कारणों का जानना अनुभव से ही होता है। सर्वांग पीड़ा (सारे अंग में पीड़ा), कटि पीड़ा (कमर में दर्द), पाद पीड़ा (पैरों में दर्द), आफरा (पेट फूलना), प्रस्वेद (बहुत पसीना आना), अतिसार (दस्त लगना), पेचिस रक्त अतिसार (खूनी पेचिश), मूत्र कृच्छ (पेशाब का रोग) होता है। रोग का निदान व औषधि तो डाक्टर वैद्य से ही कराना चाहिए परन्तु उसका निवारण पूजा विधि से करा देना चाहिए।

गन्धादि पदार्थों में— श्वेत चन्दन (सफेद चन्दन), कमल पुष्प (कमल के फूल), गुग्गल (गूगल की धूप), क्षीर (खीर), मोदक (लड्डू), गुड़ नैवेद्य (मिष्ठान्न), अगर गन्ध (अगर एक खुशबूदार जड़ी होती है), करवीर पुष्प (करवीर का फूल), गुड़ोचन (दही में गुड़ मिलाकर बनाया जाता है)। जुही पुष्प (जुही का फूल), तिल माषान्न (तिल व उड़द को मिलाकर बनाया गया बड़ा), दशाङ्ग धूप में दस सुगन्ध पदार्थ पड़ते हैं। अगर, तगर, कपूर, केसर, गोरोचन, कस्तूरी, सफेद चन्दन, लाल चन्दन, बाल छड़, घी। पायस (दूध, चावल की खीर), अपूप (आटे के मीठे पुये), मध्वोदन (शहद, दही मिलाकर बनता है), नैवेद्य (भोग प्रसाद को कहते है।) सौरभ पुष्प (खुशबूदार फूल), पायसोदान (दूध, दही, मधु या गुड़ मिलाकर बनता है, हरिद्रा (हल्दी), कुंकुम, (रोली), सेवन्तिका पुष्प (सेवन्तिका का फूल), अष्टगन्ध धूप (अष्टगन्ध की धूप), धृताक्त पीतवर्ण नैवेद्य (पीले रंग का घी में तला भोग, बेसन का बना घी में सिका, तला लड्डू या अन्य पदार्थ), घृत पायस शर्करा (घी, शक्कर, दूध का नेवैद्य), घृत बिल्व धूप (बेलपत्र के फल से बनी धूप), घृत (घी), मिष्ठान्न (मिठाई), घृत मिष्ठान्न (घी की मिठाई), घी से तात्पर्य—गाय, भैंस का घी

होता है। अपूपोदन मोदक (अपूप-मीठे पूये, ओदन-दही में गुड़ मिला रस, मोदक-लड्डू तीनों मिलाकर अपूपोदन मोदक), अर्क पुष्प (अकौआ का फूल, सफेद फूल थोड़ा, बैंगनी या नीला रंग का होता है, इसमें बौंडे होते हैं, जिसमें से रुई के रेशे के समान पदार्थ हवा में उड़ता रहता है। शिवजी का प्रिय फूल आक का होता है)। विचित्र वर्ण पुष्प (रंग बिरंगे कई रंग के या अलग-अलग रंग के फूल), विचित्रान्न मोदक (अनेक प्रकार के चित्र विचित्र अन्न से बने हुए लड्डू जैसे—कूट्टू, सिंघाड़ा आदि के आटे के या मूंग के लड्डू), अगरु (अगर), दमनक पुष्प (दमनक का फूल), फूलों की जातियों नामों की जानकारी माली या नरसरी से प्राप्त की जा सकती है। यह सफेद रंग का, बसन्ती रंग का पुष्प होता है। देवदारु (खुशबूदार लकड़ी देवदार का बुरादा बढ़ई या फर्नीचर वालों से मिल सकती है), चम्पकादि पुष्प (चम्पक वगैरा के फूल), चित्रान्न नेवैद्य (कई प्रकार के अन्नों के आटे आदि से बना भोग प्रसाद नेवैद्य), कृष्ण, अगर गन्ध (काली अगर की खुशबू या घिसकर बना तिलक), नीलोत्पल पुष्प (नीली पंखड़ी वाले फूल), माष मिश्रान्न नैवैद्य (देवताओं के प्रसाद भोग लगाने को बनाये पदार्थ को नेवैद्य कहते हैं) उड़द के साथ और भी पिसा हुआ अन्न मिलाकर बनाया गया नेवैद्य। षड्रस शाल्यान्न नैवेद्य, षडरस (षटरस, छः प्रकार के रस स्वाद वाला शाल्य यानी चावलों से बना षटरस व्यञ्जन का खट्टा, मीठा, चिरपिरा, कसैला, नमकीन, कडुवा सब प्रकार के स्वादों ये युक्त षटरस होता है), श्वेतार्क (सफेद आक), शतोषधि (मिश्रित धूप १०० वनस्पतियों को मिलाकर बनी धूप)। मदार पुष्प भी आक, अकौआ के फूल को कहते हैं।

दान पदार्थ—घृत कुम्भ (घी भरा घड़ा), गोमहिषी घृत (गाय भैंस का घी), शर्करा (शक्कर), छायापात्र (तेलयुक्त बर्तन जिसमें अपने मुख की छाया देखी जा सके), सप्तधान्य (सात प्रकार के अन्न), तन्दुल (चावल), सवत्सा गोदान (बछड़े सहित गौ का दान), श्याम वृषभ दान (काले बैल का दान), माष (उड़द), यव (जौ), सुवस्त्र (उत्तम वस्त्र), पयस्विनी गौदान (दूध देने वाली गाय का दान), विचित्र वृषभ (चितकबरे, रंग का बैल), रक्तधेनु (लाल गाय), पकवान्न, जलकुम्भ (जल से भरा घड़ा), छत्रोपानत् (छत्तरी), पैत्तल पात्र (पीतल का बर्तन) होता है।

बलिद्रव्य (बलिदान के लिये पदार्थ), गुड़ोदन (गुड़ का ओदन दही में गुड़ या शक्कर और पानी मिलाकर बनता है), तन्दुलान्न क्षीर (चावल की खीर), पीत तन्दुल (पीले चावल),

तिल पिष्ठ (तिल की पिट्ठी), मुद्ग (मूंग), माष (उड़द), विचित्रन्न (अनेक प्रकार के अन्न)।

होमद्रव्य (हवन करने के लिये पदार्थ), खण्ड यव (टूटे जौ), मधु (शहद), कंगनी (एक अन्न है जो चिड़ियों को चुगाया जाता है), कन्दमूल (ऐसे फल जो जड़ों से पैदा होते हैं। जैसे—जिमीकन्द, शकरकन्द, गाजर, मूली आदि)। पायस (खीर), तन्दुल (चावल), यव (जौ)।

करेधारणम् (हवन करते साथ हाथ में पहनने के लिए पदार्थ), अपामार्ग मूलम् (ओगा का तना), (अलझीझाड़ का तना), अगस्त एक वृक्ष होता है, कापसि कपास को कहते हैं। अश्वत्थ (पीपल की जड़), अर्क मूलम् (आक का तना), जयन्ती, तुषार, पटील, भृंगराज, कण्टकारि यह सब जड़ी बूटियों के नाम हैं। गुञ्जा—सफेद या लाल गोगची लक्ष्मणा को कहते हैं। सुपुष्प—किसी सुन्दर पुष्प, वृक्ष की जड़, भृंगराज प्रसिद्ध जड़ी है जिसको तेलों में डाला जाता है। कण्टकारी कटेरी होती है। इनकी जानकारी वैद्यों से मिल सकती है।

वेदोक्त मंत्रों का उच्चारण ठीक होना चाहिए, विशेष कर ॡ का उच्चारण किसी ज्ञाता से सीख लेना चाहिये।

अन्य शुभाशुभ योग

(१) मंगल-शनि दोनों त्रिकोण (१, ५, ९) में हों और चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो जन्मा बालक माता से बिछड़ जाता है। चन्द्रमा पर गुरु की दृष्टि हो तो बालक सुखी व दीर्घायु होता है और माता से पुनर्मिलन भी हो जाता है। लोक लाज के भय से कुछ मातायें बच्चों को त्याग देती हैं। कुछ का दुष्टों द्वारा अपहरण हो जाता है। यदि स्वराशि या उच्च गुरु की चन्द्रमा पर दृष्टि हो तो बालक-माता का मिलन हो जाता है।

(२) दशम भाव में बुध-गुरु हो, केन्द्र (१, ४, ७, १०) में सूर्य तृतीय मंगल, ग्यारहवें भाव में पाप ग्रह हो तो बालक की छः ऊँगली होती हैं।

(३) १२वें स्थान में चन्द्रमा व मंगल हो तो बांया नेत्र और सूर्य राहु हो तो दांया नेत्र पीड़ित होता है।

(४) पंचम स्थान में शनि-राहु व मंगल हो तो बाईं कोख में लहसुन, मसा, तिल होता है। कोख, कुक्षि, पेड़ू को भी कहते हैं और बाहुमूल कांख को भी।

(५) तीसरे स्थान में शुक्र हो, मेष या सिंह का गुरु हो, १०वें स्थान में ... [illegible]

(६) कृष्ण पक्ष में दिन का या शुक्ल पक्ष में रात का जन्म हो तो छठा या आठवां चन्द्रमा शुभ समझना चाहिये, कष्ट व अरिष्ट का निवारण करता है।

(७) ८वां चन्द्रमा, ७वां मंगल, ९वां राहु लग्न में शनि, तीसरा गुरु, पांचवां सूर्य, छठा शुक्र, चौथा बुध हो तो बालक की आयु बहुत कम होती है।

(८) लग्न में बुध-शुक्र न हो, केन्द्र में गुरु न हो, दशम में मंगल न हो तो उसका भाग्य अच्छा नहीं होता। दशम मंगल हो, केन्द्र त्रिकोण में बृहस्पति, बुध, शुक्र हो तो बालक भाग्यवान, दीर्घायु, गुणवान, धनवान, बुद्धिमान होता है।

(९) लग्न में शनि, छठा, चन्द्रमा, सप्तम मगल पिता की आयु को कम करते हैं।

(१०) ६, १२वें स्थान में पाप ग्रह हों या चन्द्रमा के साथ पाप ग्रह हों तो माता को कष्ट दायक होते हैं।

(११) १०वें स्थान में पाप ग्रह हो या सूर्य के साथ पाप ग्रह हो या शत्रु राशि का मंगल दशम भाव में हो तो पिता को कष्ट कारक होता है।

(१२) लग्न में गुरु, दूसरे में शनि, सूर्य, भौम तथा बुध हों बालक के विवाह समय पिता को मारक होता है।

(१३) सातवां राहु, छठा-आठवां चन्द्रमा हो और चन्द्रमा पर क्रूर ग्रहों की दृष्टि हो तो बालक अल्पायु होता है।

(१४) शनि-सूर्य का परिवर्तन योग हो (अर्थात् सूर्य शनि की राशि में, शनि सूर्य की राशि में) अथवा लग्न में मंगल व अष्टम गुरु हो तो बालक की आयु १२ वर्ष की हो।

(१५) छठे स्थान में बुध हो, लग्नेश व अष्टमेष, पाप ग्रहों से युक्त हो या परिवर्तन योग या दृष्टि योग द्वारा एक दूसरे को देखते हों तो बालक की आयु ४ वर्ष।

(१६) मंगल की राशियों में गुरु हो और चन्द्रमा ६ या ८वें भाव में हो तो बालक की आयु ८ वर्ष की होती है।

(१७) दशम स्थान में राहु हो अष्टमेश होकर क्षीण चन्द्रमा राहु के साथ हो तो बालक व उसके माता-पिता तीनों को अरिष्ट करता है। चन्द्रमा राहु के साथ न हो तो बालक की आयु १६ वर्ष होती है।

(१८) तीसरे स्थान में सूर्य बड़े भाई को और शनि या मंगल ...

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम् 127
बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग
तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो ...
३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो ...

बालक के जन्म समय अरिष्ट योग व कुछ अन्य प्रमुख योग

बालक के जन्म से १२ वर्ष की आयु तक जो अनिष्ट ग्रह योग हैं, उन्हें अरिष्ट योग कहते हैं। नीचे कुछ प्रमुख अरिष्ट योगों का वर्णन किया गया है। अरिष्ट योगों का विचार करते समय 'अरिष्ट नाशक' योगों पर भी विचार करना अत्यन्त आवश्यक है, अन्यथा फलादेश ठीक नहीं बैठता।

यदि पाप ग्रह युक्त क्षीण चन्द्रमा लग्न ५, ७, ८, ९ अथवा ११वें भाव में स्थित हो और वह किसी शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हो तो बालक की आयु को अरिष्टकर एवं भु-मृत्यु तुल्य कष्ट होता है।

छठे, आठवें एवं १२वें स्थान में शुभ ग्रह हों और उनको बलवान् वक्री पापी ग्रह देखते हों तो एक मास तक आयु को अरिष्टकारी होगा।

यदि चन्द्रमा जन्म लग्न से छठे या आठवें भाव में स्थित हो और वह पापी ग्रह से दृष्ट हो तो जातक की शीघ्र मृत्यु हो जाती है, यदि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो आठ वर्ष की आयु में अरिष्ट होता है।

यदि जन्म के समय चन्द्रमा दो पाप ग्रहों के मध्य में हो, अन्य सब ग्रह ४, ७ एवं अष्टम भाव में स्थित हों, तो जातक की शीघ्र मृत्यु होती है। यदि चन्द्रमा शुभ ग्रहों द्वारा दृष्ट हो तो माता की मृत्यु नहीं होती है। चन्द्र क्रूर ग्रह से दृष्ट होने पर माता को भी अरिष्टकर होगा।

यदि मंगल अथवा शनि लग्न में हो, सूर्य सप्तम भाव में हो अथवा चन्द्रमा मंगल या शनि से युक्त हो तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

यदि शनि, मंगल तथा सूर्य तीनों ग्रह छठे, सातवें या बारहवें भाव में हों तो १ मास या १ वर्ष में अरिष्टकारक होते हैं।

द्वादश भाव में क्षीण चन्द्रमा हो तथा लग्न एवं अष्टम भाव में पाप ग्रह हों तो बालक को अरिष्ट योग होता है।

यदि जन्म राशि पाप ग्रह से युक्त अष्टम भाव में हो तो एक मास में ही अरिष्ट होता है।

जिस नक्षत्र में धुम्रकेतु, उल्कापात, ग्रहणादि का उदय हो तो उस नक्षत्र में उत्पन्न जातक को दो मास तक अरिष्ट रहता है।

लग्न में चन्द्रमा और ७वें भाव में २-३ पाप ग्रह स्थित हों तो शीघ्र ही अरिष्ट योग होता है।

यदि लग्न का स्वामी पाप ग्रह से युक्त होकर ७वें अथवा ८वें भाव में स्थित हों तो १ मास तक अरिष्ट होगा।

लग्न में राहु और छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा स्थित हो तो अरिष्ट योग होगा। जन्म लग्न जिस राशि के नवांश में हो उसका स्वामी छठे या आठवें स्थान में जो राशि पड़े, उतने दिन पर्यन्त विशेष अरिष्ट योग रहेगा।

माता-पिता को अरिष्ट योग

माता के लिए चन्द्रमा तथा चतुर्थ स्थान से और पिता के लिए सूर्य तथा दशम स्थान से विचार करना चाहिए, यदि चन्द्रमा एवं चतुर्थ भाव शनि, मंगल एवं सूर्यादि क्रूर ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक माता को अत्यन्त कष्टकारी होता है। यदि चन्द्रमा से ४, ६ या आठवें स्थान पर पापी ग्रह हो तो भी माता को अरिष्टकारी होता है। इसी भाँति यदि बालक की कुण्डली में सूर्य अथवा दशम भाव में पापी ग्रह हो या देखते हों अथवा सूर्य पाप ग्रहों के मध्य स्थित हों तो पिता को कष्ट जानें। सूर्य से ४, ६, ८वें क्रूर होने पर भी पिता को कष्टकारी है।

अरिष्ट भंग योग

यदि जन्म लग्नेश बलवान् शुभ ग्रह हो तथा वह शुभ मित्र ग्रहों से वीक्षित हो अथवा लग्न में स्थित होकर शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट योग नष्ट हो जाता है।

यदि शुभ राशिस्थ गुरु जन्म लग्न में स्थित हो तो अनेक प्रकार के अरिष्ट दूर होते हैं।

यदि सभी ग्रह शीर्षोदय राशियों में हो तो अरिष्ट भंग होता है।

यदि क्षीण चन्द्रमा भी अपनी उच्च राशि (वृष) में हो और वह शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो अरिष्ट भंग हो जाता है।

यदि शुक्ल पक्ष में रात्रि के समय तथा कृष्ण पक्ष में दिन का जन्म हो और चन्द्रमा आठवें भाव में स्थित होने पर भी शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो भी अरिष्ट का नाश हो जाता है।

कुछ अन्य प्रमुख योग पुष्कल योग

यदि लग्नेश तथा चतुर्थेश बलवान् होकर केन्द्र अथवा चतुर्थ भाव में हो तो 'पुच्छल' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक मधुर भाषी, सुप्रसिद्ध तथा धनवान होता है। उसे सब प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं।

वीणा योग

यदि सात राशियों में सात ग्रहों की स्थिति हो तो 'वीणा' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक संगीतज्ञ, गायन विद्या में प्रीति रखने वाला, सब कार्यों में कुशल, धनी तथा अनेक लोगों का पालन-पोषण करने वाला होता है। ऐसा व्यक्ति राजनीति क्षेत्र में भी सफल रहता है।

विदेश में भाग्योदय योग

चर राशि का लग्न और लग्नेश हो और चन्द्र से दृष्ट हो तो विदेश में भाग्य उदय होगा।

विवाह के बाद भाग्योदय

सप्तमेश ग्रह अथवा शुक्र ग्रह सातवें भाव में अथवा उपचय स्थान (३, ६, १०, ११) में गया हो तो विवाह के पश्चात्-भाग्योदय होगा।

काल सर्प योग

यदि कुण्डली में सभी ग्रह राहु-केतु के मध्य हों तो 'काल सर्प' नामक योग होता है। इस योग वाला जातक प्रायः उलझनों में घिरा रहता है। जीवन पर्यन्त संघर्षमय जीवन रहता है। कुछ धन होते हुए भी सुखानुभव नहीं होता।

काहल योग

यदि नवम भाव तथा चतुर्थ भाव के स्वामी एक-दूसरे से केन्द्र भाव में स्थित हों और लग्नाधिपति बली हो, 'काहल योग' बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक राजनीति और शासन प्रशस्त कार्यों में सफलता प्राप्त करता है।

गढ़ा धन प्राप्ति योग

लाभेश लग्न में, लग्नेश धन स्थान में एवं धनेश लाभ स्थान में गए हों तो गढ़े हुए धन की प्राप्ति होती है।

लग्नेश शुभ ग्रह होकर द्वितीय भाव में स्थित हो अथवा धन स्थान का स्वामी आठवें भाव में स्थित हो तो भी गढ़ा हुआ धन मिलता है, परन्तु ऐसा व्यक्ति आलसी और भाग्यवादी होता है।

वाहन सुख योग

१. नवमेश, लाभेश और दशमेश — ये तीनों ग्रह चतुर्थ भाव में गये हों अथवा

२. चन्द्रमा से शुक्र तीसरे किंवा ग्यारहवें भाव में गया हो तो वाहन युक्त जातक होगा।

३. गुरु द्वारा दृष्ट चतुर्थ भावेश लाभ में गया हो तो बहुत वाहनों वाला जातक होगा।

४. अपनी उच्चराशि में गया हुआ व्ययेश धनेश से युत होकर नवम भाव को देखता हो।

कुण्डली में अरिष्ट योग

(१) अगर जन्म कुण्डली में नवें-पाँचवें तथा केन्द्र स्थानों में पाप ग्रह हों और छठे, आठवें, बारहवें शुभ ग्रह हों तो सूर्य उदय होते ही उसी दिन बच्चे की मृत्यु हो जावे।

(२) यदि चन्द्रमा अष्टम भाव में हो, राहु चतुर्थ भाव में हो और पाप ग्रह केन्द्र में हो तो बालक एक वर्ष तक जीवे।

(३) यदि लग्न, द्वितीय, द्वादश एवं अष्टम भाव में क्रूर ग्रह हों तो बारहवें या आठवें दिन विष्ठा का मार्ग रुक कर जातक की मृत्यु हो।

(४) यदि चन्द्रमा बारहवें भाव में हो और पाप ग्रह लग्न सप्तम और अष्टम भाव में हो और केन्द्र में शुभ ग्रह न हो तो बालक शीघ्र मृत्यु को प्राप्त हो।

(५) यदि जन्म लग्न से मंगल, सूर्य, शनि छठे या आठवें भाव में हो तो बालक वर्ष भर न जीवे।

(६) यदि छठे या आठवें चन्द्रमा पाप ग्रहों से दृष्ट हो और शुभ ग्रह की दृष्टि न हो तो बालक एक वर्ष के अन्दर मृत्यु को प्राप्त हो।

(७) यदि क्षीण चन्द्रमा लग्न में और पाप ग्रह केन्द्र अथवा अष्टम स्थान में हो तो बालक की मृत्यु हो।

(८) यदि सप्तम स्थान में शनि, राहु, मंगल से युक्त चन्द्रमा सप्तम स्थान में हो तो बालक की सातवें दिन अथवा सातवें मास मृत्यु हो।

(९) यदि लग्न में सूर्य, पंचम भाव में चन्द्रमा हो और अष्टम भाव में शनि हो तो बालक नहीं जीवे।

(१०) यदि लग्न में शत्रु-राशिस्थ शनि पाप ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो बालक की एक वर्ष के अन्दर मृत्यु हो।

(११) जिसके समस्त शुभ ग्रह छठे-आठवें स्थान में हो और पाप ग्रहों से दृष्ट हों तो वह बालक महीने के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है।

(१२) जिसके शनि के घर में सूर्य और सूर्य के घर में शनि हो तो दैव भी रक्षा करें तो भी बारहवें वर्ष में मृत्यु होती है।

अन्य अरिष्ट योग-(१) तृतीया, दशमी, षष्ठी और शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी यह तिथियां यदि मंगल या शनिवार की हों, साथ ही मूल नक्षत्र का योग हो तो ऐसे योग में उत्पन्न बालक सम्पूर्ण कुल का नाश करता है।

(२) यदि तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का और तीन पुत्रियों के पश्चात् बालक का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है।

(३) यदि चन्द्रमा पाप ग्रहों से युक्त पाप ग्रहों के बीच में हो अथवा चन्द्रमा से सातवें पाप ग्रह हो तो बालक की माता का नाश होवे।

(४) यदि सूर्य पाप ग्रह से युक्त हो और लग्न भी पाप ग्रह से युक्त हो अथवा पाप ग्रहों के बीच में हो तो बालक के पिता का नाश होवे।

(५) यदि छठे स्थान में पाप ग्रह बारहवें चन्द्रमा और चौथे घर में मंगल हो तो उसकी माता न जीवे।

(६) यदि लग्न भाव में शनि छठे भाव में चन्द्रमा और सातवें भाव में मंगल हो तो जातक का पिता न जीवे।

(७) चतुर्थ भाव में पाप ग्रह माता को, दशम भाव में पिता को और सप्तम भाव में पिता और माता दोनों का नाश करता है।

(८) उच्च या नीच किसी के सातवें सूर्य हो तो बालक शीघ्र ही माता का नाश करे।

(९) जिसके दशम भाव में मंगल शत्रु राशिस्थ हो, उसका पिता शीघ्र ही मृत्यु को प्राप्त हो।

अरिष्ट भंग योग-(१) ऊपर दिए गए अरिष्ट योग होने पर भी यदि लग्नपति अत्यन्त बली हो, शुभ ग्रहों से युक्त व केन्द्र में स्थित हो तथा पाप ग्रह की दृष्टि से रहित हो तो जातक दीर्घायु होता है।

(२) गुरु, शुक्र और बुध में से कोई एक भी बली होकर केन्द्र में हो और उस पर पाप ग्रह की दृष्टि न हो तो अरिष्ट का नाश करता है।

(३) यदि चन्द्रमा अपनी उच्चराशि, स्वराशि अथवा मित्र राशि में हो और शुभ दृष्ट हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(४) यदि राहु तीसरे, छठे या ग्यारहवें बैठा हो और उसे शुभ ग्रह देखते हों, अथवा वृष, कर्क, मेष राशि का राहु लग्न में हो तो अरिष्टों का नाश करता है।

(५) यदि सभी ग्रह मित्रक्षेत्री हों तो अरिष्ट दूर होते हैं।

आयुर्दाय विचार बोधक चक्र

दीर्घ	मध्य	अल्प
चर	चर	चर
चर	स्थिर	द्विस्वभाव
स्थिर	द्विस्वभाव	स्थिर
द्विस्वभाव	द्विस्वभाव	स्थिर

उपरोक्त चक्र से आयु का विचार तीन प्रकार से करें। १. लग्नेश अष्टमेश से, २. शनि चन्द्रमा से, ३. लग्न वा होरा लग्न से—जैसे लग्न चर में है और अष्टमेश भी चर में हो तो दीर्घ, लग्न स्थिर में हो और चन्द्रमा द्विस्वभाव में हो तो दीर्घ, लग्न द्विस्वभाव में हो और होरा लग्न स्थिर में हो तो दीर्घ आयु।

यदि तीनों प्रकार से आयु भिन्न-भिन्न आये और चन्द्रमा लग्न और सप्तम में न हो तो लग्न वा होरा लग्न से जो आयु आये उसे ग्रहण करें, यदि लग्न से या सप्तम में चन्द्रमा हो तो शनि और चन्द्रमा से जो आयु आये उसे ग्रहण करें।

होरा लग्न—इष्ट घड़ी को १२ अंशों से गुणा कर जो फल अंशादि आयेगा उसको राश्यादि करके स्पष्ट सूर्य में जोड़ने से होरा लग्न होगा।

उपरोक्त तीनों प्रकार से दीर्घायु आये तो १२० वर्ष तथा तीनों प्रकार से मध्यमायु ८० वर्ष है, दो प्रकार से ७२ और एक प्रकार से ६४ वर्ष होती है एवं तोनों प्रकार से अल्पायु ३२ वर्ष, दो प्रकार से २६ और एक प्रकार से अल्पायु २० वर्ष होती है।

उपरोक्त तीनों प्रकार से आयु निर्णय करने पर जिस-जिस प्रकारों से आयु का निर्णय हो अर्थात् लग्नेश अष्टमेश से हानि चन्द्रमा, लग्न व होरा से यदि इन तीनों प्रकार से एक ही प्रकार की आयु आये तो तीनों का अर्थात् लग्नेश का अष्टमेश शनि चन्द्रमा का लग्न वा होरा लग्न से स्पष्ट की राशि को छोड़ कर मेष अंश कलादि फल को युक्त कर ६ से भाग दें जो अंश कला विकला आये ऊपर लिखी सारणी में अंश फल सारणी में अंशों के नीचे का फल, कला फल सारणी में कला का फल, विकला फल सारणी में विकला का फल लेकर तीनों को युक्त करो तो यह युक्तफल वर्ष आदि आएंगे। इन को ऊपर कहीं आयु में घटाने से स्पष्ट आयु आ जायेगी। दो प्रकार की आयु आने पर उनके अंशादि के योग में ४ का भाग देना और एक प्रकार से २ का भाग देना। **उदाहरण**—जैसे लग्न सिंह और लग्न का स्वामी चर राशि में पड़ा है और अष्टमेश गुरु भी चर राशि में है दीर्घायु। (२) शनि चन्द्रमा स्थिर में हो तो अल्पायु लग्न और होरा लग्न स्थिर में हो तो अल्पायु होती है यह दो प्रकार से अल्पायु है।

अतः शनि चन्द्रमा होरा लग्न की राशि को छोड़कर शेष अंशादि को युक्त करके ४ का भाग देने से जो अंश कला विकला आए उनका फल नीचे लिखी सारणी से लेकर उसको २६ वर्ष में से घटावें तो स्पष्ट आयु आ जायेगी।

अष्टमक्षं तृतीयं च लग्नादायुरुदाहतम्। द्वितीयं सप्तम स्थानं मारकस्थानमुच्यते। क्वचिद् लग्नेश व्ययेश-अष्टमेश दशास्वपि मारकसम्भवः। परस्पर षष्टाष्टमेशयो दशन्ति रज्ज न शोभनम्। मारके मारकातरम शोभनम् व्यय द्वितीयेश वद्ग्रहाः फलप्रदाः लग्नेशदशाऽतिष्टे सम्बन्ध रहिता न मारककारिणी पापदशात्वदनिष्टवेति।

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु विचार सारणी

अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	१	१	३	४	४	५	६	७	८	८	९	१०	११	०	०	०	१	२	२	४	४	६	७	७	७	८	६	१	१
दिन	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०	२४	१८	१२	६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन कला ज्ञान सारणी

कला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मास	०	०	०	०	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	६	६
दिन	६	११	१३	२५	२	८	१४	२१	२७	४	१०	१६	२३	२९	६	१२	१८	२६	१	८	१४	२०	२७	३	१०	१६	२	२९	५	१२
घड़ी	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
कला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
मास	६	६	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२
दिन	१९	२४	१	७	१४	२०	२३	३	५	१३	२२	२८	५	११	१८	२४	०	७	१३	२०	२६	१	३	१५	२२	१८	४	११	१७	२४
घड़ी	२४	४८	३६	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०

जैमिनीय सूत्रोक्त आयु साधन विकला फल सारणी

विकला	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
दिन	०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३
घड़ी	६	१२	१९	२५	३२	३८	४४	५१	५७	४	१०	१६	२३	२९	३६	४२	४८	५५	१	८	१४	२१	२७	३३	४०	४६	५२	५९	५	१२
पल	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०	२४	४८	१२	३६	०
विकला	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
दिन	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६
घड़ी	१८	२४	३१	३७	४४	५०	५६	३	९	१६	२२	२८	३३	४१	४८	५४	०	७	१३	२०	२६	३२	३९	४५	५२	५९	४	११	१७	२०
पल	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

द्वादश लग्न अथवा राशियों के प्रभाव

सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति

द्वादश लग्न अथवा राशियों के प्रभाव

मेष लग्न—मेष लग्न में पैदा हुए व्यक्ति का गेहुंआ रंग, लम्बा कद, दुबला किन्तु बलिष्ट शरीर, गोल नेत्र, मुख पर चिह्न, कठोर किन्तु घुंघराले केश, क्रोधी एवं उपद्रवी स्वभाव, अत्यन्त साहसी, उद्यमी, उग्र-प्रकृति वाला होता है। यह जातक स्वतंत्र विचार वाला, प्रगतिशील, महत्वाकांक्षी, सदैव नेतृत्व की चाह करने वाला, प्रभावशाली, स्वच्छन्द विचरण करने की लालसा करने वाला होता है। मेष लग्न वाले व्यक्ति नई योजनाओं की सृष्टि करते हैं तथा अद्भुत विचारों के अन्वेषक होते हैं। बड़े होकर योग्य प्रशासक, इंजीनियर (मेकेनिकल), सर्जन, सेनापति, सफल व्यापारी बन सकते हैं। इनके लिए गुरु शुभ होता है। शनि, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनके लिए प्राय: शनि अथवा बुध ही मारकेश बनते हैं। जातक को मस्तिष्क सम्बन्धी रोगों की सम्भावना होती है तथा ज्वर, अग्नि अथवा शस्त्र भय रहता है। इनका भाग्योदय १६, २२, २८, ३२, ३६वें वर्ष में होता है।

वृष लग्न—जातक का ठिगना कद, पुष्ट एवं स्थूल शरीर होता है। यह लोग कामी, चतुर, ईर्ष्यालु, शान्त स्वभाव वाले, इच्छानुसार काम करने वाले तथा सभी कार्यों को गुप्त रखने वाले, सांसारिक द्रव्य एवं धन सम्पत्ति एकत्रित करने वाले तथा अधिकार सुख की कामना करने वाले होते हैं। इनकी स्मरण शक्ति प्रबल होती है। यह लोग बैंकिंग, कास्मैटिक्स, भवननिर्माण, जवाहरात, विज्ञापन एवं प्रचार इत्यादि व्यवसायों में सफल होते हैं। इनको कण्ठ सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना होती है। इनके लिए सूर्य, बुध शुभ तथा शुक्र, बृहस्पति एवं चन्द्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २५, २८, ३६ एवं ४२वें वर्ष में होता है।

मिथुन लग्न—जातक का कद लम्बा किन्तु दुबला, सुन्दर नेत्र, छोटी नाक होती है। यह व्यक्ति प्रसन्नचित्त, चपल, तीक्ष्ण बुद्धि, मधुर एवं स्पष्टवक्ता, शीघ्र गतिवान, दूरदर्शी, मेधावी, यात्रा एवं परिवर्तन प्रेमी, खेलों का शौकीन, साहित्य-कला सौन्दर्य में रुचि रखने वाला होता है। मिथुन लग्न वाले व्यक्तियों में बुद्धि तथा भाव तत्व दोनों ही प्रबल रूप में होते हैं। बड़े होकर पत्र-व्यवहार, सम्पादन, लेखन, प्रचार-प्रसार, अध्यापन, एकाउन्ट्स, संगीत, यात्रा, क्रय-विक्रय सम्बन्धी व्यवसाय में सफल होते हैं। इनको फेफड़े तथा स्नायु-सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना रहती है। इनकी भाग्योन्नति २२, ३२, ३५, ३६, ४२वें वर्ष में होती है। इनके शुक्र शुभ, चन्द्रमा अशुभ, मंगल, सूर्य, अरिष्टकारक होते हैं।

कर्क लग्न—जातक का मध्यम कद, गौर वर्ण, सुन्दर मुख, सुगठित शरीर होता है। इस लग्न के व्यक्ति बुद्धिमान, गतिशील, अस्थिर स्वभाव वाले, उदार, विशाल हृदय, कल्पनाशील, परिश्रमी, भावुक मन वाले, विलासी, सम्पत्तिवान, समयानुसार काम करने वाले होते हैं। बड़े होकर यह राज्याधिकारी, डाक्टर, नेता, मंत्री, प्राध्यापक, नाविक तथा जलोत्पन्न वस्तुओं के व्यवसायी बनते हैं। इनको उदर, हृदय, मूत्राशय-सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए मंगल शुभ, शुक्र एवं बुध अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २५, २८ एवं ३२वें वर्ष में होता है।

सिंह लग्न—जातक की चौड़ी छाती, बली भुजाएं एवं दृढ़ हड्डी तथा पुष्ट, शरीर, प्रभावशाली एवं आकर्षक व्यक्तित्व होता है। यह लोग नेतृत्व की चाह करने वाले प्रशासनिक अधिकारों का पूर्ण सदुपयोग करने में सफल होते हैं। इनका रहन-सहन आडम्बरपूर्ण तथा रईस मिजाज होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति अभिनेता, प्रशासक, सैनिक, वकील, व्यापारी, वन-सम्बन्धी व्यवसाय करते हैं। इनको ज्वर एवं मस्तिष्क पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। इनके लिए सूर्य एवं मंगल शुभ, बुध एवं शुक्र अशुभ, राहु केतु मारक स्थान में स्थित होने से मृत्युकारक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २४, २६, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

कन्या लग्न—जातक का छोटा कद, कोमल शरीर तथा छोटे बाजू होते हैं। इनका स्त्री स्वभाव होता है तथा यह लज्जाशील, मधुरभाषी, विचारशील, धैर्यवान, बुद्धिवाले, गणितज्ञ, तार्किक एवं साहित्य प्रेमी होते हैं। कन्या लग्न वाले व्यक्तियों की स्मरणशक्ति तीव्र होती है तथा यह सभी कार्य गुप्त रखते हैं। इनमें आत्म विश्वास की कमी रहती है। बड़े होकर यह व्यक्ति गणितज्ञ, पुस्तक विक्रेता, सचिव, दलाल, साहित्यिक, अध्यापक, ज्योतिषी अथवा मनोवैज्ञानिक बन सकते हैं। व्यापार की अपेक्षा इनको नौकरी में अधिक लाभ हो सकता है। इनको पेट की बीमारियां लग सकती हैं। इनके लिए बुध, शुक्र शुभ, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, २५, ३२, ३३, ३५, ३६वें वर्ष में होता है।

तुला लग्न—जातक दुबला किन्तु लम्बा, सुन्दर प्रशन्नचित्त तथा तीक्ष्ण बुद्धिवाला होता है। न्याय एवं शान्तिप्रिय, मध्यस्थता का कार्य करने में निपुण, सत्यवक्ता, धार्मिक, सुधारवादी, दार्शनिक, साधु स्वभाव, लोकप्रिय, बच्चों का विशेष स्नेही, स्त्री-कला-नृत्य संगीत प्रेमी, प्रतिष्ठित होता है। इस लग्न के व्यक्ति न्यायाधीश, वकील, परामर्शदाता, साहित्य प्रेमी, कवि, नीतिज्ञ तथा व्यापारी बनते हैं। इनको गुर्दा, मूत्रस्थली एवं कमर सम्बन्धी रोगों की सम्भावना रहती है। इनके लिए शनि योगकारक, बुध, शुक्र शुभ, सूर्य, मंगल, बृहस्पति अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २४, २५, ३२, ३३, ३५ वर्ष में होता है।

वृश्चिक लग्न—जातक सुन्दर, परिश्रमी, आत्मविश्वासी, साहसी, शंकालु, स्वेच्छाचारी, आतंककारी, नीतिज्ञ, गूढ़ विद्याओं का ज्ञात होता है। ऐसे व्यक्ति मितव्ययी एवं संग्रह करने में चतुर होते हैं। यदि लग्न पाप दुष्ट हो तो जातक झगड़ालु, असंयमी, कुतिचारी, निर्दयी, अपराधी तथा गुप्त रूप से दुष्कर्म करने वाला होता है। बड़े होकर यह व्यक्ति पुलिस अधिकारी, राजनीतिज्ञ, ठग, इंजीनियर, खनिज विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ बनते हैं। इनको छाती, कण्ठ अथवा गर्मी या वायु सम्बन्धी एवं बवासीर आदि गुप्त रोग होने की सम्भावना रहती है। इनके लिए सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बृहस्पति शुभ, बुध, शुक्र अशुभ होते हैं। इनका भाग्योदय २२, २४, २८, ३२वें वर्ष में होता है।

धनु लग्न—बड़े कान, लम्बी गर्दन, बली तथा स्थूल शरीर धनु लग्न की विशेषता है। यह व्यक्ति स्वाभिमानी, निस्वार्थी, साधु स्वभाव, न्यायप्रिय, मेधावी, धनवान्, उदार, गम्भीर, विवेकशील, तार्किक, कुलभूषण, संवेदनशील, विश्वासपात्र, उत्तेजित अवस्था में अत्यन्त क्रुद्ध एवं स्पष्टवक्ता, निष्कपट, त्यागी, आदर्शवादी, अवसर का लाभ उठाने वाले होते हैं। इन्हें केवल प्रेम और शान्ति से वशीभूत किया जा सकता है। यदि लग्न पाप पीड़ित हो तो जातक दंभी, आडम्बरपूर्ण एवं कठोर स्वभाव का होता है। इस लग्न के व्यक्ति बड़े होकर प्रोफेसर, अध्यापक, राजनीतिज्ञ, दार्शनिक, परामर्शदाता, उपदेशक, वकील, बैंकर तथा सफल व्यवसायी बनते हैं। इनको फेफड़े तथा वायु सम्बन्धी रोग होने की संभावना रहती है। इनके लिए सूर्य, बुध, बृहस्पति शुभ तथा चन्द्रमा शनि अशुभ फलदायक होते हैं। इनका भाग्योदय १६, २२, ३२वें वर्ष में होता है।

१. जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म मास, श्राद्ध दिवस (माता-पिता का मृत्यु दिन), चित्त भंग, रोग या कोई उत्पादित। २. क्षय तिथि, वृद्धि तिथि, क्षय मास, अधिक मास, क्षय वर्ष, दग्धा तिथि, अमावस्या। ३. विष्कुम्भ योग की प्रथम पांच घटिकायें, परिधि योग का पूर्वार्द्ध, शूल योग की प्रम ७ घटिकायें, गण्ड और अतिगण्ड की ६ घटिकायें एवं व्याघात योग की प्रथम आठ घटिकाएं, हर्षण और वज्र योग की नौ घटिकाएं, व्यतिपात और वैधृति योग समस्त शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। मतान्तर से विषकुम्भ की तीन, शूल की पांच, गण्ड और अतिगण्ड की सात, व्याघात व वज्र की ९ घटिकाएं शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। ४. महापात का समय में भी कार्य न करें। ५. तिथि, नक्षत्र और लग्न इन तीनों प्रकार का गण्डान्त समय। ६. भद्रा (विष्टीकरण)। ७. तिथि नक्षत्र तथा दिन के परस्पर बने कई दुष्ट योग जैसे सप्तमी+अश्विनी+मंगल, पंचमी+हस्त+रवि, छठ+मृगशिर+सोम, अष्टमी+अनुराधा+बुध, नौमी+पुष्य+गुरु, दशमी+रेवती+शुक्र, एकादशी+रोहिणी+शनि आदि योगों को शुभ कार्य में त्याज्य करना चाहिए। ८. पाप ग्रह युक्त, पाप भुक्त और पाप ग्रह विद्ध नक्षत्र एवं नक्षत्रों की विष संज्ञक घटिकायें। ९. पाप ग्रह युक्त चन्द्र, पाप युक्त लग्न का नवांश। १०. जन्म राशि, जन्म लग्न से अष्टम लग्न। दुष्ट स्थान ४, ८, १२ का चन्द्र, क्षीण चन्द्र वर्जित है। १२. लग्नेश ६, ८, १२ न हो, जन्मेश और लग्नेश अस्त नहीं हो, पाप ग्रहों का कर्तरी योग भी वर्जित है। १३. मासान्त दिन, सभी नक्षत्रों के आदि की २ घटिका, तिथि के अन्त की एक घटी और लग्न के अन्त की आधी घड़ी शुभ कार्यों में वर्जित करें। १४. जिस नक्षत्र में ग्रहण या पापी ग्रहों का युद्ध हुआ हो वह नक्षत्र शुभ कार्यों में ६ महीने तक नहीं लेना चाहिए (ग्रहों के एक राशि अंश कलादि सम होने पर ग्रह युद्ध कहा है)। १५. ग्रहण के पहले ३ दिन और बाद के ६ दिन वर्जित, ग्रहण नक्षत्र वर्जित, ग्रहण खग्रास हो तो वह नक्षत्र ६ मास, आधे में ३ मास, चौथाई ग्रहण में १ मास, उदयोदय और अस्तास्त में ३ दिन पहले और ३ दिन पीछे कोई शुभ कार्य न करें। १६. गुरु-शुक्र का अस्त, बाल्य, वृद्धत्व, गुर्वादित्य समय भी शुभ कार्यों में त्याज्य कहे हैं। बाल्य और वृद्धत्व के ३ दिन वर्जनीय हैं। १७. कृष्ण पक्ष १४ का चन्द्र वार्द्धिक्य, अमावस का अस्त, शुक्ल एकम् के बाल्य चन्द्र के समय में भी शुभ काम न करें।

सामान्य रूप से दिन शुद्धि

१. दोनों पक्षों की २, ३, ४, ७, १०, १२, १५, कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तथा शुक्ला की १३ तिथि शुभ हैं। परन्तु तिथि-क्षय-वृद्धि त्याज्य हैं। २. शुभवार-सोम, बुध, गुरु और शुक्र [illegible]

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम्

रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती नक्षत्र शुभ हैं। ५. योगों का वर्णन किया है उनका [illegible]

[illegible]	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार

...तिथि शुभ है। परन्तु तिथि-क्षय-वृद्धि त्याज्य हैं। २. शुभवार-सोम, बुध, गुरु और शुक्र

रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती नक्षत्र शुभ हैं। ५. योगों का वर्णन किया है उनका शुभ कार्यों में त्याज्य करना चाहिए। ६. तारा-जन्म नक्षत्र से इष्टकालीन नक्षत्र तक की संख्या को ९ से भाग दें। शेष १, २, ४, ६, ८ या ० रहे तारा शुद्ध जानो यदि ३, ५, ७ शेष रहे तो तारा अशुभ जानो। शुक्ल पक्ष में चन्द्र बल व कृष्ण पक्ष में तारा बल विशेष महत्व रखता है। ७. चन्द्र बल-क्षीण-वार्द्धक्य, अस्त, बाल्य, पाप ग्रह युक्त विशेष रूप से शुभ कार्यों में वर्जित करें। राशि अनुसार जन्म राशि १, २, ३, ५, ६, ७, ९, १०, ११वीं राशि का चन्द्र शुभ होता है। ४, ८, १२ राशि का चन्द्रमा हर प्रकार से नेष्ट माना गया है। मुहूर्त प्रकाश में लिखा है—यदि लग्न शुभ ग्रहों और संपूर्ण गुणों से युक्त हो परन्तु १२, ८, ६ भाव में चन्द्र हो तो अशुभ ही जानो। लग्न में गुरु-शुक्र तथा चन्द्र अपनी उच्च राशि ४ या नीच राशि ८ अथवा मित्र राशि या शत्रु के घर में हो और सम्पूर्ण गुणों सहित लग्न हो परन्तु पाप ग्रह युक्त चन्द्रमा हो तो दोष कारक ही होता है। इसलिए चन्द्र को सभी प्रकार से देखना चाहिए। ८. पाप ग्रह १२, ८, १ इन जगह में तथा ६ में शुभ ग्रह और पाप ग्रह केन्द्र १, ४, ७, १० त्रिकोण ९, ५ में अशुभ होते हैं और सौम्य ग्रह केन्द्र व त्रिकोण में और पाप ग्रह ३, ६, ११ भावों में और सम्पूर्ण ग्रह ११ भाव में श्रेष्ठ होते हैं। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित पाप ग्रहों पर बुध, बृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो। यदि केन्द्र या त्रिकोण में स्थित बुध शुक्र या गुरु की दृष्टि पाप ग्रहों पर हो तो पाप ग्रहों का फल शुभ हो जाता है। **विशेष**—चर लग्न, चर नवाँश तथा राशि स्थित चन्द्रमा ये तीनों चर शुभ कार्यों में वर्जित करें। शास्त्रों में लिखा है कि तिथि का १ गुण, नक्षत्र का ४, वार का ८, करण का १६, योग का ३२, तारा का ६०, चन्द्रमा का १०० और लग्न का १ करोड़ गुण होता है। अत: गुण व दोष इन दोनों के तारतम्य से विद्वानों को विचार कर मुहूर्त्त करना चाहिए। क्योंकि गुण सैकड़ों दोषों का विनाश करता है तो कहीं पर एक दोष ही असंख्य गुणों को नष्ट करता है। इसलिए शुभ-अशुभ का न्यूनाधिक देखकर ही मुहूर्त्त विचारने चाहिए।

हमारे नित्य दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण लिखा-पढ़ी, राजकीय या व्यापारिक कन्ट्रैक्ट, भेंट-मुलाकात, आवेदन या नवीन टेण्डर, नवीन मुलाकात द्वारा कार्य सिद्धि, नवीन विषय पर लेखन कार्य प्रारम्भ आदि अनेकानेक महत्वपूर्ण कार्य हमारे दैनिक जीवन में आते हैं जिसके लिए हम शुभ मुहूर्त्त चाहते हैं। पर यथा शीघ्र सर्वाङ्ग शुद्ध मुहूर्त्त की प्रतीक्षा में अधिक दिन तक नहीं रुक सकते अत: हम अपने प्रिय पाठकों के लिए वार-तिथि-नक्षत्र-योग अनुसार सुयोग व कुयोग मुहूर्त्तों की सारिणी दे रहे हैं। इस सारिणी की सहायता से सरलतापूर्वक शीघ्र ही शुभा-शुभ काल ज्ञात करके अपना कार्य आरम्भ कर सकते हैं।

योग	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
सिद्धि योग तिथि	—	—	३-८-१३	२-७-१२	५-१०-१५	१-६-११	४-९-१४
दग्धा तिथि	१२	११	५	३	६	८	९
हुताशन तिथि	१२	६	७	८	९	१०	११
विषाख्या तिथि	४	६	७	२	८	९	७
अधम तिथि	७, १२	११	१०	१, ९	८	७	६
वर्जित तिथि नक्षत्र	५ हस्त	६ मृग	७ अश्विनी	८ अनु.	९ पुष्य	१० रेवती	११ रोहि.
मृत्यु योग तिथि	१-६-११	२-७-१२	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	२-७-१२	५-१०-१५
क्रकच तिथि	१२	११	१०	९	८	७	६
उत्पात नक्षत्र	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.
मृत्यु योग नक्षत्र	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	आश्लेषा	हस्त
काण योग	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
दग्धा योग	भरणी	चित्रा	उ.षा.	धनिष्ठा	उ.फा.	ज्येष्ठा	रेवती
यम घंट योग	मघा	विशाखा	आर्द्रा	मूल	कृत्तिका	रोहिणी	हस्त
मुसल योग	अभिजित्	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा
काल दण्ड	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.
वज्र	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषाढ़	शतभिषा	अश्विनी	मृग.
राक्षस योग	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.
ध्वांक्ष	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजित्	पू.भा.	भरणी
धूम्र	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उ.भा.
गद	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति	मूल
आनन्द	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा
श्रीवत्स	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पूर्वाषाढ़	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी
सौम्य	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी
छत्र	पू.फा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु
शुभ	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा
अमृत	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिर	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा
मित्र	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य
सिद्ध योग	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाति
अमृत सिद्धि	हस्त	श्रवण	अश्विनी	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी
सर्वार्थ सिद्धि	हस्त, मूल ३ उ., पु., अश्विन	श्र.रो.मृ. पुष्य, अनुराधा	अश्विनी उ.भा., कृत्ति., अश्ले.	रोहिणी अनु., हस्त कृत्ति., मृग.	रेव.,अनु., अश्वि.,पुन. पुष्य	रेव. अनु., अश्वि., पुन., श्रव.	श्रवण रोहिणी स्वाति
दुष्ट तिथि	१, ३, ७	२-११	३-९-१२	७-९-११	—	—	११-१३

सर्वार्थ सिद्धि के साथ दुष्ट तिथि पड़ जाये तो ये योग दूषित हो जाता है। ऐसे ही अमृत सिद्धि में लिखा है। यदि यमदंष्ट्रा राक्षस आदि कुयोग में साथ ही कोई सुयोग सर्वार्थ आदि भी पड़े तो बुरे के बजाय शुभ फल देगा। अत: कार्यारम्भ शुभ रहता है। वैसे तत्कालीन लग्न शुद्धि कुयोगों का नाश कर सुयोग को अपना शुभ फल प्रदान करने की शक्ति रखती है।

विविध मुहूर्त्त विचार

भारतीय संस्कृति में संस्कारों को अत्यधिक महत्व दिया गया है। जन्म से मनुष्य शूद्र होता है भले ही वह किसी भी जाति में जन्म ले, जब तक वह संस्कारित नहीं किया जाता शूद्र ही बना रहता है। पूर्व में चालीस संस्कारों का प्रचलन था, किन्तु आज समयाभाव के कारण इनकी संख्या में कमी आई है। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक सोलह संस्कार माने गये हैं। इनमें से भी कुछ मुख्य संस्कारों की ही मान्यता आज प्रचलित है।

गर्भाधान— सभी संस्कारों में गर्भाधान संस्कार का विशेष महत्व है क्योंकि भावी सन्तान के संस्कारों की आधारशिला इसी संस्कार पर निर्भर करती है। यह सर्वविदित तथ्य है कि सन्तानोत्पत्ति माता-पिता के पारस्परिक संयोग से होती है। अतः इन दोनों के चेतन-अचेतन मन तथा देह की पवित्रता आवश्यक मानी गई है। जैसे सुसमय में बीजवपन से सस्य में पुष्टता होती है उसी प्रकार सुसमय में गर्भाधान से सन्तान गुणी एवं दीर्घजीवी उत्पन्न होती है।

रजोदर्शन होने के चार दिन पश्चात्, समरात्रि काल में पुत्रोत्पत्ति एवं विषम रात्रि में कन्या सन्तति उत्पन्न होती है। गण्डान्त, रवि, चन्द्रग्रहण, ७वीं तारा, मूल, अश्विनी, भरणी, मघा, रेवती नक्षत्रों, व्यतिपात, वैधृति योग, अमावस्या माता-पिता की मृत्यु तिथि, क्षयतिथि, बुधवार-शनिवार, को छोकर अन्य तिथि-वार नक्षत्र-योग में तथा केन्द्र स्थान (१-४-७-१०) और त्रिकोण (५-९) में शुभ ग्रह हों तथा ३-६-११वें स्थान में पाप ग्रह हों तब प्रसन्नचित्त होकर रात्रिकाल में गर्भाधान-कृत्य करें। विवाह और गर्भाधान में स्त्री के चन्द्रबल को प्रधानता दें।

पुंसवन— गर्भाधान के पश्चात् पुंसवन संस्कार किया जाता है ताकि गर्भस्थ शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। इस संस्कार में मलमास, गुरु शुक्रास्त प्रभृति निषिद्ध योग बाधक नहीं होते, जो दिन-नक्षत्र शुभ हो उसी दिन कर लेना चाहिये। यह संस्कार गर्भ के दूसरे व तीसरे मास में किया जाता है। शास्त्रकारों का मत है कि पुंसवन संस्कार के लिए पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, मृगशिरा, मूल, श्रवण आदि नक्षत्र शुभ रहते हैं।

पारस्कर गृह्यसूत्र के अनुसार यह संस्कार तब करना चाहिये जब चन्द्रमा पुरुष नक्षत्र से युक्त हो।

सीमन्तोनयन— यह तीसरा संस्कार है तथा गर्भ के छठे या आठवें मास में किया जाता है। सीमन्तोनयन का शब्दार्थ होता है "शिर की मांग" लेकिन इसका भावार्थ है सौभाग्य सम्पन्न होना। इस संस्कार से गर्भवती के मन में आने वाली सन्तान के प्रति प्रेम तथा कर्तव्य की निष्ठा का समावेश होता है। पारस्कर गृह्य सूत्र में कहा है कि— **"प्रथम गर्भेमासे षष्ठेऽष्टमेवा"** तथा **"पुंसवनवत्"** कहकर यह स्पष्ट कर दिया है पुंसवन संस्कार में कहे गये मुहूर्त्त में इसे करें।

आश्लायन गृह्य सूत्र के अनुसार जब चन्द्रमा शुक्ल पक्ष में पुमान् नक्षत्र से युक्त हो तब करना चाहिये साथ ही इन्होंने गर्भ के चौथे मास में इसे करने का निर्देश किया है, लेकिन अधिक मत छठे और आठवें मास में करने को मिलते हैं।

मेधा-जनन संस्कार— शिशु के जन्म लेने के उपरान्त यह संस्कार किया जाता है ताकि आगे चलकर वह यशस्वी और बुद्धिमान हो। जब बच्चा जन्म ले चुके तो नालछेदन से पूर्व दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में स्वर्ण भस्म शहद और गौघृत लगा कर नीचे लिखे मन्त्रों को बोलकर बच्चे को शहद चटा दें। चार मंत्र हैं प्रत्येक को एक बार बोल कर चटाना चाहिये। *मन्त्र—* **ॐ भूस्त्वीयदधामि, ॐ भूवस्त्वीयदधामि, ॐ स्वस्त्वीय दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्वस्त्वीय दधामि।**

स्तन पान मुहूर्त्त— रिक्ता, तिथि, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति योग को त्याग कर शुभ तिथि-वार में पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, श्रवण, रेवती नक्षत्र में स्तन पान कराना शुभ है।

प्रसूता स्नान का मुहूर्त्त— उत्तरा तीनों, रोहिणी, मृगशिरा, स्वाती, रेवती, हस्त, अनुराधा, पूर्वाफाल्गुनी, धनिष्ठा, अश्विनी इन नक्षत्रों में रवि, मंगल एवं बृहस्पति वारों में रिक्ता तिथि एवं अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों में प्रसूति स्नान प्रशस्त है।

जातकर्म— मेधा-जनन संस्कार से पूर्व यह संस्कार किया जाता है। नाल काटने पर सूतक लग जाता है और सूतक में जातकर्म करने का निषेध है। इस समय तिथ्यादि शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं होती, यदि किसी कारणवश पिता जन्म समय उपस्थित न हो तो जन्म के ११वें या १२वें दिन शुभ मुहूर्त्त में जातकर्म करना प्रशस्त है।

नामकरण संस्कार— जातकर्म संस्कार के पश्चात् नामकरण संस्कार किया जाता है लेकिन आज के युग में समयाभाव के कारण नामकरण के साथ ही जातकर्म करने का प्रचलन है। नामकरण संस्कार मूलतः दश दिन पश्चात् हो जाना चाहिये लेकिन इसके बारे में आचार्यों के भिन्न-भिन्न मत हैं। पाराशर स्मृति के अनुसार—

जाते विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः। वैश्य पंच दशाहेन शूद्रो मासेन शुद्धयति॥

अर्थात् ब्राह्मण के लिए सूतक दस दिन, क्षत्रिय के लिए बारह दिन, वैश्य के लिए पंद्रह दिन तथा शूद्र के लिए एक मास तक रहता है। कुलाचार के अनुसार सूतक के अन्त होने के दूसरे दिन नामकरण करें। चिर-क्षिप्र-ध्रुव और मृदु नक्षत्रों में रवि, सोम, बुध, बृहस्पति, शुक्रवारों में, रिक्तामा को छोड़कर अन्य तिथियों में लग्न शुद्धि और चन्द्र-तारा का बल देखकर नामकरण करना प्रशस्त है।

निष्क्रमण संस्कार— घर से बाहर निकालने को निष्क्रमण कहते हैं। यह संस्कार तब किया जाता है जब बच्चे को घर से बाहर ले जाना होता है। जब माता अपने पिता के यहां जाये या माता-पिता को कहीं अन्यत्र जाना हो तो बच्चे को भी ले जाना अनिवार्य रहता है। इसलिए नामकरण संस्कार के पश्चात् निष्क्रमण किया जाता है। जन्म से चतुर्थ मास में यात्रा में विहित तिथियों में निष्क्रमण करना प्रशस्त है। यदि अत्यधिक शीघ्रता करनी पड़ जाये तो जन्म से बारहवें दिन यह संस्कार करें।

भूम्युपवेशन संस्कार— भूम्युपवेशन का अर्थ है भूमि पर बिठाना। प्रथम बार जब बच्चे को भूमि पर बिठना होता है। तब यह संस्कार किया जाता है। इसे जन्म से पांचवें महीने में करना चाहिये। भगवान् वराह और पृथ्वी का पूजन करके रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में शुभ ग्रह के वार में लड़के को कटिसूत्र धारण कराकर, ध्रुव, मृदु, लघु संज्ञक नक्षत्र में तथा मंगल बच्चे के लिए विशेष शुभ हो तब यह संस्कार करना उचित है।

इस समय बालक की आजीविकाज्ञानार्थ विद्या, कृषि, युद्ध व सेवा-सम्बन्धी पदार्थ उसके सामने रखें बालक जिस को पहले ग्रहण करे उसी के अनुसार उसकी जीविका जानें। बच्चे को भूमि पर बिठा तथा हाथ में पकड़े रह कर बालक का पिता, चाचा, दादा और नीचे लिखे मन्त्र से प्रार्थना करें—

रक्षैनं वसुधेदेवि सदा सर्वगतं शुभे।
आयु प्रमाणं लिखितं निक्षिपस्व हरिप्रिये॥

अन्न प्राशन— देह की पुष्टि-शक्ति और स्वास्थ्य के लिए यह संस्कार किया जाता है। तैत्तरीय उपनिषद् में "प्राणो वै अन्नम" अर्थात् अन्न ही प्राण है कहा गया है। बालक के जन्म से छठे, आठवें, दशवें आदि सम मासों में यदि कन्या हो तो पांचवें, सातवें आदि विषम मास में, रिक्ता-नन्दा और क्षयतिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, शनि, मङ्गल को छोड़कर अन्य वारों में, पुन., पु., हस्त, रो., चि., मृ., अनु., अश्वि., स्वा., तीनों उत्तरा., ध., म. और रेवती नक्षत्रों में, वृष, मिथुन, कन्या, मीन लग्न में अन्न प्राशन प्रशस्त है।

कर्ण वेध— जहां कर्ण वेध श्रवण शक्ति की वृद्धि में सहायक होता है वहीं आन्त्र उतरने

हरिशयन, (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) पौष, चैत्र और ...
६, ८, १०वें मास में, ३, ५वें विषम वर्षों में, जन्म नक्षत्र और रिक्ता तिथि को त्याग कर अन्य तिथियों

विवाह मुहूर्त्त विचार

हरिशयन, (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) पौष, चैत्र और जन्म मास को छोड़ कर ६, ८, १०वें मास में, ३, ५वें विषम वर्षों में, जन्म नक्षत्र और रिक्ता तिथि को त्याग कर अन्य तिथियों में, अश्वि., पुन., पु., ह., श्र., अनु., ध., रे., स्वा., मृ., चित्रा आदि नक्षत्रों में, चं., बु., गु., शु. वारों में, मे., वृश्चि., म., कु. लग्नों एवं नवांश को छोड़कर अन्य लग्नों में, चन्द्र तारा की शुद्धि देखकर कर्ण बेध करना शुभ है। लड़के का प्रथम दाहिना और लड़की का बायां करना प्रशस्त है।

मुण्डन संस्कार—जीवन के आरम्भ काल में जो बाल जन्म के साथ उत्पन्न होते है वे पशुता के सूचक माने गयें हैं। इन्हें कटाने से जहां वह पशुता समाप्त होती है वहीं मानवीं गुणों की प्रखरता के साथ बुद्धि और ज्ञान की भी वृद्धि होती है। जन्म से तीसरे, पांचवें आदि विषम वर्षों में चैत्र को छोड़कर उत्तरायण समय में २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ इन तिथियों में, सो., बु., गु., शु. आदि वारों में जन्म नक्षत्र को छोड़ कर मृ., चि., रे., ज्ये., श्र., ध., शत., स्वा., पु., ह., अश्वि., पुष्य इन नक्षत्रों में लग्न शुद्धि देखकर अपराह्न से पूर्व मुण्डन संस्कार प्रशस्त हैं।

अन्यमत से प्रथम, द्वितीय वर्ष भी विहित हैं तथा ब्राह्मण के लिए रविवार, क्षत्रिय के लिए मंगलवार, वैश्य तथा शूद्र के लिए शनिवार भी प्रशस्त हैं तथा याम्यायन (दक्षिणायन) में मार्गशीर्ष भी श्रेष्ठ हैं।

उपनयन संस्कार—मानवजीवन में इस संस्कार का अत्यन्त महत्व है क्योंकि इसके पश्चात् मानव की भौतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गर्भाधान से आठवें वर्ष ब्राह्मण का, ग्यारहवें वर्ष वैश्य का उपनयन संस्कार हो जाना चाहिये। इसके पश्चात् उपरोक्त काल के दूने काल में निन्द्य माना गया है अर्थात् ब्राह्मण के सोलहवें, क्षत्रिय का बाईसवें और वैश्य का चौबीसवें। इसलिए विहित वर्ष में हरिशयन से पूर्व उत्तरायण के सूर्य में शुक्ल पक्ष में २, ३, ५, १०, ११, १२ तिथियों में, क्षिप्र, ध्रुव, चर, मृदु संज्ञक, श्ले., मू., आ., तीनों पूर्वा नक्षत्रों में सो., बु., गु., शु., वारों में वृ., मि., सिं., क., तुला, धनु और मीन लग्न में, चन्द्र, तारा, रवि, गुरु की शुद्धि देखकर उपनयन संस्कार करना श्रेष्ठ है।

विशेष—ज्येष्ठ शुक्ल २, आषाढ़ शुक्ल दशमी, पौष शुक्ल ११, और माघ शुक्ल १२ उपनयन संस्कार में निषिद्ध मानी गई हैं।

अक्षरारम्भ मुहूर्त्त—जन्म से पाँचवें वर्ष में गणपति, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा करके कुम्भ के सूर्य को छोड़ कर उत्तरायण में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में, मृ., आ., पुन., पु., श्ले., ह., चि., स्वा., ध., शत., अश्वि., मू., तीनों पूर्वा और उत्तरा, रो, रे, इन नक्षत्रों में रवि, गु., शु. वारों में, लग्न, चन्द्र, तारा बल विचार कर अक्षरारम्भ श्रेष्ठ माना गया है। वारों में सो., बु., मध्यम माने गये हैं।

विद्यारम्भ मुहूर्त्त—शिशिर, बसन्त एवं ग्रीष्म ऋतु में कुम्भ (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार, २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ इन तिथियों में मृ., आ., पुन., ह., चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., मूल, तीनों पूर्वा, पु. और श्लेषा इन नक्षत्रों में केन्द्र स्थान एवं त्रिकोण स्थान में शुभग्रह हों ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, आठवां स्थान खाली हो तो विद्यारम्भ शुभ है।

जल पूजन के मुहूर्त्त—अधिक मास, चैत्र, पौष, गुरु, शुक्रास्त काल, मास पूर्ति होने पर ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में, बु., सो., गुरुवार में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु. इन नक्षत्रों में प्रसूता का जल पूजन करना शुभ है।

नित्यक्षौर का मुहूर्त्त—शनि, रवि और मंगलवार को छोड़कर अन्य वारों में, मघा, अनुराधा, रोहिणी, तीनों उत्तरा, कृत्तिका इन नक्षत्रों में ४, ९, १४, ६ ८ अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथियों, रात्रिकाल, सन्ध्या, भद्रा, गण्डान्त काल और भोजन तथा स्नान के पश्चात् क्षौर करना वर्जित है।

दाह कर्म में, सूतकान्त में, जेल से छूटने पर, यज्ञ में, दीक्षा लेने में, राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से क्षौर कर्म में मुहूर्त्त देखने की आवश्यकता नहीं है।

विवाह मुहूर्त्त विचार

विवाहे दस दोष

मुहूर्त्त ग्रन्थों में विवाह के अनेक दोष बतलाये गये हैं लेकिन इनमें प्रमुखता मात्र दश दोषों की है। इनकी शुद्धि होने पर अन्य दोष प्रभावहीन हो जाते हैं। वे दश दोष हैं—(१) लत्ता (२) पात (३) युति (४) वेध (५) यामित्र (६) वाण (७) एकार्गल (८) उपग्रह (९) कान्तिसाम्य (१०) दग्धातिथि। पंचांग में जो विवाह मुहूर्त्त दिये गये हैं वे इनका विचार करके दिये गये हैं। जहां कोई दोष नहीं है वहां सीधी रेखा और जहां दोष है वहां (ऽ) टेढ़ी रेखा बनाई गई है। इन दस दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

१. लत्ता—सूर्य, मंगल, वृहस्पति और शनैश्चर जिस नक्षत्र में हों क्रम से उससे अगले १२, ३, ६ और ८वें नक्षत्र को लत्ता से दूषित करते हैं। यह अग्र लत्ता दोष माना गया है। चन्द्र, बुध, शुक्र और राहु जिस नक्षत्र में हो क्रम से उससे पीछे के २२, ७, ५ और ९वें नक्षत्र को लत्तित करते हैं। यह पृष्ठ लत्ता दोष माना गया है। जैसे मंगल भरणी में हो और विवाह नक्षत्र रोहिणी हो तो यह मंगल का लत्ता दोषयुक्त साहा कहा जाएगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का लत्ता दोष का ज्ञान करें।

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि	राहु	ग्रहाः
१२	२२	३	७	६	५	८	९	वि.नक्षत्र
सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	सम्मुख	पृष्ठ	दिशा
धननाश	भय	मृत्यु	भय	बन्धुनाश	कार्यनाश	कुलनाश	मृत्यु	फल

२. पात—साध्य, हर्षण, शूल, गण्ड, वैधृति और व्यतीपात इन योगों का अन्त जिन नक्षत्रों में होता है वे पात दोषयुक्त माने जाते हैं।

पात दोष चक्र

रो.	मृ.	म	उ.फा.	ह	स्वा	अनु.	मूल	उ.षा.	उ.भा.	रे	नक्षत्र
आर्द्रा	मृग.	अश्वि.	कृत्ति.	भर.	कृत्ति.	अनु	रोहि.	भर.	भर.	अश्वि.	सूर्याधिष्ठित नक्षत्र
पुन.	आर्द्रा	मृग.	आर्द्रा	मृग.	श्रव.	आर्द्रा	ज्ये	पुन.	शत.	ज्ये	
शत.	ज्ये.	ज्ये.	विशा	शत.	धनि	उ.षा.	धनि	शत.	विशा.	धनि	
पू.फा.	धनि	पुष्य	पू.फा	पू.भा	पु.	पू.भा	आ	वि	उ.फा	म	
चित्रा	मघा	हस्त	उ.भा	स्वा.	हस्त	पू.षा	भर.	अनु	पू.फा	पू.फा	
मूल	हस्त	रेव.	पू.भा	भर.	रेव.	पू.फा	उ.भा	उ.षा	भर.	स्वा	

३. युति—जब विवाह के नक्षत्र में कोई ग्रह हो तो उसे ग्रह की युति युक्त दोष माना जाता है। ग्रहों की विवाह नक्षत्रों में युति धन नाशक, मृत्युदायक और भयप्रद कही गई है, विशेषतया शुक्र की युति वर्जित है। चन्द्र यदि स्वक्षेत्री, मित्र गृही व उच्च का हो तो युति दोष (चन्द्र का) नहीं माना जाता उल्टे इसे शुभ कहा गया है।

४. वेध— पंचशलाका चक्र में यदि विवाह के नक्षत्र के सम्मुख नक्षत्र में कोई ग्रह पड़े तो वेध दोष माना जाता है। शुभ ग्रह के वेध से स्वल्प और पाप ग्रह के वेध से अधिक दोष माना जाता है। नीचे वेध दोष चक्र दिया है इसमें ऊपर लिखे नक्षत्र में विवाह हो और नीचे लिखे नक्षत्र में ग्रह हो तो वेध होता है यह विवाह काल में वर्जित है।

वेध दोष चक्र

रो	मृ	म	उ.फा	ह	स्वा	अनु	मू.	उ.षा	उ.भा	रे	वि.नक्षत्र
अश्वि	उ.षा	श्र	रे	उ.भा	श	भ	पुन	मृ	ह	उ.षा.	वेध नक्षत्र

५. यामित्र— विवाह लग्न या चन्द्र से सप्तम में कोई ग्रह हो तो यामित्र दोष होता है। यदि लग्न और सप्तमस्थ ग्रह का अन्तर ठीक ६ राशि (अंश कलादि तक) तक हो तो पूर्ण यामित्र दोष अन्यथा अल्पदोष कहा गया है।

यामित्र दोष चक्र

रो	मृ	म	उ.फा	ह	स्वा	अनु	भ	उ.षा	उ.भा	रे	वि.नक्षत्र
अनु	ज्ये	ध	पू.भा	उ.भा	अ	कृ	मृ	पुन	उ.फा	ह	ग्रह नक्षत्र

६. बाण— किसी राशि में सूर्य के (स्पष्ट सूर्य के) भुक्तांश ८, १७ और २६ हों तो रोगबाण, २, ११, २० और २९ हों तो अग्निबाण, ४, १३, २२ हों तो राजबाण, ६, १५, २४ हों तो चोरबाण तथा १, १०, १९ और २८ हों तो मृत्यु बाण दोष माना जाता है। विवाह में मृत्यु बाण, यात्रा में चोरबाण, सेवा कर्म में (नौकरी करने में) राजबाण, गृहारम्भ में अग्निबाण और उपनयन में रोगबाण त्याज्य कहे गये हैं।

७. एकार्गल— विवाह के दिन विष्कुम्भ, वज्र, परिघ, अतिगण्ड, शूल, व्याघात, वैधृति और व्यतिपात इनमें से कोई योग हो तथा सूर्य नक्षत्र से (इसमें अभिजित के सहित गणना करें) चन्द्र विषम नक्षत्र में हो तो एकार्गल दोष होता है।

८. उपग्रह— विवाह के दिन सूर्य नक्षत्र से चन्द्रमा ५, ७, ८, १०, १४, १५, १८, १९, २१, २२, २३, २४ और २५वें नक्षत्र में हो तो उपग्रह दोष होता है। कुरू और वाह्यक क्षेत्र में विशेष दोषावह है।

९. क्रान्तिसाम्य— जब मेष और सिंह, वृषभ और मकर, मिथुन और धनु कर्क और वृश्चिक, कन्या और मीन तथा तुला और कुम्भ इन दोनों राशियों में से एक पर सूर्य तथा दूसरी पर चन्द्र हो तो क्रान्तिसाम्य दोष होता है। यह स्थूल क्रान्तिसाम्य है। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य ही सर्वत्र वर्जित माना गया है।

१०. दग्धा तिथि— जब सूर्य धनु-मीन, वृष, कुम्भ, मेष-कर्क, मिथुन-कन्या, सिंह-वृश्चिक, तुला-मकर इन दोनों राशियों में से किसी राशि में सूर्य हो तो क्रम से २, ४, ६, ८, १०, १२ तिथियां दग्धा मानी गई हैं।

दग्धा तिथि चक्र

मेष कर्क	वृषभ कुम्भ	मिथुन कन्या	सिंह वृश्चिक	तुला मकर	धनु मीन	सूर्यराशि
६	४	८	१०	१२	२	तिथि

लत्तादि दोष परिहार— लत्ता उज्जैन क्षेत्र में सौराष्ट्र में, पात कुरुक्षेत्र, भठिण्डा, फिरोजपुर जिले में, एकार्गल जम्मू-कश्मीर में, वेध सब जगहों में, उपग्रह कुरुक्षेत्र, आगरा व अवध, बंगाल, जगन्नाथपुरी (कलिंग में) त्याज्य हैं। लग्न यदि सूर्य और चन्द्र के बल से बली हो तो एकार्गल, उपग्रह, लत्ता तथा पात दोष का परिहार हो जाता है।

विवाह समय के विहित मास, तिथि, नक्षत्र और लग्नादि

विवाह के लिए वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मेष, वृषभ और मिथुन के सूर्य (मिथुन का सूर्य हरिशयनी एकादशी से त्याज्य माना गया है) रिक्ता और अमावस्या को छोड़कर अन्य तिथि, रोहिणी, मृगशिर, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, उ.षा., उत्तराभाद्रपद और रेवती (कुछ आचार्यों के मत से अश्विनी, चित्रा, श्रवण और धनिष्ठा भी विवाह नक्षत्र विहित माने गये हैं)। विवाह लग्न में मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन का नवांश प्रशस्त कहा गया है।

वाग्दान विचार (वरवरण मुहूर्त्त)— रिक्ता अमावस्या तिथि को छोड़कर अन्य तिथियों में, शुभवार में तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी और कृत्तिका इन नक्षत्रों में लग्न और चन्द्रबल देखकर लड़की का भाई या पुरोहित पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केशरादि का तिलक करें, पूजन करे तथा वर के मुख में मीठा या पान देकर गोद में वस्त्र, नारियल और द्रव्यादि दें।

विवाह के पूर्व कन्या का नाम बदलना— आजकल कन्या का नाम विवाह से पूर्व बदलने का नियम चल पड़ा है। इसके पीछे कारण है कि कन्या का जन्म नाम मालूम न होना, वैसे भी प्रायः लोग जन्म नाम को बदल कर दूसरा नाम रख लेते हैं। यदि विवाह से पूर्व कन्या का नाम बदलना हो तो ध्यान रखें कि बोलता नाम बदला जा सकता है जन्म नाम नहीं।

विवाह विचार में विशेष— दो सगी बहनों का दो सगे भाइयों के साथ विवाह न करें। दो सगी बहनों या भाइयों का तथा सगे बहन-भाई का विवाह ६ मास के भीतर न करें। आवश्यकता में लड़की के विवाह के बाद लड़के का विवाह हो सकता है। जुड़वां भाई-बहन का विवाह करने में भी कोई हानि नहीं। विवाह के पश्चात् ६ मास तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार न करें। यदि संवत् बदल जाये तो ६ मास के भीतर किया जा सकता है। सगाई के पश्चात् वर या कन्या की तीन पीढ़ी में मृत्यु होने पर १ मास तक विवाह न करें। अत्यावश्यकता में सूतक समाप्त होने पर शान्ति करा कर विवाह करें। सबसे बड़े लड़के और सबसे बड़ी लड़की का विवाह ज्येष्ठ मास में न करें। जन्म नक्षत्र और जन्म तिथि में भी विवाह शुभ नहीं होता। अत्यावश्यक हो कि ज्येष्ठ लड़के और लड़की का विवाह ज्येष्ठ में करना पड़े तो सूर्य के कृत्तिका नक्षत्र में रहते कदापि न करें। अन्य नक्षत्रों में शान्ति कराकर किया जा सकता है।

त्रिबल शुद्धि

श्रेष्ठ गुरु— जब गुरु जन्म राशि से २।५।७।९।११वें हो।

पूज्य गुरु— जब गुरु जन्म राशि से १।३।६।१०वें हो।

नेष्ट गुरु— जब गुरु जन्म राशि से ४।८।१२ वें हो।

परिहार— जब गुरु स्वराशिस्थ (धनु-मीन) या उच्च में हो तो नेष्ट भी श्रेष्ठ माना गया है।

श्रेष्ठ रवि— यदि सूर्य जन्म राशि से ३।६।१०।११वें हो।

पूज्य रवि— यदि सूर्य जन्म राशि से २।५।९।७वें हो।

नेष्ट रवि— यदि सूर्य जन्म राशि से ४।८।१२वें हो।

श्रेष्ठ चन्द्र— जन्म राशि से १।२।३।५।६।७।९।१०।११।१२वां

नेष्ट रवि—यदि सूर्य जन्म राशि से ४।८।१२वें हो।

श्रेष्ठ चन्द्र—जन्म राशि से १।२।३।५।६।७।९।१०।११।१२वां चन्द्र श्रेष्ठ है। विवाह में १२ भी लिया जा सकता है।

नेष्ट चन्द्र—जन्म राशि से ४।८वां चन्द्र नेष्ट है।

गोधूलिका लग्न—हेमन्त ऋतु में सायंकाल जब सूर्य का बिम्ब लाल होकर पश्चिम में अस्त होने वाला होता है तब, ग्रीष्म में जब सूर्य आधा अस्त हो जाता है तब, वर्षा ऋतु में जब सूर्य सम्पूर्ण अस्त हो जाता है तब गोधूलि कही जाती है। वारों में जब गुरुवार को सूर्यास्त होने पर और शनिवार को सूर्य अस्त होने से पूर्व गोधूलि लग्न होती है। विवाह काल में यदि गोधूलि लग्न हो तथा लग्न, षष्ठ और अष्टम् में चन्द्र हो तो कन्या के लिए अशुभ, लग्न, सप्तम, अष्टम इन स्थानों में मंगल हो तो वर के लिए अशुभ रहता है। लग्न से दूसरे, तीसरे और ग्यारहवें चन्द्र हो तो शुभ होता है।

वधु प्रवेश मुहूर्त्त—विवाह के पीछे १६ दिनों के भीतर सम दिन में अर्थात् २, ४, ६, ८, १०वें आदि दिनों में या ५, ७, ९वें विषम दिनों में वधु प्रवेश शुभ होता है, इसके बाद १, ३, ५, ७, ९, ११वें मास में, १, ३, ५वें वर्ष में वधु प्रवेश शुभ होता है। ५ वर्ष के पश्चात् कभी भी शुभ दिन देखकर वधु प्रवेश कराया जा सकता है।

द्विरागमन मुहूर्त्त—विवाह से विषम वर्षों में द्विरागमन शुभ है। कुम्भ, वृश्चिक और मेष में सूर्य हो, चन्द्र, गुरु और सूर्य बली हों तथा शुभ दिनों में, कन्या, तुला, वृष, मिथुन और मीन लग्न में तथा लघु, चर, ध्रुवसंज्ञक और मूल नक्षत्र में द्विरागमन शुभ है। शुक्र के सन्मुख और दक्षिण रहने पर नवविवाहिता, गर्भवती तथा बच्चे वाली स्त्री का पति घर जाना अशुभ है। रेवती में मृगशिर नक्षत्र तक चन्द्रमा के रहने से दक्षिण और सन्मुख शुक्र का दोष नहीं होता क्योंकि तब शुक्र अन्ध होता है।

नूतन वधू द्वारा पाकारम्भ—कृत्तिका, मृगशिर, पुष्य, ज्येष्ठा, विशाखा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, नक्षत्रों में शुभ तिथि में, रवि, मंगल छोड़कर अन्य वारों में, स्थिर लग्न में तथा लग्न से ४, ८, १२वें कोई ग्रह न हो तो नवोढ़ा से पाकारम्भ कराना श्रेष्ठ रहता है।

धार्मिक कृत्य मुहूर्त्त—व्रत-अनुष्ठान, पुराण कथा, भागवत श्रवण,. देव पूजन, रामायण कथा श्रवण इत्यादि कृत्तिका, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिर, पुनर्वसु, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तथा रेवती नक्षत्रों में, १, ४, ९, १४ तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मंगलवार, शनिवार को छोड़कर अन्य वारों में करना शुभ है। जिस विशिष्ट व्रत-अनुष्ठान के लिए विशिष्ट तिथि नक्षत्रादि निश्चित है, वह उसी समय करना चाहिए।

विवाहे मेलापक विचार

विवाह सामाजिक आवश्यकता है, यह संस्कार वासना पूर्ति के लिए नहीं वरन् गृहस्थ धर्म के निर्वाह के लिए किया जाता है। इस विषय में विद्वानों का मत है—

दाम्पत्य जीवनोद्देश्यो महान सेवामयस्था।
समाज देश विश्वेभ्यो दिव्यात्मानं समर्पयेत्॥

विवाह में लत्ता आदि दस दोष मुख्य माने गये हैं, इनमें अल्प दोष हों तो विवाह हो सकता है ऐसी शास्त्राज्ञा है, लेकिन जहां वर पक्ष और कन्या पक्ष दोनों में परस्पर सन्तोष हो जाये तो विहित नक्षत्रों में विवाह हो सकता है—

मनसश्चक्षुषोर्यस्मिन वरे यस्यां च योषिति।
सन्तोषो जायते तत्र नाव्यत् किञ्छिद् विचिन्तयेत्॥

वर और कन्या की कुण्डली हो तो दोनों के ग्रह मेलापक और नक्षत्र मेलापक शुद्धि देखनी चहिये।

नक्षत्र मेलापक

इसमें वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकुट और नाड़ी ये आठ कूट होते हैं।

१. **वर्ण**—वर कन्या के वर्ण राशि चक्र से ज्ञात करने चाहियें। यदि दोनों के समान वर्ण हों या वर का कन्या से श्रेष्ठ वर्ण हो शुभ अन्यथा अशुभ समझना चाहिये। वर्ण का एक गुण होता है।

२. **वश्य**—राशि चक्र से वर-कन्या के वश्य ज्ञात कर देखना चाहिये कि दोनों का एक वश्य है तब दो गुण, एक का द्विपद (मानव) और दूसरे का चतुष्पदया कीट है तो शून्य गुण बाकी में एक गुण जानें।

३. **तारा**—वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक तथा कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक गिन कर दोनों संख्याओं को पृथक्-पृथक् लिख कर ९ का भाग दें १, २, ४, ६ अथवा शून्य शेष रहने पर शुभ अन्यथा अशुभ जानें। दोनों से तारा शुभ हो तो श्रेष्ठ, एक से शुभ हो तो मध्यम और दोनों से अशुभ हो तो निन्द्य समझना चाहिये। हमने यहां पर बिना तारा जाने सीधे वर-कन्या के जन्म नक्षत्र से तारा गुण की सारिणी दी है। अतः वर-कन्या के तारा निकालने की इसमें आवश्यकता नहीं है।

४. **योनि**—राशि चक्र से दोनों की योनि ज्ञात करें। दोनों की एक योनि हो या योनि में मैत्री हो व सम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

५. **ग्रह मैत्री**—राशि चक्र से राशि स्वामी जानें। राशि स्वामी एक हों, दोनों में मैत्री हो या एक-दूसरे के लिये सम हों तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

६. **गण**—राशि चक्र (अवकहड़ा) से गण ज्ञात करें। दोनों का एक गण हो या एक का देव दूसरे का मनुष्य हो तो शुभ अन्यथा अशुभ जानें।

७. **भकुट**—वर की राशि से कन्या की राशि २, १२, ६, ८, ५, ९ हो तो अशुभ अन्यथा शुभ जानें।

८. **नाड़ी**—अवकहड़ा चक्र से दोनों की नाड़ी ज्ञात करें, यदि दोनों की एक ही नाड़ी हो तो अशुभ यदि भिन्न-२ नाड़ी हो तो शुभ समझना चाहिये।

इन आठों कूटों के शुभ होने पर ३६ गुण मिलते हैं। शास्त्राज्ञा है कि मेलापक में गुण १८ से अधिक हों तो विवाह शुभ रहते हैं। यदि ग्रह मेलापक ठीक हो तो इससे कम गुण भी ग्राह्य हैं।

ग्रह मेलापक

लग्न, चतुर्थ, सप्तम्, अष्टम्, द्वादश में पापी ग्रह (मंगल, शनि, राहु, सूर्य आदि) हों तो जातक का दाम्पत्य जीवन सुखी नहीं रहता ऐसी ज्योतिष शास्त्र की मान्यता है। इनमें मंगल विशेषतया अधिक हानिकारक होता है इसलिए इस प्रकार की ग्रह स्थिति वालों को मंगली कहा जाता है। दक्षिण भारत में द्वितीय भाव से भी इन ग्रहों की स्थिति वाले जातक को मंगली कहा जाता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वितीय भाव आठवें पड़ता है और आठवां भाव मृत्यु का है अतः सहचर या सहचरी की आयु का विचार इसी भाव से किया जाता है। यहां हम इस दोष का परिहार दे रहे हैं ताकि ग्रह मेलापक में सुभीता रहे।

यदि वर और कन्या दोनों की कुण्डली में उक्त स्थानों में मंगल आदि पाप ग्रह पड़े हों तो विवाह शुभ, लड़के व लड़की की कुण्डली में उक्त स्थानों में पाप ग्रह की संख्या देखें यदि लड़के की कुण्डली में लड़की की कुण्डली से पाप ग्रह संख्या बराबर हो या अधिक हो तो विवाह शुभ अन्यथा अशुभ प्रद जानें। सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो अथवा अधिमित्र के गृह में हो तो मंगली दोष का परिहार हो जाता है।

वर और कन्या के नक्षत्र एवं ग्रह मेलापक देख कर नक्षत्र मेलापक चक्र से वर और कन्या के नक्षत्र के सामने के कोष्ठक में गुणयोग देखें। यदि योग २७ से अधिक हो तो मिलान अत्युत्तम समझें, यदि २७ से कम २० तक गुण मिलें तो उत्तम और १८ तक गुण मिलें तो मध्यम जानें। यदि १८ से कम गुण मिलें तो निंद्य है। यदि ग्रह मेलापक उत्तम हो तो १२ से १८ तक भी गुण मिलें तो विवाह करना शास्त्र सम्मत है।

मंगलीदोष

सभी प्रकार के ज्ञान एवं भारतीय शास्त्रों की उत्पत्ति भारतीय दर्शन से मानी गई है। भारतीय दर्शन जीवन और जगत् के रहस्यों का अनुसंधान और सन्तोष जनक सिद्धान्तों के आधार पर उनकी व्याख्या करता आया है। ज्ञान, दर्शन का स्वरूप और उस की सीमा है। मनुष्य स्वभाव से ही जिज्ञासु प्राणी है और अपनी इसी प्रवृत्ति के कारण किंवा अदम्य जिज्ञासा की प्रेरणा से, वह सदैव दार्शनिक समस्याओं का समाधान

खोजने में लगा रहता है। भारतीय दर्शन आत्मा को अजर-अमर मानता है और कर्मानुसार (कर्मों के अनादि प्रवाह-प्रारब्ध के कारण) देह परिवर्तन को इसका स्वाभाविक गुण मानता है। प्राणी मात्र की देह में रहने वाला यह अविनाशी आत्मतत्व, स्वतंत्र, रूपहीन, नित्य एवं चैतन्य है। यह कर्म बन्धन के ही कारण विनाशशील और परतन्त्र दीख पड़ता है। संसार के इस निगूढ़ तत्व को समझने के लिए ज्योतिष एक दिव्य चक्षु है। इसीलिए इसे वेदांग में गिना जाता है। वेद के अंगों में यह छठा अंग है। ज्योतिष के तेजस् को देख कर ही इसे चाक्षुष प्रत्यक्ष कहा जाता है। ज्योतिष के तीन स्कन्ध हैं जिन में फलित भी एक है। फलित स्कन्ध से ही सामान्य व्यक्ति अधिक प्रभावित होता है। फलित के कारण ही वह ज्योतिषी को सम्मान की दृष्टि से देखता है। वह नहीं जानता कि उस को जन्म पत्रिका में कहां गणितीय त्रुटि है, क्योंकि यह विषय उस की पकड़ से बाहर है। वह तो फलित के प्रति आसक्ति रखता है और उसी से प्रभावित होता है। लोक श्रद्धा ही इस विषय को जीवित रखे हुए है। आज की सबसे बड़ी बिडम्बना यह है कि ज्योतिषी को जीविका के लिए संघर्ष भी करना है और लोग श्रद्धा को अनुकण्ठ बनाये रखने के लिए अनुशीलन भी।

ज्योतिषशास्त्र और ज्योतिषी स्वतन्त्र भारत में इतनी दयनीय अवस्था में आ पहुंचे कि सभी कुछ उन्हें स्वयं करना है और समाज में इस विद्या के प्रति आस्था को सजीव बनाये रखना है। सामन्त तो रहे नहीं, श्रेष्ठी भी नहीं रहे, धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र में यह विज्ञान प्रचार और प्रोपेगंडा में ही सिमट कर रह गया। सभी लोग जानते हैं कि ज्योतिषी होना तो दूर रहा नक्षत्रों की श्रेणी में भी जो नहीं आते वे अपने आप को विश्व विख्यात भविष्यवक्ता कहते नहीं अघाते। ऐसे लोगों द्वारा भविष्यवाणी करने से जो स्थिति बनती है वह ज्योतिष पर आक्षेप लगाती है। ऐसे व्यक्ति अपनी अज्ञानता को छिपाने के लिए अनेक नाटक रचते हैं। उनकी नाट्य कला से उनको भले ही लाभ हो लेकिन इससे ज्योतिष शास्त्र की अपकीर्ति होती है, वह अविश्वसनीय बनता है और लोगों को उसे अन्धविश्वास (सुपरस्टीशन) कहने का अवसर मिलता है।

ऐसे ही मंगली दोष के विषय में अनेक भ्रान्तियां समाज में प्रचलित हैं। प्राचीन काल से ही भारत में कुण्डली मिलान की प्रथा है। विवाह से पूर्व वर तथा कन्या से ग्रहों का मेलापक पर निर्णय लिया जाता है कि आगामी जीवन दोनों का सुखमय रहेगा या दुखमय। विवाह मेलापक के लिए यूं तो अनेकानेक बातों को ध्यान में रखा जाता है लेकिन जितना महत्व मंगली दोष को दिया जाता है इतना अन्य किसी दोष को नहीं।

मंगली दोष का निर्णय करने के लिए वर-कन्या के प्रथम, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम एवं द्वादश भावों को लिया जाता है, दक्षिण भारत में द्वितीय भाव को और मिला लेते हैं। इन भावों में कोई भी क्रूर किंवा पापी ग्रह (मंगल, शनि, सूर्य, राहु, केतु) स्थित हो तो मंगली दोष मान लिया जाता है। चूंकि मंगल वैवाहिक सुख को बिगाड़ने में अपना विशिष्ट स्थान रखता है इसलिए इसी ग्रह के नाम पर इस दोष को मंगली दोष कहा जाता है। प्रायः सर्वत्र ही यह मत प्रचलित है। यहां हम मंगली दोष कब-कितना हो सकता है इस पर विचार करते हैं। ग्रहों की ९ अवस्थाएं मानी जाती हैं, उच्च राशि, मूल, त्रिकोण, स्वराशि, अधिमित्र राशि, मित्र राशि, सम राशि, शत्रु राशि, अधिशत्रु राशि और नीच राशि। अब शंका उठती है कि इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह क्या समान फल कर सकता है। इसका उत्तर है नहीं। दूसरी बात क्या सभी ज्योतिर्विद इन नवों अवस्थाओं में स्थित ग्रह को समझकर मंगली दोष का निर्णय करते हैं इसका उत्तर भी नहीं है, क्योंकि उपरोक्त तथ्य को समझकर मंगली दोष का निर्णय किया जाता तो मंगली दोष को इतना भयंकर नहीं समझा जाता जितना कि आज माना जा रहा है। मंगली दोष का भयावह रूप दर्शाने के लिए किसने कब यह श्लोक रच डाला ज्ञात नहीं है-

लग्नेव्यये च पाताले, जामित्रे चाऽष्टमे कुजे।
कन्याभर्तुर्विनाशाय, भर्तुः कन्या विनाशकः॥

अर्थात् कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें स्थान में मंगल हो तो क्या कन्या भर्ता का और भर्ता कन्या का नाश करते हैं। अगर हम इसकी शब्दावली पर ध्यान दें तो यह श्लोक किसी ऋषि प्रणीत प्रतीत नहीं होता। विवाह से पूर्व कन्या संज्ञा ठीक है लेकिन भर्ता शब्द यहां अनुचित है क्योंकि विवाह से पूर्व लड़के की संज्ञा वर है भर्ता तो विवाह पश्चात् बनेगा। दूसरे जब भर्ता हो गया तो भार्या आना चाहिए कन्या कहां से आया। अतः यह स्वतः प्रमाणित है कि यह श्लोक क्षेपक है आप्त वाक्य नहीं। कितने खेद का विषय है कि ऐसे अनार्थ श्लोकों को मान्यता देकर ज्योतिर्विद जहां अच्छे से अच्छे सम्बन्धों को अनादृत कर देते हैं वहीं ज्योतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुँचाते हैं। ज्योतिष जगत् में फैली इन विसंगतियों के कारण जन-साधारण की आस्था इस शास्त्र के प्रति लुप्त होती है और कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों की नकली कुण्डलियां बनवाकर विवाह सम्बन्ध कर देते हैं।

प्रथम भाव तन है, चतुर्थ सुख-स्थान, सप्तम भाव कामोपयोग को जतलाने वाला है। अष्टम भाव जीवन साथी कुटुम्ब को बतलाता है और द्वादश भाव शय्या सुख का निर्देशक स्थान है। यहां स्थित होकर मंगल उस भाव को दूषित करता ही है साथ ही दृष्टि दोष से दूसरे स्थानों को भी बिगाड़ता है, जैसे लग्न में स्थित मंगल की चतुर्थ, सप्तम और अष्टम स्थान पर ही दृष्टि रखता है, द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से द्वादश में होकर भी सप्तम स्थान पर दृष्टि डालता है। चूंकि सप्तम स्थान से जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना जीवन साथी के सुख का निर्णय किया जाता है और उसका पाप प्रभाव में रहना इस सुख से न्यूनता लाता है। इसलिए मंगलीक दोष का विचार बड़ी सूक्ष्मता से करना चाहिए। यदि हम [illegible] के निकट पहुंच सकते हैं। जैसे लग्न से मंगली दोष मानते हैं वैसे ही चन्द्र से भी देखें तथा शुक्र से भी। शुक्र चूंकि भोग कारक ग्रह है और इससे बना मंगली दोष अधिक बाधाकारक देखा गया है। कुछ लोगों की मान्यता है कि वर और कन्या दोनों मंगली हों तो वैवाहिक सुख नहीं बिगड़ता लेकिन मैंने कई ऐसे जोड़े देखे हैं जिनका दाम्पत्य सुख नगण्य सा ही है। कुछ लोग मानते हैं कि मंगल-शनि आदि ग्रह यदि कारक हों तो बुरा फल नहीं करते ऐसा भी अकाट्य सत्य नहीं है। वृष लग्न की कुण्डली में शनि सर्वाधिक कारक ग्रह है लेकिन दूसरे, आठवें और दसवें स्थान का शनि विवाह विच्छेद कराने में सक्षम होता है। अब तक हमने मंगली योग पर विचार किया अब उसके परिहार पर विचार करते हैं। अर्थात् मंगली दोष किन स्थितियों में अपना फल नहीं दे पाता।

१. सप्तमेश स्वराशिस्थ हो, उच्च का हो, मित्र राशिस्थ होकर स्वस्थान को देखता हो। २. सप्तमेश पर वृहस्पति या शुक्र की पूर्ण दृष्टि हो तो मंगली दोष समाप्त हो जाता है। ३. सप्तम भाव को बली शुक्र या वृहस्पति देखते हों तो मंगली दोष का प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। ४. नीचस्थ या त्रिकस्थ होकर भी सप्तमेश सप्तम भाव को देखें तो मंगली दोष क्षीण हो जाता है।

बेड़ा जातक में एक श्लोक आता है:-

त्यक्तार्के विधवारेऽत्र पापेक्ष्यार्को चिरा प्रिया।
सौम्यैर्धन्या प्रियाऽस्तस्थैः क्रूरैः रण्डा च मिश्रितैः॥

अर्थात् स्त्री की कुण्डली में लग्न से सप्तम सूर्य हो तो पति द्वारा वह स्त्री त्याग दी जाती है या दाम्पत्य सुख से वंचित कर दी जाती है। मंगल हो तो विधवा होती है। शनि हो तो देर से विवाह हो तथा लम्बे समय बाद पति की प्रिया बने। शुभ ग्रह हो तो उत्तम भाग्य वाली, पापग्रह हो तो विधवा, पाप और शुभ दोनों हो तो मिश्रित फल मिलता है। कुण्डली के मात्र सप्तम स्थान में पापग्रह देखकर विधवा कह देना युक्ति-युक्त नहीं है। कुण्डली का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अध्ययन करने के पश्चात् ही कोई निर्णय लेना चाहिए क्योंकि इस निर्णय पर ही दो प्राणियों के वैवाहिक सुख बनाना और बिगाड़ना निर्भर करता है। अनुभव में आया है कि सप्तम और अष्टम स्थान का पापग्रह जितना पीड़ा कारक है इतना अन्य स्थान का नहीं। मैं स्वयं मंगली हूँ मेरी पत्नी मंगली नहीं है इतने पर भी पिछले ४२ वर्षों से हम सानन्द साथ रह रहे हैं। इससे मेरा यह आशय बिलकुल नहीं है कि कुण्डली में मंगली दोष को अनदेखा कर दिया जाये बल्कि इतना ही है कि जहां मंगली दोष देखे वहां उसके परिहार और अन्य शुभ योगों को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए। मंगल से अमंगल की कल्पना से समाज में जो भयावह-प्रभाव उत्पन्न हो गया है। उसी भय को समाप्त करने के लिए लघु लेख की रचना की गई है। आशा है जन-साधारण इससे लाभान्वित होंगे।

वर्ण के गुण

	ब्रा.	क्ष.	वै.	शू.
ब्राह्मण	१	०	०	०

वश्य के गुण

	च.	मा.	ज.	व.	की.
चतुष्पद	२	१	१	०	१

योनिगुण चक्र (४)

	अ.	ग.	मे.	स.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	वा.	न.	सि.
अश्व	४	२	३	२	२	३	३	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

ग्रह मैत्री के गुण चक्र

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.

वर्ण के गुण

	ब्रा.	क्ष.	वै.	शू.
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

वश्य के गुण

	च.	मा.	ज.	व.	की.
चतुष्पद	२	१	१	०	१
मानव	१	२	१	०	१
जलचर	१	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

जन्म कुण्डली मिलान में ३६ गुण हैं। १८ गुण से ऊपर मिलने पर शुभ, २७ गुण से ऊपर अत्यंत शुभ मानते हैं। अन्य बातें भी विचार करते हैं।

योनिगुण चक्र

	अ.	ग.	मे.	स.	श्वा.	मा.	मू.	गौ	म.	व्या.	मृ.	वा.	न.	सि.
अश्व	४	२	३	२	२	३	३	३	०	१	३	२	२	१
गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	१	३	२	२	०
मेष	३	३	४	२	२	३	२	३	३	१	३	३	२	१
सर्प	२	२	२	४	२	१	१	२	२	२	२	२	०	२
श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	१	०	२	२	१
मार्जार	३	३	३	१	१	४	०	२	२	१	२	२	२	२
मूषक	३	२	२	२	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
गौ	३	२	३	२	१	२	२	४	३	०	२	२	३	१
महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
व्याघ्र	१	२	१	२	१	१	२	०	१	४	१	१	२	२
मृग	३	३	३	२	०	३	२	३	२	१	४	२	२	२
वानर	२	३	०	२	२	२	२	२	२	१	२	४	२	३
नकुल	२	२	३	०	२	२	२	२	२	२	२	२	४	२
सिंह	१	०	१	२	१	२	१	१	१	२	२	२	२	४

ग्रह मैत्री के गुण चक्र

	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श
सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
चन्द्र	५	५	४	१	४	॥	॥
मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
बुध	४	१		५	॥	५	४
गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
शुक्र	०	॥	३	५	॥	५	५
शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

गण मैत्री के गुण ६

	दे.	म.	रा.
देवता	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	०	०	६

तारागुण चक्र (३)

	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

तारा देखने की रीति—कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक व वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देने से जो शेष बचे, वह तारा जानिए।

भकूटगुण चक्र (७)

	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी
मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
वृष	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मिथुन	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
कर्क	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
सिंह	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
कन्या	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
तुला	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
वृश्चिक	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
धनु	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
मकर	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
कुम्भ	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

नाड़ीगुण चक्र-८

	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अन्त्य	८	८	०

कुंडली में मंगलादि का विचार १, ४, ७, ८ व १२वें स्थान में मंगल होने से मंगली, वर की कुण्डली में हो तो स्त्री की ओर स्त्री की में हो तो पति को अनिष्ट, यदि दोनों की कुण्डली में हो तो दोष नहीं। इसी प्रकार इन स्थानों में शनि, राहु, केतु व सूर्य का भी विचार करते हैं। यह सब पाप ग्रह मंगल के परिहार हैं। चन्द्र कुंडली से भी इन स्थानों में मंगल आदि का विचार किया जाता है।

नैसर्गिक ग्रह-मैत्री चक्र

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
सूर्य	चं.मं.बृ.	बुध	शु.श.
चन्द्र	सू.बु.	मं.बृ.शु.श.	०
मंगल	सू.चं.बृ.	शु.श.	बुध
बुध	सू.शु.	मं.बृ.श.	चन्द्र
बृहस्पति	सू.चं.मं.	शनि	बु.शु.
शुक्र	बु.श.	मं.बृ.	सू.चं.
शनि	बु.शु.	बृह.	सू.चं.मं.

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्व द्वयस्थानि तथा वधू नाम्। संपात कोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्॥

← कन्या	वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धन			मकर			कुम्भ			मीन		
	नक्षत्र चरण	अ. ४	भ. ४	कृ. १	कृ. ३	रो. ४	मृ. २	मृ. २	आ. ४	पुन. ३	पुन. १	पु. ४	श्ले. ४	म. ४	पू.फा ४	उ.फा १	उ.फा ३	ह. ४	चि. २	चि. २	स्वा. ४	वि. ३	वि. १	अनु. ४	ज्ये. ४	मू. ४	पू.षा ४	उ.षा १	उ.षा. ३	श्र. ४	ध. २	ध. २	श. ४	पू.भा ३	पू.भा १	उ.भा. ४	रे. ४
मेष	अ. ४	२८ ३	३३ ०	२८॥	१८॥ ४	२१॥ -४	२२॥ -४	२६	१७ ३	१९ ३	२३॥ ३	३१॥	२८	२१ +५	२५ +५	१५॥ ३.५	११ ३.६	९ २.३.६	१३ ६	२२॥	२६॥ -२	२२॥	१८॥ -६	२५॥ -६	१४ ३.६	१३॥ ३.५	२५ +५	२३॥ +५	२५	२६	२०	२०	१५ ३	१६ ३	१४॥ ३.४	२४॥ +४	२६॥ +४
	भ. ४	३४	२८ ३	२९ ०१	१९ ०.४.१	२१॥ -४	१४॥ ३४	१८ ३	२६	२७	३१॥	२३॥ ३	२५॥ १	२० १५-	१८ २.५	२६ +५	२१॥ ६	२० ६	४ १.३.६	१३॥ १.३	२९॥	२१॥ १	१७॥ -१६	१७॥ ३.६	१९॥ -१६	२० -१.५	१८ ३.५	२६ +५	२७॥	२६	१० १३२	१० १.३.२	२० -१	२४ -२	२२॥ २४+	१७॥ +३.४	२६॥ +४
	कृ. १	२७॥	२९ १	२८ ३	१८ ३.४	१० १.३.४.०	१६॥ ४	२०	२० १	२१	२५॥	२६॥	२३॥ ३	१६॥ ३.५	२० १.५	२० १.५	१५॥ १.६	१५॥ ६	१८ ६	२७॥	१५॥ ३	१९॥ ३	१५॥ ३.६	१९॥ -६	२५॥ -६	२४॥ +५	१८ १.२.५	१२ ३.१.५	१३॥ १३	११॥ २.३	२५	२५	२७	१९ १	१७॥ १.४	१९॥ १.४	११॥ ३.४
वृष	कृ. ३	१८॥ -४	२० १.४	१९ ३.४	२८ ३	२० ०.१.३	२६॥	१७॥ +४	१७॥ १.४	१८॥ +४	२२	२३	२० ३	१८॥ ३	२२ १	२२ १	२१ १.५	२१ +५	२३॥ +५	२२॥ -६	१०॥ ३.६	१४॥ ३.६	२०॥ ३	२४॥	३०॥	२० ६	१३॥ १.२.६	७॥ १.३.६	१२ १.३.५	१० ३.५.२	२३॥ +५	२९॥	३१॥	२३॥ १	२० १	२२ १	१४ ३
	रो. ४	२३॥ -४	२३॥ ४	११ ३४१	२० ३१	२८ ३	३६ ०	२५॥ ०४	२२॥ +४	२२॥ +४	२६	२७	२२ ३१	१०॥ ३१	२४॥	२७	२६ +५	२६ +५	२० १५-	१९ १६	१५॥ ३.६	९॥ ३१६	१५॥ ३१	२९॥	२३॥ १	१४ १६	१९॥ ६	११॥ ३६२	१६ ३५२	१७ ३५	२० १५-	२४॥ -१	२४॥ -१	३०॥	२७	२७	१९ ३
	मृ. २	२३॥ -४	१४॥ ३४	१८॥ -४	२७॥	३५	२८ ३	१९ ३४	२४ ०४	२२॥ +४	२६	१९ १	२१	१९॥	१५॥ ३	२४॥	२३॥ +५	२६ +५	१३ ३५	१२ ३६	२५ -६	१८॥ -६	२४॥	२१॥ ३	२४॥	१५ ६	१० ३६	१७ २६	२१॥ +२५	२५ +५	१३ ३५	१९ ३	२७	२९॥	२६	१८ ३	२७
मिथुन	मृ. २	२७	१८ ०३	२२	१९॥ +४	२७ +४	२० ३४	२८ ३	३३ ०	३१॥	१९ -४	१२ ३४	१४ ४	२३॥	१९॥ ३	२८॥	३१॥	३४	२१ ३	१४ ३५	२७ +५	२०॥ +५	१४ ६	११ ३६	१४ ६	२३	१८ ३	२५ +२	२० -२६	२३॥ -६	११॥ ३६	१३ ३५	२१ +५	२३॥ +५	२५॥	१७॥ ३	२६॥
	आ. ४	१९ ३	२७	२१ १	१८॥ १४+	२४॥ +४	२६ +४	३४	२८ ३	२५ ०३	१२॥ ०३४	२० -४	१३ १४	२३॥ १	२९॥	२१॥ ३	२४॥ ३	२४॥ ३	२७ १	२० -१५	२७ +५	२० १५+	१३॥ १६	१७ २६	५ १३६२	१६ १३	२८	२८	२३ -६	२३ -६	१७॥ -१६	१९ +१५	१२ १३५	१७ ३५	१९ ३	२६॥	२६॥
	पुन. ३	२० ३	२७	२३	२०॥ +४	२२॥ +४	२३॥ +४	३१॥	२४ ३	२८ ३	१५॥ ३४-	२२॥ ०४	१७ -४	२२॥ +२	२६॥ +२	२१॥ ३	२४॥ ३	२५॥ ३	२७॥	२०॥ +५	२८ +५	२२ +५	१५॥ ६	२१॥ ६	७ ३६	१४ ३	२७	२७	२२ -६	२३ -६	१७॥ -६	१८॥ +५	१४ ३५	१६ ३५	१८ ३	२८	२७॥
कर्क	पुन. १	२२॥ ३	२९॥	२५॥	२२	२४	२५	१८ ४	१०॥ ३४	१४॥ ३४	२८ ३	३५ ०	२९॥	१६॥ २४	२०॥ २४	१५॥ ३४	१८ ३	१९ ३	२१	२०॥	२८	२२	२०॥ +५	२६ +५	११॥ ३५	८ ३६	२१ -६	२१ -६	२६	२७	२१	१२॥ ६	८ ३६	१० ३६	१६ ३५	२६ +५	२५॥ +५
	पु. ४	३०॥	२१॥ ३	२६॥	२३	२५	१८ ३	११ ३४	१८ ४	२१॥ ४	३५	२८ ३	३० ०	१९॥ +४	१५॥ ३४	२३॥ +४	२६	२७	१२ ३	११॥ ३	२६॥	२१	१९ -५	१८ ३५	२१ -५	१७	११ २३६	२१ ६	२६	२५ -२	१३ ३	४॥ ३६	१४॥ ६	१८ ६	२४ +५	१८ ३५	२७ +५
	अश्ले.४	२६	२४॥ १	२२॥ ३	१९ ३	११ ३१	१९	१२ ४	१२ १४	१५ ४	२८॥	२९	२८ ३	१५ ३४२	१५॥ १४२	१८॥ १४	२१ १	२१	२६	२५॥	१२॥ ३	१७॥ ३	१५॥ ३५	२० -५	२६ -५	२२॥ ६	१६ १६	८ ३१६	१३ १३	१३ ३	२६	१७॥ ६	१९॥ ६	११॥ १६	१७॥ १५-	२१ १५	१३ ३५
सिंह	म. ४	२० +५	२० १५	१६॥ ३५	१७॥ ३	९॥ ३१	१७॥	२१॥	२२॥ १	२०॥ -२	१६॥ २४+	१९॥ +४	१६ ३४२	२८ ३	३० ०१	२७॥ १	१६॥ १४	१६॥ +४	२१॥ ४	२४॥	११॥ ३	१६॥ ३	२२॥ ३	२५॥	३३	२५ +५	१९ १५	८॥ १३५	३॥ ३१६	४॥ ३६	१८॥ ६	२४॥	२५॥	१८॥ १	१८॥ १६-	१९॥ १५-	१३ ३६
	पू.फा.४	२६ +५	१८ ३५	२० १५-	२१ १	२३॥	१५॥ ३	१९॥ ३	२८॥	२६॥ -२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	१६॥ १२४	३० -१	२८ ३	३५ ०	२४ ०४	२२ +४	७॥ १३४	१०॥ १३	२५॥	१८॥ १	२४॥ -१	२३॥ ३	२५॥ -१	१९ १५+	१७ ३५	२४ +५	१७॥ ६	१८॥ ६	४॥ १३६	१० १३	१९॥ १	२४॥	२४॥ -६	१७॥ ३६	२५॥ -६
	उ.फा.१	१६॥ ३५	२६ +५	२० १५-	२१ १	२६	२४॥	२८॥	२०॥ ३	२१॥ ३	१७॥ ३४	२५॥ +४	१९॥ १४-	२७॥ -१	३५	२८ ३	१७ ३४	१६ ०३४	१३॥ १४२	१६॥ १२	२५॥	१६॥ १२	२२॥ -१२	३१॥	१७॥ १३	९॥ १३५	२५ +५	२५ +५	२० ६	२० ६	११॥ १६	१७॥ १	११॥ १३	१५॥ ३	१५॥ ३६	२६॥ -६	२५॥ -६
कन्या	उ.फा.३	१३ ३६	२२॥ ६	१६॥ १६	२१ १५+	२६ +५	२४॥ +५	३१॥	२३॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२२ १	१७॥ १४	२५ +४	१८ ३४	२८ ३	२७ ०३	२४॥ १२+	१६॥ १२४-	२५॥ +४	१६॥ १२४	१८ १२	२७	१३ १३	१४ १३	२९॥	२९॥	२४॥ +५	२४॥ +५	१६ १५+	१६॥ -६	१०॥ ३१६	१४॥ ३६	१७॥ ३	२८॥	२७॥
	ह.४	१० २३६	२० ६	१७॥ ६	२२ +५	२५ +५	२६ +५	३३	२२॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२३	१८॥ +४	२२॥ +४	१६ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०	२० ०४	२६॥ +४	१८॥ +४	२०	२६	१३ ३	१५ ३	२७	२८॥	२३॥ +५	२४॥ +५	१८॥ +५	१९ ६	८॥ ३६२	१३॥ ३६	१६॥ ३	२६॥	२७॥
	चि. २	१३ ६	५ १३६	१९ ६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	१९ ३	२६ १	२५॥	२१	१२ ३	२७	२२॥ +४	८॥ १३४	१४॥ १२४	२४॥ १२	२७	२८ ३	२० ३४	१९ ०४	२६॥ +४	२८	११ ३	२५	२७	१४ १३	२२ १	१७ १५	१८॥ +५	१५॥ ३५	१६ ३६	२४ -६	१६॥ १६	१९॥ १	१०॥ १३२	१९॥

वर्णवश्य आदि के संयोग से निर्मित यह गुण-दोष सारणी जिसमें ऊपर की पंक्ति में वर के नक्षत्र, खड़ी लाइन में कन्या के नक्षत्र लिखे हैं और सम्पात कोष्ठकों के ऊपरी भाग में गुण संख्या तथा नीचे महादोषों के चिन्ह दिए हैं। जिन्हों का [illegible]

भाग-२

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्व द्वयस्थानि तथा वधू नाम्। संपात कोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्॥

↓ कन्या	वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धन			मकर			कुम्भ			मीन		
	नक्षत्र चरण	अ. ४	भ. ४	कृ. १	कृ. ३	रो. ४	मृ. २	मृ. २	आ. ४	पुन. ३	पुन. १	पु. ४	श्ले. ४	म. ४	पू.फा ४	उ.फा १	उ.फा ३	ह. ४	चि. २	चि. २	स्वा. ४	वि. ३	वि. १	अनु. ४	ज्ये. ४	मू. ४	पू.षा ४	उ.षा १	उ.षा. ३	श्र. ४	ध. २	ध. २	श. ४	पू.भा ३	पू.भा १	उ.भा. ४	रे. ४
तुला	चि.२	२२॥	१४॥ १३	२८॥	२३॥ +६	२० १६	१२ ३६	१३ ३५	२१ १५	१९॥ +५	२०॥	११॥	२६॥	२५॥	११॥ १३	१७॥ १२	१७॥ १२४	२० +४	२१ ३४	२८ ३	२७ ०	३४॥	२३॥ ४	६॥ ३४	२०॥ ४	२७	१४ १३	२२ १	२५ ०१	२६॥	२३॥ ३	१८ ३५	२६ +५	१८॥ १५	१२॥ १६	३॥ १३६२	१२॥ ६
	स्वा.४	२७॥ +२	२९॥	१७॥ ३	१२॥ ३६	१५॥ ३६	२६ -६	२७ +५	२६ +५	२८ +५	२९	२७॥	१४॥ ३	१३॥ ३	२५॥	२५॥	२५॥ +४	२७॥ +४	२१ +४	२८	२८	२० ०३	९ ०३४	२१॥ ४	१६॥ ४	२३	२७	१९ ३	२२ ३	२३ ३	२६॥	२१ +५	२० ५२+	२५ +५	१९ ६	१९॥ ६	१२॥ ३६
	वि.३	२२॥	२२॥ १	२०॥ ३	१५॥ ३६	१०॥ १३६	१८॥ -६	१९॥ +५	२० १५	२१ +५	२२	२१	१८॥ ३	१७॥ ३	१९॥ १	१७॥ १२	१७॥ १६२	१८॥ +४	२७॥ +४	३४॥	१९ ३	२८ ३	१७ ३४	१६ ०४	२०॥ ४	२७	२२ १	१४ १३	१७ १३	१७ ३	३०	२४॥ +५	२६ +५	२० १५	१४ १६	१३ १६२	४॥ ३६
वृश्चिक	वि.१	१६॥ +६	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१४॥ १३	२२॥	१२ ६	१२॥ १६	१३॥ ६	१९ -५	१८ -५	१५॥ -५	२१॥ ३	२३॥ १	२१॥ १२	१७ १२	१८	२७	२२॥ ४	७ ३४	१६ ३४	२८ ३	२७ ०	३१॥	२१॥ +४	१६॥ ४१	८॥ १३४	१२ १३	१२ ३	२५	२४	२५॥	१९॥ १	१९ १५	१८ १५	९॥ ३२५
	अनु.४	२४॥ -६	१५॥ ३६	१९॥ -६	२४॥	२७॥	२०॥ ३	१० ३६	१५ २६	२०॥ ६	२६ -५	१८ ३५	२१ -५	२४॥	२०॥	२९॥	२५	२६	११ ३	६॥ ३४	२१॥ ४	१६ ४	२८	२८ ३	३१ ०	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ +४	२५	२६	१२ ३	११ ३	२१	२४॥	२४ +५	१८ ३५	२७ +५
	ज्ये.४	१२ ३६	१८॥ १६	२४॥ -६	२९॥	२२॥ १	२२॥	१२ ६	२ ३१६२	५ ६३	१०॥ ५३	२० +५	२६ -५	३१	२३॥ १	१६॥ १३	१२ १३	१२ ३	२४ ०	१९॥ ४	१४॥	१९॥ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१६॥ १४	२० १	२०	२५	२४	१८ ३	१० १३	९॥ १३५	२१ १५	२१ +५
धन	मू.४	१२ ३५	२० १५	२४॥ +५	१९॥ ६	१३ १६	१३ ६	२१	१५ १३	१२ ३	८ ३६	१७ ६	२३॥ ६	२५ +५	१९ १५	९॥ १५३	१३ ३१	१३ ३	२७	२६	२१	२६	२२॥ +४	१५॥ +२४	१५ ३४२	२८ ३	२८ ०१	२६॥ १	१५ १४	१५ ४	२० ४	२८॥	२१॥ ३	१४॥ १३	१६ १३	२५ १	२६॥
	पू.षा.४	२६ +५	१८ ३५	१८ -१२५	१२॥ १६२	१८ ६	१० ३६	१८ ३	२७	२७	२३ ६	१३ २३६	१७ १६	१९ -१५	१७ ३५	२५ +५	२८॥	२७	१३ १३	१३ १३	२७	२१ १	१७॥ १४-	१५॥ ३४	१७॥ १४-	२८ +१	२८ ३	३४ ०	२२॥ ०४	२३ ४	६ १३४	१४॥ १३	२३॥ १	२८॥	३०	२३ ३	३१
	उ.षा.१	२४॥ +५	२६ +५	१२ १३५	६॥ १३६	१०॥ २३६	१७ २६	२५ +२	२७	२८	२३ ६	२३ ६	९ १६३	८॥ १५३	२४ +५	२५ +५	२८॥	२८॥	२१ १	२१ १	१९ ३	१३ १३	९॥ १३४	२३॥ +४	१७॥ -१४	२६॥ -१	३४	२८ ३	१६॥ ३४	१४॥ ३४०	१५ १४	२३॥ १	२३॥ १	२९॥	३१	३१	२३ ३
मकर	उ.षा.३	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३५	१६ २३५	२२॥ २५+	२० २६+	२२ -६	२२ -६	२८	२८	१४ १३	४॥ १३६	२० ६	२१ ६	२४॥ +५	२४॥ ११	१७ १५	२४ -१	२२ ३	१६ १३	१३ ३१	२७	२१ १	१६ १४	२३॥ ४	१७॥ ३४	२८ ३	२६ ३०	२६॥ +१	१७ १४+	१७ १४+	२३ +४	३०॥	३०॥	२२॥ ३
	श्र.४	२७	२६	१३॥ ३२	११ ३५२	१६ ३५	२५ +५	२२॥ -६	२१ -६	२२ -६	२८	२६ +२	१५ ३	६॥ ३६	१८॥ ६	२० ६	२३॥ +५	२४॥ +५	१९॥ ५	२६॥	२२ ३	१७ ३	१४ ३	२७	२२	१७ ४	२३ ४	१४॥ ३४	२५ ३	२८ ३	२८ ०	१८॥ ०४	१८ +४	२१ +४	२८॥	२९॥	२२॥ ३
	ध.२	२०	११ १३२	२६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	९॥ ३६	१६॥ १६	१५ -६	२१	१३ ३	२७	१९॥ ६	५॥ १३६	१२॥ १६	१५॥ १५	१७॥ +५	१५॥ ३५	२२॥ ३	२४॥	२९	२६	१२ ३	२६	२१ ४	७ ३४१	१६ ४१	२६॥ १	२७	२८ ३	१८॥ ३४	२३॥ ४०	१९ १४	२६॥ १	१५॥ १३	२२॥ +२
कुम्भ	ध.२	२०	११ १३२	२६	३०॥	२७ १	१९ ३	१२ ३५	१९ १५	१७॥ +५	१२॥ ६	४॥ ३६	१८॥ ६	२६॥	११॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१९ +६	१७ ३६	१८ ३५	२० -५	२४॥ -५	२५	११ ३	२५	२९॥	१५॥ १३	२४॥ १	१८ १४	१८॥ +४	१९॥ +४	२८ ३	३३ ०	२८॥ १	१८ १४	७ १३४	१४ ४२
	श.४	१५ ३	२१ १	२८	३२॥	२५॥ १	२७	२० +५	१२ १३५	१३ ३५	६॥ ३६	१४॥ ६	२०॥ ६	२६॥	२०॥ १	१२॥ १३	११॥ १३६	८॥ २३६	२५ ६	२६ +५	१९ +५	२६ +५	२६॥	२१	१९ ३	२२॥ ३	२४॥ १	२४॥ १	१८ १४	१८॥ +४	२४॥ +४	३३	२८ ३	१९ ०	८॥ ०	१७ १४	१६ ४
	पू.भा.३	१८ ३	२५ +२	२० -१	२४॥ -१	३१॥	३१॥	२४ +५	१७ ३५	१८ ३५	१२ ३६	२० ६	१२॥ १६	१९॥ १	२५॥	१६॥ ३	१५॥ ३६	१५॥ ३६+	१७॥ १६	१८॥ १५	२६ +५	२० +१५	२०॥ १	२६॥	११ १३	१५॥ १३	२९॥	३०॥	२४ +४	२३॥ +४	२० -१४	२८॥ -१	१९ १३	२८ ३	१७॥ ३४	२२॥ ०४	२० ४२
मीन	पू.भा.१	१४॥ ३४	२१॥ +२४	१६॥ -१४	१९ १	२६	२६	२५॥	१८ ३	१८ ३	१७ ३५	२५ ५	१७॥ १५	१७॥ -१६	२३॥ +६	१४॥ +३६	१६॥ ३	१६॥ ३	१८॥ +१	११॥ १६	१९ ६	१३ १६	१९ १५-	२५ +५	९॥ १३५	१५ १३	२९	३०	२९॥	२८॥	२५॥ १	१७ १४	७॥ १३४	१६॥ ३४	२८॥ ३	३३ ०	३०॥ +२
	उ.भा.४	२४॥ +४	१६॥ ३४	१८॥ -१४	२१ १	२६	१८ ३	१७॥ ३	२५॥	२८	२७ ५	१९ ३५	२१ १५	१८॥ -१६	१६॥ ३६	२५॥ +६	२७॥	२६॥	९॥ १३२	२॥ १३६२	१९॥ ६	१२ १६२	१८ १५२	१९ ३५	२१ -१५	२४ ०१	२२ ३	३०	२९॥	२९॥	१४॥ १३	६ १३४	१६ १४	२१॥ ४	३३	२८ ३	३५ ०
	रे.४	२५ +४	२४॥ +४	११॥ ३४	१४ ३	१७ ३	२६	२५॥	२४॥	२६॥	२५॥ ५	२७ ५	१४ ३५	१३ ३६	२३॥ +६	२३॥ +६	२५॥	२६॥	१९॥	१२॥ ६	११॥ ३६	४॥ ३६	१०॥ ३५	२७ +५	२२ +५	२६॥	२९	२१ ३	२०॥ ३	२१॥ ३	२२॥ -२	१४ ४२	१६ ४	१८ ४२	२९॥ +२	३४	२८ ३

और जहां थोड़ा दोष समझा गया वहां (-) चिन्ह है, जहां (स्वामी मैत्री आदि के) दोष का पूरा निर्वाह हैं वहां (+), ऐसा चिन्ह बता दिया है और जिस जगह वर के नक्षत्र से पूर्व वधू का नक्षत्र है (इस का भी महादोष हैं) वहां ० शून्य का चिन्ह हैं और जहां कोई भी महादोष नहीं मिलता वहां केवल गुण ही लिखें है। जैसे कृतिका के प्रथम चरण वर का नक्षत्र और अश्विनी वधू नक्षत्र के सामने सम्पात कोष्ठक में २८॥ गुण ही लिखे हैं।

ताराबल-बोधिनी तालिका

१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

१२. गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं हैं।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. संतान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. संबंधी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

१३. अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।
३. गड़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं हैं।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।

१४. वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह संबंध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकद्दमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

१५. वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गड़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. विद्या प्राप्ति में विघ्न आयेंगे।
८. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१५. संतान सुख भाग्य में नहीं है।

१६. यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा, परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गड़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।

११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।

१७. कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गड़े धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसा योग नहीं है।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

१८. सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गड़ा धन भाग्य में नहीं है।
९. जीवन में सफलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगाकर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

१९. चन्द्र

१. कर्ज मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जाएगी, ईश्वराधना करें।
४. व्यापार से लाभ रहेगा।

आर्यभट्ट पञ्चाङ्गम्
६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विस्वासु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
२. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा विलम्ब से मिलेगा।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१५. जीवन में ...
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।

६. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विवाह के लिए विस्वासु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गड़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

२०. मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नही लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गड़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

२१. बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ मिलेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गड़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति का योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमत मन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

२२. बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।
२. प्रवास[illegible]
३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा बिलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गड़ा धन मिलना सम्भव नहीं है।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
१५. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

२३. शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट जायेगा।
४. खोई हुई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करो।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

२४. शनि

१. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाईयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असम्भव ही है।
१३. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
१४. गड़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

२५. राहु

१ यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुंआ बन जाएगा।
३. भाईयों से नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गड़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

२६. केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआ नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

२७. मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआ बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
८. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

२८. पृथ्वी

१. इच्छा पुरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआं बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

२९. काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अधम रहेगा।
६. कुंआं बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

३०. शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
३. इच्छा पूरी होने में देरी है।
४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाईयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

३१. यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. कुआं निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

३२. तक्षक

१. तीर्थ यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
३. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
४. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
५. इच्छा पूरी होने में देरी है।
६. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
७. दिन शुभ रहेगा।
८. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
९. कुंआ देर से बनेगा।
१०. भाईयों से मेल कम रहेगा।
११. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
१२. प्रवासी नहीं लौटेगा।
१३. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
१४. कर्ज मिलने में सन्देह है।
१५. मित्र का साथ कम रहेगा।

मंत्रों द्वारा कामना सिद्धि प्रयोग

पुत्र प्राप्ति के लिये:- ''ऊँ ह्रां ह्रीं हूं पुत्र करू स्वाहा'' इस द्वादशक्षर मंत्र का आम के वृक्ष पर बैठकर एकाग्र मन से जो एक वर्ष तक निरंतर जप करता है, उसको अवश्य ही पुत्र की प्राप्ति होती है, ऐसा भगवान शंकर जी ने कहा है।

पत्नी की प्राप्ति के लिए:- पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्। तारिणीं दुर्गसंसारसागरस्य कुलाद्भवाम्॥ (दुर्गा सप्तसती) इस मंत्र का सवा लाख जप स्वयं करने से शीघ्र पत्नी की प्राप्ति (विवाह) हो जाता है और 'पत्नी मनोरमां देहि.' इस मंत्र के सम्पुट से दुर्गा के 100 पाठ अर्थात् शतचण्डी कराने से शीघ्र विवाह हो जाता है। स देवि नित्यं परितप्यमानस्त्वामेव सीतेत्यभिभाषमाणः। दृढ़व्रतो राजसुतो महात्मा तवैव लाभाय कृतप्रयत्नः॥ (बाल्मीकीय रामायण, सुदंरकांड 36/46) इस यंत्र का सवा लाख जप करने और इसी मंत्र के सम्पुटित बाल्मीकीय रामायण के सुदंर कांड का कम से कम 1 पाठ स्वयं अथवा ब्राह्मण से कराने पर शीघ्र विवाह हो जाता है।

वर प्राप्ति के लिये:- हे, गौरि! शकङ्रार्धांग्ङि! तथा त्वं शङ्करप्रियाता। तथा मां कुरु कल्याणि! कान्त कान्तां सुदुर्लभाम्॥ भगवती पार्वतीजी का पूजन करके उपर्युक्त मंत्र का प्रतिदिन 5 माला जप करने से शीघ्र पति (वर की) की प्राप्ति हो जाती है। पार्वती जी का पूजन कर जो कन्या श्री रामचरित मानस के बालकाण्ड के 234 दोहे के बाद 'जय जय गिरिराज किशोरी' से 'मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे' यहां तक 236 दोहों का प्रतिदिन श्रद्धा विश्वास पूर्वक पाठ करती है, उसका शीघ्र विवाह हो जाता है। **कात्यायनि महामाये महायोगिनीधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः॥** (श्री मद्भागवत 10/ 22/ 4) कात्यायनि देवी अथवा पार्वती देवी की फोटो सामने रखकर जो कन्या उसका पूजन कर उपर्युक्त मंत्र की 1 माला जप प्रतिदिन करती है, उसका विवाह शीघ्र हो जाता है। **ऊँ देवेन्द्रामणि नमस्तुभ्यं देवन्द्रप्रियभामिनी। विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रलाभं च देहि मे॥** उपर्युक्त मंत्र का 108 बार कन्या को जप करना चाहिए। जप करने की विधि यह है कि तुलसी के पौधे का पूजन करके उसके सामने तुलसी की माला पर 108 बार जप पूर्ण होने पर तुलसी के पौधे की 12 बार परिक्रमा करनी चाहिए। प्रत्येक परिक्रमा में दुग्ध और जल से भगवान् सूर्यनारायण को अर्घ्य देते हुए 'ऊँ देवेंद्राणि नमस्तुभ्यम्' मंत्र को भी पढ़ना चाहिए। कन्या को चाहिए कि वह अपने दाहिनी हाथ में दुग्ध [illegible] ही 12 बार देना चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त विधि से जप और सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती है, उसको बहुत शीघ्र वर की प्राप्ति हो जाती है। **ऊँ शं शंकराय सकल जन्मर्जितपापविध्वंसनाय। पुरुषार्थचतुष्ठयलाभाय च पतिं देहि कुरू कुरू स्वाहा॥** उपर्युक्त मंत्र का जप तीन माला तुलसी की माला पर करने से कन्या का विवाह शीघ्र हो जाता है। जप की विधि यह है कि भगवान् शंकर और अन्न पूर्णा की फोटो सामने रखकर उसका प्रतिदिन पूजन करके धूप बत्ती जलाकर जप करे। जप जहां किया जाय, वहां मिट्टी के गमले में अथवा टीन में केले के स्तंभ को रखकर उसको मौजी (नाला) से 9 अथवा 11 बार लपेट कर उस केले के वृक्ष की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए और जप के बाद केले के स्तंभ की 4 बार अथवा 9 बार परिक्रमा करनी चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त अनुष्ठान नित्य करती है उसका शीघ्र विवाह हो जाता है।

ज्वर से मुक्त होने के लिए:- ऊँ भस्मायुधाय विद्ममहे एकदंष्ट्राय धीमहि। तन्नो ज्वरः प्रचोद्यात॥ इस मंत्र की उत्पत्ति संहारोत्पत्ति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान् से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है। दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्टैव कालानलसन्निभानि। दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास॥ (श्रीमद्भागवद् गीता 11/25) इस मंत्र का उत्पत्ति संहारोत्पति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है।

लक्ष्मी प्राप्ति के लिए:- ऊँ श्रीं श्रियै नमः स्वाहा। इस मंत्र से बाल्मीकीय रामायण के सुदंरकाण्ड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति अग्नि में देनी चाहिए। अनन्तर सर्ग की समाप्ति पर 'ऊँ रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम। भो दशास्यान्तकास्माकं रक्षां देहि श्रियं च ते।' इस मंत्र का पाठ करना चाहिए। 'ऊँ श्रीं श्रियै नमः महां श्रियं देहि देहि दापय दापय स्वाहा।' इससे बाल्मीकि रामायण के सुदंरकांड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति देनी चाहिए। **विधि:-** इस अनुष्ठान का प्रारम्भ दीपावली की रात्रि को दीपक जलाने के बाद करना चाहिए। 8 दिनों तक प्रतिदिन सात सर्ग का और 9 वें दिन बारह सर्ग का पाठ करके नौ दिन में पाठ पूरा करना चाहिए। अथवा प्रतिदिन सात, पांच, तीन या एक सर्ग का पाठ करके अड़सठ दिनों में सुन्दरकाण्ड का 7, 3 अथवा 1 पाठ पूर्ण करना चाहिए। [illegible]

भूत प्रेत बाधा की निवृत्ति के लिए:- स्थाने हृषिकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनु च। रक्षांसि भतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघा॥ (गीता 11/36) इस मंत्र का सवा लाख जप करके सर्वप्रथम सिद्ध करना आवश्यक है। पश्चात् उपर्युक्त मंत्र काम करता है। भूत-प्रेत आवेश होने पर मिट्टी के किसी शुद्ध पात्र में गंगाजल लेकर अथवा कूप का जल लेकर 7 बार उपर्युक्त मंत्र को बोलकर उसमें दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली को फिरा (घुमा) दें। फिर उस जल में से थोड़ा सा रोगी को पिला देना चाहिए। बा हुआ जल रोगी के समस्त अंगों पर छिड़क देना चाहिए। जब तक रोगी की भूत-प्रेत बाधा शांत न हो, तब तक प्रतिदिन दो बार प्रातः और सायंकाल इस प्रयोग को करना चाहिए।

मस्तक पीड़ा की निवृत्ति के लिए :- ऊँ नमो आदेश गुरु को बाल में कपाल, कपाल में भेजी, भेजी में कीड़ा करे पीड़ा, सोने का शाला का रूप का हथोड़ा, ईश्चर गढ़े गौरिया तोड़े इनका श्राप श्री महादेव तोड़े शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मंत्र ईश्वर वाचा। अपने बाएं हाथ में 7 बार थोडी-थोड़ी पवित्र राख (भस्म) को लेकर दाहिने हाथ से ढककर उपर्युक्त मंत्र को 7 बार पढ़कर दर्द वाले मस्तक पर लगाने से दर्द दूर हो जाता है।

मित्रता के लिए:- ऊँ दमयन्तीनलाभ्यां च नमस्कारं करोभ्यहम। अभिवादी भवेदत्र कलिदोष प्रशान्तिदः॥1॥ ऐकतत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथधियाम्। निर्वैरिता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद में ॥2॥ उपर्युक्त दोनों मंत्रों से अलग-अलग पायस (खीर) में घृत डालकर हवन करने से शत्रुता हटकर मित्रता हो जाती है। यह अनुष्ठान कम से कम 61 दिन का है।

शत्रुता कराने के लिए:- ऊँ महाभैरवाय श्मशान- अमुको- विद्वेषं कुरु फट्। इस मंत्र का 41 दिन तक 108 बार जप करने से प्रेमियों का प्रेम हटकर परस्पर शत्रुता हो जाती है। मंत्र में जिन जगहों पर अमुक-अमुक शब्द लिखा है, उस स्थान पर प्रेमियों का नाम लिखना चाहिए जिसकी शत्रुता करानी हो।

शूल निवृत्ति के लिए:- ऊँ मीढुष्टम शिवतम शिवो नः सुमना भवः। परमे वृक्षऽआयुधं कृत्तिंवसानऽआचार पिनाकं विभ्रदागहि॥ (शुक्ल यजुर्वेद 16/51) इस मंत्र का पाठ अथवा जाप करने से मनुष्य के दर्द दूर हो जाते हैं।

सुख से प्रसव होने के लिए:- ऊँ मुक्तापाशा विपाशश्च [illegible]

स्वाहा ॥ इस मंत्र द्वारा पवित्र जल को आठ बार अभिमंत्रित करके गर्भिणी स्त्री को जल पिलाने से उसको सुख से प्रसव होगा।

पति को वश में करने के लिए:- ऊँ नमो महायक्षिणि पतिं में वश्यं कुरू कुरू स्वाहा। इस मंत्र को दीपावली अथवा ग्रहण के दिन 108 बार जप करके सिद्ध कर लें। पश्चात् 31 दिन 108 बार जप करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है।

जलती अग्नि शीतल हो:- ऊँ नमो कोरा करावा जल सा भरिया, ले गौरा के सिर पर धरिया, ईश्वर ले गौरा नहाय, ई जलती अग्नि शीतल हो जाय। शब्द सांचा पिंड काचा फरो मंत्र ईश्वरो वाचा ॥ इस मंत्र को ग्रहण या दीपावली में जगा लेवें। **विधि:-** कुंए के सन्निकट से सात कंकड़ी लेकर प्रत्येक पर सात बार मंत्र पढ़कर अग्नि की ओर फैंके।

नजर झाड़ने का मंत्र:- गुरु चरणे दिया मन, श्रीहरी मोक्ष कारन, देव दानव दैत्यानी लाई, नरसिंह वरा आसी सब उड़ाई, आलाली पालाली चोटी चोटी हुंकारे फुंकारे उड़ाय, माटी शलिकेर पांव देख टुकरियाजय अमुकार अंगे डाइनेर दृष्टि पलाय कार अक्षावीर नरसिंह आज्ञा। दीपावली में सिद्ध करके इस मंत्र को झाड़ने का विधान है।

सर्प विषनाशक मंत्र औषधि:- गरुड़ास्य मंत्र ऊँ सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्वृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्वृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम आत्माछन्दास्यंकानि यजुंविषनाम। साम ते तनुर्वामदेव्यं यज्ञयज्ञियम्पुच्छन्धिष्ठायाऽशम्या सपुर्णोसि गरुश्रममान्दिवं गच्छ स्व: पत ऊँ। इसे ग्रहण में सिद्ध कर नीम की टहनी या अपामार्गा से झाड़े का विधान है। दधि मधु नवनीता, पीप्पली श्रृंगवेरं, मीरचमपि कूटो प्रतिहंन्सा सुकेशी। यदि दसति सरोपो, तक्षको वासुकी वा, यमस दनगतानां नास्ति मृत्युर्नराणम् ॥ गाय के ताजे दूध से निकाला जाता मक्खन, गाय का दही, शहद, पीपल, अदरक, मिर्च और कूट बराबर मात्रा में मिलाकर सांप से डसे हुए व्यक्ति को पिला देने से विष उतर जाएगा।

चिन्ता निवारण लक्ष्मी प्राप्ति मंत्र:- ऊँ ह्रीं कमले कमल वालेय प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मयै नमः।

स्थायी धनस्थिति मंत्र:-ऊँ ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः।

प्रसव समये जल मंत्र:- आकाश टले पवन राम लक्ष्मण दुई लाचा सुन की कर कोका कोकी रिक्ता कुण्डली बसिया बाहिर हव असिया सिद्ध गुड़ कालिका चराडीर वरे शीघ्र करिया भूमे पड़े। **विधि:-** ताजा शुद्ध जल को सात बार मंत्र पढ़कर पसेने के पश्चात् पिलाने का विधान है।

मृत्युंजय मंत्र:- ऊँ ही ऊँ जूं स: भूर्भव स्व: त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधिपुष्टिर्धनम्। उर्वारूकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् भूर्भव: स्वरो जूं स: ह्रौं ऊँ। पुरोणोक्तमृत्युंजय मंत्र- मृत्युंजयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे। अमृतेशाय शवाय महादेवाय ते नमः।

धनधान्य पूर्ण कर अन्नपूर्णा मंत्र:- ऊँ ह्रीं क्लीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहां क्लीं श्रीं ह्रीं ऊँ। इस मंत्र के प्रभाव से धन धान्य पूर्ण रहता है। दो लक्ष जप, तिल, लाल धान की लाई, खीर, दाख, गोघृत से हवन करना चाहिए। दो लक्ष का पुरश्चरण क्षेत्र के भीतर यंत्र या ताबीज गाड़ देते हैं, उससे धान्य बढ़ता है।

सर्वसिद्धि हनुमानजी का अष्टादशाक्षर मंत्र:- ऊँ नमो भगवते आंजनेयाय महाबलाय स्वाहा। खीर, दाख, उखरस, पला, पीपल, शैर की लकड़ी से हवन एक लक्ष का पुरश्चरण। भेद यह है कि कामना के लिए अनुकूल हवन वस्तु होनी चाहिए।

बिच्छु झाड़ने का मंत्र:- ऊँ छ: फट् स्वाहा। जल अभिमंत्रित करके देना। आदित्यरथ वेगेन विष्णुबाणबलेन च ताक्ष्र्य पक्षनिपातेन भूम्यां गच्छ महाविष ॥ **विधि:** राई से उतारना।

आंख झाड़ने का मंत्र:- शर्यातिंच संकन्यांच च्यवनं शुक्रमश्विनौ। संध्ययो: स्मरतां नित्यं तस्य चक्षुर्न नश्यति ॥ मंत्र पढ़कर जल से धुलवायें।

ज्वर झाड़ना:- 1. ऊँ नमो नरहरे रोगापहारिणे ज्वरं नाशय नाशय सुखमारोग्यं कुय स्वाहा। इस मंत्र को सात बार पढ़कर झाड़ें तो ज्वर न रहे। 2. ऊँ नमों अजैपालकी दुहाई जो ज्वर रहे तो महादेव की दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरों वाचा। इस मंत्र को दीपावली की रात्रि में सात बार पढ़कर तथा धूप दीप देकर सिद्ध कर लेना चाहिए।२

अन्तर तिजारा चौथिया का मंत्र:-ऊँ लंकायाम तीरे कुमुदो नाम वानर:। तस्य स्मरणमात्रेण ज्वरो याति दिशोदश ॥ से पीपल के पत्ते पर लिखकर डोर से बांध देवे।

यात्रा में स्मरण करने का मंत्र:-य: स्मरेततुलसी सीता रामं सौमित्रिणा सह। कार्य कृत्वा रिपूंजित्वा क्षेमेणायाति वै नर:॥ थोड़ा सा दही खाकर यात्रा आरंभ करें और चंदन तिलक से सदा पूर्ण रहें।

बीमारी दूर भगाने के लिए:- गांव में पशुओं की बीमारी न आवे इसके लिए गुरु पुष्य हस्तार्क अथवा उत्तम पर्व में मिट्टी के बड़े सकोरे के भीतर मंत्र लिखकर गोशाला में लटका दें तो बीमारी नहीं होगी। मंत्र:- अर्जुन: फाल्गुनो जिष्णु: किरीटी श्वेतवाहन:। बीभत्सुविजयी पार्थ सव्यसाची धनंजय:। कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडीव कृष्णसारथि:। एतान्यर्जुननामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्। न तत्र पशुरोगादि शुभं शीघ्र प्रजायते।

झाड़ फूंक शाबर मंत्र -सिरपीड़ा दूर करने के लिए:- लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमंत। सो देखिके राक्षसगण पराय दूरंत ॥ बैठी सीता देवी अशोकवन में। देखि हनुमान को आनंदे मन में ॥ गई उर विषाद देवी सिथर दरशाय। 'अमुक' के नहीं कछु पीर नहिं कछु भार। आदेश कामाख्या हरिदासी चण्डी की दोहाई ॥ सिर के पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण की ओर मुख करके बैठा दें। सिर को हाथ से पकड़कर मंत्रोच्चारण करते हुए झाड़ें। 'अमुक' के स्थान पर रोगी का नाम ले लें।

आधासीसी दूर करने के लिए:-1. बन में ब्याई कच्चे वनफल खाय। हाँक मारी हनुमंत ने इस पिंड से आधा सीसी उतर जाय ॥ 2. ऊँ नमों वन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद-कूद शाखानरी, कच्चे वनफल खाय ॥ आधा तोड़े आधा फोड़े, आधा देय गिराय। हंकारत हनुमान जी, आधासीसी जाय ॥ किसी एक मंत्र का उच्चारण करते हुए भस्म से झाड़ें।

नेत्र रोग शमन करने के लिए:- ऊँ नमों वने बिआई बानरी जहां-हजां हनुमंत आँखि पीड़ा कषवरी गिहिया थनै लाई चरिउ जाइ। भस्मन्तन गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईशचरोवाचा ॥ आंख पर हाथ फेरते हुए सात बार मंत्र पढ़कर मंत्र फूंके। व्यथा मिट जाएगी ॥

कर्णमूल पीड़ा दूर करने के लिये:- वनरा गांठि वावरी तो डांटे हनुमान कंठ। बिलारी बाघी थनैजी कर्णमूल सम जाइ ॥ श्री रामचन्द्र की बानी पानी पथ होई जाइ ॥ विभूति से सात बार झाड़ने से कर्णरोग नष्ट होता है।

बिच्छू का विष झाड़ने के लिए:- 1. पर्वत ऊपर सुरही गाइ। कारी गाइ की चमरी पूछी तेकरे गोबरे बिछी बिआइ। बिछी तोरे कर अठारह जाति। छ कारी छ पीअरी छ भूमाधारी छ रत्नपवारी। छ कुं हुं कुं हुं छारि। उतरू का बिछी हाड-हाड पोर-पोर ते। कस मारे लीलकंठ गरमोर महादेव की दुहाई गौरा पार्वती की दुहाई अनीत टेहरी शंडार बन छाइ उतरहिं बीछी हनुमंत की आज्ञा दुहाई हनुमंत की। 2. ऊँ हरमर्कटमर्कटाय स्वाहा ॥ मंगलवार को एक लाख जप तथा दशांश हवन करने से सिद्धि होती है।

अंड वृद्धि रोग दूर करने के लिए:- ऊँ नमो आदेश गुरु को जैसे के लेहु रामचन्द्र कबूत ओई करहु राध बिनि कबूत पवनपूत हनुमंत धाउ हर-हर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड-अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ बाजं गर्भ हि श्रवइ स्त्री पीलहि श्रवइ शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर ॥ मंत्र पढ़कर फूले हुए अण्डकोश को हल्के हाथ से मलें तथा अभिमंत्रित जल पिलायें तो अण्डवृद्धि शांत हो जाती है। मिट्टी दे। आंगन और बरामदों में सिर्फ उड़द के दाने ही बिखेरना चाहिए। मात्र इतनी ही क्रिया से ग्रह दोष सदा के लिए दूर हो जाता है।

यंत्र-मंत्र-तंत्र एक साधना एवं सफलता

विश्वासम् फलमदायकम्। श्रद्धारूपेण कर्म साधनम्॥ गुरुत्व गुरु ग्राह्य मंत्रम्। आज्ञानुसारेण साधना सफलम्॥

साधक को आवश्यकतानुसार अपने जीवन में तंत्र साहित्य का प्रयोग मंत्र-यंत्र के रूप में करना हो तो भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। हां उसमें अपने भाव समर्पित होना नितान्त आवश्यक है। तंत्र में शक्ति का योगदान, मंत्र में गुरु का योगदान तथा यंत्र में बुद्धि सरस्वती का योगदान प्राप्त करके अपना कदम रखा जाय या शाबर तंत्र की सामान्य प्रक्रिया को भी यदि अपनाया जाय तो कोई भी यंत्र-मंत्र-तंत्र में विफलता का आना संभव नहीं है। अवश्य सफलता प्राप्त होती है। जरूरत है साधना के नियमों-उपनियमों एवं सीमांकन की। शिव+शक्ति=साधना का आधार। इसीलिए **सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्** की उक्ति चरितार्थ होती है।

आईये जन हिताय-सुरक्षाय-लाभाय कुछ सरल यंत्रों एवं मंत्रों की जानकारी सर्व कल्याण की भावना से परीक्षित यंत्रों की जानकारी आप भी प्रयोग करके देखें। तथा अपनी मंज़िल प्राप्त होने पर हमें जरूर संकेत डाक द्वारा/फोन द्वारा बतायें। जिससे विश्वास, श्रद्धा भावना एवं कर्म का सटीक प्रमाण मिल सके। स्वयं करें, फिर लिखें। अनुभव की पाठशाला में जीवन पर्यन्त पढ़ना पड़ता है। यंत्र इस प्रकार है:-

मनोकामना पूर्ण करने के लिए-विधि- इस यंत्र को हल्दी के रस से कागज पर या भोजपत्र के ऊपर लिखें तथा इस यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिख दें। फिर इसका पलीता बनाकर रविवार के दिन जला दें। इस तरह सात रविवार तक प्रयोग करने से तथा साथ ही मंत्र का नित्य हल्दी की माला से जप करें तो शीघ्र ही मनोरथ पूर्ण होगा। मंत्र-ॐ ह्रीं ह्रां सः॥ सूर्य का पूजन भी करें। अवश्य ही लाभ होगा। प्रत्येक मनोरथ की पूर्ति अलग-अलग करें।

८	१५	२	[illegible]
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

गर्भ धारण के लिए यंत्र-विधि- इस ताबीज (यंत्र) को भोजपत्र के ऊपर केसर से रविवार को लिखकर स्त्री के गले में शुभ समय में बांधे तो गर्भ धारण होगा। रजस्वला समय को त्यागना है। तथा गौरी शंकर की पूजा स्त्री २१ दिन तक करें। अवश्य लाभ होगा।

३४२	३४९	२	७
६	३	३४६	३४१
३४८	२४३	८	[illegible]
४	५	३४४	३४८

व्यापार में लाभ प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को केसर की स्याही से नदी का जल डालकर चमेली की कलम से भोजपत्र के ऊपर शुक्रवार के दिन २१००० यंत्र लिखकर (२४ घंटों में) फिर २१००० आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को खिलाने पर यह यंत्र सिद्ध होगा। तब इस सिद्ध यंत्र को भोजपत्र या चांदी में या सोने की पतरी पर लगायें तो दिन-प्रतिदिन लाभ होगा।

५०	५६	२	[illegible]
६	३	५२	५२
५६	५१	८	५१
४	५	५२	५५

प्रत्येक कार्य में सफलता के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को भोजपत्र के ऊपर रविपुष्य / गुरुपुष्य / सर्वार्थ सिद्धि योग में शुभ को होरा में केसर की स्याही से अनार की कलम से लिखें। तथा अपने पास रखें तो लाभ होगा। गुरु मंत्र जपें।

८	१	६
३	५	७
४	९	२

बूरी नजर दूर करने का यंत्र-विधि- हल्दी के द्वारा पीले रंग से रंगे सूती कपड़े पर यंत्र लिखकर पोटली सी बनाकर अजवायन डालकर काले धागे से बच्चे के गले में बांधने से बुरी नजर दूर होती है। अथवा इस यंत्र को बुधवार के दिन हल्दी से भोजपत्र पर लिखकर बालक के गले में बांधने से नजर दोष का निवारण होता है।

१४८	१३	१३८	६
२	१४६	१३	१३९
६३	७	१४०	९
२०	१३४	९	१४७

विद्या प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को सरस्वती मंत्र से सिद्ध करके अपनी भुजा पर बांधे तो लाभ होगा। यंत्र केसर से भोजपत्र के ऊपर गुरु पुष्य, रवि हस्त बसंत पंचमी को तैयार करें। अनार की कलम से तथा ५१ दिन तक सरस्वती उपासना करें, लाभ होगा।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

भाग्योन्नति

भाग्योन्नतिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन भोजपत्र पर केशर से 625 यंत्र लिखें। जितने दिनों में संख्या दस हजार पूरी हो जाय, उतने दिनों तक प्रतिदिन यंत्रों को लिख-लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करते रहें, तो भाग्य की उन्नति होती है। एवं कामनाएं पूर्ण होती है।

परीक्षा में सफलताः- परीक्षा आरंभ होने से 15 दिन पूर्व इस यंत्र को केसर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। सोलहवें दिन एक यंत्र को यथा विधि पूजकर ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा गले में धारण कर लें और परीक्षा देने जायें तो उसमें सफलता मिलती है।

२	१	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

परीक्षा में सफलता

बंधन मुक्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन कागज या भोजपत्र के ऊपर चंदन से लिखकर एक जंगली कबूतर के गले में बांधकर कबूतर को छोड़ दें। इस यंत्र में जिस स्थान पर कैदी का नाम लिखा है, वहां 'कैदी के नाम' का तथा जहां 'मां का नाम' लिखा है वहां कैदी की मां का नाम लिखना चाहिए। बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

या हाफज	३३३	३३८	३३१
या हाफज	३३२	३३४	३३६
९९	३३७	३३०	३३५
कैदी का नाम मां का नाम	९९	या हाफज	या हाफज

बंधन मुक्ति

कारावास मुक्तिः- इस चक्र को पुए के ऊपर घी से लिखकर बीच में देवदत्त के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखें जो जेल में पड़ा हो। गंध, पुष्प आदि से यंत्र वाले पुए का पूजन करके, वह पुआ उस कैदी व्यक्ति को खिला दें। इस यंत्र के प्रभाव से वह कैदी व्यक्ति तीन अथवा सात दिन के भीतर ही कैद से छूट जाता है। यह भी बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

ह्रीं
ह्रीं देवदत्त ह्रीं
ह्रीं

कारावास मुक्ति

गये हुए व्यक्ति का लौटनाः- घर से लड़का, लड़की, स्त्री, पुरुष, भाई, बहिन, सेवक अथवा अन्य व्यक्ति रूठकर या किसी भी कारण से चुपचाप बाहर चला गया हो और न आ रहा हो तो उसे वापिस बुलाने के लिए इस यंत्र को रविवार के दिन भोजपत्र पर चंदन से लिखकर चरखे पर बांध दें और कुंवारी कन्या के हाथ से उल्टा चरख चलवाकर सूत कतवायें तो गया हुआ व्यक्ति वापिस लौट आता है।

क्रोध शमनः- इस यंत्र को लोहे के कांटे से गोरोचन द्वारा ताड़ पत्र पर सोमवार के दिन लिखें। मध्य में 'देवदत्त' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए जिसका क्रोध शांत करना हो फिर यंत्र को कुम्हार की मिट्टी में रखकर 7 दिन तक पूजन करें। अंत में ब्राह्मण को भोजन करावें। इसके प्रभाव से शत्रु मित्र अथवा अन्य व्यक्ति का क्रोध दूर हो जाता है।

विद्या प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखें और उन यंत्रों को उसी दिन पूजन करके नदी के जल में प्रवाहित कर दें। 15 दिन तक इसी प्रकार निरंतर करता रहे तो साधक को इच्छित विद्या की प्राप्ति होती है। एक यंत्र ताबीज में भरकर अपनी भुजा में भी धारण करना चाहिए।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

विद्या प्राप्ति

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को

पुत्री का विवाहः- इस यंत्र को

ता साधक को इच्छित विद्या की प्राप्ति होती है।
एक यंत्र ताबीज में भरकर अपनी भुजा में भी धारण करना चाहिए।

१३
६ १० ४
१०
९ ३ ८
१
आजीविका प्राप्ति

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को मंगलवार अथवा गुरुवार के दिन से लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखें। जब 5 हजार लिखे जा चुके हों तो उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इसके प्रभाव से आजीविका (नौकरी आदि) की प्राप्ति होती है।

भागे हुए व्यक्ति को बुलाने का यंत्रः- खोए या भागे हुए व्यक्ति के पहने हुए, बिना धुले हुए वस्त्र पर गुरु से इस यंत्र को बनायें और पत्थर की सिर के नीचे दबा कर रख दें। व्यक्ति के वापस आने तक रोज सायंकाल इसके ऊपर दीप जलाकर रखें। ऐसा करने से व्यक्ति आ जाता है। शीघ्र न लौटे तो पत्थर को कोड़े से मारें। इस तरह वह व्यक्ति जीवित होगा तो लौट आवेगा। नहीं तो समाचार तो मिल ही जाएगा।

८	१	६
३	५	७
४	९	२

भागे व्यक्ति को बुलाना

मांगोक्षय
देवदत्त
मांगोक्षय
राजदण्ड से मुक्ति

राजदण्ड से मुक्तिः- इस यंत्र को कपूर कुंकुम से एक बड़े भोजपत्र पर लिखकर बीच में 'देवदत्त' के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लिखें। फिर यंत्र का गंध, पुष्प आदि से पूजन कर, गिलोह के ताबीज में भरकर कंठ अथवा भुजा में धारण करें तो इसके प्रभाव से राजदण्ड अथवा वंदन (कैद भय से) दूर हो जाता है। यदि किसी ने किसी को जबरदस्ती रोक रखा हो तो छुटकारा मिल जाता है।

ठं.	ठं.	ठं.	ठं.
ठं.	ठं.	ठं.	ठं.
ठं.	ठं.	ठं.	ठं.
ठं.	ठं.	ठं.	ठं.

शत्रु विजय

शत्रु विजयः- इस यंत्र को शमशान के कोयले द्वारा शत्रु के वस्त्र पर लिखकर उसे धूप, दीप दें। तत्पश्चात् उस वस्त्र को जमीन में गाड़ दें या किसी नदी में बहा दें तो शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। इस यंत्र के प्रभाव से शत्रु देश छोड़कर चला जाता है अथवा क्षमा मांगकर शत्रुता छोड़ देता है।

खोई हुई वस्तु का मिलनाः- इस यंत्र को कनेर के वृक्ष की छाया में बैठकर बकरे की हड्डी से पृथ्वी पर 108 बार लिखें। तत्पश्चात् भगवान् शिव का यथाविधि पूजन करें तो इसके प्रभाव से खोई वस्तु मिल जाती है। इस यंत्र को मंगलवार या शनिवार के दिन लिखना चाहिए।

हूं.	हूं.	हूं.	हूं.
ह्रं.	ह्रं.	ह्रं.	ह्रं.
जं.	जं.	जं.	जं.
ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.

खोई हुई वस्तु का मिलना

पुत्री का विवाहः- इस यंत्र को सोमवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही से लिखें। जब तक पांच हजार यंत्र लिखे जा चुकें, तब सबको एकत्र कर, धूप दीप देकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से पुत्री का विवाह आनन्दपूर्वक हो जाता है और उसके लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती।

पुत्री का विवाह

पारिवारिक सुख

पारिवारिक सुखः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना प्रारंभ करें। यंत्र को भोजपत्र पर केशर द्वारा लिखना चाहिए। जब 5000 की संख्या पूरी हो जाय तब से यंत्रों का पूजन कर उन्हें नदी के जल में विसर्जित कर दें। इसके प्रभाव से पारिवारिक सुख प्राप्त होता है।

यश प्राप्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन प्रातःकाल 5 बजे से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र भोजपत्र पर केशर या गोरोचन से लिखें। जब 2400 यंत्र लिखे जा चुकें, तब उन्हें किसी नदी या समुद्र के जल में प्रवाहित कर दें तो इसके प्रभाव से यश और संतान की प्राप्ति होती है।

९ ५ ६
१ ६
८ ७
२ ३
यश प्राप्ति

दं.	दं.	दं.	दं.
वं.	वं.	वं.	वं.
सं.	सं.	सं.	सं.
अं.	अं.	अं.	अं.

सम्मान प्राप्ति

सम्मान प्राप्तिः- यंत्र को केसर अथवा अष्टगंध द्वारा भोजपत्र पर सवा लाख की संख्या में लिखें। लिखने का प्रारंभ शुक्ल पक्ष के गुरुवार अथवा पूर्णिमा के दिन करना चाहिए। निश्चित संख्या में लेखन कार्य पूरा हो जाने पर यंत्र लेखक को सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति होती है। यंत्र लिखते समय धूप दीप भी जलानी चाहिए।

६	११	३
४	७	९
१०	२	८

संतान सुख

संतान सुखः- इस यंत्र को रविवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र लिखें। जब 2500 यंत्र पूरे हो जायें, तब इनका पूजन करके नदी में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से संतान का सुख प्राप्त होता है तथा बिगड़ी हुई संतान सुधर जाती है।

स्थानांतरणः- इस यंत्र को मंगलवार के दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना आरंभ करें। सफेद कागज या भोजपत्र पर केशर से यंत्र लिखने चाहिए। जब 2400 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें तो साधक व्यक्ति का स्थानांतरण उसके इच्छित स्थान पर हो जाता है।

स्थानान्तरण

आत्म रक्षा

आत्म रक्षाः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखकर यथाविधि धूप दीप आदि से पूजा कर त्रिलोहर के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा कंठ में धारण करें तो आत्म रक्षा होती है। ऐसे व्यक्ति को कहीं भय नहीं होता।

धन प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 125 यंत्र लिखें, जब 5000 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें जल में प्रवाहित कर दें तथा एक यंत्र को चांदी के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा में धारण करें, तो धन की प्राप्ति होती है।

धन प्राप्ति

लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.

शत्रु विनाश

शत्रु विनाश :- शत्रु का उच्चाटन करने तथा शत्रु से छुटकारा पाने के लिए इस यंत्र को लोहे की कलम से तांबे के यंत्र (ताम्र पत्र) पर लिखकर गंध पुष्पादि से पूजन करें तथा जिस शत्रु का विनाश करना हो, उसका ध्यान करें तो यंत्र के प्रभाव से शत्रु का उच्चाटन होता है। वह उस स्थान को छोड़कर दूर चला जाता है तथा शत्रुता करने का कभी नाम भी नहीं लेता।

सर्वकामना सिद्ध, इक्कीसा यंत्रः- इस इक्कीसा यंत्र को शुभ मुहूर्त में भोजपत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से लिखकर भुजा में बांधे। इससे सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होकर सर्वकार्य सिद्ध होते हैं। ❖

४	१२	५
८	७	६
९	२	१०

इक्कीसा यंत्र

रमल अरबी ज्योतिष बताएगा धन लाभ कब और कैसे?

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में यह द्वितीय घर का सवाल है। जबकि रमल ज्योतिष शास्त्र में 16 घर होते हैं और यह सभी घर जीवन की समस्त स्थावर और जंगम साथ ही भूत-भविष्य-वर्तमान बातों से सम्बन्धित रखते हैं। प्रश्नकर्ता इसी नियत से प्रश्न करे कि मुझे या अमुक व्यक्ति को धन लाभ और धन से सम्बन्धित शान्ति कब कैसे प्राप्ति होगी? यदि प्रस्तार यानी कि जायचे के द्वितीय घर में शुभ शकल हो और गवाहन भी शुभ हो साथ ही नजर-ए-मिकारना हो तो उसे धन लाभ और धन से सम्बन्धित प्राप्ति शीघ्र आसानी से होती है। यह स्थिति जीवन के आधे से अधिक समय तक रहेगी। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शकल हो तो धन लाभ व शान्ति प्राप्ति नहीं होती है। यदि शकल साबित हो तो देरी और परेशानी विशेष के बाद ही धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जितना और जो चाहते हैं प्राप्ति का योग नहीं होना पाया जाता है। यदि प्रस्तार के प्रथम घर में शकल लहियान जो कि गुरु ग्रह की शकल है साथ ही शकुन पंक्ति की प्रथम घर की मालिक भी है। नुस्तुल खारिज यह भी गुरु ग्रह की शकल है और दो बिन्दुओं को विद्यमान रखने वाली है तो धन की बावत् भाग्य का उत्थान का प्रतीक होना पाया जाता है। लेकिन अन्तिम समय तक टिकाऊ नहीं होना दिखाई देता है। यदि शकल अतवे खारिज, कब्जुल खारिज प्रथम घर हो तो प्रश्नकर्ता का भाग्य कमजोरी की स्थिति में स्थायी तौर पर पाया जाता है। जिससे धन लाभ प्राप्ति का योग नहीं बनता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में अंकिश शकल हो जो कि शनि ग्रह की शकल है और एक बिन्दु वाली शकल है। भाग्य की भाग्यहीनता के कारण भाग्य निर्बल है व आगामी समय में भी यह स्थिति रहेगी। अतः कभी किसी स्थिति में धन लाभ व स्थायी सम्पत्ति की प्राप्ति का योग नहीं होना दिखाई देता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में व चतुर्थ घर में उक्ला शकल हो जो कि शनि ग्रह की महान अशुभ शकल है, साथ ही नजर-ए-मिकारना और नजर-ए-तसरीक रखती हो तो दफीना यानी कि खजाना (गढ़ा धन) प्राप्ति होती है। जिसमें स्वर्ण मुद्राएं या स्वर्ण के आभूषण की प्राप्ति होती है। मगर शर्त है कि सारी शकलें बलावल के अनुसार शुभ दाखिल होना अवश्य चाहिए। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में कब्जुल दाखिल शकल हो या अतवे दाखिल शकल हो इनकी नजर गवाहन घर पर बराबर पड़े साथ ही नजर-ए-तररीर की दृष्टि होती है। प्रश्नकर्ता को आजीवन धन की कमी का सामना नहीं करना पडेगा। साथ किसी ना किसी कार्य और बात द्वारा स्थायी तौर पर धन की प्राप्ति, एकत्रित धन और स्थायी सम्पत्ति का योग भी नहीं पाया जाता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शकलें और उन महान अशुभ शकलों की दृष्टि हो तो जातक जीवन भर हर वक्त दरिद्रता की स्थिति में बना रहेगा। वह दाने-दाने को मुंहताज रहेगा। अन्य कोई व्यक्ति मदद को तैयार नहीं होगा।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में बिना कुण्डली के भविष्य कथन जाना जाता है। इस शास्त्र में किसी प्रकार की जन्म कुण्डली की आवश्यकता कभी किसी स्थिति में नहीं होती है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रश्नकर्ता के हाथ पर पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। इन पासों को किसी शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। इन पासों से प्राप्त शकलों (आकृतियों) के मुताबिक जो शकल आती है। उससे रमल ज्योतिष शास्त्र में प्रश्नकर्ता का नाम, माता-पिता का नाम, वार, दिन, तिथि और तो और पंचाग की आवश्यकता नहीं होती है। यह सारी स्थिति प्रश्नकर्ता द्वारा विद्वान् रमलाचार्य के समक्ष होने पर होती है। यदि प्रश्नकर्ता रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के विद्वान् के समक्ष ना हो तो प्रश्नकर्ता को **"प्रश्न-फार्म"** के माध्यम से अमुक धन से सम्बन्धित या अन्य किसी सवाल के जवाब मय समाधान के फलादेश किया जा सकता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)

रमल अरबी ज्योतिष शास्त्र बताएगा सन्तान सुख कब?

रमल (अरबी ज्योतिष)शास्त्र में बिना कुण्डली के यानी कि ज्योतिष शास्त्र के पासे जिसे अरबी भाषा में **"कुरा"** कहते हैं। यदि स्त्री प्रश्नकर्ता हो तो सबसे अच्छा रहता है। यदि किसी कारणवश स्त्री प्रश्नकर्ता ना हो तो उसके पति के द्वारा उक्त प्रश्न पासे के द्वारा किया जा सकता है। यदि ये महाशय भी ना हो तो माता-पिता के द्वारा भी पासे डाले जा सकते हैं। उन पासों के मुताबिक बनाए गये प्रस्तार (जायचे)के अनुसार मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त होता है। रमल (अरबी ज्योतिष)शास्त्र में इस प्रश्न के अतिरिक्त किसी भी प्रश्न में जातक का नाम, माता-पिता का नाम, जन्म-तिथि, वार, घड़ी और तो और पंचाग की आवश्यकता नहीं होती है। मात्र पासे द्वारा ही प्रश्न करवाकर उक्त प्रश्न का सन्तान सुख और कैसे ही बाबत् मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त किया जा सकता है। यह सारी कार्य प्रणाली जातक के रमलाचार्य के सम्मुख होती है। मगर रमल ज्योतिष का विद्वान् ना होने की स्थिति में **"प्रश्न-फार्म"** के माध्यम से भी उक्त कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। यह दोनों कार्य प्रणाली एक ही हैं मगर गणितीय स्थिति अलग-अलग अवश्य है। जो कि प्रत्येक कार्य बात में विभिन्न समयानुसार आती रहती है।

रमल (अरबी ज्योतिष)शास्त्र में प्रस्तार (जायचे)के प्रथम, पांचवे, छठे घर में यदि शुभ शकलें हों और साक्षी घर भी शुभ हो साथ ही नजर-ए-मिकारना भी हो व निकटवर्ती व दूरवर्ती साक्षी शुभ हो तो सन्तान विशेष सुन्दर, सुशील, भाग्यशाली और परिवारजनों की भाग्यहीनता को नष्ट करने वाली, रंग साफ गोरा होती हैं। यदि इसके विपरीत हो और नजर-ए-तसदीर की दृष्टि हो तो सन्तान परिवार की सुखीयाजता, भाग्यशालीता को भाग्यहीनता में तब्दीली करने में सहायक होती है। शिशु का रंग कुरूप होता है। यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार में शकल जमात लग्न पर दृष्टि रखती हो तो सन्तान विकलांग होती है। यदि पंचम घर में अशुभ शकलें हों व छठे घर में किसी प्रकार से अशुभ शकल हो तो सन्तान के अतिरिक्त स्त्री की किसी दुष्ट आत्मा की नजर यानी कि छाया (साया) होना स्पष्ट रूप से होना पाया दिखाई देती है। जिससे प्रश्नकर्ता स्त्री को शारीरिक-मानसिक-आर्थिक और पारिवारिक साथ ही दाम्पत्य जीवन में बराबर परेशानी व टकराव रहने का योग स्थायी तौर पर कायम होता है। प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख के अतिरिक्त मन का उदासीनता व तनाव ग्रस्त स्थिति भी होना पायी जाती है। साथ ही जीवन बराबर असन्तुष्ट और टकरावमय, जिससे शोकाकुल की स्थिति में स्थायी तौर पर होना दिखाई देती है। यदि प्रस्तार के अष्टम घर में शकल

फरह हो यह शकल तुला राशि की है व स्त्री संज्ञक से सम्बन्धित रखती है, साथ ही मुनकलिब शकल है। यह स्थिति
दवाओं से लाभ और वांछित शान्ति का योग ... आती है
... हो जो कि शनि ग्रह की महान शकल है। माता
को भी जीवनकाल ...

फरह हो यह शकल तुला राशि की है व स्त्री ... से सम्बन्धित रखती है, साथ ही मुनकलिब शकल है। यह स्थिति में प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख विशेष ही परेशानी के साथ वृद्ध अवस्था में होगी। यदि प्रस्तार में अधिकांशतः शकलें इज्जतमा और जमात हो तो पुरुष के वीर्य में सन्तानोत्पत्ती के शुक्राणु की कमी होने के कारण सन्तान सुख प्राप्ति का योग नहीं होता है। यदि उसी प्रस्तार के दशम् घर में महान अशुभ शकलें कब्जुल खारिज, अतवे खारिज हो व मिकंराना की दृष्टिपात हो तो प्रश्नकर्ता को इस वास्ते चिकित्सक द्वारा दी जाने वाली दवाओं से लाभ और वांछित शान्ति का योग भी नहीं होना पाया जाता है।

यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार के छठे घर में इज्जतमा व जमात शकल हो जो कि बुध ग्रह की साबित शकलें हैं। जो कि उक्त जातक को किसी प्रेत-आत्मा (मसान) की दृष्टिता नजर (छाया) का स्पष्ट रूप से संकेत देती है। जिससे गर्भधान में परेशानी व गर्भपात का बराबर भय, साथ ही गर्भपात से होने वाली बीमारियों की आशंका बराबर बनी रहती है। जिससे शिशु सन्तान को तो हानि होती है। यदि प्रस्तान के अष्टम घर में उक्ला शकल हो जो कि शनि ग्रह की महान शकल है। माता को भी जीवनकाल की बाबत मृत्यु योग बनाती है। प्रश्नकर्ता को इन समस्त स्थिति द्वारा मार्ग दर्शन होने के बावजूद यह जानना आवश्यक है कि वर्तमान में किस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) बराबर चल रही है। जिससे उक्त सन्तान सुख की बाबत लाभ-हानि द्वारा समाधान हो सके। इस वास्ते जातक **रमल सिद्धयंत्र** धारण करें अथवा उस ग्रह के वास्ते नग या ग्रह शान्ति विधि-विधान द्वारा कराने से लाभ व शान्ति प्राप्ति होती है।

रमल अरबी ज्योतिष बताएगा किस माह में होगा विवाह?

भारतीय संस्कृति में शुभ-विवाह 16 संस्कारों में से एक मुख्य है। भारतीय संस्कृति के अतिरिक्त अन्य पाश्चात्य संस्कारों एवं अन्य संस्कृति में भी शुभ-विवाह सृष्टि के संचालन का एक अद्भुत अद्वितीय संस्कार है। यह संस्कार दो व्यक्तियों का अनमोल मिलन तो है ही, साथ ही दो परिवारों का महान पवित्र व आत्मिक मिलन और सम्बन्ध भी है। वैदिक पुरातन आर्य परम्परा से वैदिक विवाह आठ प्रकार के होते हैं। ब्रह्म विवाह, दैव विवाह, आदर्श विवाह, प्रजापत्य विवाह, गान्धर्व विवाह, आसुर विवाह, राक्षस विवाह और अन्तिम पैशाच विवाह। उपरोक्त विवाहों के कुछ अंश यहां पर दिये जा रहे हैं।

ब्रह्म विवाह-वह विवाह है जिसमें वर कन्या दोनों यथावत् ब्रह्मचर्य से पूर्व विद्वान् धार्मिक और सुशील हो, उनका परस्पर प्रसन्नता से विवाह होना ही ब्रह्म विवाह कहलाता है। दैव विवाह-वह विवाह है विस्तृत यज्ञ करने में ऋत्विक कर्म करते हुए जामाता (दामाद) को अलंकार युक्त कन्या का देना, दैव विवाह कहलाता है। आदर्श विवाह-वे विवाह है जो वर से कुछ लेकर विवाह हो, यह विवाह आदर्श विवाह कहलाता है। प्रजापत्य विवाह-वे विवाह है जो कि दोनों का विवाह धर्म की वृद्धि के अर्थ होना ही प्रजापत्य विवाह की श्रेणी में आता है। गान्धर्व विवाह-वह विवाह है जो कि अनियम, असंयम किसी कारण से दोनों की इच्छा पूर्वक वर-कन्या का परस्पर संयोग होना ही गान्धर्व विवाह कहलाता है। आसुर विवाह-वह विवाह है वर कन्या को कुछ देकें विवाह होना ही आसुर विवाह की श्रेणी में आता है। राक्षस विवाह-वह विवाह है जो कि लड़ाई करके बलात्कार अर्थात् छीन, झपटकर, कपट के रूप में कन्या को ग्रहण किया जाता है। ये विवाह राक्षस की श्रेणी में आता है। पैशाच विवाह-ये विवाह वह है जो कि शयन के दौरान या मद्यपान कराके, पागल कन्या से बलात्कार कर ले जाना ही पैशाच विवाह की श्रेणी में आता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक विद्वान् रमलाचार्य के सम्मुख अमुक सवाल जातक के द्वारा, उनके माता-पिता, भाई-बहिन या निकटतम रिश्तेदारों के द्वारा किया जाता है कि किस माह (महीने) में मेरा या मेरे अमुक व्यक्ति का शुभ-विवाह होगा? इस वास्ते जातक द्वारा पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। एक शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में जातक की जन्म कुण्डली और न ही पंचाग की जरूरत होती है। मात्र पासों के अनुसार प्रस्तार यानी कि जायचा बनाया जाता है। यदि जातक विद्वान् के समक्ष ना हो तो "प्रश्न-फार्म" के द्वारा भी उक्त कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। इन दोनों कार्य प्रणाली का परिणाम् एक ही आता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के सोपान चक्र के प्रथम, सप्तम्, तेरह बिन्दु लें साथ ही नजर-ए-मिकरना व निकटवर्ती दृष्टि भी बराबर हो और बलावल भी होना आवश्यक है। निम्न सारणी के अनुसार शुभ-विवाहें अमुक माह (महीने) में या सम्बन्ध होने का योग बनता है।

क्र.	शकल	माह
1-	लहियान	मार्गशीर्ष
2-	कब्जुल दाखिल	श्रावण
3-	कब्जुल खारिज	माघ
4-	जमात	भाद्रपद
5-	फरह	कार्तिक
6-	उक्ला	पौष
7-	अंकित	पौष
8-	हुमरा	चैत्र
9-	ब्याज	आषाढ़
10-	नुस्तुल खारिज	श्रावण
11-	नुस्तुल दाखिल	मार्गशीर्ष
12-	अतवे खारिज	अश्विनी
13-	नकी	फाल्गुन
14-	अतवे दाखिल	वैसाख
15-	इज्जतमा	ज्येष्ठ
16-	तरीक	आषाढ़

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार के लग्न स्थान में शुभ शकल हो, साथ ही नजर-ए-तरवीर की दृष्टि हो तो वैवाहिक जीवन शारीरिक-मानसिक-आर्थिक व पारिवारिक सम्पन्नता की ओर होना दिखाई देता है। यदि प्रस्तार के लग्न घर में नजर-ए-तरवीर की पूर्ण दृष्टि ना हो तो परिवार में बराबर प्रत्येक कार्य व बात के वास्ते स्नेहकारी का नहीं होना पाया जाता है। ससुराल पक्ष से बराबर समय-समय पर लाभ का योग कायम नहीं होना भी नजर आता है। इस वास्ते समय रहते हुए, **रमल सिद्ध यन्त्र** विधि-विधान से धारण करने पर अमुक कार्य में वांछित लाभ व उचित समय कार्य की सिद्धी का योग बनता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)
3, महल खास, किला, भरतपुर (राजस्थान)
94142 68172, 838698 1718, (05644) 22 3216
Website- www.ramalarabicastrology.com
E-mail- narendrabhaiya9@gmail.com

रमल ज्योतिष में बिना कुण्डली के जाने सुखी दाम्पत्य जीवन के सूत्र

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र एवं आध्यात्मिक शास्त्रों के मुताबिक आदिकाल से ही मानव जाति अपने जीवन को सुखी, सुन्दर आनन्दित और सुरक्षित बनाऐ रखने के वास्ते हमेशा प्रयत्नशील रहा है। इसी प्रयास के अन्तर्गत ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेदिक शास्त्र व आध्यात्मिक ज्ञान का आविष्कार हुआ है। तथा समय-समय पर शोधकर्ताओं द्वारा अनेकानेक शोध भी होते आ रहे हैं। ग्रहों का प्रभाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मानव जीवन पर बराबर पड़ रहा है। इसको मानव अपने आप में बराबर भुगत भी रहा है। वैज्ञानिक परीक्षणों द्वारा यह स्पष्ट हो चुका है कि चन्द्रमा का ज्वार-भाटे से सीधा सम्बन्ध है। शरीर की रचना में अधिकांशतः भाग में जल की मात्रा है। चन्द्रमा के प्रभाव से जब समुद्र में ज्वार-भाटा आता है। इसी विचार में हमारे ऋषि-मुनियों ने चन्द्रमा को रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रमुख माना है।

प्रायः देखने में आया है कि घर से गायब हो जाने से सम्बन्धित समस्याएं तथा मानसिक द्वन्द्व व अन्य मानसिक परेशानी की बावत् परेशानी वैवाहिक जीवन में विशेष उतार-चढ़ाव और आत्म-हत्या आदि पूर्ण चन्द्रमा-पूर्णमासी, क्षीण चन्द्रमा-अमावस्या के समय लगभग अधिक घटित होती है। संसार में जलवायु बाढ़, जल ग्रस्तता, भूकम्प आदि अधिकांशतः इन्हीं समय होती हैं।

माता के गर्भ से उत्पन्न शिशु जब इस दुनिया में आता है। तब ब्रह्माण्डीय ग्रहों के प्रभाव उस पर आकर समस्त शुभ-अशुभ फल देना प्रारम्भ कर देते हैं। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक प्रत्येक नौ ग्रह किसी विशेष कारक शरीर के अंग, व्यवसाय, क्षैत्र, कार्य प्रणाली इत्यादि को प्रभावित करते हैं। जैसे रवि ग्रह-आत्मा व पिता का, चन्द्रमा ग्रह-अन्तरात्मा और विचार धारा और किसी विशेष कार्य प्रणाली पर तथा माता का, मंगल ग्रह-शक्ति, शौर्य और वीरता तथा वीरता पूर्ण वार्ता की क्रियाओं का, बुध ग्रह-बुद्धि, विवेक और ज्ञान, धार्मिक आध्यात्मिक क्षैत्र-शान्ति प्रमुख, रबि ग्रह-क्रिया और पति अथवा पत्नि का, शनि ग्रह- आयु (वय) व मृत्यु व मृत्यु कार्य का कारक होता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक यानी कि जायचे के 16 घर होते हैं। प्रस्तार के चार घर गवाहन यानी कि साक्षी घर के होते हैं। जो केन्द्र के घर होते हैं। यही उम्हान्त घरों के भी होते हैं। बाकी 12 घर के अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतीक होते हैं। जैसे प्रथम घर व्यक्ति के रंग-रूप, स्वभाव, वैचारिक, भाग्य की उन्नति व अवनति, द्वितीय घर मनुष्य के धन, आजीविका, व्यापारिक स्थिति, क्रय-विक्रय, तेजी-मंदी का, पुत्रों की कला, तृतीय घर निकटवर्ती व्यक्तियों के आने-जाने, मित्रता इत्यादि। चौथा सुख-समृद्धि, अचल सम्पत्ति, भूमि, पांचवा घर-पुत्र-पुत्री, धर्म भाई, पेय पदार्थ, व्यभिचार, छटा घर-निकटतम व्यक्ति, नौकर-दास, नौकरी, बीमारी, सातवां घर-रवि ग्रह तथा राहू ग्रह से सम्बन्धित होता है साथ ही वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव, तनाव और तलाक व शुभ-अशुभ साथ ही ससुराल पक्ष को भी प्रभावित करता है। इसी प्रकार से अन्य घर भी प्रत्येक बातों से निर्धारित होते हैं।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के द्वारा मानव को सुखी अथवा दुःखी वैवाहिक जीवन के प्रस्तार को बारीकी से अध्ययन कर तथा रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के गणित के मार्गदर्शन मय समाधान सहित मालूम किया जा सकता है। सुखी वैवाहिक जीवन के मतभेद तनाव, दाम्पत्य जीवन की समस्याएं, शुभ-विवाह पूर्व व उपरान्त धन की प्राप्ति या नहीं। सन्तान सुख शीघ्र या देरी से, ससुराल पक्ष से लाभ व शान्ति की प्राप्ति या नहीं अन्य बातों की जानकारी भी की जा सकती है।

यदि रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार के सातवें घर में क्रूर ग्रह हो और नजर-ए-तसदीक या तालीम की तो वैवाहिक जीवन में अनेकानेक प्रकार की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बराबर रहेंगी। साथ ही प्रतिकूलता (अशुभता) भी बराबर कायम रहेगी। यह सारी स्थिति जीवन की स्थिति की जानकारी मय समाधान सहित प्रश्नकर्ता द्वारा पासे डलवाकर की जाती है। पासे को अरबी भाषा में "कुरा" के नाम से जाना जाता है। यह क्रिया रमलाचार्य के सम्मुख होने पर ही होती है। यदि प्रश्नकर्ता विद्वान रमलाचार्य के समक्ष ना हो तो एक नवीन शोध विषय "प्रश्न फार्म" के द्वारा भी यह कार्य किया जा सकता है। इन दोनों कार्य प्रणाली से प्राप्त फलादेश एक समान ही आता है। मगर रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र की गणितीय पद्धति भिन्न अवश्य है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र द्वारा प्रश्न नहीं पूछने पर और भारतीय ज्योतिष में कुण्डली के सही मिलान ना किए जाने पर अथवा दोनों या दोनों के अतिरिक्त अन्य किसी भी ज्योतिष शास्त्र के द्वारा जानकारी नहीं किए जाने पर आज समाज में प्रायः तलाक, पति-पत्नि में टकराव, मान-प्रतिष्ठा में हानि, ससुराल पक्ष द्वारा निरन्तर लाभ ना होने पर दाम्पत्य जीवन में निरन्तर कभी तथा कई परेशानियों का समय-समय पर सामना करना पड़ता है। यदि प्रस्तार के चौथे घर में अशुभ ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता)हो या पाप ग्रहों से सम्बन्धित स्थिति हो तो दीर्घायु (वय) में कमी आ जाती है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मतानुसार पिछले जीवन के कर्मों के फल लगभग 36 वर्ष की आयु तक कायम रहते हैं। यदि रवि ग्रह किसी प्रकार से ताजीक पंक्ति के अनुसार अशुभ स्थिति में हो तो मृत्यु का कारण अग्नि हो सकती है। ये बुरे प्रभाव के द्वारा समय-समय पर प्रभाव कम और अधिक होता रहता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक जीवन के सुख-समृद्धि के वास्ते जिस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) हो उस ग्रह का रत्न रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के शुभ-मुहूर्त में विधि-विधान द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा करवाकर जातक को उचित समय पर धारण करना चाहिए या उस ग्रह का रमल ज्योतिष शास्त्र का अधिष्ठाता मन्त्र जाप करना अथवा करवाना चाहिए या रमल सिद्ध यंत्र जातक को उचित समय पर धारण करने से लाभ वांछित प्राप्त होता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)
3, महल खास, किला, भरतपुर (राजस्थान)
94142 68172, 838698 1718, (05644) 22 3216
Website- www.ramalarabicastrology.com
E-mail- narendrabhaiya9@gmail.com

पृष्ठ 40 का शेष
कुंभ राशि–जनवरी से अप्रैल तक आर्थिक उन्नति के अवसर प्राप्त ... सहयोग मिलेगा। स्वभाव की जड़ता समाप्त होगी। उद्यमता बढ़ेगी। अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी। ... के कारण रोग ग्रस्त होंगे। धन राशि– ...

कुंभ राशि–जनवरी से अप्रैल तक आर्थिक उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा। स्वभाव की जड़ता समाप्त होगी। उद्यमता बढ़ेगी। अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी। प्रत्येक कार्य-को करने का उत्साह रहेगा। व्यर्थ वाद-विवादों से छुटकारा मिलेगा। भू-सम्पत्ति के वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। किसी नवीन स्थान-भवन आदि की प्राप्ति होगी। सन्तान सुख रहेगा। मई तथा जून मास में धन हानि का योग बनेगा। स्वजनों से विवाद होगा। स्वभाव में जड़ता तथा निरुद्यमता रहेगी। किसी भी कार्य में मन नहीं लगेगा। स्थान हानि होगी। भू-सम्पत्ति के वाद-विवाद बढ़ेंगे। सन्तान के विषय में चिन्तित रहेंगे। जुलाई मास से कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। अधिकार क्षेत्र में वृद्धि होगी। स्वजनों का सहयोग मिलेगा। स्वभाव की जड़ता समाप्त होगी। उद्यमता बढ़ेगी। प्रत्येक कार्य को करने का उत्साह रहेगा। व्यर्थ वाद-विवादों से छुटकारा मिलेगा। किसी नवीन स्थान-भवन आदि की प्राप्ति होगी। भू-सम्पत्ति के वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। सन्तान सुख रहेगा।

मीन राशि–जनवरी से मार्च में गुरु का गोचर धनागम में वृद्धि करेगा। दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन में सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। विचारशीलता गुण बनेगी। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी नये भवन की प्राप्ति होगी। अप्रैल मास में स्वजनों से विवाद होगा। स्वभाव में जड़ता तथा निरुद्यमता रहेगी। किसी भी कार्य में मन नहीं लगेगा। व्यर्थ के वाद-विवादों में समय व्यतीत होगा। स्थान हानि होगी। भू-सम्पत्ति के वाद-विवाद बढ़ेंगे। सन्तान के विषय में चिन्तित रहेंगे। मई से सितम्बर तक दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन में सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। अक्तूबर से धनागम में अवरोध रहेगा। विभिन्न प्रकार की बाधायें आयेंगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति न होने का खेद रहेगा। भूमि-भवन सुख में न्यूनता रहेगी। स्वभाव में जड़ता तथा निरुद्यमता रहेगी।

मिथुन राशिस्थ राहु का गोचर फल

दिनांक 23 मार्च 2019 को 16।14 पर राहु का प्रवेश कर्क से मिथुन राशि में हुआ है। वर्ष पर्यन्त (संवत् 2076) में राहु मिथुन राशि में ही गोचर करते रहेंगे। नक्षत्रचारवश राहु का गोचर पुनर्वसु तथा आर्द्रा नक्षत्र से होगा। यद्यपि अनेक विद्वानों के मत से मिथुन राशि राहु की उच्च राशि है परन्तु वास्तव में इस राशि में गोचर कर रहा राहु अशुभ फल करता है। जन्म समय पर मेष, वृश्चिक तथा कुंभ राशि के लिये राहु का प्रवेश स्वर्णपाद से धनु, मीन तथा सिंह राशि के लिये राहु का प्रवेश रजत पाद से, कर्क, तुला तथा कुंभ राशि के लिये राहु का प्रवेश ताम्रपाद से एवं वृष, कन्या तथा मकर राशि के लिये राहु का प्रवेश लौह पाद से होगा। अब विभिन्न राशियों पर राहु के गोचर का प्रभाव बताया जा रहा है।

मेष राशि–आर्थिक लाभ होगा। यात्राओं में व्यस्त रहेंगे। बंधु-बांधवों एवं मित्रों से वाद-विवाद में हानि होगी। **वृष राशि**-नेत्र विकार से पीड़ित होंगे। आर्थिक हानि होगी। असत्य भाषण की प्रवृति बनेगी। मन में असंतोष रहेगा। **मिथुन राशि**-अहंकारवश उचित निर्णय लेने में बाधा रहेगी। शारीरिक कष्ट रहेगा। आलस्य में वृद्धि होगी। दुर्बुद्धि हानि का कारण बनेगी। **कर्क राशि**-व्यय की अधिकता से ऋण ग्रस्त होने की स्थिती बनेगी। आर्थिक दंडयोग होने से अर्थ हानि होगी। अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मिथ्या अपवाद होंगे। अधिकारियों का कोपभाजन बनेंगे। शासन-सत्ता की हानि होगी। **सिंह राशि**-भ्रष्टाचारी अधिकारियों की कृपा प्राप्त करेंगे। बंधु-बांधवों से विग्रह विवाद होंगे। बड़े भाई को कष्ट होगा। किसी अनिष्ट का भय रहेगा। **कन्या राशि**-समाज विरोधी कार्यों में लिप्त रहेंगे। पद-प्रतिष्ठा की हानि होगी। पिता अथवा पितृतुल्य व्यक्तियों से मतभेद होंगे। **तुला राशि**-महत्वाकांक्षी कार्यों में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। भाग्योन्नति में अड़चनें रहेंगी परन्तु विदेश में भाग्योदय होने का योग है। **वृश्चिक राशि**-जीवन भय बनेगा। मन अनुचित कार्यों की ओर आकर्षित होगा तथा उससे लाभ भी मिलेगा। मच्छरों के कारण रोग ग्रस्त होंगे। **धनु राशि**-दाम्पत्य जीवन में मतभेद रहेंगे। सुखों की हानि होगी। यात्राओं में कष्ट होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विपरीत परिणाम प्राप्त होंगे। **मकर राशि**-धन लाभ तथा सुख होगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। विरोध समाप्त होगा। मन ऐडवेंचरस कार्यों की ओर आकर्षित होगा। मातृपक्ष से लाभ रहेगा। **कुंभ राशि**-मानसिक व्यथा का योग रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता के लिये कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। सतांन के प्रति चिंता बढ़ेगी। कार्यकुशलता में कमी आयेगी परन्तु झूठे अभिमान से आनन्दित रहेंगे। भाग्य, आय, धन तथा ऐश्वर्य में अचानक वृद्धि होगी। शेयर मार्केट तथा स्पैकुलेशन से लाभ मिलेगा। **मीन राशि**-जमीन-जायदाद का साधारण लाभ होगा। मातृ सुख में कमी रहेगी। पैतृक स्थान से दूर होंगे। वाहनादि से कष्ट रहेगा तथा अपव्यय होगा। शासन के विरुद्ध मन में विद्रोह की भावना बनेगी। सम्बन्धियों से कष्ट रहेगा।

धनु राशिस्थ केतु का गोचर फल

दिनांक 23 मार्च 2019 को 16।14 पर केतु का प्रवेश मकर से धनु राशि में हुआ है। वर्ष पर्यन्त (संवत् 2076) में केतु धनु राशि में ही गोचर करते रहेंगे। नक्षत्रचारवश केतु का गोचर पूर्वाषाढ़ा तथा मूल नक्षत्र से होगा। राहु की भांति ही केतु के राशि स्वामित्व, उच्च तथा मूल त्रिकोण राशियों के निर्धारण में अनेक मत हैं। दैवज्ञ मनोहर के मत से धनु केतु की उच्च राशि है। विभिन्न राशि के जातकों पर केतु का प्रभाव निम्नवत् रहेगा।

मेष–मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा की हानि होगी। मित्रगण हानि का कारण बनेंगे। सन्तान के लिये मन में चिंता रहेगी, कष्ट होगा। **वृष**–स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। रोगों से मुक्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ। विदेश यात्रा निरस्त होगी। **मिथुन**–प्रशासकीय कारणों से हानि होगी। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा को आंच आयेगी। भाग्योन्नति में बाधा अनुभव होगी। व्यापार में हानि उठायेंगे। **कर्क**–व्यय पर नियन्त्रण होगा। आँखों की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। विरोध समाप्त रहेगा। **सिंह**–सन्तान सुख मिलेगा। सन्तान की उन्नति की प्रसन्नता रहेगी। भाग्योन्नति में आ रही बाधायें समाप्त होंगी। कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। **कन्या**–अचानक भूमि-भवन प्राप्ति का योग बनेगा। विरोधी पराजित होंगे। धार्मिक स्थानों की यात्रायें होंगी। **तुला**–भाग्योन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। विरोधी पराजित होंगे। **वृश्चिक**–अक्समात् धन हानि होगी। व्यय बढ़ेगा। आंखों की पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। **धनु**–मन प्रफुल्लित रहेगा। शरीर रोग मुक्त होगा। आर्थिक हानि का योग। सन्तान के कारण मन व्यथित रहेगा। मान प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें। **मकर**–नेत्र पीड़ा का योग। सुख-ऐश्वर्य वृद्धि का आनन्द रहेगा। स्थान लाभ होगा। कार्यों में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। **कुंभ**–कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ होगा। मित्रों का सहयोग रहेगा। **मीन**–कार्यों में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। राजकीय लाभ मिलेगा।

लाभ-खर्च कोष्ठक वि. सं. 2076

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
आय	8	2	8	2	5	8	2	8	5	14	14	5
व्यय	5	14	11	8	5	11	14	5	11	11	11	11

आय-व्यय देखने की विधि–अपनी राशि के आय-व्यय अंकों को जोड़कर उसमें 1 घटा दें, शेष को 8 से भाग करने पर यदि अंक 1 शेष बचे तो लाभ, 2-सुख, 3-चिन्ता, 4-रोग, 5-अपयश, 6-सम्मान, 7-विजय, 8 या 0 बचें तो हानि योग हैं। यह फल सारांश रूप में माना जाता है।

पृष्ठ 21 का शेष

सफलता का योग। व्यवसाय भी अच्छा होगा। पड़ोसी व मित्रों से कुछ विवाद योग बनता है। गौमाता की पूजा 100 दिन करें तो शुभ दायक रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वाहन क्रय-विक्रय योग। धार्मिक कार्यों में चहल-पहल का लाभ मिलेगा। दिनांक 7, 8, 9, 15, 16, 25, 27 अशुभ दायक रहेंगी। नया कार्य नहीं करें तो अच्छा रहेगा। उधार प्राप्ति योग भी। **जून**–माह में आर्थिक खर्चा ज्यादा होगा। भूमि-भवन, लेन-देन का योग। सुरक्षा संबंधी खर्चा भी बढ़ेगा। कुछ मित्रों से विदेश यात्रा का लाभ भी प्राप्त होगा। शोक-संताप योग भी बनता है। पारिवारिक बाधाओं से छुटकारा प्राप्त होगा। कृषि कार्य में शुभ दायक योग। मित्र वर्ग से अच्छी योजना का लाभ प्राप्त होगा। वाहन प्राप्ति का शुभ योग। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों से कीर्ति बढ़ेगी। दिनांक 4, 5, 14, 15, 23, 24, 27 अशुभ दायक हैं। यात्रा इन दिनों नहीं करें। **जुलाई**–माह में व्यापार-धंधा में उन्नति का योग बनेगा। कुछ धार्मिक यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। मित्र मण्डली द्वारा रोजगार प्राप्ति का शुभ योग। पारिवारिक कार्यों में शुभ योग। न्यायालय प्रकरण हो तो विजय योग। वैवाहिक योग बनता है। पशुओं के लेन-देन से लाभ होगा। मानसिकता अच्छी रहेगी। संतान प्राप्ति का शुभ योग। देव-दर्शन यात्रा का योग भी। किसी जगह सम्मान, प्रतिष्ठा प्राप्ति का योग बनेगा। दिनांक 3, 4, 11, 12, 13, 22, 23 अशुभ। **अगस्त**–इस माह में यात्राएं ज्यादा होंगी। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। कुछ आर्थिक हानि योग बनेगा। अधिकारी वर्ग से सम्पर्क बढ़ेगा। धंधा, व्यवसाय में परिवर्तन। सरकारी संवार्थ कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग। आमोद-प्रमोद का वातवरण बनेगा। गोचर ग्रहों की अनुकूलता से घरेलू कार्यों में वृद्धि एवं लाभ होगा। दिनांक 7, 8, 9, 15, 16, 17, 24, 26 अशुभ दायक रहेंगी। अधूरे पड़े कार्य में गति बढ़ेगी, लाभ होगा। **सितंबर**–इस माह में राजकीय कार्यों में शुभ लाभ प्राप्ति का योग। नौकरी का शुभ योग। भागदौड़ ज्यादा रहेगी। पितृ-पूजन, देव-पूजन, सत्संग जैसा शुभ कार्यों का योग। वाहन संचालन में सावधानी बरतें। गोचर ग्रहों के योग से सामाजिक दायित्वों में वृद्धि का योग बनेगा ...

सफलता मिलेगी। वाहन क्रय का शुभ योग। माता-पिता के स्वास्थ्य में गड़बड़ी का योग बनता है। पदोन्नति का योग भी। दिनांक 5, 13, 14, 22, 23, 27 अशुभ दायक रहेंगी। धार्मिक कार्यों में भागदौड़ चलेगी। गणेशोपासना करें। **अक्टूबर**–माह में स्वास्थ्य प्रतिकूल योग बनता है। धार्मिक यात्रा का योग। सृजनात्मक, रचनात्मक गति से कुछ आर्थिक लाभ होगा। पशुओं का क्रय-विक्रय शुभ दायक बनेगा। कल्पना शक्ति का लाभ भी कार्य गति में लाभ दायक योग बनेगा। शुक्र+बुध के प्रभाव प्रेम-प्रसंग, शुभ-विवाह न्यायालय द्वारा बनेगा। भूमि-भवन प्राप्ति का योग। शनि+मंगल कुछ विवाद भी करेंगे, विजय होगी। दिनांक 4, 5, 11, 14, 17, 22, 24 अशुभ दायक रहेंगी। जन सम्पर्क बढ़ेगा। लाभ होगा। **नवंबर**–माह में खर्चा अधिक होगा। मित्र वर्ग से विवाद होने का योग बनता है। चोर/दुर्घटना से बचें। सावधानी रखें। व्यापार, धंधा, नौकरी में भी चिन्ता दायक योग। समयानुसार आप इस में शिवोपासना करें तो शुभ रहेगा। राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी। वाहन क्रय-विक्रय का योग बनेगा। मांगलिक खर्चा भी आयेगा। भूमि-भवन क्रय-विक्र का योग बनेगा। दिनांक 6, 9, 14, 20, 24, 27 अशुभदायक रहेंगी। **दिसंबर**–माह में शुभ कार्यों की गति बढ़ेगी। काफी स्थानों की यात्राएं होंगी। जन सम्पर्क बढ़ेगा। व्यवसाय में मित्र वर्ग मदद करेंगे। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। मशीनरी क्रय योग बनेगा। पशुओं से सावधान। मंगल+शुक्र के कारण देश-विदेश यात्रा भी होने का योग। राजनीति में भी भागदौड़ करें तो लाभ प्राप्ति का योग। वाहन क्रय तथा संतान प्राप्ति का शुभ योग बनता है। दिनांक 2, 4, 8, 14, 22, 24, 26 अशुभ कारक रहेंगी। **जनवरी 2020–इस माह में आर्थिक योग अच्छा बनेगा। सेवा कर्मियों की** शुभ पदोन्नति तथा वेतन प्राप्ति का शुभ योग बनता है। स्मृति एवं मनोबल बढ़ेगा। कोई मित्र मण्डली के सहयोग से योजनाबद्ध कार्य में लाभ होगा। पारिवारिक कार्यों में शुभ दायक योग बनेंगे। मांगलिक कार्य बनेंगे। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। स्त्री वर्ग से विशेष लाभ प्राप्त होगा। समाज सेवा कार्य का शुभ योग बनेगा। राजकीय गतिविधियों ...

27 अशुभ दायक। सावधानी से कार्य करें तो शुभ रहेगा। **फरवरी**–इस माह में पुराने अधूरे कार्यों में सफलता का शुभ योग बनेगा। उधार प्रदत्त राशि की प्राप्ति का योग बनता है। भवन निर्माण एवं भूमि क्रय का योग भी। आर्थिक दृष्टि से माह शुभ रहेगा। नौकर वर्ग के लिए स्थान परिवर्तन या अतिरिक्त भार का योग बनता है। मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। दिनांक 5, 10, 15, 25, 28 अशुभ दायक रहेंगी। **मार्च**–इस माह में साधना योग, पूजा कार्य का लाभ प्राप्त होगा। मांगलिक कार्यक्रम, गृह निर्माण, नवीन दुकान का योग बनता है। इच्छित स्थान पर परिवर्तन योग बनेगा। आपको मित्र वर्ग तीर्थाटन करायेंगे। धार्मिक यात्रा भी। कुटुम्ब में नये सदस्य का आगमन योग। कुलमाता की उपासना करें शुभ लाभ होगा। दिनांक 3, 9, 15, 21, 27 अशुभ दायक रहेंगी। लम्बी यात्रा नहीं करें तो शुभ रहेगा।

मिथुन-क, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन

स्वामी-बुध **नग-पन्ना** **शुभ**

अप्रैल 2019–इस माह में कम्प्यूटर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा का लाभ प्राप्त होगा। सुरक्षा संबंधी कार्य पर नियंत्रण रखना होगा। मांगलिक कार्यों के सम्पादन से शुभयोग बनेगा। प्रत्येक कार्य की गति में अच्छी सफलता का योग। विशेष सज्जनों का निर्देशन भी प्राप्त होगा। नौकरी-पेशा कर्मियों को प्रशासनिक बाधाएं रहेंगी। भूमि-भवन संबंधी लेन-देन में लाभ भी होगा। नवीन भवन निर्माण का योग भी बनता है। संतान पक्ष से कुछ चिन्ता रहेगी। दिनांक 3, 4, 11, 12, 20, 21, 30 अशुभ दायक। **मई**–इस माह में पारिवारिक कार्यों में वृद्धि होगी। मांगलिक खर्च आयेगा। दाम्पत्य जीवन में माधुर्य भाव बने रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा। विदेश यात्रा व्यवसाय के लिए ...

की उपासना; महादान-पुण्य करें, तो शुभ होगा। संकट के समय कुलदेवी की पूजा करें, तो शुभ होगा। गुरुजनों का आशिर्वाद प्राप्त होगा। सत्संग करने जैसा योग भी बनता है। दिनांक 4, 5, 15, 20, 23, 28, 29 अशुभ दायक हैं। घरेलू कार्यों में वृद्धि होगी। **जून**–इस माह में भ्रमण ज्यादा होंगे। सम्पर्क सूत्र बढ़ेगा। कुछ शुभ कार्यों की प्रक्रिया में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। नवीन व्यापार व धंधा का योग। साझेदारी कार्यों का योग बनेगा। नौकरी-पेशा कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग बनेगा। आत्म विश्वास बढ़ेगा। पदोन्नति का योग भी। पशुओं के लेन-देन में भी लाभ दायक योग। व्यक्तिगत सम्पर्क बढ़ेगा। संतान प्राप्ति योग। अविवाहितों का शुभ विवाह योग। मित्र वर्ग से कुछ नवीन कार्य का लाभ मिलेगा। दिनांक 2, 6, 9, 11, 15, 17, 21, 24 अशुभ। **जुलाई**–इस माह में आर्थिक लाभ अच्छा होगा। धंधा में मित्र लोग मदद करेंगे। स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी व चोट का योग बनेगा। तर्क-वितर्क से बचें तो शुभ। माता का स्वास्थ्य गड़बड़। लम्बी यात्रा नहीं करें। खान-खदान के कार्य में कुछ परेशानी रहेगी। सीमेन्ट व्यापार में लाभ। रुके हुए कार्यों की गति में परिवर्तन। लाभ होगा। उपाय-मां दुर्गा की पूजा करें। दिनांक 3, 10, 11, 15, 17, 20, 22, 27, 28 अशुभ हैं। **अगस्त**–माह में आत्म विश्वास बढ़ेगा। सिर दर्द का योग। कुछ कार्यों में बाधाएं आयेंगी। श्री हनुमान जी की उपासना करें तथा भोग-प्रसाद चढ़ायें। पत्नी के स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ होने का योग। मानसिक रोग का प्रभाव बढ़ेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। योजना का लाभ प्राप्त होगा। राजनैतिक कार्यों में गति बढ़ेगी। लाभ भी होगा। रोजगार प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। स्त्री वर्ग से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। दिनांक 5, 8, 13, 15, 22, 27, 28 अशुभ दायक हैं। **सितंबर**–माह में आर्थिक लाभ प्राप्ति का कार्य होगा। आमोद-प्रमोद कार्यों में धन खर्च होगा। परिवार में खर्च का योग। राजकीय कर्मियों के लिए सत्ता परिवर्तन का योग। भूमि-भवन का लेन-देन भी बनता है। साज-सज्जा सामग्री क्रय-विक्रय से शुभ लाभ। संतान प्राप्ति एवं पत्नी ...

मिलेगा। भूमि-भवन लेन-देन का व्यवसाय करें | लेन-देन योग ... | 8, 16, 20, 27, 28 अशुभ रहेंगी। मई–इस माह ...

मिलेगा। भूमि-भवन लेन-देन का व्यवसाय करें तो लाभ होगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण हो तो हार का योग बनता है। संकट में श्री गणेशोपासना का लाभ प्राप्त करें। दिनांक 2, 5, 9, 12, 17, 24, 28, 30 अशुभ रहेंगी। भ्रमण ज्यादा होगा। **अक्टूबर**–इस माह में कार्यों में वृद्धि होगी। नौकरी-पेशा का योग बनता है। न्यायालय संबंधी विवाद से मुक्ति का योग है। गोचर में ग्रह अनुकूलता से अधूरे कार्यों में सफलता योग बनेगा। मांगलिक कार्यों का योग ज्यादा होगा। व्यापार में परिवर्तन का योग। शुभ तीर्थाटन का योग रहेगा। ननिहाल पक्ष से अच्छा लाभ मिलेगा। दक्षिण भारत या पूर्वी भारत की यात्रा का योग बनता है। व्यापारिक क्षेत्र में अच्छी गति बढ़ेगी। उद्योग स्थापना योग बनता है। दिनांक 3, 10, 15, 19, 24, 27, 31 अशुभ हैं। **नवंबर**–माह में आमदनी अच्छी होगी। कृषि कार्यों में भी शुभ योग। गेहूं, चना, सरसों, रायरा पैदावार में लाभ होगा। साझेदारी कार्य में भी लाभ होगा। कृषि संबंधी सामग्री क्रय-विक्रय का योग। मित्र वर्ग का सहयोग मिलेगा। ट्रक-ट्रेक्टर मशीनरी क्रय का योग। उच्च वर्ग के लोगों से लाभ प्राप्त होगा। नये स्थान का चयन एवं व्यवसाय में शुभता योग है। यज्ञ-पूजा का योग। श्रीहनुमान जी की उपासना, मंगलवार का व्रत करें तो शुभ होगा। दिनांक 6, 15, 22, 27, 30 अशुभ दायक रहेंगी। आवश्यकता के अनुरूप कार्यों का लाभ अच्छा होगा। **दिसंबर**–माह के शुभारंभ में मांगलिक खर्चा होगा। काफी स्थानों की यात्रा भी होगी। व्यक्तिगत सम्पर्क बढ़ेगा। स्त्री वर्ग का विशेष सहयोग प्राप्त होगा। वाहन क्रय-विक्रय का योग बनेगा। संतान का भाग्योदय, शिक्षा में सफलता का योग। देश-विदेश यात्रा तथा साझेदारी में उद्योग स्थापना का योग। भूमि-भवन क्रय-विक्रय का योग। वैवाहिक योग्य जातकों का शुभ विवाह योग। दिनांक 4, 10, 15, 19, 24, 28 अशुभ दायक रहेंगी। घरेलू कार्यों का दायित्व ज्यादा बढ़ेगा। सामाजिक सेवा का लाभ भी मिलेगा। **जनवरी 2020**–इस माह में आवश्यकता के अनुरूप कार्य गति बढ़ेगी। आर्थिक दृष्टि से लाभ भी होगा। परिवार में नया सदस्य का आगमन योग। भूमि-भवन लेन-देन योग भी। सेवारत कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग या पदोन्नति का लाभ मिलेगा। स्त्री को पीड़ा योग। चोरी का योग भी बनता है। दिनांक 2, 8, 10, 20, 24, 27 अशुभ दायक। मित्र वर्ग धोखा कर सकते हैं। **फरवरी**–इस माह में कार्य प्राप्ति के लिए भागदौड़ ज्यादा रहेगी। मानसिक स्थिति चिन्तित रहेगी। शरीर में पीड़ा रोग बाधा भी रहेगी। नया कार्य के लिए मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। भवन निर्माण या भूमि क्रय का शुभारम्भ बनेगा। संतान को रोग बाधा। श्रीहनुमान चालीसा का 108 पाठ करें तो शुभ होगा। पत्नी के द्वारा योगदान प्राप्त होगा। दिनांक 2, 8, 14, 22, 24, 28 अशुभ दायक। लम्बी यात्रा नहीं करें। **मार्च**–माह में सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। कुछ विवाद से बचें। सरकारी सेवा का योग। कृषि कार्य अच्छा रहेगा। स्थान परिवर्तन तथा देश-विदेश की यात्राएं भी निजी या सरकारी योग से बनेगी। वाहन संचालन या वाहन क्रय का शुभ योग बनता है। वैवाहिक खर्चा का शुभ योग बनेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता योग। कुछ मित्र वर्ग मदद करेंगे। दिनांक 1, 6, 10, 15, 19, 22, 24 अशुभ दायक रहेंगी।

कर्क-ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

स्वामी-चन्द्र नग-मोती शुभ

अप्रैल 2019–इस माह में स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यालय में कार्य गति बढ़ेगी। आवास निर्माण का शुभ योग। सरकारी नौकरी प्राप्ति का योग। सामान्य बीमारी से कुछ अशांति बन सकती है। विदेश यात्रा का योग भी। मनोबल अच्छा रहेगा। मित्र वर्ग की ओर से शुभ सूचना प्राप्त होगी। रोजगार बढ़ेगा। मांगलिक खर्चा होगा। दिनांक 4, 8, 16, 20, 27, 28 अशुभ रहेंगी। **मई**–इस माह में स्वास्थ्य की दृष्टि से बेचैनी रहेगी। कुछ स्थानों में आर्थिक लाभ प्राप्ति का योग। व्यवसाय शुभ दायक चलेगा। साझेदारी का लाभ भी मिलेगा। मांगलिक कार्य का शुभ योग। नवीन धंधा, व्यापार, उद्योग का योग भी। वाहन प्राप्ति योग बनेगा। राष्ट्रीय योजना में भागीदार योग बनेगा। स्त्री वर्ग द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। दिनांक 4, 8, 12, 16, 22, 28 अशुभ दायक। **जून**–इस माह में स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी रहेगी। आर्थिक स्थिति कमजोर। पारिवारिक कार्यों की गति बढ़ेगी। किसी जोखिम संबंधी कार्य में चिन्ता दायक योग बनेगा। राजकीय सेवा योग का लाभ बनेगा। राजनैतिक लाभ प्राप्ति का योग बनता है। संतान प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। चौपाया, दुधारू पशुओं के लेन-देन में लाभ होगा। अनावश्यक यात्राएं भी करनी पड़ेगी। कृषक वर्ग को शुभ दायक योग। श्रीमहाकालेश्वर की उपासना करें तो शुभ रहेगा। दिनांक 3, 10, 14, 17, 24, 27 अशुभ दायक रहेंगी। **जुलाई**–इस माह से सामाजिक कार्यों के लिए भागदौड़ चलेगी। देव-प्रसादी, सत्संग का शुभ आयोजन करना तथा मांगलिक कार्यों में खर्चा होगा। नया सदस्य का आगमन होगा। भवन-निर्माण संबंधी कार्य का योग बनता है। चिकित्सा सेवा का लाभ प्राप्त होगा। सामुद्रिक यात्रा में लाभ मिलेगा। माता दुर्गा की साधना से शुभ लाभ होगा। दिनांक 6, 9, 14, 18, 24, 28 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**–इस माह में अधूरे कार्य पूर्ण होने का योग है। मांगलिक कार्य एवं उधार प्रदत्त राशि प्राप्ति का योग बनता है। जोखिम पूर्ण कार्य में भागदौड़ रहेगी। कहीं पर तर्क-वितर्क से झगड़ा का योग बनेगा। नये कार्य में स्त्री वर्ग का सहयोग प्राप्त होगा। वाहन क्रय-विक्रय का शुभ योग बनता है। श्रीगणेशोपासना करें तो कार्य अच्छा होगा। दिनांक 4, 5, 6, 13, 14, 15, 22, 23, 24 अशुभ दायक रहेंगी। वाहन चलाते वक्त भी सावधानी रखें तो शुभ रहेगा। विदेश यात्रा का योग भी बनता है। **सितंबर**–माह में राजकीय कार्यों में लाभ मिलेगा। जातकों का नौकरी योग बनता है। कार्य की गति योजना बद्ध चलेगी। केन्द्रीय सरकार से भी कुछ लाभ या सेवा योग बनेगा। सकारात्मक धारणाओं का शुभ योग रहेगा। विदेशगमन एवं सेवा योग बनता है। पशुओं का लेन-देन शुभ होगा। श्रीहनुमान जी की उपासना से अपूर्ण कार्य में पूर्णता आयेगी। दिनांक 1, 2, 10, 11, 12, 19, 20, 21 अशुभ दायक रहेंगी। **अक्टूबर**–इस माह में सामाजिक कारोबार बढ़ेगा। पारिवारिक कार्यों की गति बढ़ेगी। स्त्री वर्ग को रोग बाधा, प्रसव पीड़ा का योग बनता है। लेन-देन के मामलों में विवाद से बचें। उदासीनता एवं लापरवाही से बचें। न्यायालय संबंधी प्रकरण से विजय योग। पारिवारिक अनबन का योग। चोट या चोरी का योग भी बनता है। दिनांक 7, 8, 9, 17, 18, 19, 24, 25, 26 अशुभ दायक हैं। **नवंबर**–माह में व्यावसायिक संकट का योग बनता है। मित्र वर्ग काफी सहयोग करेंगे। कुटुम्ब जनों से हानि कारक योग बनेगा। गाय की सेवा करें तो शुभ लाभ होगा। चिकित्सालय का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। भवन निर्माण संबंधी कार्य का लाभ होगा। सरकारी सेवा योग्य जातकों को लाभ प्राप्ति। चल-अचल सम्पत्ति का शुभ लाभ प्राप्त होगा। दिनांक 4, 5, 6, 13, 14, 19, 20, 21 अशुभ दायक। **दिसंबर**–माह में परिवार में वैवाहिक मांगलिक कार्यक्रमों में भागदौड़ चलेगी। पड़ोसियों के कार्य का भार भी बढ़ेगा। विदेशी कम्पनी का निमंत्रण या कार्यक्रम में लाभ मिलेगा। पत्नी को उदर-पीड़ा योग। संतान को कष्ट होगा। धार्मिक कार्यक्रम कथा, उत्सव, सत्संग का शुभ योग भी बनता है। प्रतियोगी परीक्षा में विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। मनोरंजन का योग भी बनता है। दिनांक 7, 8, 9, 17, 18, 19, 24, 25, 26 अशुभ हैं। **जनवरी 2020**–धंधा में वृद्धि का शुभ योग बनेगा। मांगलिक कार्यों में खर्चा ज्यादा होने का योग। पदोन्नति या स्थान परिवर्तन योग सरकारी कर्मियों को बनता है। दान-पुण्य करें तो शुभ रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नये कार्य में मित्र वर्ग मदद करेंगे। कोर्ट-कचहरी विवाद से जेल जाने का योग बनता है। रोजगार का शुभ लाभ बनेगा। पारिवारिक विवाद से बचें। दिनांक 1, 3, 14, 15, 23, 24, 25 अशुभ कारक हैं। शत्रु

पक्ष से सावधान रहें। **फरवरी**–माह में यात्राएं ज्यादा होंगी। प्रतियोगी परीक्षा में शुभदायक योग बनते हैं। प्रसव पीड़ा का योग स्त्रीयों को बनता है। नये कार्य में मित्र वर्ग काफी सहयोग करेंगे। पशुओं के लेन-देन, भूमि-भवन, वाहन व्यापार का योग बनता है। कुलमाता की पूजा से भाग्योदय होगा। दिनांक 5, 6, 7, 14, 15, 23, 24, 25 अशुभ दायक हैं। **मार्च**–माह में राजकीय सेवा का योग। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्य क्षमता बढ़ेगी। राजनीति क्षेत्र में भी वर्चस्व बढ़ेगा। जन सहयोग से कोई शुभ कार्य होगा। गौशाला में पूजा करें तो श्रेष्ठ रहेगा। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान प्राप्ति का योग बनता है। राजकीय सेवारत कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग। खेल-कूद में पुरस्कार मिलेगा। दिनांक 4, 5, 9, 10, 11, 20, 22, 24 अशुभ रहेंगी।

सिंह-टा, टी, टू, टे, मा, मी, मू, मे, मो

सिंह

स्वामी-सूर्य   नग-माणिक   शुभ

अप्रैल 2019–इस माह में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने का शुभ योग बनता है। नई संस्था की स्थापना का योग बनता है। नये व्यवसाय में साझेदारी का योग बनता है। अधूरे कार्यों की पुनरावृत्ति एवं सम्पन्नता का योग। नौकरी-पेशा का शुभावसर बनेगा। भूमि-भवन लेन-देन का शुभ योग मित्रों के सहयोग से बनेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में भी सफलता मिलेगी। आमोद-प्रमोद, मनोरंजन का योग बनेगा। दिनांक 1, 7, 9, 10, 14, 15, 22, 23, 27, 28 अशुभ दायक। **मई**–इस माह में आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा। राजकीय कार्यों में काफी लाभ प्राप्त होगा। सरकारी नौकरी या पदोन्नति का योग। पुत्र प्राप्ति का योग भी। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। नया भवन निर्माण का शुभ योग। स्त्री वर्ग को विशेष आर्थिक लाभ। मांगलिक कार्य होंगे। मित्र वर्ग का लाभ भी करायेंगे। पत्नी और ...

से सावधान रहें। दिनांक 6, 7, 8, 13, 14, 27, 28 अशुभ दायक हैं। **जून**–इस माह में स्वास्थ्य में गड़बड़ी का योग। चोट या बीमारी का योग भी। राहु-केतु ग्रहों की पूजा, साधना, दान-पुण्य करें तो शुभ। असहायों को यथा योग्य फल-भोजन देना भी शुभकारक रहेगा। स्त्री वर्ग से शुभ सूचना प्राप्त होगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भागदौड़ बढ़ेगी। मित्र वर्ग व्यवसाय-धंधा में सहयोग करेंगे। घोड़ा, हाथी, ऊंट की सवारी नहीं करें तो शुभ। दिनांक 1, 7, 8, 9, 13, 14, 22, 26, 27, 28 अशुभ हैं। इन दिनों लम्बी यात्रा नहीं करें। **जुलाई**–माह में नया धंधा का शुभ योग बनेगा। राजपक्ष से नई सूचनाओं का लाभ मिलेगा। मां दुर्गा की पूजा से वांछित कार्य में सफलता शीघ्र मिलेगी। भाई-बन्धु, स्त्री वर्ग एवं पत्नी का शुभ सहयोग मिलेगा। देश-विदेश यात्रा का शुभ योग बनेगा। अधूरे कार्य की पूर्ति का शुभ योग। दिनांक 8, 9, 17, 18, 25, 26, 30, 31 अशुभ हैं। **अगस्त**–इस माह में सामाजिक सेवा का लाभ मिलेगा। परिवार में नये कार्यों, नयी योजना व नये धंधा का योग। कुछ मित्रों द्वारा शुभ समाचारों की प्राप्ति भी होगी। कृषक वर्ग को अच्छा लाभ का योग। मित्रों के सहयोग से सोचा गया कार्य का लाभ प्राप्त होगा। किसी स्थान विशेष की सेवा का लाभ भी मिलेगा। गरीबों को वस्त्र दान करें तो शुभदायक होगा। दिनांक 7, 8, 18, 19, 23, 24, 27, 28 अशुभ दायक हैं। **सितंबर**–इस माह में रुके हुए कार्य पुनः प्रारंभ होंगे। नये स्थान पर मान-सम्मान की प्राप्ति। जीवन साथी की ओर से काफी लाभदायक कार्यों का योग। नौकरी तथा धंधा में बड़े अधिकारी एवं प्रेरणादायी पुरुषों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का योग बनेगा। वैवाहिक योग्य जातकों का संबंध योग। भूमि-भवन प्राप्ति का योग भी मित्रों के सहयोग से बनेगा। दिनांक 3, 6, 10, 12, 17, 18, 22, 25 अशुभ दायक हैं। **अक्टूबर**–इस माह में राजनैतिक कार्यों में लाभ मिलेगा। सरकारी सेवा, उद्योग स्थापना योग बनता है। विद्यार्थी वर्ग को विशेष पुरस्कार प्राप्ति योग भी बनता है। नये ...

मिलेगी। मन की शंका का निवारण मित्रों के माध्यम से होगा। विदेश यात्रा का शुभ योग भी। भूमि-भवन, प्लॉट क्रय-विक्रय का धंधा भी चलेगा। दिनांक 1, 6, 8, 14, 15, 20, 22, 24 अशुभ हैं। सावधानी बरतें। **नवंबर**–इस माह में मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। कृषि कार्य खाद्यान्न लेन-देन में भी लाभ प्राप्त होगा। स्थान परिवर्तन योग नौकरी वालों को होगा। पड़ोसियों के सहयोग से कार्य योजना बनेगी, लाभ मिलेगा। वाद-विवाद से बचें। वाहन क्रय-विक्रय में भी लाभ होगा। जीवन साथी के ओर से शुभ सूचना प्राप्त होगी। धार्मिक कार्य-सत्संग, शुभ यात्रा तथा मन्दिर निर्माण संबंधी कार्य का शुभ योग बनेगा। दिनांक 2, 6, 9, 14, 17, 20, 24, 29 अशुभ दायक। **दिसंबर**–इस माह में पारिवारिक कार्यों की गति ठीक होगी। व्यवसाय का शुभ योग बनेगा। सामाजिक कार्यों का दायित्व बढ़ेगा। अचानक शुभ यात्र का योग। कुलमाता की प्रसादी का कार्यक्रम हवन सहित करायें तो शुभ होगा। कार्य में स्त्री वर्ग का सहयोग मिलेगा। वाहन क्रय-विक्रय का शुभ योग बनेगा। आर्थिक दृष्टि से माह उत्तम रहेगा। विद्यार्थियों के लिए माह में भागदौड़ ज्यादा रहेगी। कृषि योग्य कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी। गाय की सेवा करें तो बाधाएं हटेंगी। दिनांक 5, 8, 13, 17, 22, 24, 27 अशुभ दायक। **जनवरी 2020**–माह में सामाजिक चेतना के कार्य में हाथ बटायेंगे। आर्थिक लाभ भी अच्छा होगा। सरकारी कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग बनता है। कहीं पर धोखा होने का योग। चोरी का आरोप भी लग सकता है। उपाय-श्रीहनुमान जी की उपासना महीने भर करें। गायों को गुड़ भी खिलायें। साझेदारी कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों के सहयोग से अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे। लम्बी यात्रा नहीं करें तो ठीक रहेगा। व्यापारी वर्ग में कुछ अशांति रहेगी। श्रीगणेश जी की पूजा-व्रत-साधना करें तो शुभ होगा। दिनांक 1, 4, 9, 15, 17, 20, 22 अशुभ हैं। **फरवरी**–इस माह में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान में बाधा या गड़बड़ी का योग। राजकीय सहयोग अच्छा रहेगा। मन की शंका का निवारण मित्रों ...

अनावश्यक खर्चा व यात्रा योग भी। चलते धंधे में अच्छी प्रगति का योग बनता है। संतान का भाग्योदय या संतान प्राप्ति का योग बनता है। दिनांक 1, 6, 10, 16, 19, 24, 27 अशुभ दायक। **मार्च**–माह में स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राज्य अधिकारियों से सम्पर्क बढ़ेगा। मनोबल अच्छा रहेगा। किसी प्रियजन के वियोग से मन में अशांति रहेगी। स्त्री वर्ग द्वारा बताया गया परामर्श काफी लाभदायक रहेगा। सभी समस्याओं का निवारण मित्रों के सहयोग से होगा। राजकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा। नौकरी-पेशा वालों को परेशानियां बढ़ेंगी। कहीं पर अचानक विवाद-झगड़ा योग बनता है। दिनांक 3, 7, 10, 14, 20, 24, 27 अशुभ दायक हैं।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या

स्वामी-बुध   नग-पन्ना   शुभ

अप्रैल 2019–इस माह काफी नया सम्पर्क बढ़ेगा। शुभ साधना योग भी। राजनैतिक दृष्टिकोण का शुभ योग बनेगा। मित्र वर्ग से शुभ समाचारों की प्राप्ति का योग बनेगा। राजकीय सेवा का पदोन्नति योग बनेगा। विवाह योग्य जातकों का शुभ विवाह योग भी। जीवन में उत्साह जनक कार्य बनेगा। नये कार्य-धंधे की योजना बनेगी। क्रियान्विति से लाभ भी होगा। ईष्ट मित्रगण शुभ सहयोग देंगे। श्रीदुर्गा उपासना करें तो शुभ। दिनांक 7, 8, 14, 19, 25, 26 अशुभ दायक। **मई**–इस माह में विद्या योग में शुभ सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में कुछ नवीन कार्य की नोक-झोंक बनेगी। राजकीय सेवा में भी बाधा योग। अपराधिक योग का पर्दाफाश होने का योग। राजनैतिक क्षेत्र से बचाव बनेगा। न्यायालय में विजय मिलेगी। धार्मिक स्थानों का दर्शन योग बनेगा। परिवार में सुखदायी वातावरण बनाने के लिए भी सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं हनुमानोपासना करें। दिनांक 4, 9, 16, 23, 24, 28 अशुभ दायक। जून–इस माह ...

में धार्मिक यात्राओं का लाभ मिलेगा। कार्य की गति बढ़ेगी। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान भी होगा। विद्यार्थियों में शुभ सफलता योग बनेगा। पारिवारिक गतिविधियों के प्रभाव से कार्यों में शुभ सफलता योग बनेगा। राजसेवा योग भी बनेगा। मित्र वर्ग से वाहन क्रय का प्रोत्साहन मिलेगा। स्त्री पक्ष द्वारा भाग्योदय का सहयोग मिलेगा। कार्यों में वृद्धि से व्यस्तता अधिक रहेगी। नये कार्यों में मित्र सहयोग करेंगे। दिनांक 7, 12, 18, 24, 27, 29 अशुभ दायक। **जुलाई**–माह में नौकरी-पेशा, धंधा का शुभ योग बनेगा। अर्थ प्राप्ति का भी शुभ योग। विद्या लाभ भी होगा। कार्यों में वृद्धि होगी। मित्र वर्ग का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। उत्साहवर्द्धक कार्य की भूमिका मिलेगी। प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का योग बनेगा। धार्मिक कार्यों में भी भागदौड़ चलेगी। राजकीय सेवा का शुभ योग बनेगा। वाहन से सावधान। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान की प्राप्ति। शिवोपासना करें तो शुभ दायक रहेगा। पारिवारिक सेवा से कीर्ति योग बनेगा। दिनांक 9, 14, 19, 23, 28, 29 अशुभ दायक। **अगस्त**–पिछले माह के अधूरे कार्यों की पूर्ति होगी। वाहन क्रय-विक्रय का योग बनता है। राजकीय सम्मान प्राप्ति का योग बनता है। आर्थिक लाभ का कार्य होगा। भवन निर्माण संबंधी योग बनेगा। मित्र वर्ग से नये व्यवसाय की प्रेरणा मिलेगी। स्त्री पक्ष से भाग्योदय की प्रेरणा मिलेगी। तीर्थाटन जाने का योग बनता है। गौ सेवा करें तो नवीन कार्य में अच्छी सफलता का योग बनेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य कुछ गड़बड़। दिनांक 7, 12, 19, 24, 27, 30 अशुभ दायक हैं। **सितंबर**–सामाजिक क्षेत्र में शुभ कार्यों में भाग लेने का योग। नौकरी-पेशा वालों का स्थान परिवर्तन का योग बनता है। कम्पनी या नये उद्योग धंधे का भी शुभ योग बनता है। पदोन्नति सेवा योग। नये मित्रों द्वारा सम्मान प्राप्ति का शुभ योग बनता है। कठिन परिश्रम का लाभ भी श्रेष्ठ मिलेगा। रचनात्मक लेखन कार्य का शुभ योग बनेगा। कठिन कार्य से सफलता भी। दिनांक 2, 5, 6, 12, 13, 17, 18 अशुभ हैं। **अक्टूबर**–इस माह में स्त्रियों द्वारा शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। कुछ विवाद जन्य मामलों से मन उदास होने का योग बनेगा। पुराने उलझे कार्यों की गति अनुकूल बनने का योग बनता है। जटिल कार्य भी मित्रों के सहयोग से पूर्ण होगा। स्त्री पक्ष से कुछ अमानवीयता का योग बन सकता है। सावधान रहें। मित्रों द्वारा बचाव भी होगा। धार्मिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता निभायेंगे। स्थानीय लोग कुछ अपमान जनक बातें करेंगे। दिनांक 4, 8, 15, 19, 24, 25, 27 अशुभ दायक हैं। **नवंबर**–इस माह में रोजगार में वृद्धि होगी। नया कार्य लाभ भी बनेगा। पारिवारिक कार्यों में भागदौड़ ज्यादा रहेगी। धार्मिक आयोजनों में भाग लेने में व्यस्त रहेंगे। सामाजिक सेवा का लाभ मिलेगा। पुराने कार्यों की पुनरावृत्ति होगी। सुधार भी होगा। विवाह योग्य जातकों का विवाह होगा। जटिल कार्य में मित्र वर्ग मदद करेंगे। संतान प्राप्ति का योग। परिवार में मांगलिक कार्य में खर्चा का योग। कुछ विवादों का छुटकारा स्वयं द्वारा हो जायेगा। दिनांक 4, 5, 6, 14, 15, 22, 23, 24 अशुभ हैं। **दिसंबर**–माह में नया कार्य स्त्री के परामर्श से बनेगा। लाभ भी होगा। अनावश्यक खर्चा भी चलते-फिरते होगा। सामाजिक सेवा वैवाहिक कार्य या आध्यात्मिक कार्य में भागदौड़ रहेगी। यंत्र-तंत्र-मंत्र जैसी साधना का योग बनेगा। मानसिक स्थिति में सुधार का शुभ योग बनेगा। वाहन क्रय-विक्रय का योग बनेगा। गायत्री मंत्र की साधना से अच्छा लाभ होगा। मित्र वर्ग शुभ यात्रा में मदद करेंगे। कुछ चिन्ता भी रहेगी। दिनांक 7, 8, 9, 15, 16, 17, 22, 23, 26, 28, 29 अशुभ दायक। **जनवरी 2020**–इस माह में शुभ समाचार प्राप्ति का योग बनेगा। भवन निर्माण जैसा शुभ कार्य होगा। शत्रु भी मित्रवत् व्यवहार करेंगे। ईश्वर कृपा का शुभ योग रहेगा। राजनैतिक लाभ भी प्राप्त होगा। न्यायालय संबंधी प्रकरण हो तो विजय का योग। मित्र वर्ग वाहन प्राप्ति में मदद करेंगे। व्यर्थ भागदौड़ से बचें। शैक्षिक स्तर में शुभ सफलता का योग बनेगा। व्यापारिक गति बढ़ेगी। हवाई यात्रा का शुभ योग बनता है। देश-विदेश में भ्रमण का योग बनता है। दिनांक 4, 7, 12, 16, 17, 19, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **फरवरी**–माह में राजकीय सेवा का शुभ योग बनता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिक सेवा का कार्य बढ़ेगा। कुटुम्ब जनों में मांगलिक कार्यों में काफी भागदौड़ चलेगी। स्वाध्याय का शुभ अवसर प्राप्त होगा। अधूरे कार्यों में पूर्ति की गति बढ़ेगी। कुछ धार्मिक स्थलों में जाना पड़ेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। राजनैतिक गतिविधियों का भी शुभ लाभ बनता है। दिनांक 3, 4, 11, 12, 19, 20, 22 अशुभ दायक। वाहन से सावधानी बरतें। **मार्च**–माह में स्थान परिवर्तन योग। नये भवन में प्रवेश योग। संतान प्राप्त का शुभ योग। शत्रु पराजित होंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह भी होगा। स्त्री वर्ग के परामर्श से भाग्योदय जैसा शुभ योग बनेगा। कार्य योजना का लाभ भी मिलेगा। मित्र वर्ग राज-काज में कार्य गति को सफल बनने में सहयोग करेंगे। शत्रु वर्ग से बचाव, अपनी हार मानना शुभ रहेगा। मांगलिक कार्यों का शुभ योग। दिनांक 2, 3, 11, 12, 13, 21, 22, 24 अशुभदायक हैं।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

तुला

स्वामी-शुक्र **नग-हीरा** **शुभ**

अप्रैल 2019–इस माह में नये कार्यों का शुभारंभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेगा। राजनेताओं का सहयोग प्राप्त होगा। गुरुजनों की आज्ञा से लाभ प्राप्त होगा। परिवार में सौहार्द वातावरण रहेगा। चिकित्सालय सहयोग का लाभ प्राप्त होगा। व्यापार की गति बढ़ेगी। पारिवारिक कार्यों में मांगलिक खर्चा होगा। कृषकों को लाभ मिलेगा। राजकीय सेवा का लाभ मिलेगा। सरकारी सेवा कर्मियों का स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दिनांक 1, 9, 10, 11, 20, 27, 29 अशुभ दायक। **मई**–इस माह में तीर्थाटन में लाभ मिलेगा। सामाजिक सेवा कार्य में गति बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों का शुभ योग बनेगा। विवाह योग्य जातकों का शुभ विवाह होगा। भूमि-भवन-प्लॉट क्रय का शुभ योग बनेगा। ज्वैलर्स संबंधी कार्यों में लाभ होगा। बंधु-बांधव, मित्र, स्त्री वर्ग का शुभ सहयोग प्राप्त होगा। शैक्षिक स्तर बढ़ेगा। पी.एच.डी प्राप्ति का शुभ योग। दिनांक 9, 10, 11, 17, 18, 19, 24, 25, 26 अशुभ। **जून**–इस माह में रोग बाधा का प्रभाव बनेगा। पत्नी को गुप्त रोग का योग बनेगा। स्वास्थ्य सुधार बावत् औषधि-उपचार के साथ ही शिवोपासना, पूजा, महामृत्युंजय जप करावें तो शुभ होगा। मित्र-मण्डली का अच्छा सहयोग मिलेगा। नया सम्पर्क बढ़ेगा। घरेलू कार्यों में कुछ लाभ प्राप्त होगा। सरकारी सहयोग का योग बनता है। धंधा में मित्र वर्ग मदद करेंगे। नये कार्य में वित्तीय सहयोग मित्रों द्वारा होगा। दिनांक 10, 11, 12, 19, 20, 21, 24, 27 अशुभ हैं। **जुलाई**–माह में अनेक तरह की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। कुछ स्थानों पर मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शारीरिक व्याधि से छुटकारा मिलेगा। धार्मिक यात्रा का योग बनेगा। संतान प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। वाहन क्रय-विक्रय का शुभ योग। परिवार में मांगलिक कार्य शुभ दायक बनेगा। विदेशी वस्तुओं के व्यापार में भी लाभ होगा। शेयर्स बाजार में भी लाभ बनेगा। घरेलू समस्याएं धीरे-धीरे कम होगी। दिनांक 8, 10, 12, 19, 20, 21, 24, 25, 26 अशुभ। लम्बी यात्रा नहीं करें तो शुभ रहेगा। **अगस्त**–इस माह में अध्ययन-अध्यापन जैसे कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों के द्वारा शुभ कार्य की सूचना प्राप्त होगी। धार्मिक कार्यों की स्थिति अच्छी रहेगी। कुलमाता के दर्शनों का लाभ मिलेगा। सामाजिक सेवा का विशेष लाभ मिलेगा। उधार प्रदत्त राशि प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। माता-पिता को स्वास्थ्य लाभ। न्यायालय प्रकरण चल रहा हो तो आपकी विजय होगी। मित्र-मण्डली द्वारा कुछ नया कार्य का संकेत बनेगा। दिनांक 3, 4, 5, 12, 13, 22, 23, 24 अशुभ कारक है। लम्बी यात्रा न करें। **सितंबर**–इस माह में व्यवसाय की गति तेज चलेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। सबलता के साथ मित्रों का सहयोग से विदेश यात्रा का योग बनता है। रोजगार प्राप्ति में राजकीय सेवा का योग अच्छा बनेगा। स्त्री वर्ग द्वारा विशेष योजना का लाभ बनेगा। पूंजी निवेश, ज्वैलर्स, शेयर्स, बीमा में लाभ का शुभ योग बनेगा। विद्या पक्ष प्रबल रहेगा। कृषि कार्य में विशेष लाभ योजना की गति

बनेगी। दिनांक 4, 5, 14, 15, 23, 24, 28, 29 अशुभ दायक। वाहन से सावधान रहें। **अक्टूबर**–इस माह में काफी स्थानों पर भ्रमण करना पड़ेगा। भ्रमण में कार्य सेवा रोजगार प्राप्ति की सूचना प्राप्त होगी। बैंक से ऋण प्राप्ति का योग बनेगा। माह में व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। भवन-निर्माण संबंधी सामग्री के व्यापार में लाभ दायक योग बनेंगे। व्यर्थ खर्च योग से बचें। मानसिक चिन्ता का योग बनता है। शिवोपासना एवं सोलह सोमवार का व्रत करें तो शुभ होगा। माता-पिता के मार्गदर्शन से कार्यों में गति बढ़ेगी। वाहन क्रय-विक्रय का शुभ योग। दिनांक 5, 6, 7, 16, 18, 20, 22, 28 अशुभ दायक है। वाहन से सावधान रहें। **नवंबर**–इस माह व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। शत्रुता का योग चिन्ता दायक होगा। न्यायालय प्रकरण हो तो विजय योग। पारिवारिक कार्य गति अच्छी रहेगी। शारीरिक व्याधि से छुटकारा मिलेगा। अध्ययन और व्यवसाय की गति बढ़ेगी। आर्थिक दृष्टि से कार्य गति तेज होगी। भूमि-प्लॉट क्रय-विक्रय का व्यवसाय हो तो शुभ योग बनेगा। मां दुर्गा की साधना करें तो अधूरे कार्य में सफलता का योग बनेगा। जीवन साथी को कुछ रोग का योग। दिनांक 1, 3, 4, 7, 13, 17, 22, 24 अशुभ दायक है। **दिसंबर**–माह में नवीन कार्यों का शुभ योग बनेगा। वाहन क्रय का योग भी बनेगा। साहित्यिक-सामाजिक गतिविधियों में अच्छा लाभ मिलेगा। विवाद जन्य मामलों में मित्र लोग मदद करेंगे। संतान प्राप्ति का शुभ योग बनेगा। ऋण प्राप्ति एवं उद्योग संचालन का योग बनता है। काफी स्थानों का भ्रमण योग भी बनेगा। शोधार्थी योग पी.एच.डी का बनता है। भवन निर्माण का योग। दिनांक 4, 5, 14, 15, 23, 24, 25 अशुभ दायक। **जनवरी 2020**–इस माह में चल-अचल सम्पत्ति का विकास होगा। विद्या पक्ष शुभ दायक। राजकीय सेवा का योग। मित्र वर्गों से शुभ दायक योग बनेगा। विवाह योग्य जातकों का शुभ योग बनेगा। रचनात्मक प्रवृति का शुभ योग। धार्मिक यात्रा, गायत्री यज्ञ आयोजन का शुभ योग बनेगा। चोरी-डकैती का योग। सतर्कता बनाये रखें। दिनांक 5, 6, 7, 16, 18, 22, 23, 28 अशुभ हैं। **फरवरी**–इस माह में मन अशांत रहेगा। मांगलिक विकृति के योग से कार्य सफलता में बाधा रहेगी। अनावश्यक लोगों से सम्पर्क होगा। चित्त शांति बावत् गायत्री माता का यज्ञ माह में दो बार करें तो शुभ होगा। उदर पीड़ा, नेत्र रोग बाधा रहेगी। सामाजिक कार्य क्षमता से परे रहेगा। न्यायालय के कार्य में समझौता योग बनेगा। विवाद जन्य मामलों से बचें। दिनांक 2, 4, 9, 11, 15, 17, 22, 23 अशुभ। **मार्च**–इस माह में नये कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आकस्मिक धन प्राप्ति का योग बनेगा। राजनैतिक कार्यों में सफलता योग बनता है। जीवनोदय का समय शुभ कारक चलेगा। भूमि-भवन एवं वाहन क्रय का शुभ योग चलेगा। किसी अच्छे पद पर मनोबल योग बनेगा। पशुओं से सावधान रहें। संतान प्राप्ति तथा संतान का भाग्योदय योग बनेगा। दिनांक 9, 13, 18, 20, 27, 28 अशुभ हैं।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

वृश्चिक

स्वामी-मंगल   नग-मूंगा   शुभ

अप्रैल 2019–इस माह में शुभ कार्यों की धूम मचेगी। मांगलिक कार्य होंगे। शिक्षा की दृष्टि से माह उत्तम रहेगा। कुछ चिन्ता एवं विकार जैसा योग बनेगा। राजकीय सेवकों का स्थान परिवर्तन योग। परिवार में शुभ जातक का जन्म। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का योग बनता है। धार्मिक कार्यों की ओर भागदौड़ चलेगी। वाहन से सावधान रहें। दिनांक 6, 7, 8, 15, 16, 25, 26 अशुभ दायक हैं। **मई**–ग्रहों की शुभता के कारण शुभ कार्यों में लाभ की प्राप्ति। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक सेवा का शुभ योग। मान-सम्मान प्राप्त होगा। मन्दिर या धर्मशाला निर्माण जैसा योग बनता है। भवन निर्माण का भी योग। मित्रों का सहयोग श्रेष्ठ रहेगा। गायत्री यज्ञ जैसा शुभ कार्य भी होगा। परिवार में शुभ दायक योग बनेगा। विवादित योग में विजय योग बनेगा। दिनांक 3, 4, 5, 13, 14, 19, 20, 22 अशुभ दायक। **जून**–स्वास्थ्य में सुधार अच्छा होगा। पत्नी का सहयोग श्रेष्ठ रहेगा। पारिवारिक कार्यों में भागदौड़ ज्यादा होगी। आत्म विश्वास बढ़ेगा। पुरुषार्थ का लाभ भी प्राप्त होगा। राजनैतिक गतिविधियों में काफी लाभ दायक योग बनेंगे। राजकीय सेवा का शुभ लाभ भी बनता है। स्त्री वर्ग की ओर से वर्चस्व बढ़ेगा। पी.एच.डी. जैसा शुभ योग भी बनता है। नवीन कार्य में भी लाभ होगा। दिनांक 1, 5, 10, 11, 17, 20, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **जुलाई**–माह में आर्थिक भार बढ़ेगा। परिवार में कुछ विवाद जन्य घटना होने का योग बनता है। भूमि-भवन का योग बनेगा। जीवन में शुभ कार्यक्षेत्र में भाग्योदय का अवसर बनेगा। पदोन्नति का योग भी बनता है। राजकी सेवा का शुभ लाभ बनता है। कृषि पैदावार भी अच्छा होगा। सामाजिक कार्यों का दायित्व बढ़ेगा। स्त्री वर्ग का शुभ सहयोग प्राप्त होगा। वाहन क्रय का शुभ योग। दिनांक 5, 6, 9, 13, 14, 15, 21, 22, 23 अशुभ दायक हैं। **अगस्त**–स्वास्थ्य की दृष्टि से माह चिन्ता दायक रहेगा। कुछ विवाद जनक योग भी बनेगा। घरेलू समस्याओं का निवारण होगा। भूमि-भवन विवाद योग। संतान पक्ष से शुभ योग बनेगा। वाहन संचालन में सावधानी बरतें। कुछ मित्र वर्ग अच्छी मदद करेंगे। श्री हनुमानोपासना की साधना करें तो शुभ रहेगा। साझेदारी में कार्य न करें। दिनांक 1, 2, 10, 11, 17, 18, 19, 24, 25 अशुभ। **सितंबर**–माह में स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घरेलू कार्य बढ़ेगा। संतान प्राप्ति का शुभ योग बनता है। सरकारी कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग भी बनता है। नये कार्य में स्त्री वर्ग का परामर्श शुभ दायक रहेगा। सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। वाहन क्रय का शुभ योग बनता है। पशुओं से सावधान रहें तो ठीक रहेगा। राजनैतिक सम्पर्क भी बढ़ेगा। अधूरा कार्य पूर्ण होगा। अचानक शुभ समाचार प्राप्ति का योग बनता है। दिनांक 3, 4, 9, 10, 17, 18, 19 अशुभ दायक हैं। **अक्टूबर**–माह में नये कार्य की भागदौड़ में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वैवाहिक कार्य योजना का योग मित्रों के सहयोग से बनेगा। कुछ आवश्यक कार्यों की सफलता का शुभ योग बनता है। यात्राएं होंगी। मित्रों द्वारा धंधा में सहायता प्राप्त होगी। कुछ अशांति का वातावरण बनेगा। मौन धारण करना शुभ दायक रहेगा। अचानक धार्मिक यात्रा का शुभ योग बनेगा। दिनांक 4, 5, 9, 10, 12, 19, 20, 21, 27 अशुभ हैं। **नवंबर**–इस माह में सामाजिक कार्यों का दायित्व बढ़ेगा। विवादित योग बनेगा। विजय भी होगी। कुछ मित्रों की मदद करने का योग बनता है। आर्थिक दृष्टि से माह अच्छा रहेगा। किसी दुर्गम स्थान पर यात्रा का योग भी बनता है। भूमि-भवन लेन-देन का शुभ योग बनेगा। पारिवारिक कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। दिनांक 2, 3, 10, 14, 15, 22, 24, 27 अशुभ दायक हैं। **दिसंबर**–माह में पूंजी निवेश शेयर्स बाजार का योग बनता है। रुके हुए कार्यों का पुनः शुभारंभ होगा। ग्रह गोचर की शुभता के कारण वांछित कार्यों में लाभ होगा। माह में नया धंधा, व्यवसाय की योजना बनेगी। स्त्री वर्ग से योजना का लाभ भी होगा। पशुओं से बचाव करके रहें तो ठीक रहेगा। राजकीय कार्यों में भी शुभ योग बनेगा। दिनांक 3, 5, 8, 14, 15, 19, 28 अशुभ हैं। **जनवरी 2020**–माह में आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। घरेलू कार्यों में शुभ वृद्धि होगी। देश-विदेश यात्रा का शुभ योग बनेगा। मशीनरी क्रय का शुभ योग बनेगा। साझेदारी में भी लाभ मिलेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने का योग बनेगा। औद्योगिक कार्य का लाभ भी मिलेगा। राजकीय एजेन्सी प्राप्ति का शुभ योग बनता है। धंधा की गति बढ़ेगी। सामुदायिक कार्यों के लिए भी भागदौड़ चलेगी। दिनांक 3, 4, 5, 12, 14, 22, 24, 30 अशुभ हैं। **फरवरी**–इस माह में यात्राओं का दौर ज्यादा रहेगा। किसी स्थान पर मान-सम्मान भी प्राप्त होगा। जेवरात निर्माण जैसा शुभ योग बनेगा। वाहन-भूमि-भवन का लेन-देन जैसा योग भी बनेगा। संतान का भाग्योदय होगा। कुछ मित्रों द्वारा धंधा में सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक दायित्वों से शुभ योग बनेगा। वाहन संचालन में सावधानी बरतें। देश-विदेश यात्रा में शुभ लाभ भी होगा। व्यवसाय बढ़ेगा। दिनांक 7, 8, 14, 21, 23, 27 अशुभ दायक। **मार्च**–इस माह में व्यापार व्यवसाय ...

अच्छा चलेगा। विद्या लाभ भी अच्छा होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। नवीन ... उद्योग धंधा, ... राजकीय लाभ भी। स्त्री वर्ग के परामर्श से ... बनें। ... पारिवारिक विवाद से ... 10, 12, 19, 20 ...

अच्छा चलेगा। विद्या लाभ भी अच्छा होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। नवीन कार्यों का शुभ योग बनेगा। पिछले माह के अधूरे कार्यों की पूर्णता का शुभ योग बनेगा। शत्रु पक्ष का मान कमजोर बनेगा। शेयर्स बाजार का भी लाभ मिलेगा। राजकीय रोजगार प्राप्ति का योग बनेगा। भवन निर्माण या नया भवन क्रय जैसा योग बनता है। दिनांक 7, 8, 9, 16, 17, 18, 24, 25 अशुभ दायक।

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

धनु

स्वामी-गुरु नग-पुखराज शुभ

अप्रैल 2019–इस माह में धार्मिक कार्यों का योग ज्यादा बनेगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से माह अच्छा रहेगा। न्यायालय संबंधी कार्यों में भी विजय होगी। स्त्री वर्ग के परामर्श से कीर्ति बढ़ेगी। सरकारी सेवा प्राप्ति योग। सरकारी कर्मियों का स्थान परिवर्तन योग बनेगा। गाय, भैंस, ऊंट क्रय का योग बनेगा। मन्दिर निर्माण जैसा कार्य बनेगा। देश-विदेश में सम्पर्क बढ़ेगा। पत्र-पत्रिका लेखन-सम्पादन कार्य का योग बनेगा। दिनांक 6, 9, 13, 17, 19, 22, 25, 26 अशुभ हैं। **मई**–माह में व्यवसाय की गति बढ़ेगी। परिवार में नये सदस्य का शुभागमन होगा। परिश्रम का लाभ अच्छा मिलेगा। शनि ग्रह के प्रभाव से वाहन, मशीनरी, उद्योग कार्य, खान, पत्थर, सीमेन्ट, लोहा जैसे व्यवसाय का योग बनेगा। संतान, पत्नी का भाग्योदय शुभ दायक होगा। पुराने रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। विद्या का शुभ लाभ सेवा योग बनेगा। दिनांक 5, 6, 7, 13, 14, 15, 22, 23, 29 अशुभ। **जून**–माह में मांगलिक कार्यों की गति तेज होगी। सामाजिक कार्यों का बाहुल्य होगा। तीर्थाटन का योग बनता है। आत्म विश्वास का लाभ प्राप्त होगा। अनेक प्रकार के कार्यों का योग बनेगा। सफलता प्राप्ति का योग। धार्मिक कार्यों की स्थिति बढ़ेगी। नये उद्योग धंधा, व्यवसाय का शुभ योग बनेगा। राजकीय लाभ भी। स्त्री वर्ग के परामर्श से आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कहीं पर अचानक विवाद योग। दिनांक 3, 4, 5, 13, 20, 22, 27 अशुभ दायक हैं। **जुलाई**–इस माह में शत्रु पक्ष प्रभावी रहेगा। लम्बी यात्रा अकेले नहीं करें तो शुभ। आत्म विश्वास के साथ धोखा, लूट, चोरी, डकैती अशांति दायक योग बनेंगे। पानी से भी बचाव करके रहना होगा। स्त्री वर्ग का परामर्श शुभ दायक सिद्ध होगा। मित्र वर्ग व्यवसाय में सहयोग करेंगे। आर्थिक लाभ न्यून बनता है। निजी संस्था या औद्योगिक इकाई या राजकीय सेवा योग बनेगा। पशुओं से भी बचकर चलना शुभ रहेगा। दिनांक 1, 2, 10, 11, 17, 19, 24, 25 अशुभ दायक। सावधानी रखें। **अगस्त**–माह में रोजगार का अच्छा अवसर मिलेगा। नवीन कार्य-योजना में मित्र वर्ग सहयोग करेंगे। सामाजिक एवं राजनैतिक गतियों में लाभ प्राप्त होगा। मान-सम्मान भी होगा। पितृदेव की पूजा करें तो आवश्यकता के अनुसार कार्यों की पूर्ति एवं लाभ होगा। देश-विदेश में व्यापार या भ्रमण का शुभ योग बनेगा। मानसिक परेशानी से निवृत्ति होगी। सामाजिक दृष्टि से कार्य भार बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वाहन क्रय का शुभ योग। घरेलु कार्यों में भागदौड़ रहेगी। दिनांक 4, 5, 6, 12, 13, 14, 20, 21, 22 अशुभ हैं। **सितंबर**–इस माह में व्यापारिक गति बढ़ेगी। परिवार में शुभ कार्यों का योग बनता है। न्यायालय संबंधी विवाद में निर्णय शुभ दायक होगा। कार्य की गति ज्यादा रहेगी। मित्र वर्गों के सहयोग से प्रगति का योग बनेगा। शुभ खर्चों में भवन निर्माण वाहन क्रय का योग बनता है। माह में पारिवारिक कार्यों में गति का शुभ लाभ प्राप्त होगा। साझेदार भी आपको लाभ देंगे। दक्षिण की यात्रा का योग बनता है। ऋण भुगतान का योग बनेगा। दिनांक 2, 6, 9, 14, 17, 20, 24, 27 अशुभ दायक है। **अक्टूबर**–इस माह में पशुधन क्रय-विक्रय का शुभ योग बनता है। विद्या पक्ष भी अच्छा रहेगा। शुभ समाचार प्राप्ति का योग आर्थिक लाभ होगा। परिश्रम का पूरा लाभ भी मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। व्यापार, रोजगार, व्यवसाय संबंधी कार्य की गति बढ़ेगी। राजकीय नौकरी का योग बनता है। पारिवारिक विवाद से बचें। पूर्व दिशा की यात्रा सुखदायक रहेगी। चापलूस व्यक्तियों से सावधान रहें। कहीं कुछ धोखा का योग। दिनांक 8, 10, 11, 17, 18, 22, 23 अशुभ दायक हैं। सावधानी से काम करें। **नवंबर**–किसी संस्था की स्थापना करेंगे। आमदनी अच्छी होगी। दैनिक कार्यों में भी शुभ दायक योग बनेंगे। तीर्थाटन यात्रा का शुभ योग बनता है। मित्र वर्ग के सहयोग से मांगलिक कार्य होगा। राजकीय कर्मियों का इच्छित स्थान पर स्थानांतरण योग। किसी मित्र के सहयोग से उधार राशि प्राप्ति का योग। घरेलू समस्या से कुछ विवाद भी बनेगा। वाहन का संचालन न्यून करें। रचनात्मक गति बढ़ेगी। दिनांक 1, 2, 10, 11, 17, 18, 27, 28 अशुभ दायक। लम्बी यात्रा नहीं करें। **दिसंबर**–पारिवारिक कार्यों में भागदौड़ चलेगी। नये मित्रों का मिलन भी होगा। भूमि-भवन लेन-देन हो तो सावधानी रखें या सौदा नहीं करें। कुछ रोग का योग भी बनेगा। औषधि, घरेलू उपचार करें तो शुभ होगा। घरेलू कार्यों में वृद्धि होगी। राजकीय कार्यों में कुछ रूकावट का योग बनता है। किसी दुर्गम स्थान की यात्रा का योग बनता है। लाभ भी होगा। पशुधन क्रय-विक्रय का शुभ योग बनता है। वाहन से सावधान रहें। दिनांक 2, 3, 4, 11, 12, 15, 24, 25 अशुभ दायक। **जनवरी 2020**–इस माह में आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। इच्छित कार्य का योग बनेगा। राजकीय सेवा योग भी बनता है। मित्र-मण्डली द्वारा समूह यात्रा का योग बनेगा। विवादित परिस्थिति का शुभ समाधान होगा। संतान पक्ष से शुभ दायक कार्य बनेगा। रिश्तेदारों का कार्य करने की भागदौड़ भी करनी पड़ेगी। वाहन क्रय का शुभ योग बनता है। गुरु ग्रह के कारण प्रकाशन का शुभ योग बनेगा। दिनांक 7, 8, 9, 17, 18, 19, 22, 24 अशुभ दायक। **फरवरी**–माह में व्यापारियों को कुछ कष्ट होगा। कानूनी मामलों में सुधार होगा। मां दुर्गा की उपासना करें तो विजय भी होगी। न्यायालय प्रकरण में मानसिकता को ठेस पहुंचेगी। लम्बी यात्रा इस माह में नहीं करें तो शुभ है। इच्छित कार्य पूर्ति में मां की उपासना का लाभ मिलेगा। परिवार में कुछ अशांति का योग बनेगा। दिनांक 3, 4, 5, 9, 10, 12, 19, 20, 24 अशुभ है। **मार्च**–माह में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। भवन निर्माण संबंधी योग भी बाधा योग बनेगा। श्रीगणेशोपासना करें तो शुभ रहेगा। आर्थिकता की समस्या का योग बनेगा। जटिल समस्याओं का समाधान मित्र वर्ग द्वारा होगा। धार्मिक यात्रा का योग शुभ दायक बनता है। परिवार में नवीन सदस्य का आगमन होगा। राजकीय कार्य गति का शुभ योग बनेगा। परिश्रम ज्यादा रहेगा। दिनांक 6, 7, 8, 16, 17, 18, 25, 26 अशुभ हैं।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

मकर

स्वामी-शनि नग-नीलम शुभ

अप्रैल 2019–माह में स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक कार्यों की धूम रहेगी। विद्यार्थियों को अच्छी सफलता का योग बनेगा। राजकीय सेवा योग एवं सेवा कर्मियों का स्थानातरण योग बनता है। विदेश यात्रा का योग एवं मित्र वर्ग द्वारा शुभ कार्य के प्रति निमंत्रण प्राप्त होगा। वाहन संचालन में सावधानी रखें। दिनांक 1, 2, 8, 10, 15, 17, 22, 27 अशुभ दायक। सावधानी से कार्य सम्पादन करें। मित्रों के परामर्श से व्यवसाय, नौकरी में वृद्धि होगी। लाभ मिलेगा। **मई**–माह में मानसिक अशांति का योग बनता है। पारिवारिक मतभेद चलेगा। जटिल कार्य में फंसने का योग बनता है। आर्थिक हानि का योग बनेगा। अनियमितता के योग से बने हुए कार्य रुक जायेंगे। श्रीहनुमान चालीसा का पाठ रोज एक माह तक करें, कार्य में सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्यों में सहभागिता का लाभ मिलेगा। शारीरिक कष्ट योग बनता है। वाहन से सावधानी बरतें। दिनांक 7, 8, 13, 14, 22, 24, 28 अशुभ। इन दिनों यात्रा नहीं करें। **जून**–इस माह में सामाजिक दायित्व बढ़ेंगे। माता-पिता का स्वास्थ्य गड़बड़ होने का योग बनता है। राजकीय कार्यों से लाभ योग। नौकरी

सोना, चांदी, तांबा, जिंक, लैड, निकिल, ईस्पात की तेजी-मंदी।

जनवरी 2019—मासारंभ में सूर्य-शनि-बुध धनु राशि में, केतु मकर राशि में, मंगल मीन राशि में, राहु कर्क में तथा गुरु-शुक्र वृश्चिक राशि में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 1 को बुध धनु में तथा शुक्र वृश्चिक में प्रवेश करने से ता. 6 तक उपरोक्त जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 7 को बुध पूर्व में अस्त होने से ता. 13 तक चांदी में अस्थिरता जबकि सोना, कॉपर में सुधार हो सकता है। ता. 14 को सूर्य केतु के साथ युति करेगा जिससे ता. 19 तक घटबढ़ पूर्ण खामोशी बनी रह सकती है। ता. 20 को शनि पूर्व में उदय होने से अस्थिरता संभावित है। कुल मिलाकर इस माह में धातुओं के तेजी-मंदी में समभाव अथवा एक परिधि में भाव चक्र घूमती रहती है। ता. 20 को बुध मकर राशि में प्रवेश कर सूर्य-केतु के साथ प्रतियुति होने से ता. 28 तक अस्थिर सुधार। ता. 29 को शुक्र-शनि की युति होने से अच्छा सुधार।

फरवरी—मासारंभ से ता. 4 तक सुधार जारी रह सकती है। ता. 5 को मंगल अपनी राशि मेष में प्रवेश करने से ता. 6 तक कुछ सुधार बनी रह सकती है। ता. 7 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश करने से ता. 12 तक सिल्वर, निकिल में अस्थिर सुधार। अन्य धातुओं में सम भाव। ता. 13 को सूर्य-बुध की युति होने से ता. 23 तक खामोशी तथा अस्थिरता संभावित है। ता. 24 को शुक्र-केतु की युति होने से तथा बुध का मीन राशि में प्रवेश होने से मासान्त तक घटबढ़ पूर्ण स्थिरता संभावित है।

मार्च—मासारंभ में व्यापक अस्थिरता। बाजार में अधिकतर सौदे गलत हो सकते हैं। ता. 6 को बुध मीन राशि में वक्री होने से तथा राहु मिथुन राशि में स्थान परिवर्तन करने से अचानक अंतर्राष्ट्रीय हालातों या सरकार के दिशा-निर्देशों के कारण बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। यह क्रम ता. 13 तक चल सकता है। ता. 14 को सूर्य-बुध की युति होने से सोना, कॉपर में कुछ सुधार जबकि सिल्वर, निकिल में मंदी बन सकती है। ता. 15 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश करने से ता. 20 तक व्यापक घटबढ़। परन्तु धारणा अस्थिर बन सकती है। ता. 21 को शुक्र-बुध की युति होने से सफेद धातुओं में अस्थिरता जबकि सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी रह सकती है। परन्तु धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 22 को मंगल वृष राशि में प्रवेश करने से ता 27 तक धातुओं में सुधार। ता. 28 से 29 तक सोना, कॉपर में सुधार। सिल्वर में घटबढ़। ता. 30 को गुरु-शनि की युति होने से ता. 31 तक सभी धातुओं में मंदी बन सकती है।

अप्रैल—मासारंभ से ता. 10 तक सभी धातुओं में अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण व्यापक अस्थिरता। ता. 11 से गुरु वक्री होने से तथा बुध मीन राशि में प्रवेश करने से ता. 13 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 14 को सूर्य मेष राशि में प्रवेश से सुधार। ता. 15 को बुध-शुक्र की युति होने से ता. 21 को घटबढ़ जारी रह सकती है। परन्तु धारणा कुछ सुधार की होगी। ता. 22 को गुरु वृश्चिक राशि में प्रवेश करने से ता. 29 तक अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 30 को शनि वक्री होने से सोना, तांबा में मंदी जबकि अन्य धातुओं में घटबढ़ जारी रह सकती है।

मई—मासारंभ में सोना, कॉपर में मंदी। अन्य धातुओं में घटबढ़। ता. 3 को बुध-सूर्य की युति होने से ता. 5 तक व्यापक मंदी। ता. 6 को मंगल मिथुन राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेगा। जिससे सोना, कॉपर में सुधार। अन्य धातुओं में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 10 को शुक्र-बुध-सूर्य की प्रतियुति होने से ता. 14 तक अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश करने से ता 17 तक सुधार जारी रह सकता है। ता. 18 को बुध-सूर्य की युति होने से ता. 30 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रह सकता है।

जून—मासारंभ में बुध मिथुन राशि में प्रवेश कर मंगल-राहु के साथ प्रतियुति होने से ता. 3 तक अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 4 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश करने से ता. 14 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार संभावित है। ता. 15 को सूर्य-बुध-मंगल-राहु का चतुर्थ ग्रहीय योग बनने से ता. 19 तक सुधार संभावित है। ता. 20 को बुध कर्क राशि में प्रवेश करने से ता. 21 तक घटबढ़ अस्थिरता। ता. 22 को मंगल-बुध की युति होने से ता. 27 तक घटबढ़ पूर्ण अस्थिरता। अत: सावधानी अपेक्षित है। ता. 28 को शुक्र-राहु-सूर्य की युति होन से ता. 30 को समभाव।

जुलाई—मासारंभ से ता. 7 तक अस्थिरता। ता. 8 को बुध वक्री एवं मंगल अस्त होने से ता. 15 तक अस्थिरता। ता. 16 को सूर्य-मंगल-बुध की प्रतियुति होने से ता. 20 तक कुछ सुधार। ता. 21 को शुक्र अस्त होने से सिल्वर में घटबढ़। सोना, कॉपर में अस्थिर सुधार। ता. 23 को शुक्र-सूर्य-मंगल-बुध की प्रतियुति से ता. 28 तक सिल्वर में मंदी। सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी। ता. 29 को बुध-राहु की युति होने से ता. 31 तक मंदी की धारणा बन सकती है।

अगस्त—मासारंभ में बुध मार्गी होने से सिल्वर, निकिल में अस्थिरता। सोना, कॉपर में सुधार। ता. 3 को बुध-शुक्र-सूर्य के साथ प्रतियुति से ता. 7 तक सभी धातुओं में अस्थिरता। ता. 8 को मंगल सूर्य की राशि सिंह में प्रवेश करने से ता. 11 तक अच्छा सुधार। ता. 12 को गुरु मार्गी होने से ता. 15 तक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 16 को शुक्र-मंगल की युति होने से सोना, कॉपर में अच्छा सुधार। अन्य धातुओं में अस्थिरता। ता. 17 को सूर्य-शुक्र-मंगल की प्रतियुति होने से ता. 25 तक सभी धातुओं में सुधार हो सकता है। ता. 26 को बुध चतुर्थ ग्रहीय योग बनाने से ता. 31 तक अच्छा सुधार संभावित है।

सितम्बर—मासारंभ से ता 8 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 9 को शुक्र कन्या राशि में तथा शुक्र के साथ बुध की युति ता. 10 को होने से ता. 13 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 10 को शुक्र उदय होने से ता. 16 तक अस्थिरता। ता. 17 को सूर्य-शुक्र-बुध के साथ प्रतियुति होने से सिल्वर, निकिल में मंदी। अन्य धातुओं में कुछ सुधार संभावित है। ता. 18 को शनि मार्गी होने से ता. 23 तक कुछ सुधार संभावति है। ता. 24 को मंगल-सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति होने से ता. 28 तक सुधार संभावित है। ता. 29 को बुध तुला राशि में प्रवेश करने से सुधार। सिल्वर में मंदी बन सकती है।

अक्टूबर—मासारंभ से ता. 2 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता 3 को शुक्र-बुध की युति होने से ता. 15 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 16 को मंगल उदय होने से घटबढ़। ता. 17 को सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति होने से ता. 22 तक सिल्वर, निकिल, जिंक, ईस्पात में अस्थिरता। जबकि सोना, कॉपर में कुछ सुधार संभावित है। ता. 23 को बुध-गुरु की युति होने से ता. 27 तक सिल्वर में सुधार। सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी। ता. 28 को शुक्र-गुरु-बुध की प्रतियुति होने से ता. 30 तक व्यापक घटबढ़। ता. 31 को बुध वक्री होने से अस्थिरता संभावित है।

नवंबर—मासारंभ में बुध अस्त होने से ता 3 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 4 को गुरु-शनि के साथ युति होने से ता. 6 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 7 को तुला राशि में प्रवेश करने से ता. 9 तक सोना, कॉपर में कुछ सुधार। जबकि सिल्वर, जिंक, निकिल, ईस्पात में अस्थिरता संभावित है। ता. 10 को मंगल-बुध-सूर्य की प्रतियुति होने से ता. 15 तक व्यापक घटबढ़। ता. 16 को सूर्य-शुक्र की युति होने से ता. 20 तक सुधार। ता. 21 से 30 तक शुक्र-शनि की युति होने से मासान्त

तक सभी धातुओं में अच्छा सुधार संभावित है। जो एक अचूक चांस हो सकता है।

दिसम्बर–मासारंभ से ता. 4 तक अच्छा सुधार संभावित है। ता. 5 को बुध-सूर्य के साथ युति से ता. 14 तक सिल्वर में सुधार। सोना में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 15 को गुरु अस्त तथा शुक्र मकर राशि में प्रवेश करने से ता. 24 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 25 को बुध-शनि-केतु की प्रतियुति होने से ता. 28 तक सिल्वर में मंदी की संभावना। जबकि सोना, कॉपर में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 29 को शनि अस्त होने से सोना में अस्थिरता जबकि सिल्वर, ईस्पात, निकिल में कुछ सुधार संभावित है।

इस धातु बाजार में दशा-दिशा-धारणा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय हालातों, कच्चे तेलों में उठा-पटक, डॉलर की स्थिरता-अस्थिरता, सरकार का दिशा-निर्देश, आयात-निर्यात, प्राकृतिक वातावरण, राजनैतिक उठा-पटक घटना चक्र आदि कारणों से कभी भी किसी समय धारणा परिवर्तित हो सकती है। वैसी हालात में विवेकशील, धैर्यवान निवेशकगण एवं कारोबारीगण बाजार की दशा-दिशा-धारणा देखते हुए स्व-विवेक से भी तेजी-मंदी विचार करें। क्योंकि यह आंकलन ग्रहीय चाल पर आधारित है। इसमें उपरोक्त कारणों से कभी-कभी जोखिम भी हो सकता है।

तेल, तिलहन, दलहन, रुई, कपास, कॉटन एवं मोटे अनाजों की तेजी-मंदी

जनवरी 2019–मासारंभ में ता. 1 से 13 तक रुई, कपास, पाट, पटसन, बारदाना में कुछ मंदी। जबकि गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा में कुछ सुधार तथा तेल-तेलवाना में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 14 से 19 तक घृत, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, अन्य तेल-तेलवाना, रुई, कपास, कॉटन में सुधार। जबकि दाल-दालवाना, कुछ अनाजों के साथ पाट, पटसन में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 20 से 28 तक रुई, कपास में सुधार। अनाजों में घटबढ़ एवं तेल-तेलवाना में कुछ अस्थिरता संभावित है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 29 से 31 तक दाल-दालवाना एवं मोटे अनाज़ों में सुधार। रुई, कपास, कॉटन में घटबढ़ एवं घृत, तेल-तेलवाना में अस्थिर सुधार संभावित है।

फरवरी–मासारंभ से ता. 4 तक सभी जिन्सों में अस्थिर सुधार। ता. 5 से 6 तक तेल-तेलवाना, रुई, कपास, कॉटन में कुछ सुधार। जबकि दाल-दालवाना एवं अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 7 से 12 तक तेल-तेलवाना, घृत, दूध में सुधार। दाल-दालवाना एवं अनाजों में समभाव जबकि रुई, कपास, कॉटन में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 13 से 23 तक घृत, तेल-तेलवाना, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, अन्य तेल-तेलवाना में सुधार तथा रुई, पाट, पटसन, गेहूं, चना, तुअर में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 24 से मासान्त तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है।

मार्च–मासारंभ से ता. 5 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 6 से 13 तक रुई, कपास, कॉटन में सुधार। दाल-दालवाना एवं अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। घृत, तेल, तेलवाना में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 14 को उपरोक्त सभी जिन्सों में सुधार। ता. 15 से 20 तक रुई, कपास में मंदी। घृत, तेल-तेलवाना में सुधार तथा अनाजों में घटबढ़ जारी। ता. 21 को रुई, गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, मंडुआ में मंदी बन सकती है। जबकि तेल-तेलवाना में सुधार संभावित है। ता. 22 से 27 तक सभी जिन्सों में तेजी संभावित है। ता. 28 से 29 तक तेल-तेलवाना में कुछ मंदी जबकि अन्य जिन्सों में कुछ सुधार संभावित है। ता. 30 से 31 तक रुई, कपास, कॉटन में मंदी जबकि तेल-तेलवाना एवं दालवाना में भी अस्थिरता संभावित है।

अप्रैल–मासारंभ से ता. 10 तक उपरोक्त जिन्सों में अस्थिरता बनी रह सकती है। ता. 11 से 13 तक रुई, कपास, कॉटन में मंदी। तेल-तेलवाना, दालवाना एवं अनाजों में घटबढ़। ता. 14 को रुई, कपास, कॉटन, घृत, तेल-तेलवाना, सरसों, सोयाबीन, नारीयल, तेल-तेलवाना में सुधार। दाल-दालवाना एवं मोटे अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 से 21 तक रुई में सुधार। अन्य सभी जिन्सों में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 22 से 29 तक सभी जिन्सों में सुधार संभावित है। ता. 30 को शनि वक्री होने से रुखों में परिवर्तन मंदी की ओर हो सकता है।

मई–मास के प्रारंभ से ता. 2 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 3 से 5 तक गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, सरसों, सोयाबीन, रुई, कपास, घृत में मंदी बन सकती है। ता. 6 से 9 तक कुछ सुधार संभावित है। ता. 10 से 14 तक कुछ तेल-तेलवाना में मंदी। अन्य जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है।

जून–मासारंभ से ता. 3 तक रुई, कपास में मंदी। अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी। ता. 4 से 14 तक रुई, कपास, कॉटन में अच्छी मंदी। दाल-दालवाना एवं अनाजों में भी अस्थिरता जबकि तेल-तेलवाना, घृत में अस्थिर सुधार। ता. 15 से 19 तक पाट, पटसन, बारदाना, रुई, कपास, कॉटन, सरसों, सोयाबीन, तिल, घृत, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, गेहूं, चना आदि अनाजों में तेजी बन सकती है। ता. 20 से 21 तक सभी जिन्सों में मंदी की धारणा। ता. 22 से 27 तक मंदी की धारणा बनी रह सकती है। ता. 28 से 30 तक सभी जिन्सों में मंदी की लम्बी लाईन बन सकती है।

जुलाई–मासारंभ से ता. 9 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता। ता. 10 से 15 तक घटबढ़ जारी। ता. 16 से 22 तक गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, चावल, तुअर में मंदी बन सकती है। जबकि रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना एवं तेल-तेलवाना में सुधार संभावित है। ता. 23 से 28 तक तेल-तेलवाना, घृम में सुधार। रुई, अनाजों में अस्थिरता संभावित है। ता. 29 से 31 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है।

अगस्त–मासारंभ से ता. 2 तक रुई, कपास में सुधार। तेज-तेलवाना में मंदी। जबकि दाल-दालवाना एवं अनाजों में अस्थिर सुधार। ता. 3 से 7 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी। ता. 8 से 11 तक सभी जिन्सों में कुछ सुधार। ता. 12 से 15 तक रूखों में परिवर्तन। ता. 16 को गेहूं, जौ, चना, तुअर, दूध, घृत में सुधार। रुई, कपास, कॉटन, एवं कुछ तेल-तेलवाना में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 17 से 25 तक रुई, कपास, कॉटन, सरसों, सोयाबीन, तिल, अरण्ड, मैंथोल आदि तेल-तेलवाना में तेजी जबकि अनाजों में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 26 से 31 तक रुई, कपास, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में सुधार। जबकि तेज-तेलवाना, घृत एवं अनाजों में अस्थिरता संभावित है।

सितम्बर–मासारंभ में ता. 8 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 9 को दाल-दालवाना एवं अनाजों में सुधार। ऊनी-रेशमी वस्त्रों में भी सुधार। जबकि तेल-तेलवाना में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 10 से 16 तक रुई, सिल्वर में मंदी। गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द में सुधार। तेल-तेलवाना में घटबढ़ जारी रह सकता है। ता. 17 को रुई, कपास, नारीयल, खोपरा, समस्त तेल-तेलवाना में सुधार संभावित है। अनाजों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 18 से 23 तक रूखों में परिवर्तन होगा। ता. 24 से 28 तक रुई, सिल्वर में अस्थिर सुधार। अनाजों में सुधार एवं तेल-तेलवाना में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 29 से 30 तक रुई, कपास में सुधार। सरसों, सोयाबीन, अरण्डी, मैंथोल, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना में मंदी। अनाजों में घटबढ़।

अक्टूबर–मासारंभ से ता. 15 तक रुई, सिल्वर में घटबढ़। तेल-तेलवाना एवं अनाजों में खामोशी बन सकती है। ता. 17 से 22 तक रुई, सिल्वर में मंदी। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, मंडुआ, ज्वार, बाजरा, मक्का, सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना में सुधार संभावित है। ता. 23 से 27 तक घृत, दूध, सरसों, सोयाबीन, रुई, कपास, कॉटन में सुधार। जबकि अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 28 से 30 तक रुई, कपास में घटबढ़। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में सुधार। जबकि तेल-तेलवाना में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 31 को कुछ मंदी कह धारणा बन सकती है।

नवम्बर–ता. 1 से 3 तक अस्थिरता। ता. 4 से 6 तक रुई, कपास, कॉटन में मंदी। अन्य जिन्सों में भी मंदी की धारणा। ता. 7 से 9 तक रुई, कपास में सुधार। ता. 10 से 15 तक रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, सरसों, सोयाबीन, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों में सुधार संभावित है। ता. 16 से 20 तक रुई, कपास, कॉटन में सुधार। अन्य जिन्सों में भी घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 21 से 30 तक गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, मसूर, उड़द में सुधार। रुई, कपास, कॉटन, अरण्डी, मैंथोल, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना में अस्थिरता संभावित है।

दिसम्बर–ता. 1 से 4 तक में सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगा। ता. 5 से 14 तक दूध, घृत, सरसों, सोयाबीन, रुई, कपास, कॉटन में सुधार। जबकि दाल-दालवाना एवं अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 से 24 तक दूध, घृत, गेहूं, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वर, बाजरा, मंडुआ, मटर, चावल, बासमती चावल में सुधार। रुई, कपस में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 25 से 28 तक रुई, कपास, कॉटन में मंदी। अन्य जिन्सों में घटबढ़। ता. 29 से 31 तक सभी जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है।

गुड़, चीनी, किराना जिन्सों, गम-ग्वार, ईमली में तेजी-मंदी

मासारंभ में बुध मूल नक्षत्र, गुरु की राशि धनु में प्रवेश करते हुए शनि-सूर्य के साथ प्रतियुति करेगा। साथ ही शुक्र वृश्चिक राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेगा। जिससे व्यापार से संबंधित कायदा-कानून में कठोरता उत्पन्न हो सकती है। जिन्सों के उत्पादन, बकाया स्टॉक, अगला उत्पादन, आयात-निर्यात, मानसून के हालात् एवं प्राकृतिक कारणों तथा सरकार के दिशा-निर्देश के कारण कुछ किराना जिन्सों, गुड़, चीनी में 5 मार्च तक व्यापक अस्थिरता संभावित है। इसके बाद धीरे-धीरे स्थिरता संभावित है। फिर भी दशा-दिशा-धारणा देखते हुए काम करना सफल व्यापार की कुंजी है।

जनवरी–ता. 1 से 13 तक उपरोक्त जिन्सों में घटबढ़ पूर्ण सुधार संभावित है। ता. 14 से 19 तक गुड़, चीनी, गमग्वार, ईमली में कुछ सुधार। जबकि किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 20 से 28 तक कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, धनियां, लौंग, ईलायची, जायफल में अस्थिर सुधार। गुड़, चीनी, गमग्वार, ईमली में घटबढ़ जारी। ता. 29 से 31 तक सभी जिन्सों में कुछ सुधार संभावित है।

फरवरी–मासारंभ से ता 4 तक सभी जिन्सों में अस्थिर सुधार। ता. 5 से 6 तक गुड़, चीनी, चाय, कॉफी में कुछ सुधार। गमग्वार, ईमली, लालमिर्च, धनियां, जीरा, हल्दी में घटबढ़ जारी रह सकती है। अन्य मसाला, जिन्सों में कुछ स्थिरता संभव है। ता. 7 से 12 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 13 को सूर्य-बुध की युति से ता. 23 तक सभी जिन्सों में मंदी संभावित है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 24 से मासान्त तक व्यापक घटबढ़ जारी रहेगी। परन्तु धारणा स्थिर नहीं रहेगी। जिससे अधिकतर सौदा गलत हो सकता है।

मार्च–मासारंभ से ता. 5 तक उपरोक्त जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 6 को बुध वक्री तथा राहु-केतु मिथुन-धनु राशि में स्थान परिवर्तन से ता. 13 तक गुड़, चीनी में सुधार। अन्य जिन्सों में व्यापक अस्थिरता संभावित है। ता. 14 को सभी जिन्सों में सामान्य सुधार। ता. 15 से 20 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 21 को शुक्र-बुध की युति होने से मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 22 से 27 तक गमग्वार, ईमली में सुधार, अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी। ता. 28 से 29 तक किराना जिन्सों एवं गमग्वार, ईमली, आमचूर में सुधार। लालमिर्च, हल्दी में सुधार। जबकि अन्य किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 30 को गुरु-शनि की युति होने से मासान्त तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है।

अप्रैल–मासारंभ से ता. 10 तक धनियां, जीरा, हल्दी, लौंग, ईलायची, दालचीनी, लालमिर्च, कालीमिर्च में कुछ सुधार। जबकि ता. 11 से 13 तक गुड़, चीनी, गमग्वार, ईमली में अस्थिरता। किराना जिन्सों में कुछ सुधार संभावित है। ता. 14 को सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश करने से सभी जिन्सों में सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 15 से 21 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 22 से 29 तक सभी जिन्सों में सुधार संभावित है। ता. 30 को शनि वक्री होने से गुड़, चीनी में विशेष सुधार। ग्वार में मंदी। किराना जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है।

मई–मासारंभ में ता. 5 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 6 को मंगल मिथुन राशि में प्रवेश करने से ता. 9 तक गुड़, चीनी, लालमिर्च, गमग्वार, ग्वार सीड, दालचीनी, लौंग में सुधार। अन्य जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 10 को शुक्र-बुध की युति होने से ता. 14 तक उपरोक्त जिन्सों में अस्थिर सुधार जारी रह सकता है। ता. 15 से 17 तक सभी जिन्सों में सुधार संभावित है। ता. 18 को बुध-सूर्य की युति होने से ता. 31 तक उपरोक्त जिन्सों में व्यापक घटबढ़ जारी रह सकती है। अतः रुख देखकर काम करें।

जून–मासारंभ में बुध-मंगल की युति होने से ता. 3 तक अस्थिरता सभी जिन्सों में संभावित है। ता. 4 से 14 तक घटबढ़ पूर्ण सामान्य सुधार संभावित है। ता. 15 से 19 तक सभी जिन्सों में अच्छा सुधार संभावित है। ता. 20 से 21 तक चन्द्रमा के भाव में बुध का प्रवेश पिता-पुत्र के घर में होने से व्यापक घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता. 22 को मंगल-बुध की युति होने से ता. 27 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 28 से 30 तक सूर्य-शुक्र-राहु की प्रतियुति होने से सभी जिन्सों में अचानक मंदी की धारणा बन सकती है।

जुलाई–मासारंभ में ता. 7 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 8 को मंगल अस्त एवं बुध वक्री होने से ता. 15 तक किराना जिन्सों को छोड़कर सभी जिन्सों में कुछ सुधार संभावित है। ता. 16 से 22 तक किराना जिन्सों में अस्थिरता जबकि अन्य जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 23 से 28 तक गुड़, चीनी में सुधार जबकि बाकी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 29 को बुध-राहु की युति होने से ता. 30 तक अस्थिरता संभावित है। अतः धारणा देखकर काम करें।

अगस्त–मासारंभ में बुध मार्गी होने से ता. 2 तक गमग्वार, किराना जिन्सों में सुधार। गुड़, चीनी में मंदी बन सकती है। ता. 3 से 7 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 8 से 11 तक सभी जिन्सों में सुधार संभावित है। ता. 12 से 15 तक सुधार। ता. 16 को सुधार। ता. 17 से 25 तक सभी जिन्सों में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। ता. 26 से 31 तक सुधार।

सितम्बर–मासारंभ से ता. 8 तक सुधार। ता. 9 को कुछ सुधार। ता. 10 को बुध-शुक्र की युति होने से 16 तक सुधार। ता. 17 को सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति होने से सुधार संभावित है। ता. 18 को शनि मार्गी होने से ता. 23 तक व्यापक अस्थिरता संभावित है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 24 से 28 तक मंगल चतुर्थ ग्रहीय योग बनाने से कहीं अतिवृष्टि, तो अधिकांश भू-भागों में अनावृष्टि से किसान चिन्तित हो सकते हैं। गमग्वार, लालमिर्च, गुड़, चीनी में सुधार की संभावना। अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 29 से 30 तक कुछ जिन्सों में स्थिरता संभावित है।

अक्टूबर–मासारंभ में बुध-शुक्र की युति जारी रहने से ता. 15 तक सभी जिन्सों में घटबढ़ पूर्ण सुधार संभावित है। ता. 16 को घटबढ़। ता. 17 से 22 तक गमग्वार, लालमिर्च में सुधार। अन्य जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 23 से 27 तक व्यापक अस्थिरता। ता. 28 को शुक्र-बुध की युति तथा गुरु की प्रतियुति होने से ता. 31 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है।

नवम्बर–मासारंभ से ता. 3 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 4 को गुरु-शनि की युति होने से ता. 6 तक सभी जिन्सों में अस्थिरता संभावित है। ता. 7 से 9 तक कुछ सुधार। ता. 10 से

15 तक कुछ सुधार संभावित है। ता. 16 से 20 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। जबकि ता. 21 से 30 तक अधिकांश जिन्सों में सुधार संभावित है।

दिसम्बर—मासारंभ से ता. 4 तक सुधार संभावित है। ता. 5 को बुध-सूर्य की युति होने से ता. 14 तक सभी जिन्सों में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 15 से 24 तक अधिकांश जिन्सों में सुधार संभावित है। ता. 25 को बुध-गुरु-केतु-शनि की प्रतियुति से ता. 31 तक सभी जिन्सों में अस्थिर सुधार संभावित है। परन्तु ता. 29 को शनि अस्त होने से तथा धनु राशि में चतुर्थ ग्रहों की प्रतियुति, प्राकृतिक उत्पात, आंधी-तूफान, गृह-युद्ध जैसी स्थितियां, वायुवेगात्मक वर्षा या कुछ राष्ट्रों की सरकारें अस्थिर हो सकती हैं।

आप चाहें तो सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल, क्रूड आयल, पामोलीन, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सूर्यमुखी, तिल, अन्य तेल-तेलवाना, गमग्वार, ईमली, आमचूर, रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, चना, तुअर, मसूर, मूंग, मोंठ, उड़द, गेहूं, जौ, ज्वार-बाजरा, मंडुआ, मक्का, चावल, गुड़, खाण्ड, चीनी, लहसुन, प्याज, अदरख, हल्दी, धनियां, जीरा, कालीमिर्च, लालमिर्च आदि समस्त किराना जिन्सों के लिखित विस्तार से रिपोर्ट अलग-अलग प्राप्त कर सकते हैं। अचूक चांसों को जानकारी मो.-9801873719 पर दी जाती है। वार्षिक सेवा शुल्क ही स्वीकार होते हैं। साधारण सेवा शुल्क (12 माह) 20500/-, मध्यम 25500/-, स्पेशल 30500/-, सर्वोत्कृष्ट 35500/-, शेयर बाजार तथा कमोडिटी ट्रेडिंग व्यापार सर्व उत्कृष्ट रिपोर्ट संयुक्त रियायत दर एक साथ लेने पर 55500/- रुपया निर्धारित है। जन्म-पत्रिका लेटर पैड पर फलादेश सेवा शुल्क 2500/- तथा विस्तार से फल कथन रुपये 5500/-निर्धारित है। जन्म-पत्रिका निर्माण साधारण शुल्क 1100/-, मध्यम 3500/-, स्पेशल 5500/-, सर्वोत्कृष्ट 15500/-निर्धारित है।

लेखक-**प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. टुनटुन शास्त्री**
(विभिन्न राष्ट्रीय पंचांगकर्त्ता)
व्यापार भविष्य कमोडिटी ट्रेडिंग एवं शेयर्स बाजार समीक्षक
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सरांव (नटवार)
जिला-रोहतास (बिहार) पिन कोड-802218
मोबाइल-09431486216, 09801873719
E-mail :tuntunshastri@gmail.com

शेयर्स बाजार समीक्षा सन् 2019-20 ई.

लेखक-
पं. टुनटुन शास्त्री

शेयर बाजार में कब क्या हो जाए, यह संभावनाएं अंतर्राष्ट्रीय हालातों, स्थिर सरकार का गठन, राजनैतिक स्थिरता-अस्थिरता, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि आदि कई कारणों से दशा-दिशा-धारणा बनती-बिगड़ती रहती है। यह एक ऐसा बाजार है, जो किसी राष्ट्र के आर्थिक हालात् का आईना भी माना जाता है। इस बाजार में आर्थिक आंकड़ों से भी इसकी दशा-दिशा-धारणा निर्धारित होती है। फिलहाल तो औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े, वैश्विक रुख, कच्चे तेल की कीमतें, मानसून की प्रगति और आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे तय करेंगे। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल का भी असर पड़ता है। आने वाले समयों में बाजार की नजरें घरेलू वृहद् आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ें और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक महत्वपूर्ण कारक बाजार की स्थिति निर्धारित कर सकती है।

ऐसे तो इस संवेदनशील बाजार में स्थिरता-अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय हालातों, सरकार की दिशा-निर्देशों को देखते हुए स्व-विवेक से तेजी-मंदी का विचार कर काम करें। क्योंकि यह आंकलन ग्रहीय चाल पर आधारित है। इसमें कभी-कभी जोखिम भी हो सकता है।

जनवरी 2019—मासारंभ में बुध धनु राशि में प्रवेश कर शनि-सूर्य के साथ प्रतियुति करेगा। शुक्र गुरु के साथ युति करेगा। ता. 7 को बुध अस्त होगा। ता. 14 को केतु के साथ युति करेगा। ता. 20 को शनि उदय व बुध सूर्य के साथ प्रतियुति, ता. 29 को शुक्र शनि के साथ युति करेगा। मासारंभ में धनु राशि में बुध उदित अवस्था में चलेगा। जिससे शेयर बाजार में अंतर्राष्ट्रीय हालातों एवं भारतीय राजनैतिक अस्थिरता को लेकर बाजार में अस्थिरता की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 1 से 4 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 7 से 11 तक ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली दबाव से सूचकांक में गिरावट आने की संभावना है। ता. 14 से 16 तक बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति देखने को मिल सकती है। जिससे साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में दबाव बन सकता है। ता. 17 से 18 तक ईस्पात, सीमेन्ट, ऑटोमोबाईल, विद्युत, रियल इस्टेट, पावर कंपनियों के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 21 से 25 तक उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से सामान्य समर्थन मिलने से सूचकांक में सुधार संभावित है। ता. 28 से 31 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में उतार-चढ़ावपूर्ण कुछ स्थिरता संभावित है।

फरवरी 2019—मासारंभ में सूर्य मकर राशि में, बुध-केतु के साथ भ्रमणशील रहते हुए ता. 13 को कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। मंगल मीन राशि में विचरण करते हुए ता. 5 को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। बुध मकर राशि में सूर्य-केतु के साथ प्रतियुति करते हुए ता. 7 को कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 13 को यह इसी राशि में उदय होंगे। ता. 24 को शुक्र केतु के साथ युति करेगा। इसी तारीख को बुध पुनः मीन राशि में प्रवेश करेगा। फलतः ग्रह की स्थितियां इस माह में बाजार के समर्थन में सहायक नहीं है। ता. 1 को उतार-चढ़ाव। ता. 4 से 8 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कम्पनियों, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में व्यापक गिरावट संभावित है। ता. 11 से 12 तक व्यापक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 13 से 15 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सिमेन्ट, पावर, विद्युत, गैस, पेट्रो-रसायन, ऑटोमोबाईल एवं धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। ता. 18 से 22 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो उपरोक्त सैक्टरों में रुक-रुककर समर्थन मिलने से सूचकांक में सामान्य समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 25 से 28 तक राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद भी साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। इस संवेदनशील बाजार में भाग्य के भरोसे निवेश अधिकतर अहितकर हो सकता है।

मार्च 2019—मासारंभ में सूर्य कुंभ राशि में विचरण करते हुए ता. 4 को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 6 को बुध मीन राशि में वक्री होंगे व राहु मिथुन में और केतु धनु राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 8 को बुध अस्त होगा। ता. 15 को बुध कुंभ राशि में, ता. 21 को शुक्र-बुध की युति होगी। ता. 22 को मंगल वृष राशि में, ता. 23 को बुध उदय होगा तथा उदित अवस्था में ही ता. 28 को मार्गी हो जायेगा। ता. 30 को गुरु शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। फलतः यह मास भी बाजार के अनुकूल नहीं प्रतीत हो रहा है। ता. 1 को उतार-चढ़ाव। ता. 4 से 8 तक व्यापक अस्थिरता के कारण पैट्रो-रसायन, ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, रियल इस्टेट, टेक्सटाईल्स, सीमेन्ट एवं शुगर कंपनियों के शेयरों में व्यापक अस्थिरता संभावित है। हालांकि साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। ता. 11 से 15 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सिमेन्ट,

आर्यभट्ट पंचांगम् 231
ऑटोमोबाईल, रियल इस्टेट, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों | मे ही अस्त हो जायगा। मासारंभ में मंगल वृष राशि में विचरण | मिथुन राशि में जारी रहेगी।

ऑटोमोबाईल, रियल इस्टेट, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित है। ता. 18 से 22 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से अस्थिर समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 25 से 29 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। फिलहाल सुदृढ़ तेजी की संभावना न्यूनतम प्रतीत हो रही है।

अप्रैल 2019—मासारंभ में सूर्य मीन राशि में विचरण करते हुए ता. 11 को बुध के साथ युति करेगा। ता. 11 को गुरु, शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 14 को सूर्य अपनी ऊंच राशि मेष में प्रवेश करेगा। ता. 15 को शुक्र बुध के साथ युति करेगा। ता. 22 को गुरु वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। ता. 30 को शनि धनु राशि में केतु के साथ युति करते हुए वक्री हो जायेगा। जिसके फलस्वरूप राजनैतिक अस्थिरता के कारण बाजार में असमंजस पूर्ण स्थितियां उत्पन्न कर सकती है। जिससे इस बाजार में लिवाली कम, बिकवाली का पलड़ा भारी होने से बाजार में अस्थिरता की भावना मुखर होगी। अत: सावधानी अपेक्षित है। ता. 1 से 5 तक अचानक बिकवाली से ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर जाये तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। ता. 8 से 12 तक कुछ स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडियाँ, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के साथ-साथ विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 15 से 19 तक उपरोक्त सेक्टरों में अस्थिर सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। हालांकि भारतीय राजनीति में स्थिरता-अस्थिरता को लेकर असमंजस पूर्ण स्थितियां विदेशी निवेशकों के मन में हाल-फिलहाल तबाही का मंजर उत्पन्न करता रहेगा। जिसकी धारणा इन संभावनाओं के कारण अस्थिर और अशांत वातावरण में बाजार की धारणा पल-पल बनती-बिगड़ती रहेगी। अत: जोखिम पूर्ण निवेश से बचना हितकर होगा। ता. 22 से 26 तक उपरोक्त सेक्टरों में विशेषकर नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। हालांकि रूखों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन से बाजार की दशा-दिशा-धारणा परिवर्तित होती रहेगी। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी और सौदा अहितकर हो सकता है। ता. 29 से 30 तक अज्ञात कारणों या राजनैतिक अथिरता के कारण बाजार में अचानक बिकवाली से ब्लूचिप अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली से अचानक बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है।

मई 2019—मास के प्रारंभ में सूर्य मेष राशि में विचरण करते हुए ता. 3 को बुध के साथ युति करेगा। तथा यह मेष राशि में ही अस्त हो जायेगा। मासारंभ में मंगल वृष राशि में विचरण करते हुए ता. 6 को मिथुन राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेगा। ता. 10 को शुक्र बुध-सूर्य के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश करेगा। ता. 18 को पुन: बुध-सूर्य की युति होगी। ता. 30 को बुध वृष राशि में उदित होगा। फलत: ग्रह योग से बाजार में प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ता. 1 से 3 तक असमंजस पूर्ण स्थितियां बनी रहेंगी। जिससे साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली का सिलसिला बना रह सकता है। ता. 6 से 10 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो इस्पात, सिमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, रियल इस्टेट, ऑटोमोबाईल, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 13 से 17 तक उपरोक्त सेक्टरों में अफवाहों पर आधारित तथा सरकार की सेहत को लेकर विदेशी निवेशकों एवं संस्थागत निवेशकों के सामान्य समर्थन से कुछ सुधार संभावित है। ता. 20 से 23 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 24 को अचानक बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकते हैं। ता. 27 को घटवढ़। ता. 28 से 31 तक व्यापक घटवढ़ चलते हुए धारणा अस्थिर और अशांत भी हो सकती है। अत: देश-काल की स्थितियां, अंतर्राष्ट्रीय हालातों का अनुसरण करते हुए स्व-विवेक से व्यापार करें।

जून 2019—मासारंभ में सूर्य वृष राशि में विचरण करते हुए ता. 4 को शुक्र के साथ युति करेगा। ता. 15 को यह मिथुन राशि में प्रवेश कर बुध-मंगल-राहु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 20 को बुध जलीय राशि कर्क में प्रवेश करेगा। ता. 22 को मंगल-बुध की युति होगी। ता. 28 को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर सूर्य-राहु के साथ प्रतियुति करेगा। हालांकि मासारंभ में बुध मिथुन राशि में उदित अवस्था में चलेगा। फलत: ता. 3 से 7 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित है। जिससे सूचकांक में सुधार संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 10 से 14 तक उपरोक्त सेक्टरों के साथ-साथ विद्युत, पावर, गैस, पेट्रो-रसायन एवं धातुओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 17 से 21 तक व्यापक घटवढ़, धारणा अस्थिर और अशांत होने से बाजार में ब्लूचिप, विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली के दवाव से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ता. 24 से 28 तक व्यापक अस्थिरता बाजार में तबाही का मंजर उत्पन्न करता रहेगा। जिससे बाजार की धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। और सौदा अहितकर हो सकता है।

जुलाई 2019—मासारंभ में सूर्य-शुक्र-राहु की प्रतियुति मिथुन राशि में जारी रहेगी। ता. 8 को मंगल अस्त व बुध कर्क राशि में वक्री होगा। ता. 10 को बुध इसी राशि में अस्त होगा। ता. 16 को सूर्य कर्क राशि में प्रवेश कर मंगल-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 21 को शुक्र अस्त होगा। ता. 23 को शुक्र-बुध-सूर्य-मंगल के साथ प्रतियुति होगी। ता. 29 को बुध-राहु के साथ युति करेगा। ता. 30 को इसी राशि में बुध उदित होगा। फलत: मासारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 8 को वक्री होगा। ता. 10 को यह अस्त हो जायेगा। जिससे ता. 1 से 5 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के साथ-साथ विद्युत, पावर कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। जिससे सूचकांक में सामान्य से भारी सुधार संभावित है। ता. 8 से 12 तक इस्पात, सिमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाईल, रियल इस्टेट, शुगर, टेक्सटाईल्स कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 15 से 17 तक व्यापक घटवढ़ जारी रह सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 18 से 19 तक अचानक बिकवाली से विशेषकर साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अचानक बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकते हैं। ता. 22 से 26 तक व्यापक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 29 से 31 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों के साथ-साथ म्यूचुअल फण्ड कंपनियों के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है।

अगस्त 2019—मासारंभ में सूर्य-मंगल-शुक्र की प्रतियुति कर्क राशि में जारी रहेगी। ता. 1 को बुध मार्गी होगा। ता. 3 को बुध कर्क राशि में चतुर्थ ग्रहीय योग बनायेगा। ता. 8 को मंगल सिंह राशि में प्रवेश करेगा। ता. 12 को गुरु मार्गी होगा। ता. 16 को शुक्र-मंगल की युति होगी। ता. 17 को सूर्य-मंगल-शुक्र की प्रतियुति होगी। ता. 24 को बुधास्त। ता. 26 को बुध सूर्य-शुक्र-मंगल के साथ प्रतियुति करेगा। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में मार्गी चाल से चलते हुए ता. 3 को कर्क राशि में तथा ता. 26 को सिंह राशि में प्रवेश करेगा। फलत: मासारंभ में ता. 1 से 2 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 5 से 9 तक उपरोक्त सेक्टरों में समर्थन से कुछ सुधार संभावित है। ता. 12 से 13 तक व्यापक घटवढ़ जारी रह सकती है। मानसून के हालात को लेकर या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण अचानक 14 से 16 तक ब्लूचिप, विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली

की स्थिति बाजार की धारणा अस्थिर और अशांत बना सकती है। जिससे सूचकांक में गिरावट बन सकती है। ता. 19 से 22 तक अफरा-तफरी की स्थिति, तबाही का मंजर उत्पन्न करती रहेगी। ता. 23 को सामान्य सुधार। ता. 26 से 30 तक ईस्पात, सिमेन्ट, ऑटोमोबाईल, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है।

सितम्बर 2019—मासारंभ में सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र की प्रतियुति सिंह राशि में, गुरु वृश्चिक में, शनि-केतु धनु राशि में विचरण करेंगे। ता. 9 को शुक्र कन्या में, ता. 10 को बुध-शुक्र की युति होगी। ता. 14 को शुक्र उदय होगा। ता. 17 को सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति होगी। ता. 18 को शनि मार्गी होगा। ता. 24 को मंगल कन्या राशि में चतुर्थ ग्रहीय योग बनायेगा। ता. 29 को बुध तुला राशि में प्रवेशकर उसी दिन उदित हो जायेगा। फलतः मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलेगा। ता. 2 से 3 तक सामान्य सुधार। ता. 4 से 6 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 9 से 13 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली बन सकती है। ता. 16 से 18 तक अफवाहों पर आधारित अस्थिरता संभावित है। ता. 19 से 20 तक ईस्पात, सिमेन्ट, रियल इस्टेट, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 23 से 27 तक ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में विदेशी निवेशकों एवं संस्थागत निवेशकों के समर्थन से सूचकांक में व्यापक सुधार संभावित है। ता. 30 को अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ फार्मा, दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में अचानक समर्थन से व्यापक सुधार संभावित हो रहा है। फिर भी बाजार की दशा-दिशा-धारणा देखकर काम करें।

अक्टूबर 2019—मासारंभ में सूर्य-मंगल-शुक्र की प्रतियुति, कन्या राशि में गुरु, वृश्चिक में शनि, केतु धनु में, बुध तुला में उदित अवस्था में चलेंगे। ता. 3 को शुक्र बुध के साथ युति करेगा। ता. 16 को मंगल उदय होगा। ता. 17 को सूर्य-शुक्र-बुध की प्रतियुति तुला राशि में होगी। ता. 23 को बुध गुरु के साथ युति करेगा। ता. 28 को शुक्र गुरु-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 31 को बुध वक्री होगा। फलतः मानसून की हालात् अस्थिर और अशांत हो सकती है। मासारंभ में ता. 1 से 4 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ म्यूचुअल फंड एवं मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 7 को घटबढ़। ता. 8 से 11 तक ईस्पात, सिमेन्ट, ऑटोमोबाईल, भारी इंजीनियरिंग, रियल इस्टेट कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से दबाव बन सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 14 से 16 तक अस्थिरता संभावित है। ता. 17 से 18 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता. 21 से 25 तक उपरोक्त सेक्टरों में समर्थन से व्यापक सुधार संभावित है। ता. 28 से 31 तक विद्युत, पावर, गैस, पेट्रो-रसायन, टेक्सटाईल्स, शुगर कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव पूर्ण कुछ सुधार संभावित हो रहा है। फिर भी बाजार की धारणा देखकर ही काम करें।

नवम्बर 2019—मास के प्रारंभ में सूर्य अपनी नीच राशि तुला में विचरण करते हुए ता. 16 को वृश्चिक राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेगा। बुध वृश्चिक राशि में विचरण करते हुए ता. 1 को इसी राशि में अस्त हो जायेगा। ता. 7 को यह सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 10 को मंगल बुध-सूर्य के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 16 को बुध तुला राशि में उदित हो जायेगा। ता. 21 को बुध उदित अवस्था में ही मार्गी हो जायेगा। इसी तारीख को शुक्र धनु राशि में प्रवेश कर गुरु-शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। फलतः मासारंभ में अर्थ व्यवस्था को लेकर चिन्ताजनक स्थितियां बाजार में तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती हैं। जिससे विदेशी निवेशक एवं संस्थागत निवेशक इस अस्थिरता के कारण क्रय की जगह बिकवाली के लिए तत्पर रहेंगे। जिससे बाजार की धारणा प्रायः अस्थिर सी रहेगी। मास के प्रारंभ में साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में व्यापक अस्थिरता संभावित है। ता. 1 को घटबढ़। ता. 4 से 8 तक स्थितियां अस्थिर होने से उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से बिकवाली बन सकती है। जिससे सूचकांक में व्यापक गिरावट की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है। ता 11 से 12 तक व्यापक अस्थिरता। जबकि ता. 13 से 15 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सिमेन्ट, रियल इस्टेट, ऑटोमोबाईल, विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 18 से 22 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं, विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 25 से 29 तक उपरोक्त सेक्टरों में स्थितियां सामान्य रहीं तो अस्थिर सुधार संभावित है।

दिसम्बर 2019—मासारंभ में सूर्य वृश्चिक राशि में विचरण करते हुए ता. 16 को धनु राशि में प्रवेश कर शनि-गुरु-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 5 को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 15 को गुरु अस्त होगा। इसी तारीख को शुक्र मकर राशि में प्रवेश करेगा। ता. 15 को बुध पूर्व में अस्त होगा। ता. 25 को बुध सूर्य-गुरु-शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 29 को शनि पश्चिम में अस्त हो जायेगा। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में चलेगा। फलतः भारत सहित विश्व के अधिकांश भू-भागों में प्राकृतिक उत्पात, गृह युद्ध जैसी स्थितियां शेयर बाजार की दशा-दिशा-धारणा अस्थिर बना सकती हैं। ता. 2 से 6 तक गलत अफवाह या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण बाजार में अचानक बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। यदि स्थितियां सामान्य रहीं तो ता. 9 से 13 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं, ऑटोमोबाईल, विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में समर्थन संभावित है। ता. 16 से 20 तक उपरोक्त सेक्टरों में संस्थागत निवेशकों, लिवाली से सामान्य सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 23 से 27 तक ऑटोमोबाईल, ईस्पात, सिमेन्ट, रियल इस्टेट, टेक्सटाईल्स, शुगर, विद्युत, गैस, पेट्रो-रसायन सेक्टरों में घटबढ़ पूर्ण सुधार संभावित है। ता. 30 से 31 तक गलत अफवाहों से अचानक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकते हैं। मेरे समझ से ता. 23 से 31 तक व्यापक अस्थिरता लम्बी लाईन में चल सकती है।

जनवरी 2020—मासारंभ में सूर्य-बुध-गुरु-शनि-केतु की प्रतियुति धनु राशि में, शुक्र मकर राशि में, मंगल वृश्चिक में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 8 को शुक्र कुंभ राशि में, ता. 9 को गुरु पूर्व में उदय होगा। ता. 13 को बुध मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 14 को सूर्य-बुध की युति होगी। ता. 23 को शनि मकर राशि में प्रवेश कर सूर्य-बुध के साथ युति करेगा। ता. 27 को बुध पश्चिम में उदय होगा। ता. 30 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। फलतः मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलेंगे। अतः ता. 1 से 3 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में व्यापक अस्थिरता तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती है। ता. 6 से 10 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो भारी इंजीनियरिंग, पावर, विद्युत, गैस, पेट्रो-रसायन, ऑटोमोबाईल, रियल इस्टेट, शुगर एवं टेक्सटाईल्स कंपनियों के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। फिर भी धारणा देखकर काम करें। ता. 13 से 17 तक उपरोक्त सेक्टरों में सामान्य समर्थन से कुछ सुधार संभावित है। इस माह की तेजी-मंदी अंतर्राष्ट्रीय हालातों पर निर्भर होगी। ता. 20 से 24 तक बाजार में सिमेन्ट, ईस्पात, पावर, विद्युत, पेट्रो-रसायन, धातुओं के शेयरों में कुछ स्थिरता तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अस्थिरता भी संभावित है। ता. 27 से 31 तक गलत अफवाह या सरकार के दिशा-निर्देश के कारण बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति बाजार में तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती है।

फरवरी 2020—मासारंभ में सूर्य-शनि मकर में, बुध कुंभ

में, शुक्र मीन में, राहु मिथुन में, मंगल वृश्चिक में, गुरु-केतु धनु | मकर राशि में भ्रमणशील रहेंगे। मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में | है। ता. 26 से 27 तक भारी बिकवाली से शेयर बाजार के

में, शुक्र मीन में, राहु मिथुन में, मंगल वृश्चिक में, गुरु-केतु धनु में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 2 को शुक्र मीन राशि में, ता. 7 को मंगल धनु राशि में प्रवेश कर गुरु-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 13 को सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। ता. 17 को बुध वक्री होगा। ता. 20 को बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता. 28 को शुक्र मेष राशि में प्रवेश करेगा। फलत: मासारंभ में कुछ राष्ट्रों में अचानक सत्ता परिवर्तन या गृहयुद्ध जैसी स्थितियां अर्थव्यवस्था से संबंधित कुछ घटना चक्र शेयर बाजार के हालात को अस्थिर और अशांत बना सकती हैं। अत: बाजार की दशा-दिशा-धारणा देखकर काम करना सफल व्यापार की कुंजी हो सकती है। ता. 3 से 7 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो उपरोक्त सेक्टरों में ता. 10 से 14 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 17 से 20 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 21 को व्यापक अस्थिरता संभावित है। ता. 24 से 28 तक व्यापक अस्थिरता के कारण मंदी की लम्बी लाईन बन सकती है।

मार्च 2020–मासारंभ में सूर्य-बुध कुंभ राशि में, शुक्र मेष राशि में, राहु मिथुन में, मंगल-गुरु-केतु धनु राशि में तथा शनि मकर राशि में भ्रमणशील रहेंगे। मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलते हुए ता. 3 को पूर्व में उदय होगा। ता. 10 को उदित अवस्था में मार्गी हो जायेगा। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेगा। ता. 22 को मंगल मकर राशि में प्रवेश कर शनि के साथ युति करेगा। ता. 28 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश करेगा। ता. 29 को गुरु उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, मकर राशि में प्रवेश कर शनि-मंगल के साथ प्रतियुति करेगा। फलत: मासारंभ में सरकार के दिशा निर्देष के कारण या वित्तीय संस्थाओं में कोई अप्रिय घटना चक्र या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण बाजार में कुछ सकारात्मक दशा-दिशा-धारणा बन सकती है। ता. 2 से 6 तक स्थितियां उपरोक्त कारणों से अनुकूल होने से ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्य जनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो ता. 9 से 13 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं, विद्युत, पावर, गैस, पेट्रो-रसायन, ईस्पात, ऑटोमोबाईल कंपनियों के शेयरों में समर्थन से व्यापक सुधार संभावित है। ता. 16 से 17 तक घटबढ़। ता. 18 से 20 तक अचानक बिकवाली से ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. 23 से 24 तक व्यापक घटबढ़, धारणा अस्थिर और अशांत रह सकती है। ता. 25 से 27 तक भारी बिकवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में व्यापक गिरावट बन सकती है। ता. 30 से 31 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में सामान्य सुधार संभावित है। अत: कारोबारी बाजार की दशा-दिशा-धारणा देखते हुए स्व-विवेक से भी तेजी-मंदी का विचार करें।

यदि आप चाहें तो मेरे यहां से ग्रहीय चाल पर आधारित तेजी-मंदी की रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। किराना जिन्सों, सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, कॉटन, गमग्वार, तेलवाना, दालवाना आदि रिपोर्ट अलग-अलग तथा शेयर बाजार की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है। जिसका सेवा शुल्क वार्षिक ही स्वीकार होता है। साधारण सेवा शुल्क 12 माह-20500/-, मध्यम-25500/-, स्पेशल-30500/-, सर्वोत्कृष्ट-35500/-रुपये निर्धारित है। रियायत दर कमोडिटी ट्रेडिंग व्यापार भविष्य शेयर्स बाजार संयुक्त रिपोर्ट सेवा शुल्क-55500/- रुपये निर्धारित है। 2, 4, 6 माह की रिपोर्ट नहीं भेजी जाती। लिखित रिपोर्ट के साथ मोबाईल-09801873719 पर अचूक चांस की जानकारी दी जाती है। जन्म पत्रिका विचार फलादेश दक्षिणा-5500/-रुपये से 12500/-रुपये निर्धारित है।

लेखक-**आचार्य पं. टुनटुन शास्त्री**

कमोडिटी ट्रेडिंग एवं व्यापार भविष्य दशा-दिशा, धारणा 2019 ई.

जनवरी–2019

यह मास पौष कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि, स्वाती नक्षत्र, धृतिनाम योग, वृश्चिक राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में शुक्र वृश्चिक राशि में तथा बुध धनु राशि में प्रवेश करेगा। शुक्र-गुरु की युति वृश्चिक राशि में तथा बुध-सूर्य-शनि की प्रतियुति धनु राशि में होगी। जिससे रुई, कपास, कॉटन, सिल्वर, काजू, मखाना, साबुदाना, पोस्ता में कुछ मंदी की धारणा बनकर पुनः सुधार हो सकता है। गेहूं, जौ, चना, तुअर, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाज़रा, मडुआ आदि अनाजों में अस्थिर सुधार हो सकता है। जबकि सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, धनियां, जीरा में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 7 को बुध पूर्व में अस्त होने से एक माह के अंदर दूध, घृत एवं सर्व अनाजों में कुछ मंदी बन सकती है। जबकि रुई, कपास, कॉटन, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में अस्थिर सुधार। सोना, कॉपर एवं किराना जिन्सों में कुछ तेजी बन सकती है। सिल्वर, निकिल में अस्थिरता संभावित है। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर केतु के साथ युति करेगा। मकरे च स्थितोभानुर्घुत तैल महर्घता। सुभिक्षं सर्वधान्यानां लोकानां दुःख पीडनम्॥ अर्थात् इस राशि में सूर्य के प्रवेश से दूध, घृत, मखाना, काजू, पोस्ता, चीनी, कपूर, समस्त तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, कॉटन में सुधार। जबकि अनाजों एवं किराना जिन्सों के साथ-साथ गमग्वार, सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 20 को शनि उदय पूर्व में होने से 1 सप्ताह के अंदर सरसों, सोयाबीन, बिनौला, अरण्डी आदि तेल-तेलवाना, रुई, कपास में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ईस्पात, जिंक, रांगा, कालीमिर्च, हल्दी, पशुचारा, जलावन, कोयला, लहसुन, अदरख, सौंठ, गुड़, खाण्ड एवं गैर बासमती चावल में कुछ तेजी बन सकती है। ता. 20 को बुध-सूर्य-केतु की प्रतियुति होने से एक सप्ताह के अंदर अचानक सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, निकिल, रुई, कॉटन में तेजी बन सकती है। ता. 29 को शुक्र धनु राशि में प्रवेश से सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, धनियां, गेहूं, जौ, चना, तुअर तेज हो सकते हैं। जबकि रुई, कपास, कॉटन में घटबढ़ जारी रह सकती है।

फरवरी–2019

मासारंभ में मंगल मीन राशि में विचरण करते हुए ता. 5 को अपनी राशि मेष में प्रवेश करेंगे। जिससे सर्व अनाज में मंदी। सोना, चांदी, कॉपर आदि धातु, हीरा, जवाहरात, ऊनी-रेशमी वस्त्र, रुई, कपास, कॉटन, पाट, हैशियन, गुड़, खाण्ड, रसकस पदार्थ, किशमिश, खजूर तेज हो सकते हैं। हालांकि यह प्रभाव एक पक्ष के अंदर विशेष प्रभावित होता है। किराना, जिन्स एवं गमग्वार में कुछ अस्थिरता संभावित होती है। ता. 7 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश से रुई, सिल्वर, काजू, पोस्ता, मखाना, सिंघारा, निकिल में अस्थिरता। जबकि दूध, घृत, तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, हल्दी, धनियां, जीरा, कालीमिर्च, दालचीनी, लौंग, इलायची में तेजी बन सकती है। वहीं सर्व अनाज एवं दाल-दालवाना में अस्थिरता बनी रह सकती है। सोना, गमग्वार में अस्थिर सुधार हो सकता है। ता. 13 को सूर्य-बुध की युति होने से सरकार की दिशा-निर्देश, आयात-निर्यात, उत्पादन-मांग, काला बाजारी, प्राकृतिक वातावरण के कारण अचानक दूध पाउडर, घृत, डिब्बा बंद तेल,

तेलवाना में सुधार हो सकता है। रुई, पाट, पटसन, अरण्ड, मैंथोल, गेहूं आदि अनाज, गुड़, खाण्ड, चीनी, चाय, कॉफी में कुछ मंदी बन सकती है। वहीं सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, हल्दी, धनियां, जीरा, लौंग, ईलायची, जायफल, दालचीनी, खजूर, मुनक्का आदि में अस्थिर सुधार हो सकता है। ता. 24 को शुक्र मकर राशि में, बुध मीन में प्रवेश करने से भाग, अफीम, गुड़, खाण्ड, चीनी, चाय, दूध, घृत, गेहूं, चना, तुअर आदि अनाजों में सुधार जबकि रुई, सिल्वर में अस्थिर सुधार संभावित है। वहीं बुध के प्रभाव से सोना, कॉपर में अस्थिर सुधार। किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है।

मार्च—2019

मासारंभ में बुध मीन राशि में एवं मंगल मेष राशि में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार एवं किराना जिन्सों में व्यापक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 6 को बुध वक्री होगा। जिससे गुड़, खाण्ड, घृत में सुधार। ता. 7 को राहु-केतु राशि परिवर्तन कर मिथुन एवं धनु राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन में अचानक मंदी बने तो इसका संग्रह 5 मास के अंदर लाभकारी सिद्ध हो सकता है। हाथी, घोड़े, खच्चर, बकरी एवं कुछ किराना जिन्सों में व्यापक तेजी का संचार हो सकता है। ता. 8 को बुध पश्चिम में अस्त होने से रुई में कुछ मंदी जबकि सिल्वर में तेजी हो सकती है। ता. 14 को सूर्य बुध के साथ युति करेगा। जिससे समस्त तैल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, मुनक्का, खजूर, रुई, कॉटन, सोना, कॉपर, गमग्वार, ईमली, मजीठ, मेंथी, लालमिर्च तेज हो सकते हैं। सर्व अनाजों में घटबढ़ जारी रह सकती है। हल्दी, जीरा, धनियां, सिल्वर में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश करने से रुई, सिल्वर में घटबढ़। दूध, घृत, तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, हल्दी, धनियां, जीरा, लौंग, ईलायची में कुछ सुधार हो सकता है। दाल-दालवाना एवं अनाजों में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 21 को शुक्र-बुध की युति से रुई, कपास, कॉटन, सिल्वर, निकिल, मखाना, काजु, पोस्ता, गुड़, खाण्ड, गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, मंडुआ तथा श्वेत जिन्स धातुओं में मंदी की धारणा बन सकती है। किराना जिन्सों, गमग्वार, सोना, कॉपर में घटबढ़ जारी रह सकता है। ता. 22 को मंगल वृष राशि में प्रवेश से एक मास के अंदर लालमिर्च, मजीठ, मेंथी, गमग्वार, ईमली, किशमिश, छुआरा, रक्तवर्ण की प्रत्येक वस्तुएं, रुई, कपास, कॉटन, चन्दन, केसर, कुछ तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर तेज हो सकते हैं। ता. 28 को बुध मार्गी होने से अचानक चलते रुखों में परिवर्तन हो सकता है। साथ ही रुई, सिल्वर में अस्थिर सुधार। जबकि एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर आदि अनाजों के साथ सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी में भी सुधार हो सकता है। कुछ तेल-तेलवाना में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 30 को गुरु धनु राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाज, पाट, पटसन, तेज-तेलवाना, घृत, सोना, चांदी, कॉपर एवं किराना जिन्सों में अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। अतः बाजार की दशा-दिशा देखते हुए काम करें।

अप्रैल—2019

मासारंभ में मंगल वृष राशि में, गुरु-शनि-केतु धनु राशि में एवं शुक्र-बुध कुंभ राशि में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे ता. 10 तक सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल, विरोजा, रस-रसायन, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, हल्दी, जीरा, धनियां, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च में अस्थिरता संभावित है। ता. 11 को गुरु वक्री होने से तथा इसी तारीख को बुध सूर्य के साथ मीन राशि में युति से रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, चीनी में मंदी बन सकती है। सोना, चांदी, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, ईलायची, गमग्वार में तेजी होकर फिर मंदी बन सकती है। ता. 14 को सूर्य अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रवेश करेंगे। जिसके शुभाशुभ प्रभाव से मेंथोल, अरण्डी, सरसों, सोयबीन, अरण्डी, तेल-तेलवाना, डिब्बा बंद तेलों, सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, रक्त चंदन, खोपरा, हींग, सुपारी, कॉटन, मेंथी, गमग्वार, लौंग, ईलायची एवं अनाजों में तेजी बन सकती है। जबकि रुई, हल्दी, धनियां, जीरा में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 15 को शुक्र बुध के साथ मीन राशि में युति करेगा। जिससे 6 मास तक रुई, कपास में तेजी की लम्बी लाईन बनकर फिर मंदी की धारणा बन सकती है। दूध, घृत, तेल-तेलवाना में मंदी की लम्बी लाईन बनकर अस्थिरता बनी रह सकती है। परन्तु शुक्र-बुध की युति होने से रुई, सिल्वर में अस्थिरता से पूर्ण सुधार हो सकता है। ता. 22 को गुरु वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन में तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। सोना, चरंदी, घृत, कॉपर, तेल-तेलवाना, सुपारी, नारियल, गुड़, खाण्ड, किशमिश, छुआरा, तुअर, उड़द आदि, दाल-दालवाना, हल्दी, जीरा, धनियां, कालीमिर्च तेज हो सकते हैं। ता. 30 को शनि वक्री होने से मासान्त तक किराना जिन्सों, गुड़, खाण्ड, चीनी, सिमेन्ट, इस्पात में तेजी।

मई—2019

मासारंभ में सूर्य मेष में, मंगल वृष में, गुरु वृश्चिक में, शनि-केतु धनु में, बुध-शुक्र मीन राशि में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे किराना जिन्सों, सोना, चांदी, कॉपर, दाल-दालवाना एवं गमग्वार में सुधार जारी रह सकता है। ता. 3 को बुध सूर्य के साथ युति से हीरा, जवाहरात, सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुएं, गेहूं, जौ, चना, तुअर, समस्त तेल-तेलवाना, रुई, कपास, घृत, गुड़, खाण्ड में मंदी का संचार हो सकता है। ता. 6 को मंगल मिथुन में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेगा। जिससे गुड़, खाण्ड, चीनी, किशमिश, छुआरा, खजूर, मुनक्का, रुई, कपास, कॉटन, अफीम, कॉपर, मजीठ, लालमिर्च, मेंथी, गमग्वार, ईमली एवं अन्य लालवर्ण की जिन्स धातुओं में व्यापक तेजी की धारणा बन सकती है। सोना में भी सुधार संभावित है। जबकि चांदी में घटबढ़ जारी रह सकती है। डिब्बा बंद तेल-तेलवाना एवं दालवाना में अस्थिरता संभावित है। ता. 10 को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर सूर्य-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। जिससे गेहूं, जौ, चना, तुअर, मसूर, मटर, उड़द, ज्वार, बाजरा, मंडुआ, मक्का, गैर बासमती चावल, दूध पाऊडर, घृत में तेजी बन सकती है। जबकि सोना, चांदी में अफवाहों पर आधारित या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण भड़कती तेजी की धारणा बन सकती है। गुड़, खाण्ड, चीनी, खजूर, मुनक्का, बारदाना, पाट, पटसन, काजू, अखरोट, बादाम, चिरौंजी, पोस्ता, हल्दी, धनियां, जीरा, कालीमिर्च, जायफल, दालचीनी में अस्थिर सुधार। जबकि समस्त तेल-तेलवाना में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल, बिरोजा, गुड़, खाण्ड, चीनी, रुई, कपास, कॉटन, अखरोट, बादाम, सुपारी, नारियल, खोपरा, समस्त तेल-तेलवाना में तेजी। गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, चावल में मंदी की धारण बन सकती है। जबकि गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, धनियां, हल्दी में कुछ स्थिरता संभावित है। ता. 18 को बुध-सूर्य की युति से एक पक्ष के अंदर रुई, कपास में अस्थिर सुधार। दालवाना, तेलवाना, किराना जिन्सों में घटाबढ़ी अधिक चले। गेहूं, जौ, चना, तुअर, मसूर, मटर, चावल एवं डिब्बा बंद तेलों में कुछ स्थिरता संभावित है। जबकि सोना, चांदी, कॉपर में खामोशी बनी रह सकती है। ता. 30 को बुध पश्चिम में उदय होने से रुई में कुछ सुधार, सिल्वर में मंदी एवं पाट-पटसन, हैसियन में कुछ सुधार संभावित है। मेवा, केशर, श्रृंगार की सामग्रियां एवं सुगन्धित पदार्थों में कुछ तेजी जबकि सर्राफा बाजार में अस्थिरता संभावित है।

जून—2019

मास के प्रारंभ में बुध मिथुन राशि में प्रवेश कर मंगल, राहु के साथ प्रतियुति करेगा। जिससे दुधारू पशु, बकरा, हाथी, घोड़े, ऊंट, खच्चर में तेजी। जबकि एक पक्ष के अंदर रुई, कपास,

आर्यभट्ट पंचांगम्

कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, हैसियन, सोना, चांदी, कॉपर, ...

कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, हैसियन, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, ईस्पात, सरिया, सिमेन्ट में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। सरसों, सोयाबीन, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च, गमग्वार, ईमली, आमचूर, लौंग, ईलायची, दालचीनी, जायफल, लहसुन, प्याज, अदरख, सौंठ, मेंथी में घटवढ़ जारी रह सकती है। ता. 4 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेगा। जिससे रुई, कपास, कॉटन में व्यापक मंदी। सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, धनियां, हल्दी में घटवढ़ चलकर सामान्य सुधार संभावित है। जबकि अनाज एवं तेलवाना, दालवाना में कुछ मंदी का संचार हो सकता है। ता. 15 को सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश कर बुध-मंगल-राहु के साथ चतुर्थग्रहीय योग बनाएगा। अर्थात् इस राशि में यह युति होने से पाट, पटसन, बारदाना, ऊनी-रेशमी वस्त्र, रुई, कपास, सरसों, सोयाबीन, अरण्डी, मैंथोल, ईस्पात, सिमेन्ट, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, मुनक्का, खजूर, चाय, कॉफी, दूध, घृत, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, गेहूं, चना, चावल, ज्वार, बाजरा, मंडुआ में तेजी बन सकती हैं। जबकि सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार एवं किराना के जिन्सों में भी तेजी बन सकती है। ता. 20 को बुध कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रसकस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, दूध, तेल-तेलवाना, सोना, कॉपर, गमग्वार एवं किराना जिन्सों में कुछ तेजी आकर पीछे मंदी हो सकती है। सिल्वर में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 22 को मंगल-बुध की युति कर्क राशि में होने से सरसों, सोयाबीन, अन्य तेल-तेलवाना, रुई, कपास में मंदी बन सकती है। सिल्वर में घटवढ़ तथा सर्व अनाजों, गुड़, खाण्ड, चीनी, हल्दी, धनियां, जीरा तेज हो सकते हैं। हाथी, घोड़े, ऊंट, दूधारू पशु, बकरा के भावों में तेजी। ता. 28 को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर सूर्य-राहु के साथ युति करेगा। जिससे रुई, कपास, कॉटन, अरण्डी, मैंथोल, अन्य तेल-तेलवाना, गमग्वार, तुअर, लालमिर्च में व्यापक मंदी का संचार हो सकता है। जबकि गेहूं, जौ, चना, चावल, ज्वार-बाजरा में सुधार हो सकता है।

जुलाई—2019

मासारंभ में सूर्य-शुक्र-राहु की प्रतियुति मिथुन राशि में, मंगल-बुध की युति कर्क राशि में, गुरु वृश्चिक राशि में तथा शनि-केतु धनु राशि में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे मासारंभ में हल्दी, धनियां, जीरा, लौंग, ईलायची, दालचीनी, किशमिश, छुआरा, सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, गमग्वार, ईमली, आमचूर, लालमिर्च, कालीमिर्च, मजीठ में घटवढ़ जारी रह सकती है। जबकि दालवाना एवं डिब्बा बंद तेलों में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 8 को मंगल पश्चिम में अस्त तथा बुध वक्री होने से अनाजों में कुछ सुधार हो सकता है। जबकि गुड़, खाण्ड, दूध, घृत में भी तेजी बन सकती है। ता. 10 को बुध पश्चिम में अस्त होने से रुई में कुछ मंदी, सिल्वर में कुछ सुधार। जबकि पाट, हैसियन, शेयर्स बाजार में अस्थिरता संभावित है। ता. 16 को कर्क राशि में प्रवेश कर सूर्य मंगल-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। फलतः रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, ऊनी-रेशमी वस्त्र, अखरोट, बादाम, काजू, चिरौंजी, पोस्ता, मखाना, सुपारी, खोपरा, किशमिश, छुआरा, गुड़, खाण्ड, चीनी, सरसों, सोयाबीन, सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं में तेजी आ सकती है। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, मटर, मसूर, उड़द, मूंग, मोंठ, चावल, ज्वार-बाजरा, मक्का, मंडुआ के साथ-साथ कुछ किराना जिन्सों में एवं गमग्वार में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 21 को शुक्र पूर्व में अस्त होने से रुई, कपास में मंदी। चांदी में अस्थिर सुधार। अनाज एक मास में तेज होकर बाद में मंदा हो जायेगा। सोना, हल्दी, कॉपर, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च, लहसुन, प्याज, अदरख में कुछ सुधार। ता. 23 को शुक्र-सूर्य-मंगल-बुध की प्रतियुति से रुई में अस्थिर सुधार। समस्त तेल-तेलवाना, घृत, गुड़, खाण्ड, चीनी में सुधार। सिल्वर, गेहूं जौ, चना, तुअर में मंदी। सोना, किराना जिन्सों एवं ग्वार में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 29 को बुध मिथुन राशि में प्रवेश करने से मासान्त तक रुई, कपास, कॉटन, सोना, चांदी, कॉपर में मंदी बन सकती है। समस्त तेल-तेलवाना, किराना जिन्सों एवं दाल-दालवाना में घटवढ़ जारी रह सकती है। जबकि पशुचारा व पशुओं में तेजी।

अगस्त—2019

मास के प्रारंभ में सूर्य-मंगल-शुक्र की प्रतियुति, कर्क राशि में राहु-बुध की युति मिथुन राशि में होने व बुध मार्गी अवस्था में चलने से मूंग, मोंठ, चना, तुअर, हाथी, घोड़ा आदि पशुओं में मंदी बन सकती है। जबकि लालमिर्च, मजीठ, सोना, ग्वार, हल्दी, लहसुन, प्याज, अदरख में सुधार। ता. 3 को बुध कर्क राशि में प्रवेश करने से रुई में मंदी। सिल्वर में अस्थिर सुधार। रसकस पदार्थ, गुड़, खाण्ड, मुनक्का, खजूर, समस्त तेल-तेलवाना, सोना, कॉपर, ग्वार में तेजी आकर मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 8 को मंगल सिंह राशि में प्रवेश से सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल, बिरोजा, इस्पात, सिमेन्ट, गुड़, खाण्ड, चीनी, चाय, कॉफी, गेहूं, अलसी, रुई, लाल वस्त्र, मजीठ, लालमिर्च, मेंथी, रक्त चन्दन, गमग्वार, दालचीनी, जायफल, हल्दी में तेजी हो सकती है। ता. 12 को गुरु वक्री होने से अचानक चलते रुखों में परिवर्तन होगा। तथा रुई में अस्थिर सुधार हो सकता है। सिल्वर में मंदी एवं एक सप्ताह के अंदर चावल, तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी, जीरा, ग्वार में तेजी हो सकती है। ता. 16 को शुक्र सिंह राशि में प्रवेश कर मंगल के साथ युति करेगा। जिससे सोना, कॉपर, गेहूं, जौ, चना, लाल चंदन, मजीठ, लालमिर्च, मेंथी, दालचीनी, सुपारी, गमग्वार, ईमली तथा लाल रंग की प्रत्येक जिन्स धातुओं, घृत, रसकस पदार्थ, पशुचारा व पशुओं में तेजी बन सकती है। चांदी में अस्थिरता। ता. 17 को सूर्य-मंगल-शुक्र की प्रतियुति से सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल, बिरोजा, अन्य रस-रसायन, रुई, कपास, कॉटन, गुड़, खाण्ड, चीनी, समस्त तेल-तेलवाना तथा रक्त वर्ण की प्रत्येक जिंस धातुओं में तेजी हो सकती है। गमग्वार, ईमली, लालमिर्च, हल्दी, धनियां, जीरा, दालचीनी, मेंथी में भी तेजी। जबकि दाल-दालवाना एवं अनाजों में मंदी का संचार हो सकता है। ता. 24 को बुध पूर्व में अस्त होने से एक माह के अंदर अनाज, घृत में मंदी, सोना में अस्थिर सुधार। ता. 26 को बुध-सूर्य-शुक्र-मंगल की प्रतियुति होने से सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, कॉटन, ऊनी-रेशमी वस्त्र, देवदारू, ईमली, आमचूर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च तेज हो सकते हैं। जबकि गुड़, खाण्ड, चीनी, किशमिश, छुआरा में मंदी बन सकती है।

सितंबर—2019

मासारंभ में सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र की प्रतियुति सिंह राशि में होने से सोना, चांदी, कॉपर, हल्दी, धनियां, जीरा, लहसुन, प्याज, अदरख, दालचीनी, लौंग, ईलायची एवं डिब्बा बंद तेलों में सुधार संभावित है। ता. 9 को शुक्र कन्या राशि में प्रवेश से सभी अनाजों में विशेष तेजी संभावित है। सिल्वर में घटवढ़, सोना में अस्थिर सुधार। रुई, कपास, कॉटन में भी सुधार जबकि चावल में विशेष तेजी। ता. 10 को बुध-शुक्र की युति कन्या राशि में होने से रुई, चांदी, कपास, कॉटन, काजू, बादाम, पोस्ता, मखाना, सिंघारा में कुछ मंदी बन सकती है। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, गुड़, खाण्ड, चीनी, हल्दी, धनियां, जीरा, लालमिर्च, कालीमिर्च, लौंग, ईलायची, दालचीनी एवं डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, गमग्वार में तेजी बन सकती है। ता. 14 को शुक्र पश्चिम में उदय होने से दूध, घृत, गुड़, खाण्ड, चीनी में मंदी। रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, सोना, चांदी, कॉपर, चावल आदि अनाजों में सुधार हो सकता है। ता. 17 को सूर्य-बुध-शुक्र के साथ प्रतियुति से रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, बारदाना, हैसियन, नारियल, खोपरा, सुपारी, सरसों, सोयाबीन, तिल अन्य तेल-तेलवाना, मजीठ, लालमिर्च, ईमली, आमचूर, गमग्वार, किशमिश, छुआरा, मेंथी,

दालचीनी, जायफल, लौंग में सुधार हो सकता है। सोना, कॉपर में अस्थिर सुधार। जबकि चांदी में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 18 को शनि मार्गी होने से एक सप्ताह के अंदर रुई में अस्थिर सुधार। जबकि दो मास के अंदर तेल-तेलवाना, हींग, मिर्च, कोयला, ईस्पात, लहसुन, प्याज, अदरख, हल्दी तेज हो सकते हैं। ता. 24 को मंगल-सूर्य-बुध-शुक्र के साथ प्रतियुति से रुई, सिल्वर में अस्थिर सुधार। सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, मेंथी, लालवर्ण की प्रत्येक जिन्स धातुओं में तेजी बन सकती है। ता. 29 को बुध तुला राशि में प्रवेश करने से रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, सोना, कॉपर में सुधार। जबकि सिल्वर, समस्त तेल-तेलवाना में मंदी बन सकती है।

अक्टूबर—2019

मासारंभ में सूर्य-मंगल-शुक्र कन्या राशि में, बुध तुला में, गुरु वृश्चिक में, केतु-शनि धनु राशि में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे मासारंभ में सोना, कॉपर, ग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, जीरा, हल्दी, दालचीनी, लौंग, ईलायची, गमग्वार, ईमली, आमचूर में अस्थिर सुधार जारी रह सकता है। ता. 3 को शुक्र तुला राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। जिससे एक मास के अंदर रुई, सिल्वर में पहले तेजी फिर मंदी बन सकती है। सोना में सामान्य सुधार। गुड़, खाण्ड में भी कुछ तेजी। जबकि किराना जिन्सों एवं तेल-तेलवाना में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 16 को मंगल पूर्व में उदय होने से रुई में सुधार। गेहूं, अलसी, ग्वार, मेंथी, ईमली, लालमिर्च में विशेष मंदी। जबकि चना, गुड़, ग्वार में भी कुछ मंदी की धारण बन सकती है। ता. 17 को सूर्य अपनी नीच राशि तुला में प्रवेश करेंगे और इसी राशि में बुध-शुक्र की प्रतियुति होने से रुई, सिल्वर, काजू, मखाना में मंदी। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, सोना, कॉपर, ग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, सुपारी में कुछ तेजी बन सकती है। ता. 23 को बुध वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे तथा इस राशि में बुध-गुरु की युति होने से दूध, घृत, तेल-तेलवाना, रुई, कपास, सिल्वर, निकिल, काजू, मखाना, सिंघारा, पोस्ता, चावल तेज हो सकते हैं। जबकि सोना, कॉपर, ग्वर एवं कुछ किराना जिन्सों में घटवढ़ जारी रह सकता है। ता. 28 को शुक्र-बुध की युति वृश्चिक राशि में होने से वह गुरु के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे रुई, सिल्वर, अफीम, मादक पेय पदार्थों में अस्थिर सुधार। गुड़, चीनी में घटाबढ़ी। गेहूं, उड़द, मूंग, मोंठ, तुअर, ज्वार, बाजरा, मक्का में सुधार। जबकि सोना, कॉपर एवं कुछ किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकता है। ता. 31को बुध वक्री होने से अचानक रुखों में परिवर्तन हो सकता है। तथा गुड़, खाण्ड, चीनी तेज हो सकते हैं। जबकि तेलों में मंदी की धारणा गंभीर हो सकती है।

नवम्बर—2019

मास के प्रारंभ में बुध-गुरु-शुक्र वृश्चिक राशि में, सूर्य तुला राशि में, शनि-केतु धनु राशि में विचरण करेंगे। मास के प्रारंभ में ही बुध पश्चिम में अस्त हो जायेंगे। मासारंभ में सर्व अनाज, घृत, दूध, रुई, कपास, कॉटन में घटबढ़ चलकर धारणा मंदी की ओर जा सकती है। सोना में अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 4 को गुरु मूल नक्षत्र, धनु राशि में प्रवेश कर शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। अपनी नीच राशि धनु में होने से रुई, कपास, कॉटन, गुड़, खाण्ड, चीनी में मंदी। सफेद जिन्स धातुओं, गेहूं आदि अनाज तथा पाट, पटसन, तिल, समस्त तेल-तेलवाना, घृत, सोना, कॉपर, चांदी में मंदी बन सकती है। जबकि किराना जिन्सों में अस्थिर सुधार। ता. 7 को बुध तुला में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेगा। जिससे रुई, कपास, कॉटन, गुड़, खाण्ड, किशमिश, छुआरा, सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, अफीम में सुधार। जबकि सोना, सोयाबीन, अन्य तेल-तेलवाना, हल्दी, धनियां, जीरा में अस्थिरता संभावित है। ता. 10 को मंगल-बुध-सूर्य के साथ प्रतियुति होने से रुई, कपास, कॉटन, पाट, पटसन, गुड़, खाण्ड, खजूर, मुनक्का, गेहूं, तुअर, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार-बाजरा आदि अनाजों एवं हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, ईलायची, दालचीनी में सुधार हो सकती है। गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च में मंदी बन सकती है। ता. 16 को सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेगा। जिसके प्रभाव से सोना, चांदी, तांबा, जिंक, लैड, निकिल, ईस्पात, सिमेन्ट, रुई, कपास, कॉटन, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में तेजी। तथा रक्त वर्ण की कुछ जिन्स धातुओं में मंदी बन सकती है। विशेषकर लालमिर्च, मेंथी, गमग्वार, ईमली, दालचीनी में मंदी की धारणा। ता. 21 को बुध मार्गी होने से रुखों में परिवर्तन हो सकता है। जबकि रुई, कपास, सिल्वर में अस्थिर सुधार। एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर, लालमिर्च, हल्दी, गमग्वार, सोना में सुधार। इसी तारीख को शुक्र-शनि-गुरु-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। जिससे तुअर, मसूर, मंडुआ, ज्वार-बाजरा, मक्का, गेहूं, चना, उड़द, सोना, चांदी, कॉपर, हल्दी, धनियां, जीरा, लालमिर्च, कालीमिर्च एवं शेयर्स बाजार में तेजी बन सकती है। जबकि रुई, कपास, कॉटन में अस्थिरता संभावित है। अतः धारणा देखकर काम करें।

दिसम्बर—2019

मासारंभ में गुरु-शुक्र-शनि-केतु की प्रतियुति धनु राशि में तथा बुध-मंगल की युति तुला राशि में होने से सोना, तांबा, चांदी, हल्दी, धनियां, जीरा, लौंग, ईलायची, दालचीनी, मेंथी, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, छुआरा, बादाम, अखरोट में सुधार हो सकता है। ता. 5 को बुध वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। जिसके प्रभाव से दूध, घृत, समस्त तेल-तेलवाना तेज हो सकते हैं। सिल्वर में भी तेजी। सोना, तांवा, गमग्वार एवं किराना जिन्सों में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 15 को गुरु पश्चिम में अस्त होने से सोना, चांदी, कॉपर, किराना जिन्सों एवं अनाजों में मंदी का संचार हो सकता है। इसी तारीख को शुक्र मकर राशि में प्रवेश करने से गुड़, खाण्ड, घृत, दूध पाऊडर, अफीम, गेहूं, जौ, चना, तुअर, हल्दी, धनियां, जीरा, ईमली, आमचूर, गमग्वार तेज हो सकते हैं। जबकि रुई, सिल्वर में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 16 को सूर्य धनु राशि में प्रवेश कर गुरु-शनि-केतु के साथ प्रतियुति करेगा। जिसके प्रभाव से सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं के साथ-साथ रुई, कपास, कॉटन, समस्त तेल-तेलवाना एवं किराना जिन्सों में सुधार हो सकती है। ता. 25 को बुध-सूर्य-गुरु-शनि-केतु के साथ पंचग्रहीय योग बनायेगा। जिससे रुई, कपास, कॉटन, सिल्वर, मखाना, काजू, पोस्ता, सिंघारा में मंदी बन सकती है। परन्तु क्रूर ग्रहों की युति से कुछ देर बाद इसमें सुधार भी हो सकता है। ता. 29 को शनि पश्चिम में अस्त होने से बेमौसमी वर्षा, ओला आदि का उपद्रव हो सकता है। साथ ही रुई, कपास, कॉटन, सोना, कॉपर, किराना जिन्सों में कुछ मंदी बन सकती है।

उपर्युक्त तेजी-मंदी आंकलन ग्रहीय गणना पर आधारित अति संक्षिप्त रूप में लिखा गया है। सम्पूर्ण दशा-दिशा-धारणा की जानकारी लिखित एवं मोबाईल नं. 9801873719 पर अचूक चांसों की जानकारी दी जाती है। सेवा शुल्क वार्षिक ही स्वीकार होता है। सोना, चांदी, किराना जिन्सों, तेलवाना, दालवाना, लहसुन, प्याज, अदरख, गमग्वार अन्य सभी सामग्रियों की रिपोर्ट उपलब्ध है। साधारण सेवा शुल्क 12 माह-20500/-, मध्यम-25500/-, स्पेशल-30500/-, सर्वोत्कृष्ट-35500/-। रियायत दर सर्वोत्कृष्ट रिपोर्ट संयुक्त रूप से शेयर बाजार एवं कमोडिटी ट्रेडिंग भविष्य फल एक साथ-55500/-निर्धारित है। यह स्मरण रखें कि 2, 4 या 6 माह की रिपोर्ट भेजने की सुविधा नहीं है। साथ ही सैंपल रूप में कुछ भी जानकारी की उपेक्षा न करें।

लेखक-प्रख्यात ज्योतिपाचार्य पं. टुनटुन शास्त्री
व्यापार भविष्य कमोडिटी ट्रेडिंग एवं शेयर्स बाजार समीक्षक
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सरांव (नटवार) जिला-रोहतास (बिहार)
पिन-802218, मो.-09431486216, 09801873719
E-mail :tuntunshastri@gmail.com

व्यापारिक भविष्यफल प्रकाश सन् 2019 ई.

लेखकः
राम अवतार गुप्ता

जनवरी–2019

तेजी की प्रमुख तारीखें–11, 12, 21, 23, 25, 26, 29, 30 जनवरी। **मंदी की प्रमुख तारीखें**–2, 3, 7, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 28, 31 जनवरी।

पौष बदी 11 मंगलवार से नवीन वर्ष 2019 का शुभारंभ होगा। ता. 1 जन. को धनु में बुध का प्रवेश होकर सूर्य-शनि के साथ राशि योग बनायेगा। यथाफल–**शनि बुध सूरज जब एक राशि एक सेज। जौ गेहूं चावल चना ज्वार बाजरा तेज॥** यह योग उपरोक्त वस्तुओं में, अनाजों में तेजी कारक तथा मिर्च, मसाला बाजारों में आगे भारी तेजी की संभावना है। शनिवारी मावस मूल नक्षत्र युक्त है–**पौषी मावस मूल रिख शनि रवि मंगलवार। जल वर्षे हर्षे प्रजा लाभ अन्न अपार॥**

व्यापारियों को अनाज के व्यापार से लाभ। चना में अच्छी तेजी कारक तथा प्रजा में सुख-शांति रहेगी। रुई में प्रथम अच्छी तेजी के झटके आकर पूनम तक जोरदार गिरावट की संभावना रहेगी। ता. 9 जन. सुदी 3 बुधवारी एक मास के अंदर अनाजों में अच्छी तेजी कारक है। यदि यहां अच्छी तेजी आती है तो स्टॉक निकालना उचित है। ता. 10 जन. पू.षा. का बुध एक सप्ताह में सोना, चांदी में खास मंदी के झटके आयेंगे। अनाज मंदा तो दाल, गुड़, खल-बिनौला तेज करेगा। सफेद वस्तुओं में पूनम तक घटबढ़ से भारी मंदी की आशा रहेगी। ता. 14 जन. मकर संक्रांति घी, तेल, तिलहन तेज। दालों के भाव सम रहेंगे। दो-तीन सप्ताह के अंदर रुई, कालीमिर्च, पाट, बारदाना में मंदी का धमाका।

ता. 17 जन.-एकादशी कृतिका युक्त है। यथाफल–**पौष बदी एकादशी जो कृतिका नक्षत्र। लाल वस्तुओं में रहे खूब लाभ सर्वत्र॥** लाल वर्ण की वस्तुओं में, लालमिर्च, मसूर, चना आदि, लौंग, दालचीनी, सुपारी आदि किराना की वस्तुओं में जो भी मंदे स्तर पर स्टॉक करके फाल्गुन अथवा आषाढ़ में बेचने से अच्छा लाभ। सोना में होली तक तेजी रहेगी। ता. 18 जन.-उ.षा. बुध-एक सप्ताह के अंदर अनाज, गुड़, दालें, घी में अच्छी मंदी कारक है। अनाजों की फसलें भी अच्छी दिखाई देंगी। गुंवार मंदा रहेगा। सुदी 13 शनिवारी घी स्टॉक करने की राय देती है। माघ-फागुन में घी में तेजी आयेगी। ता. 20 जन. शनि उदय पूर्व कालीमिर्च, सोना, चांदी, लहसुन, चावल, अनाजों में तेजी के झटके लायेगी। लोहा, मशीनरी कल-पूर्जे भी तेज होंगे। सोमवारी पूनम स्टॉक खाली करने की राय देती है। आगे तेजी में माल बेचें।

माघ बदी पक्ष–प्रतिपदा का क्षय-तीन दिन के अंदर अनाज, रुई, कपास, सोना, चांदी, तिलहन, खल-बिनौला आदि में अच्छी मंदी संभव। **एकम दोयज तीन कोई माघ बदी घट जाय। संग्रह कर लो अन्न का कंगाली घट जाय॥** अनाज स्टॉक करने की राय देती है। ता. 23 जन. पू.षा. 3 शनि से इस वर्ष लकड़ी, फर्नीचर के व्यापार से विशेष लाभ। ता. 24 जन. श्रवणे सूर्य-अनाज तेज करेगा। **श्रवण नखत पर कोई ग्रह हो क्रूर। अन्न भाव महंगा रहै, गेहूं तेज जरूर॥** ता. 25 जन. बदी 5 शुक्रवारी आगे श्रावण-भादव मास में अच्छी वर्षा। माघ मास में अनाज, चना, रुई, कालीमिर्च, शेयरों में भारी तेजी। ता. 30 जन. धनु शुक्र एक मास के अंदर प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान संभव। अनाज धातुऐं, प्रमुख शेयर्स, कागज आदि में तेजी लायेंगी। माघ मास स्थूल रूप से प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी का प्रतीत होता है।

फरवरी–2019

तेजी की प्रमुख तारीखें–5, 6, 12, 19, 20, 21, 22, 25 फर.। **मंदी की प्रमुख तारीखें**– 1, 8, 13, 14, 15, 26, 27 हैं।

ता. 1 फर. धनु राशि में शुक्र-शनि चन्द्र योग है। बाजारों में मंदी का प्रभाव होगा। **शुक्र शनैश्चर साथ हो आगे-पीछे चन्द्र। सुख सुभिक्ष धन-धान्य मय पृथ्वी पर आनंद॥** ता. 4 फर. सोमवती अमावस-तेजी का समर्थन कर सकती है। माघ की सोमवती मावस व्यापारियों के हक में अच्छी नहीं है। बाजारों में भारी घटबढ़। जिससे व्यपारियों को नुकसान की संभावना है।

माघ सुदी पक्ष–पक्ष में शनि अंगारक योग है। अतः प्रमुख वस्तुओं में विशेष घटाबढ़ी रहेगी। रुई, शेयर्स, कालीमिर्च में विशेष तेजी/मंदी के झटके संभव हैं। एक मास के अंदर अनाजों में भारी तेजी आने की संभावना है। ता. 5 फर. **मेषे मंगल** दो-तीन सप्ताह के अंदर तिलहन, बिनौला, अनाज, दालों, हल्दी, धनियां, चना, गुवार, मसाले, आलू, प्याज आदि में तेजी/अच्छी तेजी कारक है। ता. 10 फर. रविवारी बसंत पंचमी प्रमुख वस्तुओं में पूनम तक अच्छी तेजी के झटके लायेगी। कभी अनाज, तिलहन के भाव सवाया तक कर देती है। ता. 13 फर. **कुंभ संक्रांति** गुड़ स्टॉक करने की रांय देता है। अनाज, जीरा, कालीमिर्च आदि किराना, चना, मटर, अनाजों में मंदी कारक तो जीरा, धान में खासी मंदी कारक है। यदि यहां एक मास के अंदर जो भी वस्तुएं मंदे स्तर पर हो खरीदकर दो मास बाद बेचने से अच्छा लाभ होगा। बुध का उदय पश्चिम में होने से उपरोक्त वस्तुओं, सोना, चांदी में मंदी कारक है। ता. 16 फर. सुदी 11 शनिवारी से बाजारों में तेजी रहेगी। त्रयोदशी का क्षय अगले पक्ष में घी तेज करेगी। तथा एक सप्ताह के अंदर सोना-चांदी धातुएं, अनाज, गुड़, मूंग, मोठ आदि में भारी मंदी के झटके तो अन्य वस्तुओं, कालीमिर्च आदि में जोरदार तेजी के झटके तो अन्य प्रमुख वस्तुओं को भी तेज करेगा।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष–पक्ष में घी तेज। अनाज, दालें, किराना, मसाले, आलू, प्याज घटबढ़ से तेज रहेगा। तो चांदी धातुओं, गुंवार आदि में मंदी अथवा अच्छी मंदी आकर तेजी होगी। ता. 22 फर. **उषायां शुक्र** 10 दिन के अंदर रुई, कपास, कालीमिर्च आदि में अच्छी मंदी, अन्य प्रमुख वस्तुओं, तिलहन आदि भी मंदा होगा। ता. 24 फर. **मकरे शुक्र** एक मास के अंदर प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान तथा अनाज तेज करेगा। प्रमुख शेयर्स, चना, घी आदि भी तेज होंगे। सोना-चांदी में भारी घटबढ़। ता. 25 फर. **भरणी मंगल** से 21 दिन में सभी अनाज, खल, बिनौल, घी, गुड़, सोना, चांदी में भारी घटबढ़ रहेगी। ता. 28 फरवरी **उभायां** बुध एक सप्ताह के अंदर रुई, कपास, अनाजों में अच्छी मंदी के झटके। आलू, प्याज, मूल पदार्थ, चावल, धनियां तेज करेगा।

मार्च–2019

तेजी की प्रमुख तारीखें–6, 8, 9, 14, 15, 20, 22, 30 मार्च। **मंदी की प्रमुख तारीखें**–1, 7, 16, 21, मार्च हैं।

ता. 1 मार्च तिथि वृद्धि व्यतिपात योग एक सप्ताह के अंदर सभी प्रमुख बाजार, रुई, सोना, चांदी, गुवांर, मटर, गेहूं, अनाजों में अच्छी मंदी संभव होगी। ता. 6 मार्च बुधवारी मावस तीन दिन में सर्व धातु, अनाज, किरांना, रुई, कपास तेज तो चना में अच्छी तेजी के झटके तो बुध वक्री रस पदार्थ, गुड़, चावल तेज करेगा। मिथुन का राहु में प्रवेश चादी में विशेष मंदी कारक है। गुंवार में भी अच्छी मंदी समर्थक है। प्रमुख किराना अजवायन आदि, घी, अनाज तेज करेगा। किराना में तेजी की लम्बी लाईन चल सकती है। फागुन मावस को यदि आकाश में बादल छा जाये तो आगे ज्येष्ठ सुदी पक्ष में रुई तेज बिकेगी।

फागुन सुदी पक्ष–ता. 7 मार्च सुदी एकम् गुरुवारी से पक्ष में रुई, कपास तेज तो चांदी धातुओं में मंदी लायेगी। ता. 9 मार्च सुदी 3 शनिवारी पक्ष में घी, मूंग, प्रमुख दालें, गेहूं आदि अनाजों में घटबढ़ से तेजी का वातावरण बना सकती है। आज बुधास्त पश्चिमे से सोना, चांदी व अन्य प्रमुख वस्तुओं में गिरावट लाकर एक सप्ताह में अचछी मंदी के झटके ला सकती हैं। ता. 14 मार्च मीने संक्रांति आर्द्रा में होने से-**ज्येष्ठा आर्द्रा शतभिषा स्वाती श्लेषा माहि। जो सूर्य संक्रमण हो तो महंगा धान्य बिकाहि॥** अनाज, दालें, हल्दी, धनियां, चना, मटर तेज करेगी। **विशेष**– इस संक्रांति काल में एक मास में यदि कोई भी माल अपने मंदें

स्तर हो तो खरीदकर अगली संक्रांति अर्थात् मेष संक्रांति में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. 15 मार्च सुदी 9 आर्द्रा युक्त से उपज की पैदावार में कमी करता है। प्रमुख बाजारों में तेजी का संचार होगा। लहसुन में कुछ दिनों में अचानक तेजी आ सकती है। ता. 16 मार्च धनिष्ठा शुक्र 12 दिन के अंदर किराने में बढ़ोतरी होगी। अनाज, धातुओं में मंदी कारक तो चावल, दालें, कालीमिर्च तेज करेगा। ता. 20 मार्च बुधवार का होलिका दहन अकाल सूचक है। यदि आज होली के दिन वर्षा होने से प्रहलाद जी भीग जाये तो आगे तीन-चार मासों में चना में जोरदार तेजी आ सकती है। ता. 21 मार्च कुंभे शुक्र एक मास के अंदर प्रमुख वस्तुओं में मंदी कारक। एक मास के अंदर जिन वस्तुओं में अच्छी मंदी चले, स्टॉक करना लाभदायक रहेगा।

चैत्र मास—मास में 5 शुक्रवार होने से-**चैत्र मास में आ पड़े पांच शुक्र शनिवार। प्रजा नाश दुर्भिक्ष दुख दिन-दिन तेज बाजार।।** बाजार में तेजी का योग बनता है। बदी पक्ष में तिथि वृद्धि एवं सुदी पक्ष में तिथि क्षय से-**चैत में तिथि बढ़े किन्तु सुदी में घट जाये। पैदावार कम रहे, खड़ी फसल हट जाये।।** फसलों की पैदावार में काफी कमी रहेगी। प्रमुख वस्तुओं में भारी तेजी/मंदी का वातावरण बनता है। ता. 22 मार्च **वृषे मंगल** एक मास के अंदर लाल वर्ण वस्तुओं, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थ, रुई, कपास, सोना, चांदी, बिजली का सामान, प्रमुख शेयर्स, गुंवार, चावल आदि में घटवढ़ से भारी तेजी का वातावरण बना सकता है। ता. 30 मार्च धनु राशि में गुरु का प्रवेश होकर शनि के साथ राशि योग बनायेगा-**समसप्तक शनि गुरु रहे अथवा हो इक ठौर। प्रजानाश अरु अन्न में महंगाई का जौर।।** अनाज, गेहूं, गल्ला माल, पशुचारा आदि में तेजी लायेगा। गुड़, खाण्ड, रुई, कपास आदि में जोरदार मंदी एक मास के अंदर लायेगा। धनु राशि का गुरु एक वर्ष के अंदर धनियां में ऊंचे भाव बनाता है। तो गुड़, रुई में नीचे भाव बनाता है। गुड़ का भाव कभी-कभी तो गेहूं के भाव से भी नीचा चला जाता है।

अप्रैल 2019

तेजी की प्रमुख तारीखें—3, 8, 9, 16, 22, 24, 25, 30 अप्रैल। **मंदी की प्रमुख तारीखें**—1, 2, 4, 5, 11, 18, 19, 23, 26, 27 अप्रैल हैं।

ता. 1 अप्रैल बदी 12 सोमवारी रुई, कपास, सूत में अमावस्या तक तेजी के झटके लायेगी। तिलहन, दालें भी तेज होंगी। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड में अच्छा मंदा आ सकता है। ता. 5 अप्रैल शुक्रवारी मावस प्रमुख वस्तुओं में गिरावट लायेगी। चना में एक सप्ताह के अंदर अच्छी तेजी के झटके लायेगी।

चैत्र सुदी पक्ष—ता. 6 अप्रैल संवत् 2076 का शुभारंभ होगा। संवत् का राजा शनि व मंत्री सूर्यदेव हैं। दशाधिकारी में क्रूर ग्रहों का स्थान 8 व 2 सौम्य ग्रहों को प्राप्त हैं। अत: संवत् का फल अच्छा प्रतीत नहीं होता है। अशुभ फलों की प्राप्ति अधिक तो व्यापारिक दृष्टि से संवत् तेजी प्रधान होगा। स्थूल रूप से उपज की वस्तुएं फसल पर मंदी में खरीदकर आगे श्रावण तथा मार्गशीर्ष मास में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. 10 अप्रैल सुदी पंचमी को यदि आकाश बादलों से ढक जाये व इन्द्रधनुष आदि दिखाई दे तो आगे गेहूं में श्रावण-भादवा में भारी तेजी तथा पक्ष में या मास में रस पदार्थ, चीनी, तिलहन, दालों, अनाजों, देशी घी, किराना में अच्छी तेजी लाने वाला यह योग परिक्षित है। ता. 15 अप्रैल मीन में शुक्र का प्रवेश होकर बुध के साथ राशि योग बनायेगा। जिससे दो-तीन सप्ताह के अंदर भारी वर्षा एवं सोना, चांदी सहित अन्य प्रमुख व्यापरिक वस्तुओं, अनाज, किराना, तिलहन, दालें आदि में मंदी का प्रभाव होगा। अचदी मंदी की आशा रहेगी। ता. 19 अप्रैल शुक्रवारी पूनम, हनुमान जयंती, आज सोना में अच्छी तेजी के झटके तो चांदी, गुड़, तेलवाना में तेजी।

वैशाख कृष्ण—मास में 5 शनिवार से प्रमुख वस्तुओं में मंदी की बजाय तेजी का रुख अधिक रहेगा। ता. 22 अप्रैल **वृश्चिके गुरु वक्री** से रुई, पाट, बारदाना में मंदी का रुख अधिक रहेगा तथा अच्छी मंदी भी आती रहेगी। ता. 25 अप्रैल रेवती का बुध एक सप्ताह में लाल वर्ण की वस्तुएं, गेहूं तेज करेगा। तो गुंवार, घी, सोना, चांदी, तिलहन, दालों में मंदी कारक तथा अच्छी मंदी के झटके ला सकते हैं। ता. 30 अप्रैल शनि गुरु के साथ वक्री चल रहा है-**साथ-साथ गुरु शनिश्चर दोनों वक्राचार। जौ गेहूं मकई मटर तेज बाजरा गुंवार।।** उपरोक्त सभी वस्तुएं तेज हो जायेंगी। ता. 7 जुलाई तक दोनों वक्री रहेंगे। अत: घटवढ़ से प्राय: तेजी की तरफ रुख रह सकता है।

मई—2019

तेजी की प्रमुख तारीखें—6, 7, 8, 9, 13, 14, 18, 21, 22 मई। **मंदी की प्रमुख तारीखें**—1, 2, 3, 16, 17, 20, 24, 30, 31 मई।

ता. 4 मई शनिवारी मावस गल्ला माल, चना खरीदने की राय देता है। श्रावण मास अच्छा लाभ हो।

वैशाख शुक्ल पक्ष—ता. 5 मई एकम् रविवारी भरणी युक्त से चार-पांच दिन के अंदर गुड़, चीनी, घास, चारा, पशु आहार में अच्छी मंदी के झटके लायेगी। ता. 6 मई **मिथुने भौम** से लाल वर्ण की वस्तुएं, घी, तांबा, रुई में अचछी तेजी के ढटके लायेगा। यहां मंगल-राहु का राशि योग बनेगा-**मंगल राहु साथ में इक नखत इक रास। अनावृष्टि दुर्भिक्ष दुख हो खेती का नाश।।** फसलों को व्यापक नुकसान तथा डेढ़ मास के अंदर प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी का वातवरण बना सकता है। ता. 10 मई सुदी छट शुक्रवारी से 9-10 महीनों में रुई का आधा भाव रह जायेगा। पूर्व में बुधास्त से 5 दिन में रुई, सोना, चांदी के भावों में अचानक अच्छी तेजी के झटके, तो अनाज, घी के भावों में गिरावट लायेगा। यहां सूर्य-बुध-शुक्र एक खास क्रम में चल रहे हैं-**आगे सूर्य बीच बुध पीछे भृगु की चाल। गल्ला रुई उड़द तिल तेल तेजी तिलहन माल।।**

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष—ता. 25 मई बदी छट की वृद्धि रुई में मावस तक कहीं अचछी तेजी के झटके तो गेहूं आदि अनाज खरीदने की राय देती है। रोहिणी का सूर्य सोना, चांदी मंदी तो अन्य प्रमुख वस्तुओं में तेज करेगा। ता. 30 मई गुरुवारी 11 प्रमुख वस्तुओं में अच्छी मंदी के झटके लायेगी। बुध का उदय पश्चिम में धातुएं, अनाजों, गुड़, चीनी में प्रथम मंदी बनाकर तेजी तो सप्ताह दस दिनों में शेयर्स मार्केट में भारी मंदी का वातावरण।

जून—2019

तेजी की प्रमुख ता.—1, 4, 5, 8, 11, 14, 17, 18, 19, 29, 30 जून। **मंदी की प्रमुख ता.**—6, 10, 12, 13, 21, 25, 27 जून।

ता. 1 जून बदी 13 भरणी युक्त से अनाज, तिलहन, गुड़ आदि में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। तो मिथुन राशि का बुध 1 मास के अंदर तांबा, मिर्च, मूंग, मसाले, सोना, चांदी आदि में अच्छी तेजी ला सकेगा। ता. 2 जून सोमवारी मावस मंदी कारक है। वैशाखी मावस सोमवती होने से प्रमुख वस्तुओं में मंदी का व्यापक लम्बा प्रभाव बाजारों पर पड़ता है। आज सूर्य-चन्द्र एक नक्षत्र पर होने से दुर्भिक्ष खर्पर योग भी बना है-**रोहिणी माही रोहिणी एक घड़ी जो दिखे। हाथ में खपरा मेदिनी घर-घर मांगे भीख।।** इस योग से अनाजों में अच्छी तेजी आती है।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष—सुदी एकम् मंगलवारी होने से पक्ष में शनि अंगारक योग युक्त है। अत: पक्ष में प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में भारी उतार-चढ़ाव रहेगा। ता. 8 जून छट शनिवारी एक मास अनाज, चावल में जनरल लाईन तेज रहेगी। ता. 15 जून मिथुन संक्रांति शनिवारी से-**शनिवारी संक्रांति हो तिलहन तेज अनाज। होय युद्ध भय रोग से जग में अमित अकाज।।** यहां मिथुन राशि में सूर्य-मंगल-बुध-राहु का योग उपरोक्त वस्तुएं तथा किराना धातुएं, मूल पदार्थ, आलू, प्याज आदि में आगे अच्छी तेजी ला सकता है।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष—मास में पांच मंगलवार से प्रमुख वस्तुओं में तेजी। माह में अच्छी वर्षा से बाजारों में मंदी होगी अन्यथा तेजी चलेगी। ता. 18 जून बदी एकम् से अनाज तेज होगा। ता. 22 जून गुरु दृष्ट कर्क राशि में मंगल-बुध का योग अच्छी वर्षा कारक परन्तु सूर्य से अगली राशि में मंगल के भ्रमण से गुड़, खाण्ड में कोई विशेष चाल तो तिलहन, अनाज, दालों में मंदी। सोना, चांदी, खट्टे पदार्थों, रुई, कालीमिर्च, हल्दी में अच्छी

तेजी तो लौंग, कत्था, सुपारी, लालमिर्च, किराना बाजार भी तेज रह सकते हैं। ता. 25 जून बदी 8 मंगलवारी दो सप्ताह के अंदर चना में अच्छी तेजी तो सोना, चांदी सहित प्रमुख वस्तुओं में अच्छी मंदी के झटके संभव, बाद में तेजी। ता. 28 जून मिथुन राशि में सूर्य-राहु-शुक्र के योग से रुई की फसल खराब होगी। अतः रुई, चना, गेहूं में अच्छी तेजी कारक है।

जुलाई—2019

तेजी की प्रमुख ता.—1, 2, 3, 4, 5, 13, 16, जुलाई। **मंदी की प्रमुख ता.**—14, 21, 22, 23, 24, 25, 30, जुलाई।

ता. 1 जुलाई-बदी 14 सोमवारी अनाज, पशुचारा में भारी तेजी लायेगी। **साढ़ी चौदस हो कभी सोमवार सम हेतु। खेत न उपजे धान्य तृण गाय भैंस केहि हेतु॥** रोहिणी का संयोग होने से-**साढ़ बदी चौदस दिना होय रोहिणी योग। कर्फ्यू अरु कंट्रोल से दुख पावें सब लोग॥** यह योग अनाज, रस पदार्थ, तिलहन आदि में श्रावण-भादवा तक अच्छी तेजी। ता. 2 जुलाई मंगलवारी मावस चना खरीदने की राय देती है। आगे तेजी।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष—सुदी एकम् बुधवारी से पक्ष में आलू, प्याज, लहसुन, हल्दी, मूल पदार्थों में तिलहन, गुड़, चीनी, दालें, रुई, कालीमिर्च आदि में अच्छी तेजी तो चांदी में अच्छी मंदी आकर तेजी होगी। ता. 14 जुला. सुदी 2 गुरुवारी अच्छी वर्षा से अनाजों में मंदी आयेगी। ता. 9 जुलाई सुदी 8 मंगलवारी सप्तमी का क्षय चांदी में विशेष मंदी के झटके तो पूनम तक रुई, चना में तेजी के झटके लायेगी। ता. 16 जुलाई मंगलवारी पूनम, खण्डग्रास चन्द्रग्रहण कई वस्तुओं का स्टॉक करने की राय देता है-**साढ़ी पूनम के दिवस चन्द्रग्रहण हो जाये। संग्रह कीजै अन्न का भारी तेज बिकाय॥ सूर संक्रमण समय से समसप्तक राकेश। कई मास तक अन्न में तेजी रहे विशेष॥** अनाजों में तेजी की लम्बी लाईन चल सकती है। सर्व वस्तुओं में दो-तीन मासों में अच्छी तेजी की आशा करनी चाहिये।

श्रावण कृष्ण पक्ष—बदी एकम् बुधवारी से पक्ष में आलू, प्याज, लहसुन सहित अनाज, तिलहन, दालें, किराना खाद्य पदार्थ, तेलों आदि में पक्ष अथवा मास तेज रहकर अच्छी तेजी भी संभव होगी। ता. 21 जुलाई श्रावण में शुक्रास्त होगा। **सावन में हो बुद्धोदय शुक्र अस्त के बाद, भादव में बरसे नहीं पशु विनाश के नाद।** के अनुसार भादव मास में वर्षा नहीं होगी तथा अवर्षण के कारण पशु चारा, घास चारा न मिलने से पशुधन नष्ट होता है। एक मास अनाज तेज रहेगा। ता. 30 जुलाई त्रयोदशी मंगलवारी से एक सप्ताह पूर्व अनाज, गुड़, खाण्ड में मंदी। मौका देखकर खरीदें। आगे अच्छा लाभ होगा। यहां सूर्य-मंगल-शुक्र का राशि योग-**एक राशि पर होय जब मंगल भृगुवार। भय होवे महंगे बिके घी तिल मेल मसूर॥ सावन भादव में बने रवि मंगल भृगु योग। अन्न तेज घी तेल हो विग्रह पीड़ित लोग॥** उपरोक्त वस्तुओं में आगे भारी तेजी आयेगी।

अगस्त—2019

तेजी की प्रमुख ता.—1, 2, 8, 12. 17, 22, अगस्त। **मंदी की प्रमुख ता.**—14, 26, 27, 28, 29, 30, 21 अगस्त।

ता. 1 अग. गुरुवारी मावस अच्छी वर्षा होगी। पुनर्वसु का संयोग होने से-**सावन मावस उत्तरा रेवती पुनर्वसु धनिष्ठा। एक मास दुर्भिक्ष से जग में रहे अनिष्ट॥** एक मास दुर्भिक्ष, तेजी तथा संसार में कई प्रकार के अनिष्ट आदि होंगे।

श्रावण शुक्ल पक्ष—ता. 2 अग. प्रतिपदा का क्षय तेजी कारक है। आगे पूनम तक रुई, सोना, चांदी, खल, बिनौला में भारी तेजी/मंदी दोनों चल सकती हैं। तो तिलहन में अच्छी मंदी तो आलु, प्याज में भारी तेजी की आशा रहेगी। ता. 8 अग. सिंह मंगल लाल वर्ण की वस्तुएं, दालें, अनाज, गुड़ आदि में एक मास के अंदर भारी तेजी ला सकता है। शेयर्स मार्केट में जोरदार मंदी की संभावना रहेगी। दो सप्ताह के अंदर कोई विशेष कानून आने से सोना, चांदी में अच्छा मंदा संभव। ता. 12 अग. को सोना, चांदी में अच्छी तेजी के झटके संभव। ता. 14 अग. बदी 14 श्रवण युक्त से दो सप्ताह के अंदर अनाजों में प्रमुख बाजारों में अच्छा मंदा। पूनम धनिष्ठा युक्त होने से चना, जीरा, लहसुन में अच्छी तेजी तो हल्दी, लालमिर्च, किराना बाजार भी तेज होंगे।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष—ता. 17 अग. सिंह संक्रांति का प्रवेश होकर मंगल शुक्र के साथ राशि योग बनायेगा। घी, तेल, मसूर, चना, गेहूं, अनाज, गुवार, तिलहन, खल, बिनौला, सोना, चांदी, लालवर्ण की वस्तुओं में अच्छी तेजी की आशा रहेगी। ता. 22 अगस्त छट की वृद्धि से पांच-सात दिन में रुई, कपास में अच्छी तेजी के झटके आ सकते हैं। ता. 26 अग. से 9 सितं. तक सिंह राशि में चार ग्रहों की युति से तिलहन, दालों में अच्छी मंदी। तो सोना, चांदी, रुई, अनाजों में तेजी। एकादशी का क्षय रुई में तेजी कारक है। ता. 27 अग. से 6 सितं. तक बुध अतिचारी तथा शनि वक्री चलेगा। **क्रूर ग्रह वक्री चले शुभ ग्रह हो अतिचार। युद्ध तथा दुर्भिक्षकारी से दुखी रहे संसार॥** के अनुसार पृथ्वी पर झगड़े, दंगे आदि में बढ़ोतरी तथा दुर्भिक्षकारी योग बनेगा। ता. 30 अगस्त शुक्रवारी मावस धान मंदा करेगी। **उत्तम उपजे शुक्र युत किन्तु चोर उत्पात-**शुक्रवारी मावस से उपज तो उत्तम होगी किन्तु चोरों का आतंक बढ़ेगा।

सितंबर—2019

तेजी की प्रमुख ता.—3, 4, 7, 8, 17, 18, 19, 23, 26, 27, 30 सितंबर। **मंदी की प्रमुख ता.**—5, 6, 9, 10, 11, 12, 16, 18, 20, 21, 24, 25 सितंबर 2019।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष—पक्ष में तीन शनिवार से रुई, पाट, बारदाना, कालीमिर्च, खाद्य वस्तुओं में अच्छी मंदी संभव। पक्ष में मंगल गुरु को चतुर्थ दृष्टि से देख रहा है। अच्छी तेजी कारक भी है। स्थूल रूप से पक्ष में सोना, चांदी आदि प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी अधिक रहेगी। ता. 2 सितं. सुदी 4 को चित्रा सुख-सुभिक्ष तथा अच्छी वर्षा कारक है। फसलें उत्तम होंगी। सुदी 3 के क्षय से-**किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय। ग्राहक मांगे मूंग घी विक्रेता नट जाय॥** पक्ष में घी, देशी घी, मूंग आदि दालों, चावल, तिलहन, तेलों, गुड़, खाण्ड में घटबढ़ से अच्छी तेजी संभव। यहां सूर्य के पीछे मंगल चलेगा। तथा आसोज बदी पक्ष तक अच्छी वर्षा कर सकता है। तथा घी, तेल, रुई, गुड़ आदि में तेजी का संचार होगा। ता. 13 सितं. सुदी 14 की वृद्धि से प्रमुख वस्तुओं में मंदी के झटके तो तिलहन पदार्थों में एक मास के अंदर भयंकर मंदी संभव।

आश्विन कृष्ण पक्ष—मास में 5 शनिवार से लालवर्ण की वस्तुओं में अधिक तेजी की आशा रहेगी। ता. 17 सितं. बदी 3 मंगलवारी अंगारक चौथ लालवर्ण की वस्तुओं में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। **बदी तीज आसोज में मंगल या शनिवार। अग्निकांड भयभीत जग महंगा चलै बाजार॥** प्रमुख बाजारों में तेजी का संचार होगा। कन्या की संक्रांति का प्रवेश-**किसी राशि पर संक्रमण करे भौम दिन सूर। तो महंगा होवे नमक रस घी तेल कपूर॥** उपरोक्त वस्तुएं तेज होंगी। ता. 18 सितं. को शनि मार्गी से बाजार के चालू रुख में परिवर्तन होगा। अतः रुख देखकर काम करें। ता. 20 सितं. बुध का उदय से रुई, कपास में तेजी। ता. 24 सितं. दशमी मंगलवारी गुड़, चीनी में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। कन्या का मंगल में प्रवेश होगा। यहां मंगल शनि से पारस्परिक दृष्टि युक्त केन्द्र योग बनेगा। जिससे डेढ़ मास के अंदर लालवर्ण की वस्तुएं, गुवार, गुड़, गेहूं, सोना कीमती धातुओं में भारी तेजी की आशा करनी चाहिए। ता. 28 सितंबर शनिवारी मावस चना खरीदने की राय देता है। तथा लगभग दिसंबर मास के अंत तक तिलहन पदार्थों, अनाजों में जोरदार तेजी का वातावरण भी बना सकती है।

अक्टूबर—2019

तेजी की प्रमुख ता.—1, 4, 5, 17, 19, 22 से 26, 29 अक्टूबर। **मंदी की प्रमुख ता.**—2, 3, 7, 10, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 21, 28, 30, 31अक्टूबर।

ता. 1 अक्टूबर सुदी 3 का मंगल अनाज, तिलहन, गुड़, दालों में तेजी के झटके लायेगी। ता. 2 अक्टू. पू.षा. 3 शनि दिसंबर तक लकड़ी फर्नीचर के व्यापार से विशेष लाभ। तथा 15 दिन के अंदर अनाज खरीदने से आगे लाभ होगा। मंदी में मौका देखकर खरीदें। ता. 5 अक्टू. सुदी 7 शनिवारी अनाज, तिलहन

पदार्थों में मंदा लायेगी। तो एक मास के अंदर रुई, रेशम, कालीमिर्च में घटबढ़ से गिरावट लाती जायेगी तथा एक सप्ताह के अंदर सोना, चांदी सहित सर्व वस्तुओं में अच्छी मंदी के झटके ला सकेगी। ता. 8 अक्टू. मंगलवारी दशहरा सभी वायदों में एकदम तेजी के झटके लायेगा। ता. 13 अक्टू. रविवारी पूनम विशाखा का बुध 7 दिन में सावणी फसल का माल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, कपास, कालीमिर्च में घटबढ़ से अच्छी मंदी लायेगी।

आज का शकुन–आश्विन पूनम को अगर बादल बिजली गाज। नफा मिलेगा चैत में संग्रह करो अनाज।।

कार्तिक कृष्ण पक्ष–कार्तिक मास में लाल वर्ण की वस्तुएं तेज रह सकती हैं। बदी पक्ष में रुई, सोना, चांदी, गुंवार, अनाज आदि सर्व वस्तुएं मंदी रहकर पक्ष के अंत में तेजी होगी। ता. 17 अक्टूबर तुला की संक्रांति 45 मुहूर्ति गुरुवार होने से सर्व वस्तुओं में अच्छी मंदी कारक है। परन्तु सोना, चांदी, तिलहन पदार्थों में घटबढ़ से थोड़ी तेजी कारक है। ता. 22 अक्टू. मंगल का उदय से प्रमुख वस्तुओं में तेजी के झटके तो एक सप्ताह में अच्छी तेजी के झटके। ता. 27 अक्टू. 12।25 उपरांत चित्रा में मावस शुभ दीपावली। **रविवारी दीपावली होली भी रविवार। कार्तिक से तेजी चलै पौष मास हो पार।।** प्रमुख वस्तुओं में घटबढ़ से 2 मास बाजार तेज रहेगा। परन्तु रुई, कपास, कालीमिर्च, रेशम आदि में मंदी कारक है। गेहूं, चना में भारी तेजी ला सकेगी। फसल का माल संग्रह करने से दो-तीन मासों में अच्छा लाभ। ता. 31 अक्टू. चित्रा का भौम से प्रमुख वस्तुओं में तेजी कारक है। बुध वक्री गुड़, खाण्ड, सोना,. चांदी, अनाज, दालों में तेजी के झटके लायेगा।

नवंबर–2019

तेजी की प्रमुख ता.–1, 2, 8, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 19, 21, 22, 26, 27, 29, 30 नवंबर। **मंदी की प्रमुख ता.**–6, 10, 18, 20, 25 नवंबर।

ता. 1 नवं. सुदी 5 शुक्रवारी दो सप्ताह के अंदर सर्व प्रमुख शेयर्स में भारी तेजी तो गेहूं, चना तेज। कार्तिक पूनम से एक बार सर्व वस्तुओं में घोर मंदी। ता. 4 नवं. धनु में गुरु का प्रवेश से अनाजों, गल्ला माल, धनियां आदि में एक मास में भारी तेजी। सोना, चांदी में भारी तेजी या भारी मंदी दोनों चल सकती हैं। रुई, गुड़, खाण्ड आदि में भयंकर मंदी। विशेषतः कार्तिक मंगसिर मास में जो भी वस्तुएं मंदे स्तर पर हों, स्टॉक करके चैत्र-बैशाख मास में बेचने से अच्छा लाभ। ता. 12 नवं. मंगलवारी पूनम भरणी युक्त है–**अश्विनी भरणी का बने पूनम से संयोग। गुवार जुवार मकई मटर महंगाई अरु रोग।** के अनुसार एक सप्ताह के अंदर अनाज, चना, सावणी फसल के भावों में अच्छी तेजी।

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष–पक्ष में रुई, चांदी मंदी रह सकती है। आलू, प्याज, मूल पदार्थ, किराना, मसाले, दालें, खाद्य पदार्थ, तेलों, अनाजों में बाजार तेज होकर अच्छी तेजी की आशा रहेगी। यहां प्रतिपदा बुधवारी के साथ-साथ कृतिका युक्त है। अतः उपरोक्त वस्तुओं में तेजी की लम्बी लाईन चलकर फागुन में अच्छा मंदा तो पशु आहार, घास, चारा में भी भारी तेजी रहेगी। ता. 21 नवं. धनु में शुक्र का प्रवेश होकर शनि-गुरु-केतु से राशि योग बनायेगा। **गुरु शुक्र शनि केतु जब हों चारों इकठोर। अन्न भाव महंगा रहे वर्षा का हो जोर।।** के अनुसार अनाज, सोना, चांदी सर्व तेज होंगे। दालें, गुंवार भी तेज होंगे। गुड़, चीनी, रुई, कपास में भारी मंदी। ता. 25 नवं. से चांदी में तीन दिन में भारी मंदी के झटके संभव। मंगलवारी मावस से अनाज, दालों में तेजी।

मार्गशीर्ष सुदी पक्ष–पक्ष में तीन बुधवार प्रमुख वस्तुओं में घोर तेजी कारक माने गये हैं। परन्तु चांदी में अच्छी मंदी संभव। **पड़वा आठे पूर्णिमा जो बुधवारी आव। सर्व वस्तुऐं व्यापार की महंगे भाव बिकाय।।**

दिसंबर–2019

तेजी की प्रमुख ता.–3, 5, 10, 17, 18, 19, 20 दिसंबर। **मंदी की प्रमुख ता.**–2, 4, 6, 9, 13, 16, 24, 26, 27, 30, 31 दिसंबर 2019।

ता. 3 दिसंबर सुदी 7 मंगलवारी सप्ताह में रुई, कालीमिर्च, पाट, बारदाना में कहीं अच्छी तेजी के झटके लायेगी। दो सप्ताह के अंदर प्रमुख शेयर्स बाजार में जोरदार तेजी की आशा रहेगी। ता. 7 दिसं. सुदी 11 शनिवारी-**मंगसिर सुदी एकादशी शनिवार का संग। वर्षा नासै प्रजा दुखी मंत्रीमण्डल भंग।।** ता. 8 दिसंबर रविवारी एकादशी तिथि वृद्धि होगी। **रविवारी एकादशी होवे मंगसिर मास। लाभ देय वैशाख में रुई सूत कपास।।** आगे मंदी में मौका देखकर रुई, सूत, कपास का स्टॉक करके वैशाख-ज्येष्ठ मास में अच्छा लाभ। ता. 12 दिसं. गुरुवारी पूनम मृगसिर युक्त है। एक सप्ताह के अंदर चांदी के साथ प्रमुख वस्तुओं में गिरावट लायेगा। परन्तु चना, मोटे अनाज तेज होंगे। 10 दिन में रुई, कपास में अच्छी मंदी के झटके आयेंगे।

पौष कृष्ण पक्ष–ता. 15 दिसं. गुरु का अस्त पश्चिम में होने से एक मास के अंदर बाजारों को मंदी की तरफ झुका देगा। **मकरे शुक्र** से एक मास के अंदर प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकसान। गुड़, खाण्ड, गेहूं, घी, तेलों, शेयर्स आदि में घटबढ़ से अच्छी तेजी कारक है। ता. 16 दिसं. धनु संक्रांति अनाज, धातुएं मंदी करेगी। तिलहन पदार्थों में तेजी। ज्येष्ठा का बुध एक सप्ताह के अंदर आलू, प्याज आदि मूल पदार्थ, हरी सब्जियां, गुड़, खाण्ड, चावल, धान आदि, सोना, चांदी, रुई में घटबढ़ से अच्छी तेजी के झटके संभव। ता. 25 दिसं. धनु राशि में बुध का प्रवेश होकर सूर्य-गुरु-शनि-केतु के साथ राशि योग बनायेगा। **शनि सूरज बुध गुरु मिले जब राहु केतु के संग। क्षेम कुशल आरोग्यता बढ़ै सुभिक्ष उमंग।।** के अनुसार प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में मंदी का संचार करता है। परन्तु वृश्चिक राशि में मंगल का प्रवेश सोना, तांबा, प्रमुख वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं, तेलों आदि अनाजों में तेजी कारक भी है। यहां मंगल शनि से बारहवें चल रहा है। स्थूल रूप से आगे वर्षा हो तो अच्छा मंदा अन्यथा बाजार घटबढ़ से तेज चलेंगे। रुई, कपास में जोरदार घटबढ़ रहेगी। ता. 26 दिसंबर गुरुवारी मूल युक्त मावस सभी बाजारों में अच्छी मंदी लाती है। तथा उत्तम उपज की निशानी है। अतः आगे मौका देखकर अनाजों का स्टॉक निकालना चाहिये। आज खण्डग्रास सूर्य ग्रहण होगा। जो काफी वस्तुएं स्टॉक करने की राय देता है।

पौष शुक्ल पक्ष–ता. 29 दिसं. शनि पश्चिम में अस्त से तिलहन, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, किराना, अनाज, दालों में मंदी कारक है। रुई, कपास, कालीमिर्च में प्रथम अच्छी मंदी आकर फिर तेजी। प्रमुख शेयर्स में 15 दिन के अंदर भयंकर मंदी का दौर शुरू होगा। सावधानी से काम करें। यहां गुरु भी अस्त चल रहा है। अतः सोना, चांदी में भारी उतार-चढ़ाव रहेगा।

आवश्यक सूचना

यह लेख ग्रहों की विभिन्न पोजीशनों को आधार बनाकर लिखा है। होना न होना ईश्वराधीन है। लाभ-हानि में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह लेख सूक्ष्म रूप से लिखा है। सम्पूर्ण डिटेल के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित पुस्तक मंगाकर लाभ उठाएं।

भविष्यफल प्रकाश सन् 2019 ई.

पुस्तक में समस्त तिलहन पदार्थ, सरसों, सोयाबीन आदि, रुई, गुड़, ग्वार, चीनी, सोना, चांदी, मूंग, मक्का, जौ, चना, उड़द, मसूर, अरहर, हल्दी, कालीमिर्च, जीरा, धनियां लालमिर्च, गेहूं, आलू, प्याज, लहसुन, चावल, घी, सभी शेयर्स आदि के दैनिक घटती-बढ़ती लाईनें और स्पेशल चांस बनाये जाते हैं। माल खरीदने व बेचने की लाभकारी तारीखें, स्टॉक करने के उचित मौके मासिक विश्लेषण ज्योतिष शास्त्र के आधार पर विश्लेषण एवं पुर्वानुमान से संबंधित लिखे गये हैं। एक प्रति का मूल्य 325/-रु. व डाकखर्च 25/-रुपया अलग से, 350/-रुपये का मनीआर्डर भेजकर मंगवा सकते हैं। पुस्तक का पंचवर्षीय शुल्क 1300/-रुपये है। कार्यालय द्वारा उपरोक्त एक वस्तु की एक वर्ष की फीस 3500/-रुपये मात्र है। 6 मास 1800/-रुपये मात्र है। सोना, चांदी, इन्दौर तेल, वायदा दैनिक टाईम सहित बनाई जाती है। एक वर्ष का चार्ज 10,000/-रुपये मात्र है। मासिक 1000/-रुपये है। छः माह 5000/-रुपये मात्र है। शेयर्स मार्केट की दैनिक टाईम रिपोर्ट बनाई है। एक वर्ष का चार्ज 8000/-रुपये मात्र है। मंगाकर लाभ उठायें। हमारा

पताः- **श्री राम अवतार गुप्ता "व्यापार भूषण"**
राव उमराव सिंह मार्किट, आर्य समाज रोड,
नई सब्जी मण्डी, रेवाड़ी (हरियाणा)–123401
मो.-9416110996, 7400300094

सामूहिक व्यापार भविष्य संवत् 2076 वि.

लेखक-विश्वबन्धु शर्मा एवं जयवर्द्धन शर्मा दैवज्ञ

सम्वत् 2076 में आकाशीय काउंसिल में राजा पद पर शनिदेव आरूढ़ हुए हैं। जो लोहा, तिल, चमड़ा, सरिया, हथियार, बारूद, जूट-पाट, बारदाना, सन, क्रूड आयल, गैस के भावों में भारी उतार-चढ़ाव को इंगित करता है। मंत्री पद पर सूर्यदेव के आरूढ़ होने के फलस्वरूप जनता में प्रेमभाव की कमी, सुख-समृद्धि में कमी व तमाम तरह के दुःखों का प्रभाव होगा।

चैत्र शुक्ल पक्ष

चैत्र शुदी पक्ष में प्रथम दिन शनिवार का विशेष प्रभाव होगा। पक्ष में एकादशी तिथि का क्षय तेजी को बल देने वाला सिद्ध होगा। इंफीरियर लाईन के प्रभाव में मार्केट के रहने से तेल, तिलहनों में विशेष तेजी का रुख रहेगा। ता. 6 अप्रैल से यह पक्ष प्रारम्भ होकर ता. 19 अप्रैल तक चलेगा। ता. 7 अप्रैल को रविवारी चन्द्रदर्शन के प्रभाव से लाल व सफेद रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी का रूख रहने की धारणा है। ता. 10 अप्रैल की रात्रि में वक्री गुरु का प्रभाव सोना, चांदी, पीतल, हल्दी, मुलहठी, रुई, कपास व पीले रंग की वस्तुओं भावों में नरमी का रुख बनेगा। ता. 12 अप्रैल को सूर्योदय से पूर्व मीन राशि में बुध के प्रभाव से लौंग, रुई, अलसी, मेथीदाना के भावों में अचानक तेजी का प्रभाव 15 दिन में होगा। ता. 14 अप्रैल को दोपहर में मेष संक्रांति के प्रभाव से लोहा, मशीनरी, सोना, गेहूं, मसूर, तांबा, लालमिर्च, पैट्रोल के भावों में तेजी होगी। सोना, चांदी, तांबा, गैस, जीरा, धनियां, ग्वार, चना के वायदा भावों में जिस वस्तु में ता. 10 अप्रैल को ता. 9 के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाय और नीचे ही बंद हो जाये तब उसी वस्तु में तीन दिन में ही जोरदार मंदी का चांस सम्पन्न होगा।

वैशाख मास

वैशाख मास में 5 शनिवारों का होना तेजी कारक सिद्ध होगा। साथ ही ता. 20 अप्रैल से इंफीरियर लाईन चालू रहेगी। जो विशेष रूप से सरसों, तिल तेल, सोयाबीन, मूंगफली, अलसी, अरंडा के भावों में जोरदार तेजी की चाल आगे चलायेगी। ता. 7 मई को सोमवारी चन्द्रदर्शन घटबढ़ साथ नरमी कारक है। ता. 22 अप्रैल की रात्रि में वृश्चिक राशि में गुरुदेव के प्रवेश के प्रभाव से बारिश की कमी के कारण फसल की वस्तुओं के भावों में तेजी का रुख देखने को मिलेगा। ता. 30 अप्रैल मंगलवार की प्रातः शनिदेव के वक्री होने के प्रभाव से जोरदार तेजी का चांस धान्यों के भावों में बनेगा। ता. 3 मई को 4 बजकर 59 मिनट पर मेष राशि में बुध के प्रभाव से जोरदार तेजी हीरा, मोती, मूंगा, जवाहिरात के भावों में होगी। ता. 7 मई की प्रातः मिथुन राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से पशुओं के भावों में तेजी होगी। ता. 10 मई को प्रातः 10 बजकर 24 मिनट पर पूर्व दिशा में बुधदेव के अस्त होने के प्रभाव से जोरदार तेजी की चाल 20 दिन में चलेगी। जो भयंकर भी हो सकती है। यहां मंगल राहु का अंशात्मक योग है जिसमे लाल रंग की वस्तुएं खरीदकर ता. 14 मई तक ही जोरदार तेजी आने पर लाभ उठा लेना चाहिए। ता. 15 मई को 11 बजे वृष राशि में सूर्य के प्रवेश के प्रभाव से जोरदार तेजी। शेयर मार्केट, गेहूं, गुड़, शक्कर, इलायची, कपूर, काजू, बिनौला के भावों में तेजी होगी। वायदा मार्केटों में विशेष चाल--ता. 1 मई को जिस भी वायदा वस्तु में ता. 30 अप्रैल के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाएगा, तब उसी वस्तु के भावों में तूफानी तेजी का चांस ता. 3 मई तक ही सम्पन्न होगा।

ज्येष्ठ मास

ज्येष्ठ माह का प्रारम्भ ता. 19 मई से होकर ता. 17 जून तक के समाप्ती काल में पांच रविवारों का होना व्यापारिक वस्तुओं के भावों में उतार-चढाव के साथ तेजी की पकड़ मजबूत बनायेगा। सुपीरियर लाइन का प्रभाव ता. 20 मई से दृष्टिगोचर होगा। ता. 4 जून को भौमवारी चन्द्रदर्शन तेजी का प्रभाव लाल रंग की वस्तुओं में रखेगा। ता. 20 जून से शनिदेव केतु से आगे परिभ्रमण करने लगेंगे तब से लोहा, जिंक, लेड, सीमेंन्ट, कालीमिर्च, तिल, काले पीपल, लौंग के भावों में तेजी का बिगुल बजेगा यह चाल 2 जुलाई तक चलेगी। अतः स्टॉकिस्ट स्टॉक करके मोटा लाभ उठा सकते हैं। ज्येष्ठ बदि त्रयोदशी ता. 1 जून की शाम को बुध पश्चिम मे उदय होकर बाद रात्रि में मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। यहीं से जोरदार व धमाकेदार मंदी की चाल जीरा, धनियां, सौंफ, अजवायन व हरें रंग की वस्तुओं के भावों में होगी। ता. 4 जून को 11।20 पर वृष राशि पर शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से जोरदार नशीले पदार्थ व रुई, कपास, सूत के भावों में एक माह में ही विशेष मंदी की चाल चलेगी। चांदी, कपूर, चावल, सफेद तिल, गुड़, खांड के भावों में एक माह में ही विशेष तेजी होगी। ता. 15 जून की शाम को मिथुन संक्रान्ति के प्रभाव से गेहूं, चना, मटर, जौ, जई, बाजरा, सिल्क, सूत, शक्कर, रुई, कपास, तांबा के भावों में मंदी का रुझान रहेगा।

आषाढ़ मास

आषाढ़ माह में पांच मंगलवारों का होना विशेष कर जोरदार तेजी का रुख मार्केटों में बनायेंगे। बदि पक्ष में नवमी वृद्धि होकर त्रयोदशी क्षय का होना हाजिर मार्केटों में मंदी का सूचक होने से बहुत ही सावधानी से व्यापार करने की आवश्यकता है। ता. 4 जुलाई को गुरुवारी चन्द्रदर्शन से जोरदार मंदी का रुख माह में रहेगा। बदि तीज ता. 20 जून को रात्रि में कर्क में बुध का प्रवेश हरे रंग की वस्तुओं के भावों में तेजी कारक होगा। साथ ही ता. 22 जून की रात्रि में कर्क राशि में मंगल का प्रवेश करना धान्य, गन्ना, गुड़, खांड, धान के भावों में विशेष नरमी कारक होगा। आगे ता. 28 जून को रात्रि में मिथुन राशि में शुक्रदेव का प्रवेश रुई के भावों में मंदी कारक होगा। यहां पर विशेष चांस वायदा वस्तुओं में यह है कि ता. 1जुलाई को ता. 28 जून के बने नीचे भाव से जिस नीचे लिखी वस्तु के भावों से भाव टूट जाए तब उसी वस्तु में तूफानी मंदी का चांस संपन्न होगा। वस्तुएं-लालमिर्च, जीरा, धनियां, दवा कम्पनीयों के शेयर, रुई, कपास हैं। ता. 7 जुलाई की रात्रि में बुध वक्री होकर गुड़, खांड, चीनी, सोना, चांदी, एल्यूमीनियम, तांबा, निकिल, लेड के भावों में जोरदार तेजी की चाल चलायेंगे। सरसों, सोयाबीन तेलों के भावों में हर उछाले में बेचना लाभप्रद होगा। ता. 13 जुलाई को प्रातः 10 बजकर 57 मिनट पर बुधास्त का होना भी गेहूं, चना, मटर, सोना, चांदी, रुई, कपास में तूफानी तेजी को प्रोत्साहन देने वाला ही सिद्ध होगा।

श्रावण मास

श्रावण माह का आरम्भ ता. 17 जुलाई को होकर ता. 15 अगस्त को समाप्त होगा। इस माह में विशेषतया पांच गुरुवार व पांच ही शुक्रवार होने से मंदी का प्रभाव नरमी की प्रधानता करेगा। ता. 17 जुलाई से सूर्य-मंगल का योग, ता. 8 अगस्त तक ही लालमिर्च, छुआरा, बादाम, गुड़, मसूर, रोली, लालचंदन, नारियल, गोला, मूंगफली, मोंठ व लाल रंग की वस्तुओं में से जो भी नीचे स्तर पर मिलें, उनका स्टॉक करके ता. 8 अगस्त तक ही मोटा लाभ उठाया जा सकता है। ता. 2 अगस्त शुक्रवार को चन्द्रदर्शन के प्रभाव से सफेद वस्तुओं के भाव माह में मंदी में रहेंगे। वायदा मार्केटों में ता. 17 जुलाई को ता. 16 जुलाई के बने ऊंचे व नीचे भाव महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। खास तौर से नेचुरल

गैस, जिंक, लैड, सोना, चांदी, क्रूड आयल, सोया तेल के भावों में अगर ता. 17 जुलाई को ता. 16 जुलाई के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब मंदी की चाल 23 जुलाई तक चलेगी। ता. 21 जुलाई की दोपहर में कर्क में शुक्र के प्रभाव से धान्य व अनाजों के भावों में छ: माह में ही विशेष तेजी का चांस मिलेगा। रुई, खल, बिनौला के भावों में 25 दिन में ही विशेष तेजी होगी। ता. 30 जुलाई की प्रात: पूर्व दिशा में बुधदेव के उदय के प्रभाव से जिन वस्तुओं में तेजी चली आ रही होगी उनमें मंदी का या नरमी का रुख बन जाएगा। श्रावण शुदि पक्ष में ता. 3 अग. को प्रात: कर्क राशि में बुध के प्रभाव से घटबढ़ की प्रधानता होगी। ता. 8 अगस्त की रात्रि में सिंह राशि में मंगल के प्रभाव से चावल, जई के भावों में चालीस दिन में ही जोरदार तेजी होगी। ता. 11 अगस्त की शाम को गुरुदेव के मार्गी होने से जिन पीली व लाल रंग की वस्तुओं के भावों में पहले से मंदी चली आ रही होगी, उन वस्तुओं के भावों मे तेजी की चाल चलने लगेगी।

भाद्रपद मास

इस माह का प्रारम्भ ता. 16 अगस्त शुक्रवार से आरम्भ होकर ता. 14 सितम्बर शनिवार तक रहेगा। माह में पांच शुक्रवार व शनिवार का होना दुतर्फा चालदायक होगा। प्रथम पक्ष में छट वृद्धि होकर बाद एकादशी तिथि का क्षय होना नरमी को बल देने वाला सिद्ध होगा। इंफीरियर लाइन ता. 4 सित. तक चलकर बाद सुपीरियर लाइन चलेगी और इस पीरियड में धुंआधार तेजी का चांस तिलहनों में संपन्न होने की धारणा है। ता. 31 अगस्त को शनिवारी चन्द्रदर्शन से हल्की तेजी का रुख माह में रहने की धारणा है। ता. 16 अगस्त को सिंह राशि में शुक्र के प्रभाव से 17 अग. से धान्यों के भावों में तेजी होगी । सोना के भावों में विशेष तेजी की चाल चलेगी। ता. 17 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 01 मिनट पर सिंह संक्रांति के प्रवेश के प्रभाव से शहद, पीतल, गिलट, चावल, तिल, धान्यों में जोरदार तेजी एक ही माह में बन जाएगी। रुई, सोना, चांदी, लाल रंग की वस्तुएं घटबढ़ साथ जोरदार तेजी पर जाती है। ता. 22 जून को 01 बजकर 27 मिनट पर बुधास्त का होना विशेष तया वायदा मार्केटों में मंदी की चाल चलाएगा। इस चांस में व्यापारी बन्धु मालामाल हो सकते हैं। यहां पर जीरा, धनियां, ग्वार, चना, गेहूं, गुड़, चीनी में विशेष मंदी की चाल 30 दिन की चल सकती है। हर तेजी के उछाले में बेचान करना लाभप्रद होना चाहिए। ता. 26 अगस्त को दोपहर में सिंह राशि में बुध प्रवेश के प्रभाव से सूत, सूती वस्त्र, आंवला, खटाई, नींबू व सिरका के भावों में तेजी की चाल 25 दिन की होगी। भादों शुदि में तीज का क्षय होकर चतुर्दशी की वृद्धि होना तेजी को प्रोत्साहित करेंगे। ता. 9 सितं. की रात्रि में कन्या राशि में शुक्र प्रवेश के प्रभाव से जीरा, ऊन, ऊनी शाल के भावों में जोरदार तेजी होगी । रुई, कपास के भावों में 27 दिन में ही भारी गिरावट आयेगी।

आश्विन मास

इस माह का प्रारम्भ ता. 15 सितं. रविवार से होकर ता. 13 अक्तूबर रविवार तक के माह में पांच रविवारों का होना भयंकर तेजी की चाल देने वाला होगा। माह के आरम्भ से अन्त तक सुपीरियर लाईन रहेगी। ता. 30 सितं. को सोमवारी चन्द्रदर्शन से नरमी का रुख माह में रहने की धारणा है। बदि तीज ता. 17 सितं. को दोपहर में कन्या राशि में सूर्य के प्रवेश के प्रभाव से सूत, शक्कर, रुई, तांबा, इलेक्ट्रिक उपकरण, गेहूं, चना, बाजरा, तथा शेयरों के भावों में मंदी होगी। सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, अरन्डी, मूंगफली के भावों में नरमी का रुख बनेगा। ता. 18 सितं. को 02।20 पर मार्गी शनि के प्रभाव से लोहा, स्टील, तिल, तेल, वनस्पति घी, गुग्गल, अदरक, हल्दी के भावों में विशेष चाल चलेगी। ता. 20 सितं. को शाम 04।03 पर बुधोदय के प्रभाव से घटबढ़ साथ नरमी रह सकती है तथापि आज के बने ऊंचे व नीचे भाव आगे के लिए महत्वपूर्ण हो जायेंगे। आगे ता. 25 सितं. को प्रात: कन्या राशि में मंगल का प्रवेश लाल मिर्च, चन्दन, रेशम, लाल पदार्थ, गुड़, मजीठ, रुई, कपास के भाव पन्द्रह दिनों में अच्छी तेजी पकड़ेंगे। आश्विन शुदि प्रतिपदा ता. 29 सितं. को चन्द्रदर्शन के प्रभाव से तथा 12।57 पर तुला राशि में बुध के प्रवेश के प्रभाव से धान्यादि के भावों में तेजी का रुख बना रहने की धारणा है। बाद ता. 3 अक्तूबर की रात्रि में तुला राशि में शुक्रदेव के प्रवेश के प्रभाव से जीरा, धनियां, सौंफ, अजवायन, मेंथा आयल के भावों में विशेष नरमी की चाल चलेगी। आज से पूर्व अगर तेजी चली आ रही हो तब ऊंचे भावों में बेचकर आगे मोटा लाभ उठाया जा सकता है।

कार्तिक मास

कार्तिक माह का प्रारम्भ ता. 14 अक्तूबर सोमवार से होकर ता. 12 नवम्बर मंगलवार को समाप्त होगा। यह माह 5 सोमवार तथा 5 ही मंगलवारों से युक्त होने से व तीज वृद्धि तथा अष्टमी क्षय होने तथा सुपीरियर लाईन के ता. 11 नवं. तक रहने के प्रभाव से तिलहनों के भावों में नरमी की चाल चलेगी। ता. 29 अक्तू. को भौमवारी चन्द्रदर्शन से अच्छी तेजी का रुख माह में रहने की धारणा है। ता. 17 अक्तू. को रात्रि में तुला संक्रांति के प्रभाव से अरहर, गेहूं, चना, चावल, रुई, रेशम, साबूदाना, गोला, नारियल, पोस्तदाना में साधारण तेजी का रुख बनने की धारणा है। ता. 23 अक्तू. को वृश्चिक राशि में बुध के प्रभाव से ता. 24 नवं. से जीरा, धनियां आदि हरें रंग की वस्तुएं धमाके के रूप में गिरेंगी। ता. 22 अक्तू. को रात्रि में मंगलदेव के पूर्व दिशा में उदय होने के प्रभाव से लाल मिर्च, सिन्दूर, मनसिल दवाओं, लाल चन्दन, लाल वस्त्र, रोली, पूजा का सामान के भावों में तेजी की चाल बनेगी। जिस हाजिर या वायदा वस्तु के भाव पलटकर चलेंगे उनमें पलट आगे माह के अन्त तक जारी रहेगी। ता. 18 अक्तू. की प्रात: वृश्चिक राशि में शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से धान्यादि के भावों में विशेष तेजी की चाल देखने में आयेगी। आगे ता. 31 अक्तू. की रात्रि में वक्री बुध के प्रभाव से सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जिंक, लेड आदि धातुओं के भावों में विशेष तेजी का उछाला 20 दिन में ही आयेगा, बाद ता. 5 नवं. को बुधास्त होने के बाद तेजी की चाल तूफानी चलने की धारणा है। यह तेजी गुड़, खांड, चीनी, सोना, चांदी, निकिल, मेंथा, रुई, कपास, चना, अरहर, उरद, मोठ के भावों में होगी। ता. 10 नवं. रविवार को तुलाराशि में मंगलदेव के प्रवेश के प्रभाव से 45 दिन में ही उड़द, मूंग, मोंठ, रुई, सूत, कपास के भावों में तेजी की चाल चलेगी। लाल व हरे रंग की वस्तुओं में खरीद न करें क्यूंकि मंगल-बुध का अंशात्मक योग जोरदार मंदी कारक ता. 7 दिसम्बर तक है।

मार्गशीर्ष मास

मंगशिर माह का प्रारम्भ ता. 13 नवं. बुधवार से होकर ता. 12 दिसम्बर गुरुवार को समाप्त होगा। माह में पांच बुधवार तथा पांच ही गुरुवार होना घटाबढ़ी साथ मंदी कारक है। तमाम माह में इंफीरियर लाइन चलेगी जोकि तेजी जोरदार तेलवाना की वस्तुओं में करेगी। ता. 28 नवं. को गुरुवारी चन्द्रदर्शन से हल्की नरमी का रुख माह में रहने की धारणा है। माह के प्रारम्भ में ता. 16 नवं. को वृश्चिक संक्रांति के प्रभाव से 18 नवं. से सोना, चांदी, तांबा, जस्ता आदि धातु, चावल, मशीनरी, लोहा, चाय, काफी, रबर, टीन, शेयर्स, चर्म के भावों में तेजी का रुख बनने की धारणा है। दुष्ट प्रकृति के लोगों में रोग होंगे। ता0 18 नवं. को बुधोदय होने से बुधास्त वाली वस्तुएं नरमी पकड़ेंगी। ता. 25 नवं. की शाम को पूर्वाषाढ़ नक्षत्र के चतुर्थ चरण पर शनिदेव के प्रभाव से ता. 26 नवम्बर से तेजी का प्रभाव सोना, चांदी, गुड़, खांड, चीनी, रुई, कपास, सूत, जूट, पाट, बारदाना, गेहूं, जौ, चना के भावों में होगा।

नोट:-जिस वस्तु के भावों में ता. 25 नवम्बर को ता. 22 के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेगा, तब उसी वस्तु में जोरदार मंदी

होगी। आगे ता. 28 नवं. को चन्द्रदर्शन नरमी का रुझान आगे के लिए बनाएगा। ता. 5 दिसं. को वृश्चिक राशि में बुध के प्रवेश के प्रभाव से सरसों, तिल तेल के भावों में तेजी की चाल चलेगी।

पौष मास

यह माह ता. 13 दिसं. शुक्रवार से प्रारम्भ होकर ता. 10 जनवरी 2020 को समाप्त होगा। पांच शुक्रवार होने से यह माह साधारण मंदी के दौर में रहेगा। इंफीरियर लाइन का प्रभाव तमाम माह रहेगा। अत: कुल मिलाकर तेजी के झटकों के साथ नरमी को बल मिलता रहेगा। ता. 27 दिसं. को शुक्रवारी चन्द्रदर्शन से हल्की तेजी के बाद मंदी का रुख माह में रहने की धारणा है। बदि तीज की शाम को मकर राशि में शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से चांदी, जस्ता, जूट, पाट, कपास, रुई, कपूर, सूत के भावों में विशेष तेजी की चाल चलेगी। बाद ता. 17 दिसं. की रात्रि में बुधास्त होने से गेहूं, जौ, चना, मटर, गुड़, खांड, शक्कर, चांदी, सोना के भावों में मंदी का बिगुल बजेगा। यह मंदी कम से कम एक सप्ताह या अधिक चल सकती है। ता. 25 दिसम्बर की शाम 3 बजकर 45 मि. पर धनु राशि में बुध के प्रवेश के प्रभाव से व बाद रात्रि में वृश्चिक राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से जोरदार तेजी का चांस आसव, अरिष्ट, जूस पेय पदार्थ, तेल द्रव्यों के भावों में विशेष तेजी 20 दिन में चलेगी। ता0 27 दिसं. को रात्रि में शनिदेव पश्चिम दिशा में अस्त हो रहे हैं। यहां पर विशेष तेजी अनाजों के भावों में होगी। दलहनों के भाव भी समर्थन में तेजी पकड़ेंगे। लेकिन जिस वस्तु के भाव ता. 28 दिसं. को ता. 27 के बने ऊंचे भाव से न बढ़े और नीचे बने भाव से टूट जाए तब मंदी की जोरदार चाल पौष माह में चलेगी। आगे ता. 08 जनवरी को रात्रि में कुम्भ राशि में शुक्र के प्रवेश के प्रभाव से जोरदार नरमी की चाल तीन दिन की सफेद रंग की वस्तुओं के भावों में बनेगी। वायदा मार्केटों में ता. 18 दिसं. को ता. 17 के बने नीचे भाव से जिस भी वायदा वस्तु के भाव टूट जाएं तब उसी वस्तु के भावों में जोरदार मंदी का चांस दो सप्ताह का अवश्य संपन्न होने की धारणा है।

माघ मास

इस माह का प्रारम्भ ता. 11 जनवरी शनिवार से होकर ता. 09 फरवरी तक होगा। इस माह में पांच शनिवार व पांच ही रविवार होने से तेजी का रुख प्रधान होगा। ता. 11 जनवरी तक इंफीरियर लाईन के बाद सुपीरियर लाईन के प्रारम्भ होने से अरन्डी, सरसों, तेलवाना की जिन्सों में नरमी का रुख बन जाएगा। ता. 26 जनवरी को रविवारी चन्द्रदर्शन से तेजी का रुख माह में रहने की धारणा है। ता. 13 जनवरी को 11।35 पर मकर राशि में बुध के प्रभाव से अन्नादि के भावों में समता रहेगी। ता. 14 जनवरी को मकर संक्रांति के प्रभाव से घी, तेल, लकड़ी, सोना, चांदी, तांबा, कोयला, शीशा, जस्ता, टीन, रांगा, गन्ना, तिल, कालीमिर्च, लौंग, दाख, चीनी, मुनक्का, किसमिस, काला नमक व शेयरों के भावों में तेजी जोरदार होगी। सोना, चांदी, निकिल, जीरा, धनियां, लालमिर्च, क्रूड आयल, ग्वार, चना के वायदा मार्केटों में ता. 20 जनवरी को ता. 17 के बने ऊंचे भाव से जिस भी वस्तु के भाव नीचे खुलकर बढ़ जाएंगे उसी वस्तु के भावों में तूफानी तेजी का चांस दो सप्ताह में ही संपन्न होगा। विपरीत दिशा के भाव कटने पर मंदी की तूफानी चाल भी चलेगी। अत: व्यापार करते समय पूर्ण सावधानी अवश्य बरतें। ता. 24 जनवरी की प्रात: मकर राशि में शनि के प्रवेश के प्रभाव से लोहा, कांसा, तिल, गोला, जीरा, कोयला, क्रूड आयल, जावित्री, जायफल, हल्दी, अदरक, आलू आदि जड़ पदार्थों व खनिजों के भावों में विशेष मंदी का चांस 22 दिन में ही संपन्न होने की धारणा है। सावधानी हेतु विशेष नोट है कि जिस ऊपर लिखी वस्तु में ता. 27 जन. को ता. 24 जन. के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाएगा तब उसी में तेजी का चांस संपन्न होगा। बाद ता. 7 फरवरी की रात्रि में धनु राशि में मंगल के प्रवेश के प्रभाव से अगर चावल, जड़ी-बूटी, धान्य के भावों में तेजी होगी।

फाल्गुन मास

फाल्गुन माह का प्रारम्भ ता. 10 फरवरी सोमवार से होकर ता. 09 मार्च 2020 तक रहेगा। माह में पांच सोमवार व ता. 25 फरवरी तक सुपीरियर लाईन के प्रभाव से जोरदार नरमी औसत रूप में चलने की धारणा है। किसी-किसी वस्तु के भावों में तूफानी मंदी की चाल भी देखने में आयेगी। ता. 25 फरवरी को भौमवारी चन्द्रदर्शन से तेजी का रुख माह में रहने की धारणा है। ता. 13 फरवरी को 03।04 पर कुम्भ संक्रांति के प्रभाव से भूकम्प की संभावना होगी। कोयला, अलसी, तांबा, तिलहन, मूंगफली, लोहा, जूट, पाट, जौ, संगमरमर, मिट्टी की वस्तुएं, कागज, शेयर, एल्यूमीनियम के भावों में तेजी का चांस संपन्न होगा। ता. 17 फरवरी को प्रात: वक्री बुध के प्रभाव से जोरदार तेजी आकर बाद मंदी। गुड़, खांड, चीनी व रस पदार्थों के भावों में चलेगी। बाद ता. 19 फरवरी के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब मंदी जानना। ता. 28 फरवरी को मेष राशि में शुक्र के प्रभाव से मंदी का प्रभाव हाजिर मार्केटों पर रहने की धारणा है। ता. 3 मार्च को बुधोदय 02।33 पर होने के बाद मंदी का जोरदार झटका सोना; चांदी, गुड़, खांड, चीनी, गेहूं, चना, रुई के भावों में लगेगा। अन्य वस्तुओं के भावों में कुल मिलाकर ता. 24 फरवरी से 9 मार्च तक का पीरियड मंदी का रहने की धारणा है। वायदा मार्केटों में ग्वार, चना, जौ, जीरा धनियां, हल्दी, सोया तेल में ता. 26 फरवरी को ता. 25 के बने ऊंचे भाव से जिस वस्तु में भाव बढ़ जाए, उसी में डबल खरीद करके ता. 9 मार्च तक मोटा लाभ उठाया जा सकता है। वितरीत दिशा के भाव कटने पर मंदी का व्यापार करना चाहिए।

चैत्र मास

चैत्र बदि पक्ष में पंचमी तिथि का क्षय व द्वादशी तिथि की वृद्धि का होना तेजी की चाल को बल देने वाला होगा। ता. 10 मार्च को मार्गी बुध का प्रभाव ता. 11 मार्च से तेजी की चाल गुड़, खाण्ड, चीनी, पाट, बारदाना, सोना, चांदी, तांबा आदि धातुओं के भावों में चलाएगा। ता. 11 मार्च को ता. 9 के बने नीचे भाव से जिस वस्तु के भी भाव ऊंचे खुलकर टूट जाएंगे उसी वस्तु के भावों में 12 दिनों में ही धमाकेदार मंदी होगी। धारणा अधिकांश वस्तुओं में तेजी की ही है। ता. 14 मार्च को 11।54 पर मीन संक्रांति के प्रभाव से मोम, मोती, जवाहरात, हीरा, सुगन्धित पदार्थ, दवाइयां, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द, घी, रुई, रेशम, गूगल, पीपलामूल के भावों में विशेष तेजी की चाल चलने की धारणा है। ता. 22 मार्च को 02।40 पर मकर राशि में मंगल के प्रवेश से घी, तेल के भावों में जोरदार तेजी। धान्य, रुई के भावों में 30 दिन में जोरदार चलने की धारणा है।

पता:- विश्वबन्धु शर्मा एवं जयवर्द्धन शर्मा ज्योतिषी

21-22 ब्रह्मनान, निकट खारी कुंआ

पोस्ट व जिला-हापुड (उ0 प्र0)-245101

मोबाईल-9837279823, 9412573895

व्यापारिक भविष्य फल वर्ष 2019–2020

लेखकः- प्रवीन कुमार जैन, डॉ. उमा जैन

अप्रैल मास–01 अप्रैल-चैत्र कृ. द्वादशी की वृद्धि तथा शुक्ल पक्ष में एकादशी के क्षय से अन्न उत्पादन में कमी रहेगी। सूर्य रेवती में रात्रि 00।53 पर-रुई, चावल, चांदी, सरसों, अलसी, लाख, गेहूं, जौ, चना, अरहर, मूंग, उड़द, लहसुन, सब्जी, चपड़ा, मोती, रत्न अन्य अनाजों तथा पशुओं में तेजी आयेगी। जलीय वस्तुओं मोती, रत्न, फल, फूल, सुगन्धित पदार्थों, नमक की हानि होने से इन में भी तेजी चलेगी। 06 अप्रैल-चैत्र सुदि शनिवारी प्रतिपदा धान्यों, रसकस तथा भूसे आदि पशु आहारों की हानि होगी। मंगल रोहिणी में सायं 17।20 पर-रुई, सूत, कपास, कपड़ा, शेयर मार्केट, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रेशम, हींग, मिर्च, सरसों तथा तैलों में तेजी चलेगी। राई मिर्च, हींग, छुआरा, सरसों तैल, गुड़, खांड, रेशम 21 दिनों में तेज होंगे। मुख्य रूप से कपड़ा, सूत, कपास में तेजी आयेगी।

07 अप्रैल-शुक्र पू.भा. में-स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। रुई में 10 से 15 टके की तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों में गिरावट रहेगी। 10 अप्रैल-गुरु वक्री धनु राशि में मध्यान्ह 11।52 पर-शेयरों में गिरावट आयेगी। मालवे की अफीम में पहले तेजी आकर बाद में मंदा आयेगा। कुछ ही समय में सभी धान्यों में गिरावट आयेगी। गेहूं, चना, गुड़, नमक आदि में गिरावट रहेगी। चैत्र तथा बैशाख मास में इनका संग्रह करके मार्गशीर्ष मास में बेचने से लाभ मिलेगा।

12 अप्रैल-बुध मीन में रात्रि 04।24 पर-अपनी नीच राशि में बुध के गोचर से पशु-आहारों-घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। रुई, कपास, बिनोला में तेजी बनेगी। सोना, चांदी तेज होकर मंदे होंगे। गेहूं, चना, गुड़, शक्कर, घी, तैल, मूंगफली, अरण्डा, बिनोला तथा रुई में मंदा आयेगा।

14 अप्रैल-रविवार-सूर्य मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में मध्यान्ह 14।09 पर-चैत्र मास की 15 मुहूर्ति रविवारी मेष संक्रांति में सभी धातुओं-सोना, चांदी, लोहा, तांबा, सभी धान्यों -गेहूं, चना आदि अनाजों, रसकसों, फलों, वस्त्रों, अलसी, अरण्डा, तिल, तैल, मेथी, लाल चन्दन, इलायची, लौंग, सुपारी, नारियल, कपूर, हींग, हिंगुल, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्डा, ईख, घी, तिल, तैल, फलों आदि सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी। रुई, कपास में पहले मंदा आकर बाद में तेजी आयेगी। मेष का सूर्य छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई, कपास में तेजी बनायेगा। 13 दिनों के अन्दर सोना, चांदी, अलसी, अरण्डा, तिल, मेथी, अनाज, सभी प्रकार के अनाज, सोना, चांदी, रसकस, लोहा, तांबा, सूत, कपड़ा, सुपारी, नारियल, शिंगरू, कपूर, लाल चन्दन, मेथी, लौंग, इलायची, हींग, अरण्डा तथा ऊनी वस्त्रों में तेजी बनेगी। रुई में मंदी आकर तेजी बनेगी। संक्रांति सूती होने से महगांई पर नियन्त्रण के प्रयास होंगे। शकुन शास्त्र के अनुसार आज की वर्षा आगे चलकर वर्षा में कमी करेगी तथा अन्नों में तेजी लायेगी। सभी वस्तुऐं महंगी होंगी।

15 अप्रैल-बुध उ.भाद्रपद में प्रातः 07।31 पर-चांदी में घटबढ़ चलेगी। खाद्यान्नों के भावों में अधिक फेरबदल नहीं होने से गुड़, खाण्ड, रुई, धान्य एवं चावलों के भावों में समता रहेगी। 16 अप्रैल-शुक्र मीन में-खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी होगी। महंगाई बढ़ेगी फिर भी जनसामान्य असाधारण रूप से शांत रहेगा। सभी प्रकार के धान्यों, तैल, तिलहन, अलसी, अरण्डी, गुड़, खांड में गिरावट आयेगी। घी, रुई एवं चांदी में तेजी बनेगी। धान्यों में मंदा रहेगा। रुई 25 दिनों में तेज होगी। 18 अप्रैल-शुक्र उ.भा. में रात्रि 19।12 पर-स्वर्ण द्वार का शुक्र सुभिक्ष का योग बना रहा है। मूल पदार्थों में तेजी बनेगी। चांदी, मोती, ईख, गुड़, खांड, रुई, कपास, सूत, सन, चावल, नमक, कपूर, गोला, सरसों तथा अन्य तिलहनों में मंदा आयेगा। सोना के मूल्यों में समता रहेगी। फसलों को रोग तथा कीटों से हानि के कारण गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग, फलों, अदरक, हल्दी, प्याज, लहसुन आदि कृषि उत्पादों तथा चौपायों में तेजी आयेगी। दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों, घी में घटबढ़ चलेगी। मोती, तिल, तैल में मंदा आकर तेजी बनेगी। शाक भाजी के उत्पादकों को हानि होगी।

बैशाख मास (20 अप्रैल 2019)– मास पांच शनिवार युत है। पांच शनिवार से-कृषि को किन्हीं कारणों से हानि होगी। वर्षा में कमी रहेगी। यदि वर्षा हुई भी तो बिल्कुल साधारण। महगांई बढ़ेगी। प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी।

23 अप्रैल-वक्री गुरु वृश्चिक राशि ज्येष्ठा नक्षत्र में रात्रि 01।11 पर-सुभिक्ष, गाय का दूध, घी आदि रस में मंदा आयेगा। 15 दिन में केशर, कपूर, रुई, तथा धातुओं में मंदा आयेगा। मादक पदार्थों, अफीम आदि में तेजी बनेगी। दो मास तक वर्षा में कमी रहेगी। इसके बाद खण्डवृष्टि होगी 27 अप्रैल-मंगल मृगशिरा में रात्रि 01।02 पर-वर्षा से कपास की खेती की हानि होकर रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। तिल की हानि होगी। चांदी तेजी में रहेगी। 28 अप्रैल-सूर्य भरणी में प्रातः 06।03 पर-कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। सोना, तांबा, पीतल आदि धातुओं, चावल, गेहूं, जौ, चना, मोंठ, अलसी, तूअर, सरसों, राई, गुड़, खांड, घी, अफीम में तेजी आयेगी। चांदी, रुई में घटबढ़ चलेगी। 29 अप्रैल-शनि वक्री धनु राशि में सायं 18।09 पर-मणि, मोती, रत्न तथा सोना चांदी में मंदा आयेगा। लौंग, सुपारी, नारियल, तिल तैल आदि के भाव में घटाबढ़ी चलेगी। घोड़ा, अफीम, नील, नीला थोथा, पतंग, हल्दी, जीरा, धनिया, मेथी, द्राक्ष, खजूर, घी, धान्यों, गेहूं, मूंग, ज्वार, प्रोमेसरी नोट आदि में तेजी आयेगी। शनि वक्री होने के समय वृष राशि के मंगल से हाथी, घोड़े, गाय, भैंस आदि चौपायों तथा मनुष्यों की हानि होगी। शुक्र रेवती में रात्रि 19।23 पर-चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, कपास, चावल, सूत, चन्दन, सन, जवाहरात में मंदा रहेगा। रुई, चांदी, चावल, खाण्ड के भावों में मंदे के झटके आयेंगे।

03 मई-शुक्रवारी वैशाख चतुर्दशी के प्रभाव से अन्न उत्पादन उत्तम होगा। परन्तु 04 मई वैशाखी अमावस्या में अश्विनी नक्षत्र होने से मध्यम फल मिलेगा। बुध मेष राशि में सायं 17।03 पर-सोना, चांदी आदि धातुओं, मूंगा आदि बहुमूल्य रत्नों में, गेहूं, जौं चना आदि में तेजी बनेगी। मोती, तिल, तैल, तिलहन तथा अलसी में मंदा आकर तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रसकस, तेल, तिल, सरसों, घी, रुई, सूत, सन, कपास में गिरावट आयेगी। चौपायों के मूल्यों में घटबढ़ रहेगी। 05 मई-बुध अस्त पश्चिम दिशा में मेष राशि में मध्यान्ह 14।56 पर-रुई, चांदी में तेजी होकर मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारदाना में गिरावट। 15 दिनों में रुई में मंदा। उत्तम वर्षा से धान्य की वृद्धि होगी।

07 मई-मंगल मिथुन में-सभी प्रकार की लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। 09 मई-गुरुवारी वैशाख सुदी पंचमी से सुभिक्ष योग बना है। यदि वर्षा हुई तो घास भूसा, तथा ईंधन में तेजी चलेगी। 10 मई-शुक्र मेष राशि अश्विनी नक्षत्र में रात्रि 19।06 पर-मेष का शुक्र छः मास तक गुड़, घी, दूध, रुई कपास में तेजी बनायेगा तथा 'मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार' अन्न पदार्थों में तेजी बनायेगा। पशुओं में तेजी बनेगी। धान्यों में तेजी आयेगी। रुई, कपास, ऊन के भावों में गिरावट रहेगी। सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, अन्य सभी प्रकार के धान्यों तथा घी में तेजी रहेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, पटसन, बारदाना में घटबढ़ के बाद तेजी बनेगी। रुई, कपास, सूत, तैल, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी, मटर, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख बनेगा। अन्य मत से दूध, घी, चावल, चांदी में तेजी चलेगी। ऊन, धातु, रसकस, सोंठ, तिल, अलसी, जौ, चना, उड़द में 12 दिनों में गिरावट आयेगी।

12 मई-सूर्य कृतिका में 00।08 पर-शकुन शास्त्र के अनुसार आज की वर्षा आगे चलकर सुभिक्ष का योग करेगी। अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा। सफेद फूल में तेजी आयेगी। 15 दिनों के अन्दर सोना, चांदी, अलसी, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, चावल, गुड़, सरसों तथा राई में तेजी आयेगी।

15 मई-बुधवार-सूर्य वृष में 11।01 पर बैठी संक्रांति से समान व्यापारिक स्थिति रहेगी। शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा। अन्न उत्पादन उत्तम रहेगा। बैशाख मास की बुधवारी वृष संक्रांति अनाजों के भावों में गिरावट का योग बना रही है। तेल, घी तथा गुड़ में तेजी आयेगी। अन्न उत्पादन अधिक होगा। तथा अन्य मत से अनाजों में तेजी बनेगी। दूध, दही, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के भावों में तेजी रहेगी। 30 मुहूर्ति संक्रांति में रसकस के भाव सम रहेंगे। सोना, कपड़ा, शस्त्र तथा अफीम में तेजी रहेगी। 17 मई-मंगल आर्द्रा में मध्यान्ह 13।59 पर-तिल के उत्पादन में कमी आयेगी। 18 मई-अस्त बुध वृष में रात्रि 23।35 पर-सभी व्यापारिक वस्तुओं में घटवढ़ चलेगी। तिल, तेल, कपास, चावल जौ, चना, मटर आदि धान्यों में तेजी बनेगी। चांदी, अलसी, शक्कर तथा वस्त्रों में गिरावट आयेगी। गेहूं, रुई, सूत में मंदा आकर तेजी बनेगी।

ज्येष्ठ मास–मास पांच रवि तथा पांच सोमवार युत है। पांच सोमवार युत मास में-**'सोमस्य पंच वारास्तु यत्र मासे भवति हि धन-धान्य समृद्धि। स्यात् सुखम् भवति सर्वदा॥'** अच्छी वर्षा होगी। कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी घटाबढ़ी के साथ मंदे का रुख प्रबल रहेगा। एकाएक सभी वस्तुओं पर नियन्त्रण होगा। समय मंदी कारक रहेगा। धन-धान्य की वृद्धि होगी। उद्योग बढ़ेंगे। कृषि उत्पादन अच्छा होगा।

21 मई-शुक्र भरणी में-तिलों की फसल नष्ट होगी। भूसे वाले धान्यों में तेजी आयेगी। तैल, तिल, सरसों, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मेंड, ज्वार, श्रीफल, सुपारी, धान्य, तूअर आदि में घटवढ़ रहेगी। रुख मंदे का बनेगा। सोना, चांदी में गिरावट आयेगी। तिलों की फसल नष्ट होगी। रुई तथा भूसे वाले धान्यों में तेजी आयेगी। चांदी, सोना, तांबा, लाल रंग की वस्तु तथा नारियल में 12 दिनों में मंदा आयेगा।

25 मई-सूर्य रोहिणी में 20।26 पर-चना, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, राई, तिल, अरण्डा, गुड़, खाण्ड के भावों में तेजी आयेगी। 15 दिनों में गेहूं, जौ, चावल आदि अन्न, मूंग, सरसों, राई, गुड़, खाण्ड, सुपारी, सूत, सन, अलसी, द्राक्ष, तेल में तेजी आयेगी। रुई में साधारण तेजी बनेगी। चांदी में मंदा आयेगा। 30 मई-बुध उदित वृष राशि पश्चिम में रात्रि 04।08 पर-बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी आयेगी। 40 दिन में धान्य तेज होगा। रुई, कपास, कपड़ा, धान, चांदी में 15 दिनों में मंदा होगा। घी, तैल, अरण्डी, सरसों तथा धान्यों में तेजी बनेगी। अलसी घटाबढ़ी में रहेगी।

01 जून-शुक्र कृतिका में सायं 17।38 पर-किन्हीं स्थानों पर उत्तम वर्षा होगी। सरसों, उड़द के उत्पादन में कमी आयेगी परन्तु अन्य धान्यों का उत्पादन सामान्य रहेगा। सोना, चांदी, हींग, जीरा, सुपारी, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, चावल, अन्न, सरसों, तिल, तैल सरसों में गिरावट रहेगी। 11 दिनों में चांदी, रुई, सूत, कपास, रेड़ी, तिल, तैल, सरसों, हींग, खजूर, घी तेज होंगे। अन्य मत से रुई, सूत, कपास, सन, सूत, बिनोला, तिल, सरसों, तेल, चांदी, सोना, तांबा, पीतल में छ: दिनों में मंदा आयेगा। 02 जून-बुध मिथुन में रात्रि 00।17 पर-रुई, चांदी, सोना, सरसों में मंदा आकर घटाबढ़ी चलेगी। सरसों एवं तरे में घटबढ़ रहेगी। तैल, तिल, अरण्डी में साधारण तेजी रहेगी। चना, मूंग, मोठ, भारवाहक पशुओं तथा वाहनों में गिरावट आयेगी। अन्य पशुओं के मूल्यों में वृद्धि होगी। 15 दिनों में सोना, चांदी तथा रुई में गिरावट आयेगी। 04 जून-शुक्र वृष में पूर्वान्ह 11।20 पर-सोना में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा। रुई तथा चांदी में गिरावट के बाद 15 दिनों में तेजी बनेगी। चावल, घी, शेयर्स में गिरावट आयेगी परन्तु आगे चलकर तेजी बनेगी। जौ, गेहूं, चना, मटर आदि अनाजों में तेजी बनेगी।

07 जून-मंगल पुनर्वसु में प्रात: 07।39 पर-तिल के उत्पादन में कमी आयेगी। 27 दिनों में श्वेत वस्त्र, कपास, नमक, रस तथा धान्यों में तेजी आयेगी। भैंसों की हानि होगी। 08 जून-सूर्य मृगशिरा में सायं 18।13 पर-सभी प्रकार के फलों, सोना, चांदी, धान्य, कपास, सन, उड़द, मूंग, मोंठ, बाजरा, अलसी में तेजी आयेगी। 14 दिनों में चना, भूसा, जलीय उत्पादों, कपूर, चन्दन, कस्तूरी, नारियल आदि सुगन्धित वस्तुओं, रुई, रेशम, सूत, कपड़ा तथा धातुओं में तेजी आयेगी।

12 जून-शुक्र रोहिणी में सायं 16।20 पर-सोना, तांबा, जस्ता मंदा होगा। सोना, चांदी, नारियल, द्राक्ष, सुपारी, गुड़, शक्कर, खांड. में गिरावट रहेगी। 12 दिनों में अफीम में तेजी आयेगी तो खारी, मुनक्का तथा सुपारी में मंदा आयेगा। अन्य मत से चांदी रुई में तेजी बनेगी। द्राक्ष, छुवारे, सुपारी श्रीफल, सरसों, सूत, सन में मंदा आयेगा। 15 जून-सूर्य मिथुन में 17।38 पर शनिवार-30 मुहूर्ति बैठी संक्रांति से व्यवसायिक गतिविधियों में अधिक परिवर्तन नहीं होगा। रसकस के भाव सम रहेंगे। समान स्थिति रहेगी। 'मिथुने रवि महंगे बिकै मूल अरु कन्द कपास। तिलहन सारे धान्य में तेजी का आभास ॥ कपास, कंदमूल, तिल, आलू, अरवी, अदरक, सोंठ, मूंगफली, हल्दी, प्याज, अदरक, रुई, तिलहन, जूट, सरसों, अलसी, तैल तथा सभी प्रकार के अनाजों में तेजी आयेगी। बुध की मिथुन राशि के सूर्य में भूसा, धान्य, ज्वार, बाजार, मकई, ग्वार की पैदावार में वृद्धि होगी।

आषाढ़ मास–18 जून-पांच मंगलवार युत मास में लाल रंग की वस्तुओं तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

21 जून-बुध कर्क में रात्रि 02।27 पर-अनाज का भाव मध्यम रहेगा। अन्न आपूर्ति सामान्य से कम होगी। बढ़ती हुई मंहगाई के कारण जनसाधारण कष्ट में रहेगा। रुई, कपड़ा में मंदा आयेगा। रुई में 15 टके तक की गिरावट आयेगी। चांदी में 2 टके तक की घटाबढ़ी रहेगी। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में कुछ मंदा रहेगा। श्वेत कपड़े में मंदा रहेगा। सरसों, मूंगफली, तैल, तिल, गुड़, दही तथा रसकस तेज रहेंगे। धान, गुड़, दूध, कपास, सोना में अस्थाई तेजी आयेगी। कपड़ा, चावल में गिरावट आयेगी। मादक पदार्थों, जलवाहनों यथा-नौका, मोटरबोट, जलपोत आदि में तेजी आयेगी।

22 जून-सूर्य आर्द्रा में सायं 17।18 पर-पंचमी तिथि का आर्द्रा प्रवेश शुभ है परन्तु शनिवार होने से शुभ फलों में न्यूनता रहेगी। दिन में आर्द्रा प्रवेश से सूर्य जल का शोषण करेगा, वर्षा में कमी रहेगी। सूत, अलसी, सरसों, अरण्डा, चीनी, चावल, जौ, चना में तेजी आयेगी। सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। 14 दिनों में रुई, कपास, लाल रंग के वस्त्र, कपूर, चन्दन आदि सुगन्धित वस्तुओं, लोहा, चांदी, सीसा, मोती, रत्न, गुड़, खाण्ड, खल, सोंठ, घी, हल्दी, गेहूं आदि धान्य तथा भूसा में तेजी बनेगी। मंगल कर्क में रात्रि 23।22 पर-भैंसों, ऊन, सभी प्रकार के अन्न तथा ईख में तेजी आयेगी। 15 दिन के अन्दर अफीम, रुई, धान, गुड़ तथा खांड में तेजी बनेगी। कहीं-कहीं पर धान्यों में तेजी आयेगी।

23 जून-शुक्र मृगशिरा में मध्यान्ह 14।38 पर-धान्यों तथा रुई की फसल खराब होगी। चावल, गुड़, खांड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों तथा रसकस में तेजी आयेगी परन्तु गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, घी में मंदा रहेगा। चना, धान, भूसा 12 दिनों में मंदा होगा।

29 जून-शुक्र मिथुन में रात्रि 01।33 पर-रुई, बारदाना, मूंगफली, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल में मंदा चलेगा। चांदी घटवढ़ में रहेगी। जौं, गेहूं, चना में सामान्य तेजी आयेगी। खांड, घी में घटाबढ़ी चलेगी। गुड़ तेज होकर मंदा होगा। अरहर, ग्वार, रुई, कपास, सूत, पटसन, बारदाना, अरण्डी, तिल, तैल, सरसों में गिरावट रहेगी। एक मत से रुई, घी में मंदे

का अचूक चांस है। 03 जुलाई-आषाढ़ सुदी प्रतिपदा के पुनर्वसु नक्षत्र से 95.97 प्रतिशत वर्षा का अनुमान है।

04 जुलाई-आषाढ़ सुदी द्वितीया में पुष्य नक्षत्र से 17.45 विश्वे है। गुरुवारी द्वितीया से उत्तम वर्षा होगी अन्न सस्ता होगा। शुक्र आर्द्रा में मध्यान्ह 12।19 पर-चांदी, रुई में मंदा आयेगा। कृषि उत्पादों में अचानक मंदा आयेगा। सूर्य पुनर्वसु में सायं 16।49 पर- बिनौला, तिल, ज्वार, मूंग, मोंठ, मसूर, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खांड, चावल, नमक, कपड़ा, तिल, कुसुंभा, अरण्डा, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, देवदारु, लौंग, नारियल, सफेद वस्तुओं में तेजी आयेगी। 14 दिनों में रुई, कपास, लाल रंग के वस्त्र, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों, चांदी, सोना, लोहा, सीसा, मोती, रत्न, खल, सोंठ, घी, हल्दी, गेहूं तथा भूसा में तेजी आयेगी।

07 जुलाई-रविवारी आषाढ़ सुदी पंचमी से कम वर्षा का योग बना है। यदि आषाढ़ सुदी पंचमी में पछुवा हवा चली अथवा वर्षा हुई या इन्द्रधनुष दिखाई पड़ा तो अन्न तथा तृण के संग्रह से कार्तिक मास में बेचने से लाभ की सम्भावना रहेगी। 07 जुलाई-बुध वक्री सायं 16।47 पर कर्क राशि में-प्रायः सभी वस्तुओं में मंदा आयेगा। धान्य सस्ते होंगे। रुई में तेजी आकर मंदा होगा। ईख, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी, बिनौला एवं अन्य तिलहनों तथा कपूर में तेजी बनेगी। 10 जुलाई-वक्री बुध अस्त पश्चिम दिशा में कर्क राशि में प्रातः 06।14 पर-रुई, चांदी में तेजी होकर मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारादाना में गिरावट चलेगी। 15 दिनों में रुई में मंदा आयेगा। 11 जुलाई-मंगल अस्त कर्क राशि पर सायं 16।30 पर-खाद्यान्नों में कमी रहेगी। मादक पदार्थों में कुछ मंदा बनेगा। लगभग साढ़े तीन मास में भूसा आदि में गिरावट आयेगी। कर्क राशि में अस्त मंगल से धान्यों की हानि होगी।

15 जुलाई-शुक्र पुनर्वसु में प्रातः 09।25 पर-रुई, सोना, चांदी, कपास, सूत, में मंदा रहेगा। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में तेजी बनेगी। वर्षा में कमी से कृषि उत्पादन के विषय में चिन्ता बनेगी। अन्नों की अनुपलब्धता से इनमें तेजी आयेगी। 12 दिनों में धान्यों में तेजी तथा रुई में मंदा आयेगा। 16 जुलाई- आषाढ़ी पूर्णिमा का मान चतुर्दशी से अधिक होने के प्रभाव से अन्न में सस्ता रहेगा।

श्रावण मास–मास पांच बुधावार तथा पांच गुरुवार युत है। कृषि की उत्तम उपज से सुभिक्ष रहेगा। धान्य आदि के भावों में न तो अधिक तेजी आयेगी और न ही अधिक मंदा होगा। व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकस की हानि से रसादि में तेजी चलेगी।

17 जुलाई-बुधवार-सूर्य कर्क में 04।33 पर-45 मुहूर्ति संक्रांति में रसकस तथा अन्न में गिरावट आयेगी। बैठी संक्रांति से समान व्यवसायिक स्थिति रहेगी। कर्क राशि के सूर्य में यदि आश्लेशा नक्षत्र के दिन वर्षा हुई तो सभी प्रकार के अन्न उत्पन्न होंगे। साथ ही धान्यों में तेजी आयेगी। जौ, गेहूं, चना, चावल, गुड़, शक्कर, खांड, बाजरा, ज्वार, सरसों, तिल, तैल, घी, नमक में तेजी आयेगी। सोना, चांदी, लोहा, पीतल आदि धातुओं में मंदा रहेगा। धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। खाद्यान्नों का आयात बढ़ेगा। संक्रांति समय के मकर के चन्द्रमा से अन्न का संग्रह छः मास पश्चात् लाभ देगा परन्तु सातवें मास तक रखने से हानि होगी। मालवे की अफीम में मंदा आयेगा।

19 जुलाई-मंगल आश्लेषा में रात्रि 04।30 पर-कृषि की हानि से अन्न उत्पादन के अनुमान में कमी आयेगी। विषैले कीटों तथा जन्तुओं के प्रकोप से जन-धन की हानि होगी। 23 दिनों में धान्यों में तेजी आयेगी। 20 जुलाई-सूर्य पुष्य में सायं 16।26 पर-सरसों, मद्य, गुड़, खांड, बाजरा, नारियल, सौंठ, मोम, जूट, सोना में तेजी आयेगी। रुई में तेजी आकर मंदा बनेगा। 14 दिनों में चांदी की वस्तुओं, सीसा, ऊनी वस्त्र, हल्दी, हींग, सोंठ, सुपारी, मोम, गुग्गल, लाख, सन, ज्वार, तिल, तैल, मदिरा तथा गुड़ में तेजी आयेगी। 23 जुलाई-अस्त शुक्र कर्क में मध्यान्ह 12।49 पर-सभी प्रकार के रसकस, गुड़, खांड, शक्कर, घी, तैल, सूत, सन, बारदाना, गोला में तेजी बनेगी। कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। रुई में मंदा आकर तेजी का योग है। जौं, गेहूं, चना में गिरावट के बाद में तेजी आयेगी। चांदी में गिरावट रहेगी। शकुन शास्त्र के अनुसार यदि आज वर्षा हुई तो गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में मंदा आयेगा। पशु-पक्षियों की वृद्धि होगी। एक मत से चांदी, सोना, रुई, घी, सूत, में तेजी रहेगी। धान्यों में तेजी आयेगी। कर्क का शुक्र तेजी का योग बना रहा है।

26 जुलाई-शुक्र पुष्य में प्रातः 05।51 पर-खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी आयेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपूर, शिंगरू, पारा, हींग, लाख, चमड़ा में मंदा रहेगा। रुई, कपास, सूत, सन, रेशम, ऊन तथा धान्यों में तेजी बनेगी। अन्य मत से रुई सोना, लाख, चपड़ा, गुड़ में मंदा चलेगा।

30 जुलाई-वक्री बुध उदित पूर्व दिशा मिथुन राशि में प्रातः 08।41 पर-बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी बनेगी। रुई की 25 दिनों तक तेजी चलेगी। 40 दिन में धान्यों में तेजी आयेगी। अनावृष्टि, कष्ट तथा पीड़ा का योग बनेगा। महंगाई बढ़ेगी। चांदी में घटबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। सोना में मंदा बनेगा। गेहूं, जौ, चना, अलसी, अरण्डी, तिल, तैल, सरसों, लाल मिर्च में तेजी आयेगी। वक्री बुध मिथुन राशि में मध्यान्ह 12।01 पर-रुई, चांदी, सोना, सरसों में मंदा आकर घटाबढ़ी चलेगी। सरसों एवं तरे में घटबढ़ रहेगी। तैल, तिल, अरण्डी में साधारण तेजी रहेगी। चना, मूंग, मोठ, भारवाहक पशुओं तथा वाहनों में गिरावट आयेगी। अन्य पशुओं के मूल्यों में वृद्धि होगी। 15 दिनों में सोना, चांदी तथा रुई में गिरावट आयेगी।

31 जुलाई-बुध मार्गी मिथुन राशि में रात्रि 21।31 पर-भारवाहक पशुओं में मंदा आयेगा। धान्यों में घटाबढ़ी रहेगी। रुई में घटाबढ़ी चलकर तेजी बनेगी। सन तथा लकड़ी में 15 दिनों में तेजी आयेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तैल, सरसों, अलसी, कपूर, चन्दन में मंदा रहेगा। 03 अगस्त-बुध कर्क में प्रातः06।00 पर- बढ़ती हुई मंहगाई के कारण जनसाधारण कष्ट में रहेगा। मादक पदार्थों में तेजी बनेगी। सुभिक्ष अत्यन्त अल्प रहेगा। रुई, कपड़ा, चावल में गिरावट आयेगी। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में कुछ मंदा रहेगा। रुई में 15 टके तक की गिरावट आयेगी। चांदी में 2 टके तक घटाबढ़ी रहेगी। सरसों, मूंगफली, तैल, तिल, गुड़, दही तथा रसकस तेज रहेंगे। धान, गुड़, दूध, कपास, सोना में अस्थाई तेजी आयेगी। इनमें तेजी के बाद मंदा बनेगा। श्वेत कपड़े में मंदा रहेगा। अनाज का भाव मध्यम रहेगा। अन्न आपूर्ति सामान्य से कम होगी। जलवाहनों यथा- नौका, मोटरबोट, जलपोत आदि में तेजी आयेगी। सूर्य आश्लेषा में मध्यान्ह 15।18 पर-आश्लेषा नक्षत्र का सूर्य वर्षा का योग बना रहा है। किन्हीं स्थानों पर वर्षा के कारण खाद्यान्नों के खराब अथवा नष्ट होने का योग है। सोना, चांदी, रुई, विनोला, चावल, उड़द, शक्कर, ज्वार, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल, द्राक्ष, मिर्च, शेयर मार्केट में तेजी आयेगी। 14 दिनों में तिल, गुड़, गेहूं, चना, अलसी, नील, अफीम आदि मादक पदार्थ, प्रोमेसरी नोट तेज होंगे।

06 अगस्त-शुक्र आश्लेषा में-अच्छी वर्षा के उपरान्त भी किन्हीं स्थानों पर वर्षा में कमी रहेगी। कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। अन्नों में घटाबढ़ी से भावों में कुछ तेजी बनेगी। चावल, मोठ, चना, जौ, भूसा तथा धान्यों में गिरावट चलेगी। रुई, कपास में साधारण मंदा रहेगा। तूअर, मोठ, चावल, चना, धान, भूसा में 12 दिनों में मंदा होगा। 07 अगस्त-स्वाति नक्षत्रयुत सप्तमी में यदि वर्षा हुई तो सभी प्रकार के धान्यों का उत्पादन उत्तम होगा। 09 अगस्त-अस्त मंगल सिंह राशि में रात्रि 04।47 पर -वर्षा में कमी आयेगी। तिल, उड़द, मूंग की हानि होगी। धान्य नष्ट होंगे। महंगाई बढ़ेगी। सोना, चांदी, तांबा तथा लाल रंग की सभी वस्तुओं में 45 दिनों में तेजी। 13 अगस्त-श्रावण मास की पूर्णिमा में श्रवण नक्षत्र के योग में यदि वर्षा हुई तो सुभिक्ष रहेगा। अन्न का उत्पादन उत्तम होगा। 15 अगस्त-प्रातः 08।02 तक आज यदि वर्षा हुई तो सुभिक्ष रहेगा तथा अन्न उत्पादन उत्तम होगा।

भाद्रपद मास–16 अगस्त–मास पांच शुक्र तथा पांच ...

26 अगस्त ... तेज हवाएं चलेगी। वर्षा में कमी आयेगी। कृषि की हानि होगी।

... सितम्बर-सूर्य उ. फाल्गुनी में रात्रि 02।54 पर-तिल, चावल, उड़द, नारियल, मूंग, जौ, ज्वार, गुड़, चीनी, जूट,

भाद्रपद मास–16 अगस्त–मास पांच शुक्र तथा पांच शनिवार युत है। पांच शुक्रवार युत मास में-'**शुक्रस्य पंचवारास्युर्यत्र मासे निरन्तरम्। प्रजा वृद्धि सुभिक्ष च सुखं तत्र प्रवर्तते॥**' प्रजा में कुशल क्षेम रहेगी। मित्रता के भाव जाग्रत होंगे। सुभिक्ष तथा क्षेम रहेगा। उत्तम वर्षा होगी। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी। रुख मंदे का रहेगा। रसकसों में भी मंदे का प्रभाव रहेगा। पांच शनिवार से-'**शनैश्च पंचकं दृष्ट्वा पाताले कम्पते फणी। ईशान देशं भंगश्च वह्निदाहो महर्घता॥**' भूकम्पों तथा अग्निकांडों से जन-धन की हानि होगी। जनता में अराजकता तथा अशान्ति रहेगी। महंगाई बढ़ेगी। प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी।

16 अगस्त–अस्त शुक्र सिंह राशि मघा नक्षत्र में रात्रि 20।39 पर-सभी प्रकार के धान्यों, सोना, लाल रंग की वस्तुओं तथा चौपायों में तेजी आयेगी। सभी प्रकार के धान्यों, सोना, तांबा, पीतल, चांदी, गेहूं, जौ, चना, मटर, बाजरा, मजीठ, लाल चन्दन, लाल मिर्च, लाल रंग के अन्य सभी पदार्थों, तैल तिल, मूंगफली, सरसों, ग्वार, केसर, कस्तूरी, रसकस, घी, रसादि पदार्थों में तेजी आयेगी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। एक मत से कपड़ा, जौ, गेहूं, जौ, चावल, चांदी, रुई, सूत, सन, सोना में मंदा आयेगा।

17 अगस्त–शनिवार-सूर्य सिंह राशि मघा नक्षत्र में 13।02 पर-15 मुहूर्ति संक्रांति में रसकस तथा अन्न में तेजी बनेगी। बैठी संक्रांति से समान स्थिति रहेगी। **ईख शर्करा मिष्ट रस गुड़ हल्दी तिल तैल। सोना तांबा तेज हो, सूर्य सिंह के मेल॥** शक्कर तथा लाल रंग के बर्तन, लाल रंग की धातुओं, ईख, गुड़, खांड आदि मिष्ट पदार्थों, रत्न, गुड़, हल्दी, तिल, तैल, मूंग, ज्वार, बाजरा, अरण्डा, द्राक्ष, मिर्च, चांदी, रुई, कपास, सरसों, सोना, तांबा महंगे होंगे। अफीम तथा अन्य मादक पदार्थों में तेजी की सम्भावना रहेगी। एक मत से धान्य में गिरावट आयेगी। घी में तेजी बनेगी। शनिवारी संक्रांति से 15 दिनों में वर्षा का योग रहेगा। संक्रांति समय के कुंभ के चन्द्रमा से इस समय का अन्न का संग्रह पांच मास पश्चात् लाभ देगा।

24 अगस्त–रोहिणी युत शनिवारी भाद्रपद कृष्ण अष्टमी से गेहूं, हल्दी, जीरा, पारा, शीशा में तेजी बनेगी। कस्तूरी, तिल, तैल, गुड़, हींग में तेजी आयेगी। इन वस्तुओं का संग्रह कर तीन मास पश्चात् बेचने से लाभ होगा। 25 अगस्त–बुध अस्त पूर्व दिशा कर्क राशि में प्रातः 10।57 पर-मिश्रा गति में अस्त बुध से चांदी में घटाबढ़ी चलेगी, रुई की घटबढ़ी 15 दिनों में चलेगी। इसमें रुख गिरावट का रहेगा। सोना, गेहूं, सोना, अलसी में तेजी रहेगी। धान्यों तथा घी में 30 दिनो में मंदा आयेगा। पहले तेजी फिर मंदा तथा फिर तेजी बनेगी।

26 अगस्त–बुधास्त सिंह राशि में मध्यान्ह 14।07 पर-तेज हवाएं चलेगी। वर्षा में कमी आयेगी। कृषि की हानि होगी। फिर भी धान्यों के मूल्य नियंत्रण में रहकर भावों में समता बनी रहेगी। इमली, आंवला आदि खट्टे पदार्थों, औषधीय वनस्पतियों तथा देवदारु, सोना, तांबा, पीतल, चांदी आदि धातु, खांड, कपूर, सूत, कपड़ा, ऊनी, सूती वस्त्रों, बारादाना में तेजी आयेगी। गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, सरसों, कपास, ऊन में मंदा बनेगा। रुई, पटसन, शेयर्स में मंदा आकर तेजी बनेगी।

27 अगस्त–शुक्र पू.फा. में मध्यान्ह 15।11 पर-उत्तम वर्षा का योग है। सभी स्थानों पर वर्षा होगी। चावल, चांदी, सोना, रुई, सूत, सन, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, घी आदि में गिरावट आयेगी। 14 दिनों में धान्य कुछ मंदा होगा। 30 अगस्त–मंगल पू.फा. में रात्रि 04।21 पर-गुड़, खांड, नमक, सरसों, लाही, अलसी, मूंगफली, घी तथा तैल के मूल्यों में तेजी बनेगी। गुड़, खांड, तैल, घी, रसकस में 20 दिनों में तेजी बनेगी।

31 अग.–सूर्य पू. फाल्गुनी में प्रातः 09।00 पर- सोने में अच्छी तेजी बनेगी। लोहा, जूट, सूत, गुड़, खांड, तैल, अरण्डी, सुपारी, ज्वार, ऊनी वस्त्रों में तेजी आयेगी। खाद्यान्नों की उपलब्धता सुलभ होगी। 14 दिनों में मादक पदार्थों, चावल, गेहूं, ज्वार, तिल, सरसों, घी, जीरा, रुई, कपास, चांदी तथा चांदी की वस्तुओं में तेजी आयेगी।

07 सितम्बर–शुक्र उ.फा. में प्रातः 09।13 पर-सभी प्रकार के अन्नों एवं रुई में तेजी आयेगी। 12 दिनों में धान्य कुछ तेज होंगे। सोना, चांदी में घटबढ़ चलेगी। एक मत से धान्यों में गिरावट आयेगी। 09 सितम्बर-आज के दिन की वर्षा से धान्यों में मंदा रहेगा।

10 सितम्बर–अस्त शुक्र कन्या में रात्रि 01।41 पर-अन्न तेज होंगे। उत्तम क्वालिटी के चावलों-बासमती आदि में विशेष तेजी आयेगी। सभी प्रकार के अन्न-गेहूं, चावल, सोना, गुड़, खाण्ड, घास तथा ऊनी वस्त्रों में तेजी आयेगी। चांदी घटाबढ़ी में आकर तेजी होगी। रुई में गिरावट आयेगी। सन तथा बारदाना के भावों में मंदा होगा। चौपायों के मूल्यों में तेजी आयेगी। एक अन्य मत से रुई, चांदी, चावल, घी में मंदा रहेगा। खड़ी फसल खराब होने से महंगाई बढ़ेगी। शाल की लकड़ी में तेजी रहेगी।

11 सितम्बर–अस्त बुध कन्या राशि में प्रातः 04।59 पर-अगले छः मास तक सोना उत्तम क्वालिटी की गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी आयेगी। बाद में यह पदार्थ सस्ते होंगे। हल्दी, गेहूं, जौ, चना में तेजी बनेगी। चांदी, रुई में गिरावट रहेगी। 12 सितम्बर-पश्चिम दिशा में उदित शुक्र से अन्न में वृद्धि होगी।

14 सितम्बर–सूर्य उ. फाल्गुनी में रात्रि 02।54 पर-तिल, चावल, उड़द, नारियल, मूंग, जौ, ज्वार, गुड़, चीनी, जूट, कपास, हल्दी, हरड़, हींग, क्षार, कत्था में तेजी आयेगी। 14 दिनों में रेशम एवं रेशमी वस्त्र तथा कपास, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, सरसों, अरंडा, सुपारी, अफीम, मूंज, बांस, नील में तेजी आयेगी।

आश्विन मास–15 सितंबर–मास पांच रविवार युत है। पांच रविवार होने से-**यत्र मासे रवेर्वारा जायन्ते पंच संततम्। दुर्भिक्षं छत्र भंग स्यात्तदास्ते च महद्भयं॥** वर्षा की कमी से कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। जनता तथा शासन में परस्पर मतभेद बढ़ेंगे। 17 सितंबर-मंगलवारी आश्विन तृतीया के योग से धान्यों में तेजी आयेगी। बैठी संक्रांति से समान स्थिति रहेगी। सूर्य कन्या में 13।03 पर-**कन्यायां रवि नारियल तिलहन आदि मजिष्ठ । लाल द्रव्य घी तेल सब महंगे बिके विशिष्ठ ॥** 30 मुहूर्ति संक्रांति में रसकस के भाव सम रहेंगे। नारियल, तिल, तैल में तेजी बनेगी। अन्य मत से रुई, सूत, कपड़ा, नारियल, सुपारी, मेवा, मजीठ, लाल वस्तुओं, अरण्डा, घी, तेल, तिल, सरसों, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स में गिरावट आयेगी। किसी और के मत से नारियल, सरसों, अलसी, तिलहन, मजीठ आदि लाल रंग के पदार्थों में तिल, तेल घी, में विशेष तेजी चलेगी। मंगलवारी संक्रांति से वर्षा में कमी रहेगी। महंगाई बढ़ेगी प्रजा में भय व्याप्त होगा। कपास, मजीठ में तेजी रहेगी।

18 सितंबर–शनि मार्गी धनु राशि में रात्रि 02।30 पर-शनि मार्गी होने पर अन्न तथा रुई में मंदा बनेगा। मादक पदार्थों में 10 दिन में मंदा आयेगा। धान्यों की हानि होगी। शुक्र हस्त में रात्रि 03।00 पर-सोना में साधारण तेजी बनेगी। चावल, चांदी तथा रुई में मंदा आयेगा। अन्न, गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी। 13 दिनों में यदि धान्यों में मंदा आ गया तो उनके संग्रह करने से लाभ होगा। 20 सितंबर-मंगल उ.फा. में रात्रि 01।42 पर-घोड़ों के मूल्यों में वृद्धि होगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, भारी माल वाहकों के मूल्यों में तथा सवारी गाड़ियों के मूल्यों में वृद्धि होगी। गुड़, खांड में 23 दिनों में तेजी बनेगी।

25 सितंबर–बुधवारी आश्विन कृष्ण एकादशी में गाय, भैंस आदि पशुओं में तेजी बनेगी। अस्त मंगल कन्या में प्रातः 06।33 पर-चन्दन, रेशम एवं रेशमी वस्त्र, अलसी, लाख-चपड़ा, लाल रंग की वस्तुओं एवं सभी लाल रंग के वस्त्रों, ऊनी वस्त्रों, जूट, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, सूत, कपास, गेहूं, जौ, चना, गोला, गुड़, मिर्च, मजीठ, तैल, तिल, रुई, सूत हैशियन, बारदाना में तेजी आयेगी। 16 दिनों में रुई में तेजी आयेगी। मादक पदार्थों में मंदा आयेगा। अलसी में फेरबदल होगा।

27 सितम्बर–बुधोदय पश्चिम दिशा में कन्या राशि में प्रात: 05।57 पर-आश्विन मास उदित बुध से किसी स्थान पर अधिक वर्षा होगी। कृषि लाभान्वित होगी। धान्यों की उपज उत्तम रहेगी। बुध उदय होने पर 10 दिन में रुई में लगभग 10 से 12 की तेजी आयेगी। 40 दिन में धान्य तेज होंगे। रुई, कपास, कपड़ा, धान, चांदी में 15 दिनों में मंदा होगा। घी, तैल, अरण्डी, सरसों तथा धान्यों में तेजी बनेगी। अलसी घटाबढ़ी में रहेगी। सूर्य हस्त में सायं 18।26 पर-चना, घी, सूत, जूट, कपड़ा, धनियां, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी। 15 दिनों में गेहूं, जौ, ज्वार, गुड़, खांड, कथीर, हरड़, खार, हल्दी, हींग, कपास तथा सन में तेजी आयेगी।

28 सितम्बर–शुक्र चित्रा में रात्रि 20।32 पर-सोना, चांदी तथा समस्त धान्यों के मूल्यों में समता रहेगी। प्राय: ही सभी वस्तुओं के भावों में स्थिरता रहेगी। रुई में मंदे का ध्यान रख कर कार्य करें। 29 सितम्बर–बुध तुला में 12।55 पर-रुई, सोना, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अफीम, बारदाना, गोला घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियों में तेजी। चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च में मंदा रहेगा।

04 अक्तूबर–शुक्र तुला में प्रात: 05।14 पर-रुई में तेजी आकर गिरावट देखने में आयेगी। गुड़, शक्कर, सोना में साधारण तेजी रहेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। उत्तम कृषि से अन्न घटाबढ़ी में रह कर मंदा होगा। शुभ ग्रहों से दृष्ट शुक्र से अच्छा मंदा बनेगा। एक मास में मादक पदार्थों में तेजी बनेगी। शुक्र तथा बुध की युति से गिरावट आयेगी। एक मत से रुई में मंदा खेले। शनि पू.षा. नक्षत्र तृतीय चरण रात्रि 21।31 पर-सभी प्रकार से हानि होगी। 09 अक्तूबर–शुक्र स्वाति में मध्यान्ह 13।57 पर- गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तैल, पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में तेजी बनेगी। अन्नों, अन्न पदार्थों तथा गेहूं, जौ, चना में गिरावट आयेगी। अन्य सभी अन्नों में घटाबढ़ी चलेगी। अन्य मत से सभी वस्तुओं में तेजी बनेगी।

10 अक्तूबर–मंगल हस्त में रात्रि 19।38 पर-सभी प्रकार के अन्न विशेष रूप से मोटे अनाजों, घी, गुड़, खांड, नमक में तेजी बनेगी। सैंधा नमक तेज होगा। धान्यों के उत्पादन में कमी रहेगी। तेजी का प्रभाव 22 दिनों में होगा। 11 अक्तूबर–सूर्य चित्रा में प्रात: 07।25 पर-सोना, चांदी, रुई, तिल, सोना, चांदी, गुड़, खांड, केसर, कपूर में तेजी। 15 दिनों में गेहूं, चना, अरहर तथा धान्य, लाख, चपड़ा, सूत, कपास एवं रेशम में तेजी बनेगी।

कार्तिक मास–मास पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार युत है। पांच सोमवार युत मास में-**सोमस्य पंच वारास्तु यत्र मासे भवति हि। धन धान्य समृद्धि: स्यात् सुखम् भवति सर्वदा॥** अच्छी वर्षा होगी। कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी घटाबढ़ी के साथ मंदे का रुख प्रबल रहेगा। एकाएक सभी वस्तुओं पर नियन्त्रण होगा। समय मंदी कारक रहेगा। धन-धान्य की वृद्धि होगी। उद्योग बढ़ेंगे। कृषि उत्पादन अच्छा होगा। मास पांच **मंगलवार** युत होने से-**यत्र मासे महीसूनोर्जायन्ते पंच वासरा। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्र भंगस्तदा भवेत्॥** पश्चिमी देशों में भारी रक्तपात, आंतकवाद की घटनायें घटित होंगी। किन्हीं स्थानों पर सत्ता परिवर्तन होगा। लाल वस्तुओं तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

14 अक्तूबर–मंगल उदित कन्या राशि में रात्रि 03।54 पर-धान्य उत्पादन उत्तम रहेगा। 05 दिनों में मादक पदार्थों तथा रुई में तेजी आयेगी। 18 अक्तूबर–सूर्य तुला में 01।03 पर-शुक्र के क्षेत्र का सूर्य दो मास तक तेजी बनाये रखेगा। 45 मुहूर्ति बैठी संक्रांति से बाजार की स्थिति समान रहेगी। कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। रसकस तथा अन्न में गिरावट आयेगी। मादक पदार्थों में मंदा रहेगा। 20 अक्तूबर–शुक्र विशाखा में प्रात: 07।25 पर-उत्तम वर्षा होगी। धान्यों, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, सूत, कपास, चांदी, चावल, स्वर्ण, सरसों में मंदा रहेगा। पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में घटबढ़ रहेगी। व्यापार में लगातार उतार-चढ़ाव होने से व्यापारी वर्ग चिन्ता में रहेगा। रुई में 15 दिनो में मंदा होगा।

23 अक्तूबर–बुध वृश्चिक में रात्रि 23।12 पर-सोना के मूल्यों में समता रहेगी। घी, तैल, रुई में घटाबढ़ी चलेगी। चांदी, अफीम, अलसी, सरसों, अरण्डा, बिनोला आदि तिलहनों तथा पशुओं के मूल्यों में तेजी आयेगी। अफीम, अलसी, सरसों, धान्यों-गेहूं, जौ, चना, बाजरा, ग्वार में गिरावट आयेगी। 24 अक्तूबर–सूर्य स्वाति में सायं 18।00 पर-सोना, चांदी, जूट, सूत, कपड़ा, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सरसों, अलसी, राई में तेजी बनेगी। 14 दिनों में गुड, खाण्ड, तैल, लाख, हल्दी, हींग, कपूर, गुग्गल, रुई, सन तथा धातुओं में तेजी बनेगी।

28 अक्तूबर–शुक्र वृश्चिक में प्रात: 08।32 पर-सुभिक्ष से प्राय: ही शुभ फल प्राप्त होंगे। उत्तम कृषि से सभी प्रकार के धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। महंगाई कम होने से राहत होगी। ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ आदि में मंदा होगा। चांदी में यदि अब तक तेजी रही तो मंदा होगा अन्यथा मंदा होने पर तेजी आयेगी। अलसी, रुई, कपास तथा शेयर मार्केट में तेजी बनेगी। गुड़ में घटावढ़ी चलेगी। मादक पदार्थों में पहले मंदा होकर बाद में तेजी बनेगी। 33 दिनों में रुई में मंदा आयेगा। वृश्चिक का शुक्र छ: मास तक गुड़, घी, दूध, रुई, कपास में तेजी बनायेगा तथा **मंगल घर में शुक्र हो अन्न तेज तब जान के अनुसार**-अन्न पदार्थों में तेजी बनायेगा। शुभ ग्रहों से बुध तथा गुरु के योग अच्छा मंदा बनेगा।

31 अक्तूबर–शुक्र अनुराधा में रात्रि 00।54 पर-रुई में तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर दूध, घी, चांदी, चावल, नमक तथा क्षारीय पदार्थों में गिरावट आयेगी। चावल और खांड में 22 दिनों में कुछ मंदा बनेगा। अन्य मत से-पशुओं की वृद्धि होगी। रुई में मंदा आयेगा। बुध वक्री वृश्चिक राशि में प्रात: 09।07 पर-रुई में तेजी आकर मंदा होगा। ईख, गुड, खाण्ड, शक्कर, घी, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी, बिनौला अन्य तिलहनों तथा कपूर में तेजी बनेगी। खाद्यान्नों के भावों में गिरावट आयेगी। मंगल चित्रा में प्रात: 09।19 पर-गेहूं, जौ, चना, चावल, चांदी, सोना, पीतल, तांबा में तेजी बनेगी। 12 दिनों में गेहूं, चावल, अन्य धान्यों तथा धातुओं में तेजी बनेगी।

01 नवम्बर–वक्री बुध अस्त पश्चिम दिशा वृश्चिक राशि में प्रात: 11।49 पर-सभी प्रकार की धातुओं में तेजी आयेगी। रुई, चांदी में तेजी होकर 15 दिनों में मंदा आयेगा। शेयर्स, हैसियन, बारादाना में गिरावट चलेगी। 05 नवंबर–गुरु धनु राशि मूल नक्षत्र में प्रात: 05।17 पर-गेहूं में तेजी बनेगी। मदिरा, मादक पदार्थों, तिल तथा गुड़ में गिरावट रहेगी। मूंग तथा कुल्थी का उत्पादन अधिक होगा।

07 नवम्बर–सूर्य विशाखा में रात्रि 02।04 पर-सोना, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, गेहूं, जौ, चना, सरसों, तिल तथा शेयरों में तेजी बनेगी। चांदी, रसकस, चावल, सूत, अफीम आदि मादक पदार्थ तथा विदेशी करेंसी में तेजी आयेगी। वक्री तथा अस्त बुध तुला राशि में मध्यान्ह 15।56 पर-रुई, सोना, गेहुं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अफीम, बारदाना, गोला घी, शक्कर, अलसी तथा यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियों में तेजी आयेगी। चांदी, सरसों, अलसी, मूंगफली, बिनौला, मिर्च में मंदा रहेगा।

